चैत्र मास, कृष्ण पक्ष 9, वर्ष 12, अंक 36, पृष्ठ 16, मूल्य : 5.00

वाराणसी, गुरुवार, 16 मार्च, 2023



# जनसंदेश टाइम्स

परख सच की

वाराणसी, लखनऊ, कानपुर, गोरखपुर एवं प्रयागराज से प्रकाशित

अन्दर : टीम इंडिया को लगा तगड़ा झटका, ऑस्ट्रेलिया वनडे सीरीज से बाहर हुए श्रेयस अय्यर



अन्दर : बहुसंख्यकवादी राजनीति का उभार

डाक/ नगर संस्करण

E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news

भारतीय रिज़र्व बैंक RESERVE BANK OF INDIA

G20 भारत 2023 INDIA

# रिज़र्व बैंक - एकीकृत लोकपाल योजना





## आरबीआई विनियमित संस्थाओं के विरुद्ध शिकायतों के निवारण के लिए एकल सुविधा

30 दिनों के भीतर शिकायतों का निवारण न होने या आरबीआई द्वारा विनियमित बैंक/एनबीएफ़सी/प्रणाली प्रतिभागियों द्वारा संतोषजनक निवारण न होने पर, आप उनकी शिकायत लोकपाल के समक्ष दर्ज कर सकते हैं

ऑनलाइन https://cms.rbi.org.in पर या डाक द्वारा केंद्रीकृत प्राप्ति और प्रसंस्करण केंद्र, भारतीय रिज़र्व बैंक, चंडीगढ़ - 160017 पर शिकायत दर्ज़ करें

अपवर्जन सूची में उल्लिखित सेवाओं को छोड़कर, अन्य सेवाओं में कमियों से संबंधित सभी शिकायतें शामिल हैं

अपनी शिकायत की वास्तविक स्थिति को शिकायत प्रबंधन प्रणाली (https://cms.rbi.org.in) पर देखें

राष्ट्रीय अवकाशों को छोड़कर, कार्यदिवसों पर अधिक जानकारी के लिए **14448** पर कॉल करें:
- हिंदी और अंग्रेजी के लिए सुबह 8:00 बजे से रात 10:00 बजे तक
- 10 क्षेत्रीय भाषाओं के लिए (असमिया, बंगाली, गुजराती, कन्नड, मराठी, मलयालम, ओडिया, पंजाबी, तेलुगु और तमिल) सुबह 9:30 बजे से शाम 5:15 बजे तक

शिकायत दर्ज करने के लिए, https://cms.rbi.org.in पर जाएँ






जनहित में जारी
भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA
www.rbi.org.in

अधिक जानकारी के लिए, **https://rbikehtahai.rbi.org.in/** पर जाएं
फ़ीडबैक देने के लिए, **rbikehtahai@rbi.org.in** को लिखें

# महिला की उतराई मिली लाश

**ये कैसा दुर्योग**

पांच दिन पूर्व पति का शव भी वहीं मिला था

घटना को लेकर उठे सवाल क्या है इसके पीछे सच्चाई

जनसंदेश न्यूज



**जंसा/सेवापुरी।** कपसेठी थाना क्षेत्र के इसरवार गांव के पास स्थित वरुणा पुल के पास वरुणा नदी में बुधवार महिला की लाश उतरायी मिली। मामले की जानकारी तब हुई जब उधर से गुजरने वाले ग्रामीणों की नजर पड़ी इसी तत्काल सूचना पुलिस को दी गयी। मौके पर पहुंची ने महिला की डेड बॉडी को पानी से निकाला और उसकी पहचान रूबी शर्मा (35) बड़ागांव थाना क्षेत्र विश्वनाथपुर गांव के तौर पर हुई।

आगे की कार्रवाई में शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया।

जानकारी के अनुसार बड़ागांव थाना क्षेत्र विश्वनाथपुर गांव निवासी मृतका रूबी शर्मा का पति राजेंद्र शर्मा की डेडबॉडी भी पांच दिन पहले यानी 10 मार्च को वरुणा नदी के पास मिली थी। बुधवार को पत्नी की डेडबॉडी भी इसी जगह करीब 50 मीटर दूर मिलने से अब घटना को लेकर कई सवाल खड़े हो रहे हैं। क्या ये स्वाभाविक मौत है या इसके पीछे सोची समझी साजिश। रूबी अपने पति राजेंद्र और बेटे के साथ बड़ागांव थाना के सरवानी पुर बलुआ गांव के पास अपने मकान में रहती थी और पास में ही पति सैलून चलाता था जबकि रूबी घर पर जनरल स्टोर की दुकान संचालित करती थी। मृतका की गुमशुदगी भी बड़ागांव थाने में दर्ज है।

परिजनों के अनुसार मृतका राजेंद्र शर्मा की दूसरी पत्नी थी पहली पत्नी की मौत के बाद परिवार के मर्जी के खिलाफ मृतका से शादी किया था जिससे परिजन नाराज थे। मृतक के पहली पत्नी से 2 पुत्र तथा एक पुत्री है। रूबी को एक बेटा है जिसका नाम शिवराज है।

शिवराज का कहना है कि 10मार्च के सुबह मेरे पापा मम्मी के साथ दो अन्य लोग भी जाते देखे गए। जिसमे से एक बाद में लौट आया जो रास्ते में लगे कैमरे में दिख रहा है। फिलहाल पुलिस डेडबॉडी को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया और जांच शुरु कर दी है।

### हिंदू सेना के वाद पर सुनवाई अब 13 को

**वाराणसी।** फास्ट ट्रैककोर्ट/ सिविक जज सीनियर डिविजन महेंद्र पांडेय की कोर्ट में बुधवार को सुनवाई हुई। कोर्ट ने विपक्षी अंजुमन इंतजामिया मसाजिद की तरफ से दाखिल अभिलेखीय साक्ष्य को उपलब्ध कराने सबंधित अर्जी को खारिज करते हुए अगली सुनवाई के लिए 13 अप्रैल की तिथि नियत की है।

अविमुक्तेश्वर भगवान की ओर से दिल्ली निवासी हिन्दू सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष विष्णु गुप्ता व खजुरी निवासी अजीत सिंह की तरफ से वाद दाखिल की थी। जिसमे ज्ञानवापी में मुश्लिमों का प्रवेश वर्जित करने और हिन्दुओं को दर्शन पूजन की अनुमति दिए जाने की मांग की गई थी। जिस पर विपक्षी अंजुमन इंतजामिया मसाजिद की तरफ से आपत्ति दाखिल करने के पहले वादी पक्ष से साक्ष्य दिए जाने मांग करते हुए अर्जी दी। जिसपर कोर्ट में सुनवाई हुई थी। कोर्ट ने सुनवाई के बाद अंजुमन मसाजिद की अर्जी खारिज कर दी। अदालत ने अंजुमन की अर्जी को खारिज करते हुए कहा कि वादी ने वाद में जो साक्ष्य दाखिल किया है वह सार्वजनिक अभिलेखों है। साथ ही विपक्षी अविलम्ब जबाबदेही दाखिल करने के लिए निर्देशित किया जाता है।

# शराब पीने के लिए उड़ा देता था बाइक

## सुरक्षा गार्ड की करता था नौकरी, गिरफ्तार

**मंडुवाडीह।** मंडुवाडीह पुलिस ने बनारस स्टेशन के सेकेंड एंट्री के समीप से मुखबिर की सूचना पर गणेश यादव निवासी करंडा गाजीपुर को चोरी की एक बाइक के साथ गिफ्तार किया।

मंडुवाडीह थाना प्रभारी राजीव कुमार सिंह ने बताया कि बुधवार को कस्बा चौकी इंचार्ज विजय प्रकाश यादव अपने हमराहियों के साथ गश्त पर थे तभी मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति चोरी की बाइक के साथ बनारस स्टेशन के समीप खड़ा है सूचना पर विश्वास करते हुये पुलिस टीम ने उसे धर दबोचा। पूछताछ में उसने बताया कि मुझे शराब पीने की लत है जिसके चलते मैं चोरी करता था और यह बाइक मैने एक निजी सुरक्षा कार्यालय के बाहर से चोरी की थी। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी निजी सुरक्षा एजेंसी जो किसी अमित यादव के मकान में संचालित होता है उसमें गार्ड है।



### शिवपुर पुलिस ने पकड़े दो चोर

शिवपुर पुलिस ने नगर निगम कॉलोनी वीडीए में चोरी करने वाले दो शातिरों को दबोचा। अभियुक्तों की पहचान दीपांशु मौर्य और अजय कुमार के तौर पर हुई। चोरी की बैट्री जमा तलाशी में मिली। पूछताछ में सामने आया कि मीरापुर बहसी में एक मंदिर का दानपात्र भी तोड़कर पैसे इन्हीं दोनों ने चोरी किया था।

## संक्षेप

### ज्ञानवापी प्रकरण में चादर चढ़ाने को लेकर सुनवाई आज

**वाराणसी।** सिविल जज सीनियर डिविजन / फार्स्ट ट्रैक कोर्ट महेंद्र कुमार पांडेय की अदालत में गुरुवार को ज्ञानवापी प्रकरण में चादर चढ़ाने के मामले में सुनवाई होगी। इसमें लोहता निवासी मुख्तार अहमद समेत अन्य ने वाद दाखिल की है। उधर जिला जज की अदालत में किरन सिंह की ओर से दाखिल वाद के पोषणियता के लेकर लंबित निगरानी याचिका पर भी सुनवाई होगी। इसमें लोअर कोर्ट के आदेश के खिलाफ निगरानी अर्जी व्निग्रणीकर्ता अंजुमन इंतजामिया मसाजीद के तरफ से दाखिल की गई है।

### देह व्यापार कराने वाले चार आरोपियों की जमानत खारिज

**वाराणसी।** विशेष न्यायाधीश भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम देव कांत शुक्ला की कोर्ट ने अनैतिक देह व्यापार करने के मामले में चार आरोपी की जमानत अर्जी सुनवाई के बाद खारिज कर दिया। आरोपी अजमेरी खातून, रोजी खातून, संदीप जायसवाल और मोनी चौहान उर्फ जान्हवी प्रजापति की गंभीर अपराध को देखते हुए जमानत अर्जी खारिज किया। अभियोजन का पक्ष सहायक शासकीय अधिवक्ता रोहित मौर्य ने रखा। पहले प्रकरण के अनुसार भेलूपुर प्रभारी निरीक्षक ने न्यू कालोनी पटिया में शकुंतला राय के मकान में छापा मारकर कई महिला पुरुष को पकड़ा गया था।

### लावारिस बाइक को लेकर घंटों हलकान रही पुलिस

**रामनगर।** रामनगर विश्व सुंदरी पुल पर बुधवार की दोपहर एक युवक के गंगा में कूदने की सूचना से पुलिस दिन भर हलकान रही। पुलिस और एनडीआरएफ की टीमें युवक की तलाश में देर शाम तक गंगा में खोजबीन करती रही लेकिन युवक का पता नही चला। जानकारी के अनुसार दोपहर लगभग दो बजे पुल पर एक बाइक लावारिस हालात में खड़ी मिली। कुछ लोगों ने पुलिस को सूचना दी कि एक युवक बाइक खड़ी कर गंगा में कूद गया है। इसके बाद सक्रिय हुई पुलिस ने गंगा में उसकी तलाश शुरू कराई लेकिन शाम सात बजे तक उसका कोई पता नही चला। भीटी चौकी इंचार्ज स्वतंत्र यादव ने बताया कि पुल पर मिली बाइक से मिले बाइक के रजिस्ट्रेशन पेपर पर अविनाश वर्मा पुत्र अजीत वर्मा जफराबाद वाराणसी पता दर्ज है। इससे ज्यादा कुछ जानकारी नही मिल पाई है। वैसे किसी ने युवक को गंगा में कूदते नही देखा। ऐसे में कयास लगाए जा रहे हैं कि युवक पुल पर बाइक खड़ी कर के कहीं चला गया होगा।

### जेल मंत्री ने जिला जेल का किया निरीक्षण

**वाराणसी।** जेल मंत्री धर्मवीर प्रजापति ने बुधवार को जिला जेल का निरीक्षण किया। उनके साथ आयुष मंत्री डा. दयाशंकर मिश्र समेत पार्टी के नेता और जेल अधिकारी रहे। मंत्री ने जेल के बंदियों से बातचीत की और उनके भोजन, रहने आदि की व्यवस्था की जानकारी ली। उन्होंने अस्पताल और बैरकों का हाल और बंदियों की संख्या की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने पेशेवर अपराधियों पर कड़ी नजर रखने का निर्देश दिया। उन्होंने कहाकि जेल में सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाय।

### किशोरी के साथ आपत्तिजनक हाल में मिला युवक

**पिंडरा।** फूलपुर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी नाबालिक के साथ युवक आपत्तिजनक स्थिति में मिला। इस दौरान परिजनों ने युवक को रंगे हाथों पकड़ा लेकिन हाथापाई कर वहा से भागने में सफल रहा। घटना मंगलवार की रात्रि साढ़े 8 बजे की है। पुलिस को दिए तहरीर में किशोरी के दादा ने आरोप लगाया कि गांव का ही अजीत सोनकर रात आठ बजे उनकी 15 वर्षीय पौत्री को बहला फुसलाकर कर कब्रिस्तान के पास ले गया। जब हम टहलते हुए कब्रिस्तान पहुंचे तो वह आपत्तिजनक हालत में पौत्री के साथ मिला। उसे जब पकड़ा तो वह जाने से मारने की धमकी देते हुए युवक हाथपाई कर छुड़ा कर भाग निकला। पुलिस ने उक्त युवक के खिलाफ 354 (क), 323, 504 व 506 के तहत मुकदमा दर्ज किया।


जनसंदेश टाइम्स

**वर्गीकृत**

**सूचना**

मेरा हाईस्कूल वर्ष 2014 अनुक्रमांक 3548555 का सह प्रमाण पत्र खो गया है। राकेश रोशन पुत्र राम अशीषराम, ग्राम-उधरनपुर, पोस्ट-रोहुरा, रोहरा, गाजीपुर।

मेरा हाईस्कूल वर्ष 2011 अनुक्रमांक 3294231 व इण्टर वर्ष 2013 अनुक्रमांक 2568581 का सह प्रमाण पत्र खो गया है। अभयराज पुत्र गौरी शंकर, ग्राम-हेतिमपुर, पोस्ट-महराजगंज, गाजीपुर, उ0 प्र0।

मेरा हाईस्कूल वर्ष 2010 अनुक्रमांक 3307760 व इण्टर वर्ष 2013 अनुक्रमांक 2470027 का सह प्रमाण पत्र खो गया है। सुनील कुमार पुत्र दूधनाथ राय, ग्राम-नरायणपुर, पोस्ट-नौबतपुर, चन्दौली।

सूच्य हो कि मेरा हाईस्कूल का प्रमाणपत्र सह अंकपत्र वर्ष 2018, जिसका अनुक्रमांक 3565326 है, वास्तव में कहीं खो गया है। आशीष कुमार पुत्र रमापति माता का नाम प्रेमा देवी पता-चाँदलेवा, पड़री, मीरजापुर।

**आवश्यकता**

आवश्यकता है - वीर बहादुर सिंह पू0 वि0 वि0 जौनपुर से सम्बद्ध केदार सुखदेव एस0 एन0 ओ0 पी0 महाविद्यालय हरसरपुर चौबेपुर, गाजीपुर में स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत स्नातकोत्तर स्तर पर कला संकाय के अन्तर्गत समाजशास्त्र-02 प्रवक्ता, शिक्षाशास्त्र, गृहविज्ञान व भूगोल विषय में 3-3 प्रवक्ताओं की आवश्यकता है। योग्यता यू0 जी0 सी0/विश्वविद्यालय परिनियमावली के अनुसार अभ्यर्थी विज्ञापन तिथि से 21 दिनों के अंदर शैक्षिक अंकपत्रों/प्रमाण पत्रों का स्वहस्ताक्षरित छायाप्रति एवं दो-दो फोटो के साथ आवेदन करें। साक्षात्कार की सूचना दूरभाष नम्बर पर दी जायेगी।
प्रबन्धक-मो0-9415810991

**आवश्यकता है**

मां वैष्णवी लॉ कालेज करंजाकला जौनपुर मे संबद्ध वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय स्ववित्तपोषित योजनातंर्गत लॉ विभाग मे प्राचार्य (एक पद) एवं प्रवक्ताओं की। योग्यता-यूजीसी/विश्वविद्यालय परिनियमावली अनुसार । अभ्यर्थी समस्त शैक्षिक प्रमाण पत्रों फोटो सहीत 21 दिन के अंदर आवेदन भेजें। साक्षात्कार की सूचना बाद में दी जाएगी।
प्रबंधक- 9415 891097

आवश्यकता है - बाबा ऋषिदेव सिंह महाविद्यालय धर्मापुर, कारों-बलिया (सम्बद्ध-जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय बलिया) में स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत संचालित बी0टी0सी0 पाठ्यक्रम, स्नातक कला संकायान्तर्गत सैन्य विज्ञान, परास्नातक कला संकायान्तर्गत भूगोल, समाजशास्त्र, गृहविज्ञान एवम हिन्दी विषयों में प्रवक्तागण की। वेतन व अर्हतायें यू0जी0सी0/ उ0 प्र0 व शासन/ विश्वविद्यालय परिनियमावली के अनुरूप। इच्छुक अभ्यर्थीगण अपने आवेदन पत्र समस्त शैक्षिक अभिलेखों की स्वप्रमाणित छाया प्रतियो, फोटोग्राफ, आधार व पैन कार्ड सहित दो प्रतियों में विज्ञापन तिथि से 15 दिनों के अंदर महाविद्यालय कार्यालय में उपलब्ध कराएं। साक्षात्कार की सूचना दूरभाष से दी जाएगी।
सम्पर्क सूत्र - 6388507903

**किसान स्नातकोत्तर महाविद्यालय**
**रकसा, रतसर-बलिया**
**(सम्बद्ध जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया)**

आवश्यकता है-स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत स्नातक स्तर पर हिन्दी, समाजशास्त्र व भूगोल विषयों में प्रवक्तागण की। वेतन व अर्हताएँ यू0 जी0 सी0/उ0 प्र0 शासन / विश्वविद्यालय परिनियचमावली के अनुरूप। इच्छुक अभ्यर्थीगण अपने आवेदन पत्र समस्त शैक्षिक अभिलेखों की स्वप्रमाणित छायाप्रतियां, फोटोग्राफ, आधार व पैन कार्ड सहित दो प्रतियों में विज्ञापन तिथि से 15 दिन के अन्दर महाविद्यालय कार्यालय में उपलब्ध करायें। पी0एच-डी0 अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दी जाएगी। साक्षात्कार की सूचना यथासमय दूरभाष के माध्यम से दी जायेगी।

लल्लन सिंह
प्रबन्धक
डा0 अभय नाथ सिंह
प्राचार्य
मो0-9935594343
कार्यालय
मो0-9415254779


# राहुल के बयान की पोषणीयता पर सुनवाई 17 मार्च को होगी

## लंदन में कैंब्रिज बिजनेस स्कूल में दिए गए लेक्चर को लेकर कोर्ट में दायर है आवेदन

**वाराणसी।** विशेष (एमपी एमएलए कोर्ट ) उज्ज्वल उपाध्याय की अदालत ने लंदन में कैंब्रिज बिजनेस स्कूल दिए गए बयान के लेकर कांग्रेस नेता और सांसद राहुल गांधी के खिलाफ पड़ी आवेदन की पोषणीयता की बिंदु पर सुनवाई के लिए 17 मार्च की तिथि नियत की है। मंगलवार को वादी अधिवक्ता ने कोर्ट में अर्जी दाखिल की थी। जिसपर कोर्ट ने सुनवाई के लिए तिथि नियत की है। भारतीय जनता पार्टी विधि संजोजक और अधिवक्ता शशांक शेखर त्रिपाठी ने अपने अधिवक्ता राजकुमार तिवारी के जरिए कोर्ट में सीआरपीसी की धारा 156 ( 3)के तहत प्रार्थना पत्र दाखिल किया। आरोप लगाया की कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कैंब्रिज जज बिजनेस स्कूल ब्रिटेन में कार्यक्रम के दौरान भारत की वर्तमान राजनीति परिधि पर विवादित बयान दिया। जिसे कहा गया की भारत में लोकतंत्र की खतरा हो गया है। भारत अल्पसंख्यक , दलित , आदि सुरक्षित नहीं है। इस तरह के बयान दूसरे देश में देकर भारत को अपमानित किया गया वही नही देश की एकता अखंडता व संप्रभुता के खिलाफ बयान दिया गया। इनके बयान से देश में अशांति और वैमनस्य आपस में बढ़ सकती है। जिसे देश के लिए खतरनाक है। पूरी दुनिया में इसे भारत की छवि खराब की गई। जो करोड़ों भावनाओ का अनादर किया गया है। इस मामले अधिवक्ता ने थाने से लेकर आलाधिकारी से गुहार लगाई कोई करवाई नही होने पर कोर्ट में आवेदन किया।

### संदिग्ध परिस्थितियों में महिला ने लगाई फांसी

**रोहनिया।** स्थानीय थाना क्षेत्र के अखरी चौकी अंतर्गत लठिया गांव में किराए के मकान पर रह रही विवाहिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली घटना का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया महिला स्थानीय थाना क्षेत्र के बच्छाव गांव की बताई गई दोनों हाल ही में किराए पर कमरा लेकर जीवन यापन कर रह रहे थे प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतिका का नाम सीता 27 देवी पत्नी संतोष 32 है दोनों अंतर जाति विवाह करके घर परिवार से अलग पंचकोशी पर स्थित ललन सिंह के मकान में किराए पर रह रहे थे।

# 'भोजन करने आये पति ने देखा पत्नी लटकी हुई है फांसी पर'

**दुखद**

पारिवारिक कलह की बात आयी सामने

**वाराणसी।** चोलापुर थाना क्षेत्र के मुर्दहा चौकी अंतर्गत सोनेखेपुर गांव के पटेल बस्ती में बुधवार दोपहर एक विवाहिता ने फांसी लगाकर जान दे दी। पति दोपहर में घर भोजन करने के लिए आया और पत्नी को आवाज लगायी। जवाब नहीं मिलता देख कमरे में गया तो देखा कि पत्नी फांसी के फंदे पर लटकर रही है। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची चोलापुर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच में जुट गई है। सोनखेपुर गांव के अजीत पटेल की पत्नी गुड्डी पटेल (24 वर्ष) बुधवार दोपहर में घरेलू कलह से परेशान अपने कमरे को बंद करके फांसी के फंदे पर झूल गई, जिससे उसकी मौत हो गई। युवती की शादी तीन वर्ष पहले हुई थी। मायका चोलापुर थाना के भटपुरवा खुर्द में है। एक बच्चा था, उसकी मौत पहले हो चुकी है। ग्रामीणों ने बताया कि बच्चे की मौत से गुडी बहुत परेशान रहती थी। प्रभारी निरीक्षक चोलापुर राजेश त्रिपाठी ने बताया की शव को कब्जे में लेकर आगे की कार्यवाही की जा रही है।

### कोई लेनदेन नहीं, फिर भी खाते से 13 हजार पार

**वाराणसी।** कैण्ट थाना क्षेत्र के पक्की बाजार निवासी जाबाज अहमद ने बुधवार को कैंट थाने में तहरीर देते हुए आरोप लगाया कि बीते 24 फरवरी को उनके बैंक खाते से 13 हजार रुपये की निकासी कर ली गई । जबकि उनके द्वारा किसी प्रकार का कोई ऑनलाइन लेन-देन नहीं किया था। प्रार्थी के नाम से बैंक ऑफ बडौदा शाखा अर्दली बाजार में सेविंग एकाउण्ट है। आरोप है कि रुपए गायब होने के एक दिन बाद 25 फरवरी को भुक्तभोगी ने चौकी अर्दली बाजार को बैंक से निकासी की जानकारी दी गई थी।परन्तु कोई कार्यवाही नही की गयी। तहरीर के आधार पर कैंट पुलिस ने 66 डी के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### तीन बच्चों की मां प्रेमी संग नौ दो ग्यारह

**दानगंज।** चोलापुर थाना क्षेत्र के अजगरा चौकी अंतगर्त एक गांव की 35 वर्षीय महिला अपने ती बच्चों के साथ प्रेमी संग फरार हो गयी। इतना ही जाते-जाते नकदी और आभूषण भी ले गयी। घटना मंगलवार की है। मामले की जानकारी होने पर पति ने चोलापुर थाने में शिकायत दर्ज करायी। पुलिस खोजबीन में जुट गयी है। जानकारी के अनुसार अजगरा चौकी क्षेत्र के एक गांव की महिला और उसके तीन बच्चों के साथ अपने प्रेमी के साथ फरार हो गयी। पति की माने तो पत्नी का प्रेमी के साथ अवैध संबन्ध भी था। समझाने की कोशिश की गयी लेकिन प्रेम डूबी महिला पति की एक न सुनी और प्रेमी से संपर्क में रही। मंगलवार को मौका पाकर प्रेमी संग बच्चों को लेकर निकल गयी। जाते-जाते दो से तीन लाख के जेवरात साथ ले गयी और नकदी भी।

# पाण्डुलिपि प्रकाशन घोटाले के आरोपियों की जमानत खारिज

**वाराणसी।** विशेष न्यायाधीश भ्रष्टाचार निवारण सपना शुक्ला की अदालत ने सम्पूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय में पाण्डुलिपि प्रकाशन में पांच करोड़ की वित्तीय अनियमितता के मामले में प्रिंटिंग प्रेस संचालक रविप्रकाश पंड्या और दिवाकर त्रिपाठी की जमानत अर्जी अपराध की गंभीरता को देखते हुए खारिज कर दी। एडीजीसी प्रमथेश पाण्डेय और विशेष लोक अभियोजक कमलेश कुमार यादव के मुताबिक, आर्थिक अपराध अनुसंधान संगठन के निरीक्षक राकेश सिंह ने 17 दिसंबर 2014 को प्राथिमिकी दर्ज कराई कि सम्पूर्णानंद विश्वविद्यालय में दुर्लभ पाण्डुलिपि व ग्रंथो के प्रकाशन के लिए 9 करोड़ 59 लाख जारी किया गया था, जिसमे तीन करोड़ का प्रकाशन किया गया और 5 करोड़ 68 लाख का गबन विश्वविद्यालय के वित्त विभाग से जुड़े अधिकारियों और प्रेस संचालको ने कर लिया। मामले के इन दो पर आरोप है बिना प्रकाशन किये 7 लाख 61 हजार का चेक प्राप्त कर लिया, अदालत ने इन परिस्थितियों में अपराध को गंभीर मानते हुए जमानत अर्जी खारिज कर दी।


**अपील**

मेरी गाड़ी सं0-TUL 7389 की लागबुक गोरा बाजार से स्टेशन रोड के बीच में झोला सहित कहीं गिर गया है। अगर किसी को मिला हो तो कृपया इस मोबाइल नम्बर पर अवगत करायें।

नफीस अहमद
मो0-7007737486

**ब अदालत सिविल जज जू0 डि0 कोर्ट नं0-12 जिला-गाजीपुर**
**मु0 नं0 752 सन् 2017**
**सिरपत आदि वादी**
**बनाम**
**अब्दुल रहमान प्रतिवादी**

**1. अब्दुल रहमान उम्र लगभग 40 वर्ष पुत्र रुस्तम खाँ, ग्राम-खरडीहा, परगना व तहसील-सगड़ी, जिला-आजमगढ़।**

हरगाह ने इस न्यायालय में एक दावा दाखिल किया है। जिसमें आपको सूचित किया जाता है कि तारीख 16 माह 05 सन् 2023 ई0 पर 10 बजे दिन में खुद या मार्फत वकील के हाजिर अदालत होकर मुकदमा में जवाबदेही दावा दाखिल करें। वरना आपके अनुपस्थित में मुकदमें की कार्यवाही आपके खिलाफ एक तरफा समायत की जायेगी।

सिविल जज जू0 डि0 जिला-गाजीपुर


# मांगों के समर्थन में पेंशनर्स ने किया आन्दोलन

**आक्रोश**

छह सौ लोगों ने आन्दोलन को बनाया सफल, कहा-अब भी मांग नहीं पूरी हुई तो लखनऊ घेरेंगे

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** अपनी मांगों को लेकर आन्दोलन को धार देने के उद्देश्य से बुधवार को रोडवेज के सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने रोडवेज कैंट पर धरना प्रदर्शन करते हुए सड़क मार्ग जाम कर दिया। पूर्व कर्मचारियों की ओर से किये गये इस आन्दोलन से घंटो यातायात प्रभावित हुआ।

संगठन के आह्वान पर प्रस्तावित रास्ता रोको आंदोलन के तहत सेवानिवृत कर्मचारियों ने कैंट बस स्टेशन परिसर में धरना दिया। प्रदर्शन के दौरान कर्मचारियों ने परिवहन विभाग के खिलाफ नारेबाजी की। ईपीएस 95-राष्ट्रीय संघर्ष समिति के आवाह्न पर रास्ता रोको आंदोलन में शामिल हुए कर्मचारियों ने सरकार से पेंशन में बढ़ोतरी करने की मांग उठाई। चक्का जाम में शामिल हुए ईपीएस 95-राष्ट्रीय संघर्ष समिति पूर्वी उत्तर प्रदेश के जोनल सचिव शिव कुमार सिंह ने कहा कि रोडवेज कर्मचारी रिटायरमेंट के बाद एक हजार से पांच हजार रुपए तक पेंशन पाते है। इतने कम पैसे में रिटायरमेंट के बाद जीवनयापन करना बेहद ही मुश्किल हुआ। उच्चतम न्यायालय के आदेश के अनुसार हमारी पेंशन को लागू किया जाना चाहिए।

वही मेडिकल की सुविधा कर्मचारी और परिजनों के लिए विभाग और सरकार शुरू करे। ऐसी ही मूल मांगों की बात सरकार तक पहुंचे इसके लिए चक्का जाम किया गया है।

वही कर्मचारियों ने सरकार के चेतावनी भी दिया कि यदि उनकी मांग पूरी नहीं किया जाता है, तो वह बड़े आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। अगामी समय में वह अनिश्चित करें हड़ताल और बड़े स्तर पर चक्का जाम करेंगे। कार्यक्रम में लगभग छह सौ कर्मचारी शामिल रहें। इस अवसर परकौशल मुनि मिश्र, विजय यादव, जर्नादन त्रिपाठी, आनंद प्रकाश त्रिपाठी, अवनी राय आदि थे।








### मशाल जूलूस संग रेल कर्मियों ने मांगा अधिकार

**वाराणसी।** रेलवे की ओर से लगातार किये जा रहे रनिंग स्टाफ के शोषण के विरोध में बुधवार को रेल कर्मचारियों ने मशाल जूलूस निकालते हुए अपनी आवाज बुलंद की। 15 सूत्रीय मांगों के समर्थन में पीआरकेएस (पूर्वोत्तर रेलवे कर्मचारी संघ) के बैनर तले कैंट स्टेशन स्थित डीजल लॉबी में अयोजित धरना प्रदर्शन में केंद्र सरकार की नीतियों का विरोध जताया। कहा कि सरकार पुरानी पेंशन योजना को बहाल नहीं करना चाहती है। महिला ट्रेन मैनेजर व लोको पायलट मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं। एनएफआईआर के जोनल सचिव रमेश मिश्रा ने कहा कि रनिंग स्टाफ रेलवे में रीढ़ की भूमिका निभाते हैं। फिर भी उनकी अनदेखी की जा रही है। प्रदर्शन के उपरांत कर्मचारियों ने शाम को मोटरसाइकिल से मशाल जुलूस निकाला। इस मौके पर श्याम कुमार झा, राहुल कुमार, जितेंद्र, पीडी श्रीवास्तव सहित अन्य मौजूद रहे।

### आक्रोश के साथ किया काम, जतायी नाराजगी

**वाराणसी।** कर्मचारियों के लिए केंद्र सरकार की ओर से बनायी जा रही दमनकारी नीतियों के खिलाफ रेल कर्मचरियों की ओर से किये जा रहे धरना प्रदर्शन के आखिरी दिन रेल कर्मचारियों ने बुधवार को कैंट स्टेशन पर काला फीता बांधकर कार्य किया। उत्तरीय रेलवे मजदूर यूनियन के शाखा सचिव विंध्यवासिनी यादव के नेतृत्व में सभी ने अपने अधिकार के प्रति मांग की और कहा कि रात दिन काम करने वाले कर्मचारियों के लिए सरकार अपनी नीतियों को और कठोर कर रही है। बताया कि लगातार रनिंग स्टाफ के साथ शोषण किया जा रहा है। विंध्यवासिनी यादव ने कहा कि देशव्यापी प्रदर्शन के तहत सरकार की नीतियों का विरोध 15 मार्च तक जारी रहा। संगठन के सहायक मंडल मंत्री तारकनाथ, शाखा अध्यक्ष रामेश्वर सिंह ने अपनी प्रतिक्रियाएं दी।


**कार्यालय ग्राम पंचायत बसेवरा, वि0 ख0 छानबे, मीरजापुर**

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण योजना के अंतर्गत फेज 2 के अंतर्गत ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन योजना के अंतर्गत ईट, बालू , सीमेंट, डाला गिट्टी, ह्यूम पाइप, प्लास्टिक पाइप, जाली ई रिक्शा क्रय, रिक्शा ठेला क्रय, डस्टबिन क्रय, प्लास्टिक बैंक क्रय, इन्सीनेटर (भस्मक) क्रय, सफाई कीट क्रय, कचरा पात्र क्रय ट्रैक्टर ट्राली, मिनी जेसीबी व आरसीसी सेंटर हेतु आवश्यक अन्य सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। दिनांक 16.03.2023 से निविदा सुबह 10:00 बजे से प्रारंभ है तथा दिनांक 25.03.23 को दोपहर 2:00 बजे निविदा समाप्त हो जाएगी। निविदा दिनांक 25.03.2023 को 3:00 बजे तक खोली जाएगी।

सचिव — गौरव श्रीवास्तव
ग्राम प्रधान — शीला देवी


# वेक्टर जनित बीमारियों के नियंत्रण को विभाग तैयार

**कार्यशाला**

वाराणसी मण्डल की दो दिवसीय एंटोमोलॉजिकल सर्विलान्स प्रशिक्षण कार्यशाला सम्पन्न



**वाराणसी।** संचारी रोग जैसे डेंगू, मलेरिया, फाइलेरिया, कालाजार, चिकनगुनिया आदि की रोकथाम, नियंत्रण, निगरानी व प्रभावी कार्रवाई करने किए स्वास्थ्य विभाग ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में वाराणसी मण्डल के सभी जनपद वाराणसी, चंदौली, गाजीपुर और जौनपुर की दो दिवसीय एंटोमोलॉजिकल सर्विलान्स प्रशिक्षण कार्यशाला बुधवार को सम्पन्न हुई।

दो दिवसीय प्रशिक्षण मंडलीय अपर निदेशक (स्वास्थ्य) डॉ मंजुला सिंह के नेतृत्व में मण्डल के संयुक्त निदेशक एवं वेक्टर जनित बीमारियों के नोडल अधिकारी डॉ जीसी द्विवेदी, जौनपुर के जिला मलेरिया अधिकारी डॉ बीपी सिंह और क्षेत्रीय एंटोमोलॉजिस्ट डॉ अमित कुमार सिंह ने दिया। इस दौरान मण्डल के चारों जनपद के मलेरिया इंस्पेक्टर, फाइलेरिया इंस्पेक्टर, हेल्थ सुपरवाइजर, बेसिक हेल्थ वर्कर सहित 60 स्वास्थ्यकर्मियों को राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत एंटोमोलॉजिकल सर्विलान्स के लिए प्रशिक्षण दिया गया। क्षेत्रीय एंटोमोलॉजिस्ट डॉ अमित ने बताया कि वेक्टर जनित सभी बीमारियों जैसे डेंगू, मलेरिया, फाइलेरिया, कालाजार आदि के कारण, पहचान, लक्षण, जांच, उपचार और बचाव के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष के सापेक्ष वर्तमान में मच्छर जनित रोग के संचरण काल के दृष्टिगत जनपद में डेंगू, मलेरिया, फाइलेरिया आदि अन्य बीमारियों के प्रभावित क्षेत्रों (हॉट स्पॉट जॉन) में एंटोमोलॉजिकल सर्विलांस कार्य जैसे मच्छरों का घनत्व एवं बुखार से ग्रसित रोगियों की सूचना एवं स्क्रीनिंग कार्य किया जाना आवश्यक है।

# उद्यानों में भी मिल रहीं हेल्थ सेवाएं

**पहल**

वाराणसी में तीन पार्क में सचल हॉस्पिटल के रूप में तैनात हैं चिकित्सक

**वाराणसी।** लोगों तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने के उद्देश्य से अब पार्कों में भी ऐसी व्यस्था की गयी है जिससे रोजाना टहलने वाले लोगों को वहीं स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सके। योगी सरकार के चिकित्सक आयुर्वेद, यूनानी और होम्योपैथिक चिकित्सा पद्धति के द्वारा पार्कों में सुबह आने वाले मरीजों को सलाह दे रहे हैं। साथ ही योग प्रशिक्षक योगाभ्यास करा रहे हैं। वाराणसी में अभी ये सुविधा शहर के तीन प्रमुख पार्कों में मिल रही है, जहां सुबह सबसे ज्यादा लोग आते हैं।

क्षेत्रीय आयुर्वेद एवं यूनानी अधिकारी डॉ भावना द्विवेदी ने बताया कि शहीद उद्यान पार्क सिगरा, बेनियाबाग पार्क, डियर पार्क सारनाथ में 1 मार्च से ये सुविधा शुरू की गई है। ये सुविधा सोमवार से शनिवार तक दी जा रही है। जिसका मकसद आम लोगो को स्वस्थ रखने और स्वास्थ को उत्तम रखना है, जिससे आम लोगों को काफी लाभ हो रहा है। जिले के 27 आयुष अस्पातलों में इन मरीजों को दवा भी उपलब्ध कराई जा रही है। क्षेत्रीय आयुर्वेद एवं यूनानी अधिकारी ने बताया कि गर्मी के दिनों में अप्रैल से सितम्बर तक प्रतिदिन 2 चरणों में सुबह 6:15 से 7 बजे तक एवं 7:15 से 8 बजे तक और ठंड के मौसम में अक्टूबर से मार्च तक 7:15 से 8 बजे तक एवं 8 :15 से 9 बजे तक योग प्रशिक्षकों द्वारा योगाभ्यास कराया जायेगा। पार्क में ही आयुष विद्या द्वारा आयुर्वेद, होम्योपैथी और यूनानी पद्धति से ग्रीष्म काल में सुबह 7 से 8 और ठंड के दिनों सुबह 8 से 9 बजे तक चिकित्साकिय परामर्श दिया जायेगा।

### देशी शराब के साथ गिरफ्तार

**चौबेपुर।** चौबेपुर पुलिस ने परानापुर कंजड़ बस्ती में देशी कच्ची शराब बेचने वाले युवक को पुलिस ने पकड़ा। आरोपी युवक विश्वजीत के पास तलाशी में 20 लीटर देशी शराब बरामद हुआ। प्रभारी निरीक्षक राजीव सिंह ने बताया कि मुखबीर सूचना पर कादीपुर रेलवे स्टेशन के सामने कंजड़ बस्ती में देशी शराब बेचने के दौरान उसे पकड़ा गया।


**कार्यालय ग्राम पंचायत पुरैना, वि0ख0-करण्डा, गाजीपुर**

**निविदा सूचना**

वित्तीय वर्ष 2022-23 में बहुद्देशीय पंचायत भवन निर्माण योजना के अन्तर्गत कराये जाने वाले कार्य का विवरण निम्नवत है।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | कार्यदायी संस्था का नाम |
|---|---|---|
| 01 | ग्राम पंचायत पुरैना में बहुद्देशीय पंचायत भवन का निर्माण कार्य | |

उक्त क्रम में ईंट, गिट्टी, बालू, सीमेन्ट, सरिया, टाइल्स, रंगाई-पुताई, विद्युतीकरण एवं अन्य कार्य हेतु सामग्री आपूर्ति हेतु टेण्डर दरें आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 16 मार्च से 18 मार्च अपरान्ह 2.00 बजे तक अपनी दरें तथा वांछित संलग्न बंद लिफाफे में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। 19 मार्च को अपरान्ह 3.00 बजे निविदा खोली जायेगी। टेण्डर की नियम व शर्तें ग्राम पंचायत के कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।

ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत-पुरैना
विकास खण्ड-करण्डा
गाजीपुर

सचिव
ग्राम पंचायत-पुरैना
विकास खण्ड-करण्डा
गाजीपुर

पत्रांक-मेमो/निविदा/2022-23, दिनांक 15.03.2023

चैत्र मास, कृष्ण पक्ष 9, वर्ष 12, अंक 36, पृष्ठ 16, मूल्य: 5.00

वाराणसी, गुरुवार, 16 मार्च, 2023

# जनसंदेश टाइम्स

परख सच की

वाराणसी, लखनऊ, कानपुर, गोरखपुर एवं प्रयागराज से प्रकाशित

डाक/ नगर संस्करण

E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news



अन्दर : बहुसंख्यकवादी राजनीति का उभार



अन्दर : टीम इंडिया को लगा तगड़ा झटका, ऑस्ट्रेलिया वनडे सीरीज से बाहर हुए श्रेयस अय्यर

# अडाणी मामले में विपक्ष का संसद से सड़क तक हंगामा

## ईडी ऑफिस तक 16 दलों का मार्च पुलिस ने रोका, 25 मिनट बाद प्रदर्शन खत्म

**विरोध**

**खड़गे के पार्लियामेंट चैंबर में 16 दलों के नेताओं की बैठक**

**राज्यसभा व लोकसभा में राहुल अडाणी मुद्दे पर जमकर हंगामा**

**खड़गे बोले- 200 सांसदों को रोकने के लिए 2 हजार पुलिसकर्मी**

**नई दिल्ली।** संसद सत्र के तीसरे दिन बुधवार को भारी हंगामे के बाद लोकसभा-राज्यसभा की कार्यवाही गुरुवार तक स्थगित कर दी गई। विपक्ष के नेता जहां अडाणी मामले की जांच के लिए जेपीसी की मांग पर अड़े रहे, वहीं भाजपा के सांसद लंदन में दिए गए बयान को लेकर राहुल गांधी से माफी की मांग पर डटे रहे। इधर, सुबह कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के घर विपक्ष के 16 नेताओं ने बैठक की। आज ही राहुल गांधी विदेश से लौटे और एक बार फिर अडाणी को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा।

इधर, सत्र स्थगित होते ही विपक्ष के नेता ईडी ऑफिस पर प्रदर्शन के लिए निकले। हालांकि पुलिस ने उन्हें पहले ही रोक लिया। सत्र शुरू होने से आधे घंटे पहले यानी सुबह साढ़े 10 बजे कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे के पार्लियामेंट चैंबर में विपक्ष के 16 दलों के नेताओं ने बैठक की। इसमें हिंडनबर्ग-अडाणी रिपोर्ट की जांच के लिए जेपीसी की मांग को लेकर सरकार पर और दबाव बनाने पर सहमति बनी। सभी दलों ने एक सुर में अडाणी मामले में सरकार की चुप्पी पर सवाल उठाए।

इसके अलावा बैठक में यह भी तय हुआ कि अडाणी मामले की जांच को लेकर एक चिट्ठी लिखी जाएगी, जिस पर सभी विपक्षी सांसदों के दस्तखत होंगे। इसे एऊ को सौंपा जाएगा और जांच की मांग की जाएगी। इसके लिए संसद से लेकर ईडी ऑफिस तक पैदल मार्च किया जाएगा।





इससे पहले संसद सत्र के तीसरे दिन भी भाजपा और कांग्रेस के बीच राहुल और अडाणी मुद्दे को लेकर जमकर टकराव हुआ। भाजपा ने जहां एक बार फिर लंदन में राहुल गांधी के दिए बयान को लेकर उनसे सदन में माफी की मांग की। वहीं कांग्रेस और विपक्षी दलों ने अडाणी-हिंडनबर्ग रिपोर्ट की जेपीसी से जांच की मांग को लेकर हंगामा किया। आखिरकार हंगामे की वजह से दोनों सदनों की कार्यवाही को दोपहर दो बजे तक के लिए स्थगित कर दिया गया। 2 बजे कार्यवाही दोबारा शुरू हुई तो हंगामा जारी रहा। इसके बाद दोनों सदनों की कार्यवाही को गुरुवार तक के लिए स्थगित कर दिया गया। सत्र स्थगित होते ही सभी मार्च के लिए निकले, लेकिन पुलिस ने उन्हें एऊ ऑफिस से ढाई किलोमीटर दूर विजय चौक पर ही रोक लिया। सांसद ईडी ऑफिस नहीं जा सके। करीब 25 मिनट तक विजय चौक पर ही प्रदर्शन करने के बाद सभी नेता संसद की ओर लौट गए। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि सरकार ने 200 सांसदों को रोकने के लिए 2 हजार पुलिसकर्मियों को लगाया है। वे बात लोकतंत्र की करते हैं, लेकिन हमारे शांतिपूर्ण प्रदर्शन को भी रोका जा रहा है। हम तो सिर्फ एऊ के ऑफिस जाकर अडाणी मामले की डिटेल इन्वेस्टिगेशन के लिए शिकायती चिट्ठी देना चाहते थे। हमें रोकना कौन सा लोकतंत्र है।' प्रदर्शन में शरद पवार की एनसीपी और ममता बनर्जी की टीएमसी के सांसद शामिल नहीं हुए। संसद जब दो बजे के बाद दोबारा शुरू हुआ तो एक बार फिर इन्हीं मुद्दों पर हंगामा शुरू हो गया। इसके बाद लगातार तीसरे दिन राज्यसभा और लोकसभा गुरुवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। अडाणी मामले और ईडी-सीबीआई की कार्रवाई को लेकर ममता बनर्जी की पार्टी टीएमसी के सांसद कांग्रेस और विपक्ष के अन्य दलों से अलग प्रदर्शन कर रहे हैं। इस पर सांसद सुदीप बंद्योपाध्याय ने बताया कि सत्ता पक्ष हो या मुख्य विपक्षी दल, दोनों एक-दूसरे के खिलाफ हैं। बंगाल में कांग्रेस पार्टी भाजपा और सीपीएम के साथ मिली हुई है, इसलिए हम कांग्रेस नेताओं द्वारा बुलाई गई बैठकों में शामिल नहीं हो रहे हैं।

**लोकसभा में 9, राज्य सभा में 26 बिल होने हैं पेश**

लोकसभा-राज्यसभा से मिले बुलेटिन के मुताबिक, संसद के इस सत्र में कुल 35 बिल पेंडिंग हैं। इनमें लोकसभा में 9 और राज्य सभा में 26 बिल पेश होने हैं। हालांकि, सत्र के पहले चरण में विधेयकों पर चर्चा और पारित किए जाने की संभावना कम है। वहीं, कई महत्वपूर्ण बिल भी पेश किए जा सकते हैं।

## एच3एन2 वायरस से अब तक 9 की मौत!

**नई दिल्ली।** देश में एच3एन2 वायरस का कहर लगातार बढ़ता जा रहा है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, देशभर में इस वायरस की वजह से अब तक 9 लोगों की जान जा चुकी है। हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। वायरस का सबसे ज्यादा असर महाराष्ट्र में है। यहां अब तक वायरस के 352 मामले सामने आ चुके हैं। पुडुचेरी में सभी स्कूल 16 से 26 मार्च तक बंद कर दिए गए हैं। इधर, दिल्ली में भी लगातार मिल रहे नए केस को देखते हुए बेड और डॉक्टरों की सुविधा बढ़ाई जा रही है। राजधानी के एलएनजेपी अस्पताल में 20 बेड का आइसोलेशन वार्ड बनाया गया है। इसके अलावा 15 डॉक्टरों की टीम को भी विशेष तौर पर नियुक्त किया गया है। असम में भी बुधवार को एच3एन2 वायरस का एक मामला सामने आया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, महाराष्ट्र में इस वायरस से कथित तौर पर अब तक दो लोगों की मौत हुई है। इनमें अहमदनगर में मेडिकल की पढ़ाई कर रहा एक युवा पिछले हफ्ते अपने दोस्तों के साथ घूमने के लिए अलीबाग गया था।

# लालू फैमिली को मिली राहत

**जमानत**

**जमीन के बदले नौकरी मामले में यादव परिवार को कोर्ट से राहत, लालू के साथ राबड़ी और मीसा को भी जमानत**

**पटना।** रेलवे में लैंड फॉर जॉब्स यानी जमीन के बदले नौकरी देने के कथित भ्रष्टाचार के केस में लालू परिवार को बड़ी राहत मिली है। आरजेडी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव, पत्नी राबड़ी देवी और बेटी मीसा भारती को जमानत मिल गई है। दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने 50 हजार के निजी मुचलके पर तीनों को जमानत दी है। इस मामले में अब 29 मार्च को अगली सुनवाई होगी।
लालू को व्हीलचेयर पर लेकर पत्नी राबड़ी देवी और बेटी राज्यसभा सांसद मीसा भारती कोर्ट के अंदर पहुंचीं थीं।



इस दौरान उन्होंने मीडिया से दूरी बनाए रखी। कोर्ट ने 27 फरवरी को लालू की पत्नी राबड़ी देवी, बेटी मीसा भारती समेत 14 अन्य आरोपियों को समन जारी किया था।
समन जारी होने से पहले सीबीआई लालू से दिल्ली में और राबड़ी से पटना में पूछताछ कर चुकी है। सीबीआई की ओर से 5 महीने पहले इस केस में चार्जशीट दाखिल की गई थी। साल 2004 से 2009 के दौरान रेल मंत्री रहते हुए लालू यादव और उनके परिवार के सदस्यों पर रेलवे में नौकरी के बदले लोगों से जमीन लेने का आरोप है। लालू परिवार को ये जमीन उपहार में दी गई या कम कीमत पर बेच दी गई। सीबीआई का आरोप है कि रेलवे की ग्रुप-डी भर्ती में नियम-कानून ताक पर रखकर नियुक्तियां की गईं थीं।
स्पेशल कोर्ट में दायर चार्जशीट में सीबीआई ने बताया, ह्यजांच में सेंट्रल रेलवे के कई अधिकारियों का भी नाम सामने आया है। इसमें जीएम और सीपीओ स्तर के अधिकारी भी शामिल हैं। इन लोगों ने जॉब के बदले फर्जी तरीके से अपने करीबियों के नाम पर जमीन की रजिस्ट्री करवाई है। रजिस्ट्री भी सर्कल रेट से कम कीमत में कराई गई और जमीन औने-पौने दाम में अधिकारियों के नाम कर दी गई।
चार्जशीट के मुताबिक जमीन के बदले नौकरी पाने वाले कर्मचारियों के डॉक्यूमेंट भी सही नहीं पाए गए हैं। उनके कई कागजात फर्जी हैं। यहां तक कि डॉक्यूमेंट में शामिल उनके टीसी भी गलत तरीके से सर्टिफाइड कराए गए हैं। रेलवे में इसी गलत सर्टिफिकेट के आधार पर नौकरी दे दी गई है।

## भाजपा की कमजोर पैरवी का परिणाम है कोर्ट का फैसला: अखिलेश

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने 69000 सहायक शिक्षक भर्ती मामले में 6800 अभ्यर्थियों की चयन सूची खारिज किए जाने पर कहा कि यह आरक्षण की मूल भावना की विरोधी भाजपा सरकार की ढीली पैरवी का नतीजा है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा दलित-पिछड़ों का हक मारने के लिए आरक्षण को विधायी माया जाल में फंसाती है। कहा कि जातीय जनगणना ही इस समस्या का सही समाधान है जिससे कि जनसंख्या के अनुपात में आरक्षण हो सके। लखनऊ हाईकोर्ट ने सोमवार को सहायक अध्यापक भर्ती प्रक्रिया में आरक्षण कोटे का सही से अनुपालन ना किए जाने पर 1 जून 2020 को जारी सहायक अध्यापक के चयन से जुड़ी सूची को तीन माह में संशोधित करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने इसके साथ ही भर्ती परीक्षा के क्रम में आरक्षित वर्ग के अतिरिक्त 6800 अभ्यर्थियों की 5 जनवरी 2022 को जारी हुई चयन सूची को भी खारिज कर दिया। इस चयन सूची को यह कहते हुए चुनौती दी गई थी कि इसे बिना किसी विज्ञापन के जारी किया गया था।

# लखनऊ में शिक्षा मंत्री के घर के बाहर प्रदर्शन

**हंगामा**

**69 हजार शिक्षक भर्ती के अभ्यर्थी हिरासत में लिए गए**

**अखिलेश बोले- युवा में युग बदलने की शक्ति**

**हाईकोर्ट ने खारिज की लिस्ट कहा, सरकार उठाए कदम**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में 69000 सहायक शिक्षक भर्ती में आरक्षण की मांग को लेकर अभ्यर्थियों ने बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह के घर के बाहर प्रदर्शन किया। बुधवार सुबह बड़ी संख्या में अभ्यर्थियों के जुटने के बाद पुलिस एक्टिव हुई। हंगामे को देख पुलिस ने सभी प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लेकर ईको गार्डन ले गई। यहां भी प्रदर्शनकारियों ने जमकर हंगामा किया।

69000 शिक्षक भर्ती के मामले में ओबीसी आरक्षण के नियमों की अनदेखी की गई थी। आयोग के हस्तक्षेप के बाद सरकार ने माना था कि इसमें चूक हुई है। बाद में इस वर्ग के 6800 अभ्यर्थियों की अलग से लिस्ट जारी करके सरकार ने भर्ती करने की बात कही। इस बीच पूरा मामला कोर्ट पहुंचा, सोमवार को हाई कोर्ट की लखनऊ बेंच के सिंगल जज की बेंच ने निर्णय देते हुए 6800 अभ्यर्थियों की लिस्ट खारिज कर दी। ओबीसी वर्ग के इन अभ्यर्थियों का कहना है कि सरकार और अफसरों की तरफ से कोर्ट में लचर पैरवी की गई थी। जिसका नतीजा रहा कि निर्णय हमारे खिलाफ रहा। अब सरकार ढुल मूल रवैया अपना रही है। अभ्यर्थियों का कहना था कि हम शांतिपूर्ण तरीके से सुबह बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह के आवास पर पहुंचे थे। हम मंत्री से मिलकर अपनी बात रखना चाह रहे थे। मंत्री संदीप सिंह भी हमारे ही यानी ओबीसी वर्ग से ही जुड़े हैं। बावजूद इसके उन्होंने हम लोगों से मिलना भी मुनासिब नहीं समझा। हमें पहले यह बताया गया कि शिक्षा मंत्री वाराणसी में हैं और बाद में हमारे सामने दूसरे गेट से सुरक्षा गाड्र्स के मौजूदगी में वो निकल गए और हमारी बात सुनी तक नहीं। सपा के प्रदेश अध्यक्ष नरेश



उत्तम ने कहा कि पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव से ओबीसी वर्ग के अभ्यर्थी मिले थे। उन्होंने बताया कि इस प्रक्रिया में किस तरह से गड़बड़ी हुई। इसलिए सपा अभ्यर्थियों को हक दिलाने के लिए साथ खड़ी है। बेसिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश ने 69000 सहायक शिक्षा भर्ती का आयोजन 2018 में किया था। इसमें बड़े स्तर पर ओबीसी और एससी के अभ्यर्थी हैं। राज्य पिछड़ा आयोग और राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग ने एक वर्ष तक सुनवाई की। आरक्षण पाने में विसंगति हुई है। कई बार प्रदर्शन किया गया, लेकिन इनकी समस्या बनी हुई है। नरेश उत्तम ने कहा कि सीएम योगी आदित्यनाथ से हमारी अपील है इस मामले में संज्ञान में लेते हुए समस्या सॉल्व करवाएं।







## अयोध्या में श्रीराम जन्मोत्सव का आयोजन, मुख्यमंत्री योगी हो सकते हैं शामिल

अयोध्या। श्रीराम जन्मोत्सव 30 व 31 मार्च को अयोध्या में होगा। इसमें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आने की संभावना है। इसको लेकर तैयारी शुरू हो गई है। प्रदेश के 16 जिलों में चल रहे रामायण कॉन्क्लेव का समापन भी चैत्र राम नवमी मेले के दौरान अयोध्या में होगा। अयोध्या में रामकथा पार्क नयाघाट पर श्रीराम जन्मोत्सव का आयोजन संस्कृति एवं पर्यटन विभाग से कराया जाएगा। इसमें प्रभु श्रीराम पर आधारित गायन, वादन, पारंपरिक नृत्य, रामायण के विभिन्न प्रसंगों पर आधारित सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, रामलीला आदि के कार्यक्रम होंगे। डीएम नितीश कुमार ने बताया कि इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के आने की संभावना है।

# यूपी में बिजली कर्मी करेंगे 72 घंटे की हड़ताल

**ऐलान**

**सीएम योगी से की हस्तक्षेप करने की मांग**

**लखनऊ।** अपनी मांगों के समर्थन में उत्तर प्रदेश के बिजली कर्मचारियों ने गुरूवार शाम से 72 घंटे की सांकेतिक हड़ताल पर जाने का ऐलान किया है। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के संयोजक शैलेन्द्र दुबे ने बुधवार को यहां पत्रकारों से कहा कि 16 मार्च की रात 10 बजे से प्रदेश के बिजली कर्मचारी 72 घण्टे की सांकेतिक हड़ताल करेंगे जबकि गुरूवार को ही देश भर में उप्र के बिजली कर्मियों के समर्थन में विरोध प्रदर्शन किये जायेंगे।

समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि ऊर्जा निगमों के शीर्ष प्रबन्धन की हठवादिता के चलते बिजली कर्मियों पर हड़ताल थोपी जा रही है। उन्होंने कहा कि पिछले साल तीन दिसम्बर को हुए समझौते में ऊर्जा मंत्री ने मांगों पर विचार के लिये 15 दिन का समय मांगा था मगर 112 दिन बीतने के बाद भी समझौते के प्रमुख बिन्दुओं के क्रियान्वयन की दिशा में कुछ भी कदम नहीं उठाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ओबरा और अनपरा ताप संयंत्र की 800-800 मेगा वाट की नई इकाईयां को उत्पादन निगम से छीन कर एनटीपीसी को दिए जाने, पारेषण के निजीकरण को रोकने व अन्य न्यायोचित मांगों के सार्थक समाधान किये जाने समेत अन्य मांगों को पूरा करने के बजाय शांतिपूर्ण ढंग से आन्दोलन कर रहे बिजली कर्मियों को पुलिस उत्पीड़न की धमकी दी जा रही है।बिजली इंजीनियरों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से हस्तक्षेप करने की



अपील करते हुये कहा कि बिजली कर्मियों का उद्देश्य हड़ताल कदापि नहीं है बल्कि यह हड़ताल उन पर थोपी जा रही है। यदि समझौते का क्रियान्वयन व अन्य न्यायोचित मांगों के सार्थक समाधान हो जाये तो बिजली कर्मी पूरी निष्ठा से दिन-रात कार्य कर उप्र को बिजली आपूर्ति के मामले में शीर्ष दर्जा दिलाने में सक्षम हैं। दुबे ने कहा कि शांतिपूर्ण कार्य बहिष्कार के दौरान यदि पुलिस किसी भी कर्मचारी अथवा इंजीनियर के खिलाफ कारर्वाई करती है तो कर्मचारियों की हड़ताल अनिश्चितकालीन भी हो सकती है।

# अरुणाचल भारत का अभिन्न अंग: अमेरिका

**दोस्ती का सबूत**

**अमेरिकी संसद से ड्रैगन को मिला मुंहतोड़ जवाब, बोला- इंडिया के साथ खड़े हैं हम**

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी सीनेट के एक द्विदलीय प्रस्ताव के अनुसार अमेरिका मैकमोहन रेखा को चीन और अरुणाचल प्रदेश के बीच अंतरराष्ट्रीय सीमा के रूप में मान्यता देता है। साथ ही अरुणाचल प्रदेश को भारत का अभिन्न हिस्सा मानता है। सीनेटर जेफ मर्कले के साथ सीनेट में प्रस्ताव पेश करने वाले सीनेटर बिल हैगर्टी ने कहा, 'ऐसे समय में जब चीन मुक्त और खुले हिंद-प्रशांत क्षेत्र के लिए लगातार गंभीर खतरा उत्पन्न कर रहा है, अमेरिका के लिए यह महत्वपूर्ण है कि वह इस क्षेत्र में अपने रणनीतिक भागीदारों, खासकर भारत के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा रहे।' उन्होंने मंगलवार को कहा, 'यह द्विदलीय प्रस्ताव अरुणाचल प्रदेश को स्पष्ट रूप से भारत के अभिन्न हिस्से के रूप में मान्यता देने के लिए सीनेट के समर्थन को दर्शाता है। वास्तविक नियंत्रण रेखा पर यथास्थिति को बदलने के लिए चीन की सैन्य आक्रामकता की निंदा करता है और मुक्त, खुले हिंद-प्रशांत के समर्थन के लिए अमेरिका-भारत रणनीतिक साझेदारी और 'क्वाड' (चतुष्पक्षीय संवाद समूह) को मजबूत करता है।'



**पीआरसी के दावे को खारिज करता है यूएस**

भारत और चीन के बीच पूर्वी क्षेत्र में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर हुई हिंसक सैन्य झड़प के बाद आए इस प्रस्ताव में अमेरिका की ओर से मैकमोहन रेखा को चीन और भारत के बीच अंतरराष्ट्रीय सीमा के रूप में एक बार फिर मान्यता दी गई है। यह प्रस्ताव पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना (पीआरसी) के इस दावे को भी खारिज करता है कि अरुणाचल प्रदेश पीआरसी का क्षेत्र है। यह प्रस्ताव ऐसे समय पर आया है जब अमेरिका और चीन के बीच भारत, ताइवान जैसे अन्य देशों को लेकर तनाव अपने चरम पर है।

# यूपी की विद्युत व्यवस्था को और सुदृढ़ करेगी योगी सरकार

**तैयारी**

**पांचों डिस्कॉम को 13632.24 करोड़ दिए**

**12 से 15 प्रतिशत तक कम करनी है तकनीकी व वाणिज्यिक हानि**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने यूपी की विद्युत व्यवस्था को सुदृढ़ कर दिया है। इसे और समृद्ध करने के लिए प्रदेश सरकार का प्रयास निरंतर जारी है। विद्युत उत्पादन और वितरण के साथ-साथ सरकार का पूरा ध्यान लाइन लॉस को कम करने पर भी है। इसके लिए योगी सरकार ने भारत सरकार की रिवैम्प्ड डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर स्कीम (आरडीएसएस) को माध्यम बनाया है। इस स्कीम के अंतर्गत विद्युत वितरण क्षेत्र की लाइन हानि (एटीएंडसी लॉसेस) को कम करने के साथ-साथ विद्युत प्रणाली सुधार व नवीनीकरण का भी प्रावधान है।

भारत सरकार द्वारा डिस्कॉम (बिजली वितरण कंपनियों) की आपूर्ति के आधारभूत ढांचे को मजबूत करने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। योजना का क्रियान्वयन 2025-26 तक किया जाना है। इस योजना के अंतर्गत यूपी के सभी पांचों डिस्कॉम को लाइन हानि रोकने के लिए 29 पैकेजेज प्रदान किए गए हैं। इनके माध्यम से 13632.24 करोड़ रुपये प्रदान किए जा रहे हैं। इस धनराशि से सभी पांचों डिस्कॉम में प्रोजेक्ट वर्क की शुरूआत भी हो चुकी है। इसके अंतर्गत पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के आठों कलस्टर के लिए 3842.41 करोड़ रुपये की धनराशि प्रदान की जा रही है, जबकि मध्यांचल विद्युत वितरण निगम



लिमिटेड के सातों कलस्टर के लिए 3303.70 करोड़ रुपये की धनराशि का प्रावधान किया गया है। वहीं पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के छह कलस्टर के लिए 2764.33 करोड़, दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के सातों कलस्टर को 3247.07 करोड़ रुपये का प्रावधान है। इसके अलावा केस्को कानपुर को 474.73 करोड़ आवंटित किए गए हैं। केंद्र की आरडीएसएस योजना के मुताबिक 2024-25 तक तकनीकी व वाणिज्यिक हानियों को 12 से 15 फीसदी तक कम करना है। 2024-25 तक औसत आपूर्ति लागत-औसत राजस्व वसूली (एसीएस-एआरआर) अंतर को शून्य करना है। विद्युत वितरण तंत्र का सुदृढ़ीकरण व नवीनीकरण करना है। इसके साथ ही विद्युत वितरण क्षेत्र में उपभोक्ताओं को व्यवधान रहित गुणवत्तापूर्ण बिजली की आपूर्ति की जानी है। इस कार्य को सुचारू रूप से संपादित करने के लिए सभी डिस्कॉम में पीएमए की नियुक्ति की जा चुकी है। वितरण प्रणाली को सुदृढ़ करने के लिए फीडर व वितरण परिवर्तक स्तर पर सिस्टम मॉनीटरिंग के लिए 28 मार्च 2022 में ही 18885.24 करोड़ की स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है। वहीं ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में विद्युत प्रणाली के सुदृढ़ीकरण व हानियों को कम करने के लिए 16498.61 करोड़ के कार्य की स्वीकृति मिल चुकी है। साथ ही लॉस रिडक्शन के कार्यों के लिए कार्यदायी संस्थाओं की नियुक्ति की जा चुकी है। मीटरिंग के कार्यों के लिए निविदा का कार्य अभी प्रक्रियाधीन है।

## जमीन पर उतारें हर निवेश प्रस्ताव : सीएम

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निर्देश दिए कि ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में उत्साहपूर्वक भाग लेने वाले एक-एक निवेशक से संपर्क कर उनकी आवश्यकताओं-अपेक्षाओं को जानें और नीतियों-नियमों के अनुरूप उन्हें तत्काल उसका लाभ दिलाया जाए। यह सुनिश्चित किया जाए कि निवेशकों से जुड़ी कोई भी फाइल अनावश्यक लंबित न रहे। मुख्यमंत्री बुधवार को विभिन्न मंत्रीगणों, विभागीय अपर मुख्य सचिव व प्रमुख सचिव गणों के साथ बैठक कर रहे थे। उन्होंने निर्देश दिया कि औद्योगिक विकास आयुक्त स्तर से एमओयू की साप्ताहिक विभागवार समीक्षा की जाए। कोई समस्या हो तो मुख्य सचिव को अवगत कराएं, तत्काल समाधान निकालें। उन्होंने कहा कि प्रदेश में स्थापित हो रहीं औद्योगिक इकाइयों, कंपनियों को स्किल्ड, सेमी स्किल्ड और अनस्किल्ड मैनपॉवर की आवश्यकता होगी। हमारे आईटीआई के प्रशिक्षार्थियों के लिए रोजगार के बड़े अवसर सृजित हो रहे हैं। मुख्यमंत्री इंटर्नशिप प्रोग्राम के अंतर्गत इकाइयों में प्रशिक्षण के लिए युवाओं को अवसर दिलाएं। नई स्थापित होने जा रहीं इकाइयों के साथ संवाद करते हुए युवाओं को अधिकाधिक लाभ दिलाया जाए। निवेशकों की सुगमता के लिए मुख्यमंत्री उद्यमी मित्र योजना अंतर्गत 'उद्यमी मित्रों की तैनाती तत्काल कर दी जाए।

## लालू से मिलीं डिंपल यादव

**नई दिल्ली ।** रेलवे में नौकरी के बदले जमीन घोटाला के मामले में बुधवार को लालू यादव परिवार को बड़ी राहत मिली। दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने लालू यादव, उनकी पत्नी राबड़ी यादव और बेटी मीसा भारती को जमानत दे दी। लालू परिवार को जमानत मिलने के बाद आरजेडी समर्थकों में खुशी की लहर है। पार्टी कार्यकर्ता एक-दूसरे को मिठाई बांट रहे हैं। वहीं, लालू से मिलने कई बड़े नेता उनके पास पहुंच रहे हैं। इसी बीच, सपा प्रमुख अखिलेश यादव की पत्नी और सांसद डिंपल यादव भी लालू से मिलने पहुंची। लालू अभी दिल्ली में अपनी सांसद बेटी मीसा भारती के घर पर ठहरे हुए हैं। डिंपल बुधवार दोपहर मीसा भारती के आवास पर पहुंचीं। मुलाकात के दौरान डिंपल ने लालू यादव का हालचाल भी जाना।

# महिला हिंसा के खिलाफ सड़क पर उतरीं महिलाएं, तहसील पर प्रदर्शन

**आक्रोश**

### सड़क पर उतर कर महिलाओं ने भरी हुंकार यूपी में बन्द करो शराब की दुकान



घरेलू हिंसा को लेकर प्रदर्शन करती महिलाएं

**राजातालाब।** घरेलू महिला हिंसा, लैंगिक भेदभाव, यौन उत्पीड़न के खिलाफ बुधवार को हजारों ग्रामीण महिलाएं सड़क पर उतरीं। आक्रोशित महिलाओं ने उत्तर प्रदेश में पूर्ण शराब बिक्री पर रोक लगाने की मांग भी उठाई। महिला चेतना समिति, लोक समिति, दिहाड़ी मजदूर संगठन और आशा ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित महा सम्मेलन कार्यक्रम में आराजी लाइन और सेवापुरी ब्लाक के करीब 70 गांव से आई हजारों महिलाओं ने ढोल नगाड़ों तख्ती बैनर के साथ राजातालाब बाजार से तहसील तक जन आक्रोश रैली निकाली। हजारों महिलाओं के प्रदर्शन से जी टी रोड जाम हो गया। लड़कियों महिलाओं के हुंकार से पूरा तहसील परिसर गूंजने लगा। बलात्कारियों को जेल में बन्द करो, महिला हिंसा बंद करो, छेड़खानी पर रोक लगाओ, शराब बेचना बंद करो, बिलकिस बानो व हाथरस की बेटी को न्याय दो आदि कई प्रकार के स्लोगन लिखे तख्ती के साथ पूरे राजातालाब बाजार का भ्रमण किया। तहसील पर महिलाओं ने शराब बिक्री, महिला हिंसा,बाल विवाह, गैरबराबरी के खिलाफ नारे लगाए और उपजिलाधिकारी को 14 सूत्री ज्ञापन सौंपा। रैली के उपरान्त सिंचाई डाक बंगला में महिला हिंसा के खिलाफ महिला महा सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य पूनम मौर्या, लोक चेतना समिति की निदेशिका रंजू सिंह, पूनम, प्रो गीता रानी, पूनम गुप्ता तथा लोक समिति के संयोजक नन्दलाल मास्टर ने दीप जलाकर किया। इस अवसर पर आयोजित सभा में महिलाओं ने महिला हिंसा को जड़ से मिटाने का संकल्प लिया। जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम मौर्या ने कहा कि महिलाओं को अपने अधिकार के प्रति सजग होना होगा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से रंजू सिंह,अनीता सरिता सोनी, आशा, मधुबाला, शमबानो, पूनम, शर्मिला, मुकेश प्रधान, प्रेमा, चन्द्रकला, आशा, ममता, मैनम, कुसुम पूजा, सितारा सुमन, प्रीति,नीतू, सुषमा, सरोज, नन्दलाल मास्टर, शर्मिला, राजेश अमित, रवि गुप्ता श्यामसुन्दर, रामबचन, सुनील आदि लोग शामिल रहे। धरने का नेतृत्व नन्दलाल मास्टर, संचालन अनीता और सोनी, अध्यक्षता आशा राय और धन्यवाद ज्ञापन सरोज ने किया।

## वाराणसी पब्लिक स्कूल में राष्ट्रीय महिला हैण्डबाल का उद्घाटन




**वाराणसी।** वाराणसी पब्लिक स्कूल केराकतपुर के प्रांगण में 51वीं राष्ट्रीय महिला हैण्डबाल प्रतियोगिता का उद्घाटन समारोह बुधवार को सम्पन्न हुआ। प्रतियोगिता का शुभारंभ मध्याह्न 12 बजे मुख्य अतिथि राज्यमंत्री उ.प्र. स्वतंत्र प्रभार दयाशंकर मिश्र दयालु ने स्व. श्यामनारायण पांडेय की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन कर किया। कहा कि इस प्रकार के खेल के आयोजन से राष्ट्रीय एकता की भावना के साथ-साथ सामूहिक रूप से खेल की भावना का विकास होता है। भविष्य में भी इस प्रकार के खेल आयोजित हो तभी खेलेगा इंडिया व खिलेगा इंडिया की उक्ति चरितार्थ होगी। मुख्य संरक्षक श्रीमती अस्मिता चंद (प्रदेश उपाध्यक्ष महिला मोर्चा भाजपा) ने खेल के प्रति शपथ दिलायी। इस अवसर पर बच्चों की रंगारंग सांस्कतिक कार्यक्रम सम्पन्न हुए। स्वागत भाषण मंडल व जिलाध्यक्ष अमित पांडेय ने दिया। संचालन डा. नित्यानंद चौबे व रूबी ने किया।

### विदेशी वैज्ञानिकों ने स्वर्वेद मंदिर देखा

**चौबेपुर।** विहंगम योग संत समाज द्वारा निमार्णाधीन स्वर्वेद महामंदिर देखने के लिए विदेशी वैज्ञानिकों का एक दल स्वर्वेद महामंदिर धाम उमरहां (मुड़ली) पहुंचा । वैज्ञानिकों ने विहंगम योग के बारे में यहां के प्रबंधक सुरेन्द्र यादव व योग वैज्ञानिक डा इंदु प्रकाश मिश्र से गहन अध्ययन किया। विदेशी वैज्ञानिकों ने यहां बनाये जा रहे 20हजार साधकों के एक साथ बैठकर साधना केंद्र देखकर आश्चर्य चकित हो गये।

## संक्षेप

### विष्णु एवं चंदन बने मैन ऑफ द मैच

**वाराणसी।** बीएचयू के विश्वविद्यालय क्रीडा परिषद की ओर से आयोजित परिसर की पुरुष टेनिस क्रिकेट टूर्नामेंट के नवें दिन प्रथम सत्र का पहला मैच भाभा हॉस्टल एवं विधि संकाय के बीच में हुआ। जिसमें विधि संकाय ने 83 रन से मैच जीत लिया। मैन ऑफ द मैच विष्णु रहे। इसी सत्र का दूसरा मैच सिटी डेलीगेसी ने दृश्य कला संकाय को पांच विकेट से हराकर जीता। इसके मैच के मैंन ऑफ द मैच रहे चंदन। इस मौके पर परिषद उपाध्यक्ष प्रो. एसबीएस. राजू, महासचिव प्रो. बीसी कापरी, सचिव डॉ. अर्चना सिंह एवं डॉ. राजीव सिंह, आयोजन सचिव डॉ. वैभव राय, संयुक्त आयोजन सचिव डॉ. धीरेंद्र तिवारी, सहायक निदेशक डॉ. प्रदीप खालको, डॉ. खुर्शीद अहमद, डॉ. कविता वर्मा, प्रियंका यादव, रॉबिन कुमार सिंह तथा हरिराम यादव आदि भी थे।

### सांख्यिकी के कई आयाम बताए

**वाराणसी।** काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के विज्ञान संस्थान में बुधवार को सांख्यिकीय विषयक एकदिनी कार्यशाला का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता आलोक कुमार शर्मा एवं प्रसून वर्मा थे। उन्होंने आधिकारिक आंकड़ों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि आंकड़ों का उपयोग कर किसी शोध को सत्यापित करने का एक सहज मार्ग हो सकता है। वर्कशॉप में वक्ताओं ने विभिन्न मंत्रालयों में सांख्यिकी से जुड़े अधिकारिक पदों की चर्चा करते हुए कई बिंदुओं की ओर ध्यान दलाया। विभागाध्यक्ष प्रो. संजय कुमार सिंह ने सांख्यिकी विभाग की शैक्षणिक यात्रा की शुरुआत, उसके विभिन्न कोर तथा अप्लाइड पाठ्यक्रमों की जानकारी दी गई। संयोजन प्रो. पीयूष कांत राय का था।

### साहित्य भूषण डा. जितेन्द्र नाथ मिश्र का 76वां जन्मदिन मनाया

**वाराणसी।** नागरिक समाज की ओर से ईश्वरगंगी में प्रसिद्ध साहित्यकार और मूर्धन्य विद्वान साहित्यभूषण डा.जितेन्द्रनाथ मिश्र का 76 वां जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। साथ ही उनके दीर्घायु जीवन की मंगलकामना की गयी । डा. अपूर्व नारायण तिवारी बनारसी बाबू ने कहा कि डीएवी डिग्री कालेज के अवकाश प्राप्त हिंदी विभागाध्यक्ष रहे डा. जितेन्द्रनाथ मिश्र साहित्यिक संघ के मंत्री, सोच विचार पत्रिका के प्रधान संपादक के संग तमाम संस्थाओं से जुड़े हैं। अनेक पुस्तकों के लेखक व संपादक हैं । वे एक साहित्य मनीषी हैं । इस अवसर पर बनारसी बाबू, डा.दिनेश सिंह, सुरेश प्रसाद पांडेय, ओपी शर्मा, रज्जू गुरु, ब्रजेश पांडेय, रतन गुरु, बच्चेलाल गौड़ आदि ने उनके मंगल जीवन की कामना की।

### माहेश्वरी महिला संगठन का चुनाव संपन्न

**वाराणसी।** पूर्वी उत्तर प्रदेश माहेश्वरी महिला संगठन की चुनाव सभा बुधवार को आयोजित की गई। चुनाव अधिकारी सुशीला काबरा (इंदौर) की देखरेख में चुनाव संपन्न हुआ। समाज के गौरव राठी के अनुसार अध्यक्ष पद पर वाराणसी की श्रीमती भारती करवा, मंत्री पद पर वाराणसी की श्रीमती पुष्पा धूत, कोषाध्यक्ष पद पर स्मिता बियानी, संगठन मंत्री पद पर आभा काबरा, उपाध्यक्ष पद पर सीमा लड्ढा, उषा काबरा, ममता राठी नीलम राठी, उप मंत्री पद पर ज्योति राठी, अंजना बजाज नविता माहेश्वरी और रेखा माहेश्वरी, प्रचार मंत्री पद पर वाराणसी की श्रीमती मंजू राठी ,सांस्कृतिक मंत्री ज्योति चांडक, एवं मोनिका माहेश्वरी, आदि को चुना गया। इस अवसर पर अजय काबरा, शशि नेवर, गौरव राठी, रंजना मूंदड़ा ने नई टीम को पुष्पगुच्छ भेंट कर बधाई दी ।



## फ्लिपर परियोजना में हो रही लापरवाही पर भड़के सौरभ



**वाराणसी।** विधायक कैन्ट सौरभ श्रीवास्तव ने बुधवार को सामनेघाट फ्लिपर गेट परियोजना का निरीक्षण किया।

काम में लापरवाही देख अधिकारियों को जमकर फटकार लगाई और मौके से ही जिलाधिकारी को सूचित कर दोषी अधिकारियों पर कार्यवाही की संस्तुति शासन को भेजने के लिए कहा। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि काम कोई भी हो लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। निरीक्षण के दौरान बन्धी प्रखण्ड के अधीक्षण अभियंता केसरी सिंह, अधिशासी अभियंता राजेश यादव, कनिष्ठ अभियंता व ठेकेदार भी उपस्थित थे सभी से उन्होंने परियोजना से संबंधित वार्ता भी की, इस दौरान भाजपा कार्यकर्ता अमित सिंह चिन्टू के साथ, सुभाष श्रीवास्तव, राजगृही सिंह भी उपस्थित थे।

## रामचंद्र चतुर्थ श्रेणी राज्य कर्मचारी महासंघ के जिलाध्यक्ष

**वाराणसी।** वरुणाब्रज स्थित लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) परिसर में बुधवार को उत्तर प्रदेशीय चतुर्थ श्रेणी राज्य कर्मचारी महासंघ के जनपद व मंडल शाखा द्विवार्षिक अधिवेशन व चुनाव का आयोजन हुआ। जो वरिष्ठ उपाध्यक्ष राज्य कर्मचारी संचुक्त परिषद चुनाव अधिकारी विपिन श्रीवास्तव व सह चुनाव अधिकारी दिनेश कुमार सिंह की देखरेख में संपन्न हुआ। इसमें रामचंद्र गुप्ता जिलाध्यक्ष, रामबदन यादव कार्यवाहक अध्यक्ष, संचय कुमार तिवारी वरिष्ठ उपाध्यक्ष और जिला मंत्री के रूप से विजय कुमार मौर्या के साथ कुल 40 अन्य पदाधिकारियों को निर्वाचन हुआ। आयोजन के मुख्य अतिथि मंडलायुक्त कौशल राज शर्मा ने निर्वातिच पदाधिकारियों को पद एवं गोपनियता की शपथ दिलाई। विशिष्ठ अतिथि प्रांतिय अध्यक्ष रामराज दूबे, भरत सिंह यादव, विरेंद्र सिंह, शिव कुमार यादव, पद्म द्विवेदी, सुभाष मिश्रा, सुरेश यादव, विजय मिश्रा आदि ने निर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई दी।

## पत्रकारिता भारत की ऋषि परम्परा की वंशज

**शुभारंभ**

### पराड़कर भवन में डा. नीलकंठ तिवारी ने किया दीनानाथ गुप्त स्मृति सभा कक्ष का उद्घाटन



**वाराणसी।** आजादी के अमृत महोत्सव में हमें उन गुमनाम पत्रकारों और स्वतंत्रता सेनानियों की स्मृतियों को भी संजोना चाहिए जिन्होंने देश की आजादी में अपने को खो दिया और नयी पीढ़ी उनके कृत्यों से अब तक अनजान है। इस संदर्भ में स्कंदगुप्त और भभुआ निवासी क्रांतिकारी पत्रकार विक्रमादित्य सिंह के नाम को संदर्भित किया गया। पत्रकारिता कबीर की वंशधर्मी और भारत की ऋषि परम्परा की वंशज है। यह विचार बुधवार को काशी पत्रकार संघ की ओर से पराड़कर स्मृति भवन में नवनिर्मित दीनानाथ गुप्त स्मृति सभागार का उद्घाटन करते हुए शहर दक्षिणी के विधायक और पूर्व राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार डा नीलकण्ठ तिवारी ने व्यक्त किये। उन्होंने दीनानाथ गुप्त का पुण्य स्मरण करते हुए कहा कि वे पराड़कर युगीन रिर्पोटिंग की अंतिम कड़ी थे। उन्होंने रिपोर्टिंग क्षेत्र में एक नयी धार दी। आगतों का स्वागत संघ के अध्यक्ष सुभाषचन्द्र सिंह, संचालन महामंत्री डा अत्रि भारद्वाज और धन्यवाद ज्ञापन रोहित चतुर्वेदी ने दिया। इस अवसर पर संघ के कोषाध्यक्ष जितेन्द्र श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष कमलेश चतुर्वेदी, उमेश गुप्ता, वाराणसी प्रेस क्लब के अध्यक्ष चन्दन रूपानी, मंत्री पंकज त्रिपाठी, कोषाध्यक्ष शंकर चतुर्वेदी, संघ के पूर्व अध्यक्ष विकास पाठक, बीबी यादव, राजनाथ तिवारी, मंत्री राधेश्याम कमल उपस्थित रहे।

## भ्रूण हत्या करने वालों की पूजा स्वीकार नहीं करती आदिशक्तिः साध्वी गीताम्बा



**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी के चैत नवरात्र में देवी मंदिरों में श्री दुर्गा सप्तशती का पाठ एवं रामनवमी पर अखंड रामायण पाठ कराने के निर्णय का देवी उपासना एवं श्री दुर्गा मातृ छाया शक्तिपीठ, नगवा, रविदास पार्क की संस्थापिका साध्वी गीताम्बा तीर्थ ने समर्थन करते हुए इसे सराहनीय कार्य बताया है। डाफी स्थित एक वाटिका में चल रहे देवी भागवत कथा के पांचवें दिन बुधवार को कथा के दौरान साध्वी गीताम्बा ने कहा कि सृष्टि आदिशक्ति ही चला रही हैं और आदिशक्ति ही बल और बुद्धि व धन देने वाली है। ऐसी आदिशक्ति देवी की आराधना तो होनी ही चाहिए। उन्होंने राज्य सरकार के निर्णय की सराहना करते हुए कहा कि इससे आने वाली पीढ़ी को मातृशक्ति के बारे में जानकारी भी मिलेगी ।

## कार्य में तेजी लाने पर जोर

**काशी विद्यापीठ।** स्थानीय ब्लॉक की खंड विकास अधिकारी डॉ. रक्षिता सिंह ने बुधवार को विभिन्न योजनाओं की प्रगति के बारे में समीक्षा बैठक की। कुछ कार्यों में सुस्ती पर जिम्मेदार एडीओ की क्लास लगायी। उन्होंने एसएलडब्ल्यूएम के तहत ग्रामीण इलाकों में कराये जा रहे कार्यों में तेजी लाने पर जोर दिया।


पूर्वोत्तर रेलवे
ई-निविदा सूचना
निम्नलिखित कार्यों के लिए 'खुली' निविदा वरिष्ठ मंडल विद्युत इन्जीनियर/का0, पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से आमंत्रित की जाती है।
निविदा संख्या: वमविइं–लख0–01–2023, कार्य का विवरण: इलेक्ट्रिक लोको शेड गोण्डा में इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव की होमिंग के लिए इन्फ्रास्ट्रक्चर व टेस्ट स्टेशन के निर्माण से सम्बन्धित विद्युत कार्य। अनुमानित लागत: ₹ 7259893.21, बयाना राशि: ₹ 145200.00, निविदा मूल्य 0.00, कार्य सम्पादन अवधि 04 माह।
निविदा संख्या: वमविइं–लख0–02–2023, कार्य का विवरण: लखनऊ मंडल में 08 स्टेशनों पर [illegible] साइडिंग और 08 स्टेशनों पर ट्रैक मशीन साइडिंग के प्रावधान से सम्बन्धित विद्युत कार्य। अनुमानित लागत: ₹ 11190316.83, बयाना राशि: ₹ 206000.00, निविदा मूल्य 0.00, कार्य सम्पादन अवधि 04 माह
निविदा संख्या: वमविइं–लख0–03–2023, कार्य का विवरण: लोको शेड गोण्डा में पावर सप्लाई सिस्टम में [illegible] हेतु ओवरहेड लाइन का अण्डर ग्राउण्ड केबिल से बदलाव और गोण्डा क्षेत्र में अधिकारी कालोनी, इन्जीनियरिंग कालोनी, [illegible] कालोनी व स्टेशन कालोनी में ओवरहेड लाइन का अण्डर ग्राउण्ड केबिल से बदलाव। अनुमानित लागत: ₹ 10885059.79, बयाना राशि: ₹ 234500.00, निविदा मूल्य: 0.00, कार्य सम्पादन अवधि 06 माह
उक्त निविदा बन्द होने की अंतिम तिथि व समय –05.04.2023 को 15.00 बजे
नोट :– इस निविदा के विरुद्ध मैनुअल आफर स्वीकार नहीं किया जायेगा। ऐसे प्राप्त मैनुअल आफर को निरस्त कर दिया जायेगा। विस्तृत विवरण व निविदा जमा करने हेतु कृपया भारतीय रेलवे की वेबसाइट http://www.ireps.gov.in को देखें।
वरिष्ठ मंडल विद्युत इन्जीनियर/का0
दुजासि/विद्युत–225 लखनऊ
[illegible]
यात्रियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।


# वाराणसी से महंगा बनारस का पानी

**असुविधा**

### रेलवे ने देश भर के स्टेशनों व चलती ट्रेनों में रेल नीर बेचने के निर्देश को लग रहा बट्टा

### वाराणसी स्टेशन पर रेल नीर 15 रुपये जबकि बनारस स्टेशन पर गैर ब्रांड पानी 20 रुपये में बेचा जा रहा



**वाराणसी।** रेल प्रशासन की ओर से देश भर के रेलवे स्टेशनों व चलती ट्रेनों के पैंट्री में अपना ब्रांड रेल नीर बेचने का निर्देश दिया गया है, बावजूद इसके पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी मंडल के सेटेलाइट स्टेशन के रुप में स्थापित मंडुआडीह स्टेशन पर गैर रेल नीर बेचा जा रहा है वह भी ऊंचे दामों में।

रेल नीर रेलवे का अपना एक ब्रांड है जिसका प्लांट रेलवे की ओर से कई स्थानों पर लगाया गया है,इन्हीं प्लान्टों से हर स्थानों से रेल नीर की सप्लाई होती है, वाराणसी में रेल नीर की सप्लाई अमेठी प्लांट से की जाती है। कैंट स्टेशन (वाराणसी जंक्शन) पर रेल नीर की सप्लाई हर दूसरे व तीसरे दिन की जाती है जबकि बनारस (मंडुआडीह ) स्टेशन पर सप्लाई ना होने की बात कह कर रेल नीर के अलावा गैर ब्रांड का पानी यात्रियों को परोसा जा रहा है। रेल नीर के लिए रेलवे की ओर से देश भर में एक ही मूल्य 15 रुपये रखा गया है। जबकि बनारस स्टेशन पर गैर ब्रांड का पानी 20 रुपये में बेचा जा रहा है।

### क्या कहा यात्रियों ने

बनारस स्टेशन से कामायनी एक्सप्रेस से दादर जाने वाले सुनील वर्मा ने बताया कि रेलवे का निर्देश है रेल नीर के लिए फिर भी गैर ब्रांड का पानी बिक रहा है। वहीं नई सड़क निवासी अमिनुद्दीन ने बताया कि मुम्बई से वाराणसी आने तक हर हर स्टेशन पर रेल नीर उपलब्ध था। बताया किं रेल नीर के पानी व बोतल की भी क्वालीटी है। 20 रुपये में पानी की बोतल बेचना रेलवे के निर्देशन का उल्लघंन है।

### बोले अधिकारी, कार्रवाई होगी

पूर्वोत्तर रेलवे वाराणसी मंडल के सीनियर डीसीएम संजीव शर्मा ने कहा कि गैर ब्रांड के पानी को भी 15 रुपये में बेचने का निर्देश है अगर ज्यादा दाम में वेंडरों द्वारा बेचा जा रहा है तो इसपर कार्रवाई होगी।

## होली मिलन 19 को लोहता में, पूर्वांचल विवि की कुलपति प्रो निर्मला एस मौर्य होंगी मुख्य अतिथि

**वाराणसी।** मौर्य कुशवाहा चेतना मंच व सम्राट अशोक युवा क्लब लोहता की ओर से मौर्य समाज का नौवां होली मिलन व समाज के मेघावी छात्र छात्राओं का प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन 19 मार्च रविवार को दोपहर एक बजे से लोहता स्थित मौर्य मंगलम वाटिका में किया गया है । यह जानकारी देते हुए मौर्य कुशवाहा चेतना मंच के संस्थापक, संयोजक बबलू मौर्य ने बताया कि समारोह की मुख्य अतिथि पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर की कुलपति प्रो निर्मला एस. मौर्य होंगी।

विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रो. कमलेश वर्मा, असिस्टेंट प्रो. डॉ महेंद्र प्रसाद कुशवाहा, असिस्टेंट प्रो. सुचिता वर्मा, डॉ सुभाषचंद्र मौर्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी मेरठ, व सुभाषचंद अवर अभियंता लोक निर्माण सहित समाज के वरिष्ठ जन मौजूद रहेंगे। समारोह की अध्यक्षता आनंद मौर्य करेंगे।

## गंगा किनारे छह कच्चे घाटों का होगा सुंदरीकरण

**वाराणसी।** प्रशासन जी-20 सम्मेलन के लिए शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने में जुटा है। इसी क्रम में निगम की ओर से गंगा किनारे के छह कच्चे घाटों का सुंदरीकरण किया जाना प्रस्तावित है। जिसके लिए निविदा की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है और इसी सप्ताह काम शुरू हो जाएगा।

अप्रैल माह से शुरू होने वाले जी-20 सम्मेलन को लेकर बैठकों और तैयारियों का दौर जारी है। शहर को सुंदर बनाने के लिए सड़कों, चौराहों, तिराहों के साथ अतिक्रमण और केबल तारों को हटाने का कार्य किया जा रहा है। इसके अलावा प्रसिद्ध गंगा घाटों के साथ कच्चे घाटों को भी सुंदर बनाने की कवायद शुरू हो गई है। इन कच्चे घाटों पर लगभग एक करोड़ की लागत से ब्रिक पिचिंग का कार्य किया जाएगा। जिसमें घाटों की मिट्टी को एक सामान करने के बाद गिट्टी और सिमेंट के द्वारा उसे आकार दिया जाएगा। आकार लेने के बाद उसपर काशी की कलाकृतियों को रंगों के माध्यम से उकेरा जाएगा। जिससे घाटों की भव्यता और भी निखरेगी। कार्यों को दो माह में पूरा करने का लक्ष्य दिया गया है।

### इन कच्चे घाटों को बनाया जाएगा सुंदर

पंचाग्नि अखाड़ा घाट के उपरी कच्चे भाग, प्रहलादघाट के उपरी कच्चे भाग, तेलियाना घाट के उपरी कच्चे भाग, रामघाट और लाल घाट के उपरी कच्चे भाग पर और नया घाट के कच्चे भाग पर ब्रिक्स पिचिंग का कार्य किया जाएगा। जिसे इसी सप्ताह शुरू किया जाना है।

### शिलांग के विद्यार्थियों ने किया बीएचयू का भ्रमण

**वाराणसी।** 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' के तहत नॉर्थ ईस्टर्न हिल विवि शिलांग के 50 सदस्यीय दल का दो दिवी बीएचयू भ्रमण बुधवार को संपन्न हुआ। दल में विश्वविद्यालय के विद्यार्थी और प्रध्यापक शामिल रहे। उन्होंने मालवीय मूल्य अनुशीलन केंद्र स्थित कला वीथिका में पं. मदन मोहन मालवीय के जीवन पर आधारित प्रदर्शिनी देखी।

## निगम कर्मचारियों का बढ़ा 11 प्रतिशत महंगाई भत्ता

**सुविधा**

### रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद के अथक प्रयास के बाद निगम के अधिकारियों ने लगायी मुहर



**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम के कर्मचारियों की लंबित मांगों पर मुहर लगाते हुए निगम प्रशासन ने 11 प्रतिशत महंगाई भत्ते में बढ़ोत्तरी कर दी है। अब निगम कर्मचारियों को कुल 28 प्रतिशत महंगाई भत्ता दिया जायेगा।

रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद के महामंत्री गिरीश चंद्र मिश्र ने बताया कि परिषद की ओर से लगातार निगम के अधिकारियों को ज्ञापन दिये जाने का कार्य पूर्व में किया गया जिसपर विचार करते हुए शासन की ओर से 11 प्रतिशत महंगाई भत्ते पर मुहर लगा दी गयी। बताया कि अभी भी 10 प्रतिशत देना बाकी है परिषद की ओर से कुल 38 प्रतिशत महंगाई भत्ते की मांग की गयी थी। इस भत्ते से प्रदेश भर मे कुल 16 हजार नियमित कर्मचारी लाभान्वित होंगे वहीं वाराणसी परिक्षेत्र में कुल लगभग 15 सौ कर्मचारी बढ़े महंगाई भत्ते से लाभान्वित होंगे।

## मंडल की 963 गरीब कन्याओं का हुआ विवाह

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के तहत कन्या विवाह सहायता योजना में पात्र परिवारों की बेटियों की शादी में आर्थिक मदद दे रहा है। वर्तमान वित्तीय वर्ष में वाराणसी मंडल के सभी चार जनपदों में इस वर्ष 963 कन्याओं का विवाह कराया गया। इसके पांच करोड़ 29 लाख 65 हजार रुपये की धनराशि दी गयी।

सहायक श्रमायुक्त देवव्रत यादव ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस स्कीम में श्रम विभाग में पंजीकृत श्रमिकों की बेटियों की शादी के लिए 55 हजार रुपये एवं अंतरजातीय विवाह के लिए 61 हजार रुपये की आर्थिक सहायता का प्रावधान है। सभी प्रकार के निर्माण से जुड़े श्रमिक की आयु 18 से 60 वर्ष होना आवश्यक है। रजिस्ट्रेशन के समय पिछले 12 महीनों में 90 दिन निर्माण श्रमिक के रूप में कार्य जरूरी है। महकमे की ओर से पात्र परिवार की बेटियों की शादी की योजना में निर्माण श्रमिकों को अपनी बेटियों के कन्यादान के लिए अब आर्थिक संकट का सामना नहीं करना पड़ रहा है। इस वित्तीय वर्ष 2022-23 में मंडल में जनपदवार वाराणसी में 347, जौनपुर में 304, गाजीपुर में 172 और चंदौली में 140 कन्याओं का विवाह कराया गया।

### अध्यापक, छात्रों के लिए कौशल विकास पर कार्यशाला 16 से

**वाराणसी।** संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. हरेराम त्रिपाठी ने बुधवार को बताया कि विश्वविद्यालय के आइकेएस केंद्र, संस्कृत भारती काशी प्रांत और भारतीय भाषा समिति उच्च शिक्षा विभाग शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के संयुक्त तत्वावधान में 16 से 18 तक 'भारतीय भाषाओं में संस्कृत भाषा के अध्यापक एवं छात्रों में कौशल का विकास' विषय पर तीन दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन पाणिनि भवन सभागार में होगा। जिसमें राष्ट्रीय स्तर विशिष्ट विद्वतजन एवं विशेषज्ञ उक्त विषयों पर अपने संवाद संप्रेषित करेंगे।

### बच्चों ने जी-20 आधारित झंडे का किया प्रदर्शन

**मिजार्मुराद।** सेवापुरी ब्लाक के राजकीय स्कूल ठटरा गांव में बुधवार को छात्रों ने विदाई समारोह कार्यक्रम के दौरान जी20 सम्मेलन पर आधारित झंडा प्रदर्शन कर लोगों को जागरूक किया। साथ ही छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में धूम मचाया। कार्यक्रम में विद्यालय की कार्यकारी प्रधानाध्यापिका वीणा गौड़ ने चित्रकला प्रतियोगिता में जिला स्तरीय कार्यक्रम में दूसरा स्थान प्राप्त करने पर अंकिता को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया व उत्तर प्रदेश स्टूडेंट पुलिस कैडेट कार्यक्रम में भाग लेने वाले 30 छात्र छात्राओं को प्रमाण पत्र दिया।


कार्यालय नगर पंचायत कोपागंज, जनपद-मऊ

पत्रांक: 992/न0पं0कोपागंज मऊ/2022-23 दिनांक 15 मार्च 2023

ई-निविदा सूचना

नगर पंचायत कोपागंज जनपद मऊ द्वारा स्वायत्त निकाय/पब्लिक सेक्टर विभाग/राज्य सरकार/केन्द्र सरकार/अन्य सरकारी विभाग में अ, ब, श्रेणी में कार्य की लागत के सीमा के अनुरुप पंजीकृत निविदादाताओं से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से प्रतिशत दर के आधार पर मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना के अन्तर्गत स्वीकृत धनराशि से नीचे कार्य से सम्बन्धित विवरण निम्नवत् है :-

| क्र0 सं0 | जनपद का नाम | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख रु0 में) | बिड सिक्योरिटी (इ0एम0जी0) (लाख रु0 में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य जी.एस.टी. सहित (रु0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि वर्षा ऋतु सहित |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | मऊ | नगर पंचायत कोपागंज में कसारा मोड़ पर चौक का निर्माण कार्य एवं एक अदद फाउन्टेन लगाने का कार्य | 11.03 | 1.103 | 2240.00 | 01 माह |

1. वैब साइट पर बिड डाक्यूमेन्ट की उपलब्धता की तिथि :- 15/03/2023
2. ई-निविदा के माध्यम से निविदा प्राप्ति के लिए अंतिम तिथि, समय:-22/03/2023 को अपरान्ह 5:00 बजे।
3. ई-निविदा के माध्यम से निविदा खोलने की तिथि एवं समय:23/03/2023 को अपरान्ह 02.00 बजे।
4. निविदा आमंत्रणकर्ता को आईटीबी के क्लॉज-9 के अनुसार परिशिष्ट/शुद्धि पत्र जारी करने का अधिकार है जो किसी भी समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जायेगा। सभी संभावित निविदादाताओं को सलाह दी जाती है कि वह नियमित रुप से ई-निविदा पोर्टल पर निगरानी रखें।

अधिक जानकारी के लिए कृपया वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर लॉग इन करें तथा बिड डाक्यूमेन्ट को डाउनलोड करें।

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत कोपागंज
जनपद-मऊ

प्रशासक
नगर पंचायत कोपागंज
जनपद-मऊ

पत्रांक: 992(II)/न0पं0कोपागंज मऊ/2022-23, दिनांक 15 मार्च 2023

# ग्राम न्यायालय के विरोध में वकीलों ने किया सड़क जाम



सड़क जाम करते अधिवक्ता।

जनसंदेश न्यूज

बलिया। क्रिमिनल एंड रेवेन्यू बार एसोसिएशन तथा दी सिविल बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं की संयुक्त बार की बैठक बार भवन के सभागार में आयोजित की गई। जिसमें अधिवक्ताओं ने ग्राम न्यायालय के विरोध में अपना तर्क रखा। इस दौरान अधिवक्ताओं ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि चक्का जाम करके हम अपना विरोध केंद्र और प्रदेश सरकार के प्रति जाहिर करेंगे।

इस दौरान सिविल कोर्ट गेट के सामने अधिवक्ताओं ने करीब एक घंटे तक सड़क जाम रखा। इस मौके पर

**दी चेतावनी**

**मांगें पूरी नहीं हुई तो अधिवक्ता करेंगे उग्र प्रदर्शन**

अधिवक्ताओं ने कहा कि केंद्र सरकार तथा प्रदेश सरकार की गलत नीतियों के चलते ग्राम न्यायालयों को तहसील में भेजा जा रहा है। जिससे वादकारियों का अहित होना तय है। इस मौके पर क्रिमिनल बार के अध्यक्ष देवेंद्र नाथ मिश्रा ने कहा कि हम अधिवक्ता वादकारियों को न्याय दिलाने का काम करते हैं लेकिन केंद्र की सरकार हम अधिवक्ताओं को आपस में बांटना चाहती है। तहसील तथा जिला मुख्यालय के अधिवक्ताओं के बीच गहरी साजिश रची जा रही है। जिसका परिणाम केंद्र और प्रदेश सरकार को आने वाले दिनों में भुगतना होगा। कहा कि सरकार अगर नहीं चेतती है तो हम उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। इस मौके पर सिविल बार के अध्यक्ष देवेंद्र कुमार दुबे, कुबेरनाथ पांडेय, अनिल कुमार, अशोक, शंकर राम फौजदार, मनोज राय हंस, मिथिलेश सिंह, अखिलेश सिंह, सुभाष चंद्र, अभिषेक, सत्यप्रकाश यादव, प्रदीप कुमार गुप्ता, अवध नारायण यादव, राजेश कुमार सिंह, संजय सिंह, धनंजय सिंह आदि मौजूद रहे।

## ट्रेन की चपेट में आकर युवक की मौत

बलिया। बांसडीहरोड रेलवे क्रासिंग पर मंगलवार की शाम ट्रेन की चपेट में आकर एक युवक की दर्दनाक मौत हो गयी। हादसे की जानकारी होते ही परिजनों में कोहराम मच गया। कोतवाली क्षेत्र के बहादुरपुर निवासी गोविंद राजभर मंगलवार को किसी कार्य के संबंध में बांसडीहरोड आया था। शाम को रेलवे फाटक बंद होने के बावजूद वह उसे पार कर रहा था। इसी दौरान वह वहां से गुजर रही ट्रेन की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पाकर पहुचीं पुलिस ने उसे वहां से उठवाकर जिला अस्पताल भिजवाया। जहां से उसे वाराणसी रेफर कर दिया गया। वाराणसी जाते समय रास्ते मे ही उसकी मौत हो गयी। मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया।

## वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

बलिया। नगरा थाना पुलिस ने एक वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अभियुक्त के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय चालान कर दिया। एसपी राजकरन नय्यर द्वारा अपराध के समूल उन्मूलन एवं अपराधियों पर अंकुश लगाये जाने हेतु चलाये जा रहे अभियान में बुधवार को थाना नगरा उपनिरीक्षक छुन्ना व उपनिरीक्षक अमरनाथ मय फोर्स के साथ गश्त पर थे। इसी बीच पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त ओम प्रकाश यादव पुत्र सत्येन्द्र यादव निवासी राघोपुर थाना रसड़ा जनपद बलिया को अभियुक्त के घर ग्राम राघोपुर से हिरासत पुलिस में लिया गया। पुलिस ने अभियुक्त के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर न्यायालय चालान कर दिया।

# सरकारी अस्पतालों में तैनात होंगे सुरक्षा गार्ड

बलिया। जिला महिला और जिला अस्पताल समेत पांच सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर भी सुरक्षा गार्डों की तैनाती की जाएगी। इसके लिए शासन ने 51,24,288 रुपये की धनराशि आवंटित की है। एनएचएम के द्वारा जिला स्तर पर सेवा प्रदाता कंपनियों का चयन किया जाएगा, जो अस्पतालों के लिए सुरक्षा गार्ड मुहैया कराएगी। इसके लिए मिशन निदेशक अर्पणा उपाध्याय ने पत्र लिखकर आवश्यक निर्देश जारी किए हैं। तैनात गार्ड सुरक्षा व्यवस्था के साथ-साथ दलालों पर भी अंकुश लगाने को लेकर यह व्यवस्था बनाई जा रही है।

मिशन निदेशक के पत्र के अनुसार जिला महिला अस्पताल में 14 और जिला अस्पताल में 24 सुरक्षाकर्मियों की तैनाती की जाएगी। जिला अस्पताल और जिला महिला अस्पताल में तैनात सुरक्षा गार्ड पर होने वाले खर्चों के लिए शासन ने 24,96,448 रुपए की धनराशि आहरित की है। इसके अलावा जिले के बांसडीह, रसड़ा, सोनबरसा, सिकंदरपुर और सियर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में आठ-आठ सुरक्षाकर्मियों की तैनाती की जाएगी। इसके लिए शासन में 26,27,840 रुपए की धनराशि का बंदोबस्त किया है। सरकारी अस्पतालों में सुरक्षा कर्मी नहीं होने के कारण मरीजों को काफी दिक्कत होती है। अस्पतालों से शिकायत आती है कि सुरक्षा को लेकर कोई ध्यान नहीं दिया जाता है।

**अच्छी योजना**

**51,24,288 रुपए आवंटित दुर्व्यवस्था पर लगेगा अंकुश**

**सेवा प्रदाता कंपनियों के चयन की प्रक्रिया शुरू**

इस संबंध में एमएचएम के डीपीएम डॉ. आरबी यादव ने बताया कि जिला व सामुदायिक अस्पतालों में गार्डों की तैनाती को लेकर शासन का निर्देश प्राप्त हुआ है। इसके तहत सेवा प्रदाता कंपनियों के चयन की प्रक्रिया गतिमान है। सुरक्षा को लेकर ही स्वास्थ्य विभाग ने यह व्यवस्था बनाई है कि मरीजों की सुविधा व सामानों को लेकर गार्डों की तैनाती होनी चाहिए। ऐसे अस्पतालों में गार्डों की तैनाती की जाएगी, जहां मरीजों को भर्ती किया जाता है। ऐसे अस्पतालों से ही शिकायतें स्वास्थ्य विभाग को मिलती हैं। मेडिकल कॉलेज और अन्य बड़े सरकारी संस्थानों में गार्ड की तैनाती के बाद व्यवस्था बदली है और शिकायतों में भी कमी आई है।

## संक्षेप

### पूर्वांचल के क्रिकेट खिलाड़ियों के साथ घोर अन्याय : सिंह



क्रिकेट प्लेयर एसोसिएशन ने चलाया जन जागरण अभियान

बलिया। क्रिकेट प्लेयर एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के नेतृत्व में क्रिकेट एसोसिएशन पूर्वांचल के मांग को लेकर वीर लोरिक स्टेडियम जन जागरण अभियान चलाया गया। क्रिकेट एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष अरविन्द सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के द्वारा पूर्वांचल के क्रिकेट खिलाड़ियों के साथ घोर अन्याय किया जा रहा है। दूसरे राज्य के खिलाड़ी को यूपी क्रिकेट टीम में जगह दिया जा रहा है और पूर्वांचल के 16 जिलों सहित यूपी के 35 जिलो को उत्तर प्रदेश एसोसिएशन द्वारा मान्यता नही दी गई है। इन जिलों के खिलाड़ियों के साथ घोर अन्याय किया जा रहा है। प्रदेश महासचिव मनोज राय ने कहा कि बलिया क्रिकेट एसोसिएशन को अभी तक मान्यता नही दी गई है। जहां इस जनपद के खिलाड़ी दर-दर भटक रहे है। बलिया क्रिकेट एसोसिएशन को मान्यता दिलाने के लिए जोरदार आन्दोलन किया जाएगा। अजीत सिंह ने कहा इस जनपद के खिलाड़ियों के साथ अन्याय हो रहा है। जो सहन नही किया जायेगा। संजीत ने कहा कि अब लगता है कि पूर्ववचल एवं यूपी के खिलाड़ी जागरूक हो रहे है। अब न्याय मिलेगा। चन्दन सोनू ने कहा उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोशिएसन में बड़े भ्रष्टाचार को देखते हुए सीबीआई एवं ईडी द्वारा जांच करा कर दोषियों को जेल भेजा जाय। इस अवसर पर प्रेम सिंह सहित अन्य खेल प्रेमी मौजूद रहे।

### आयुष मेडिकल एसोसिएशन की बैठक 19 को

बलिया। आयुष मेडिकल एसोसिएशन की बैठक 19 मार्च दिन रविवार को दिन में एक बजे जिला अस्पताल के गेट के सामने लक्ष्मी हास्पिटल पर होगा। बैठक में नोडल अधिकारी द्वारा किये जा रहे उत्पीड़न और शोषण के खिलाफ आवाज बुलंद की जाएगी। साथ ही अन्य समस्याओं पर विचार करने के साथ ही उसके समाधान पर चर्चा होगी। इसकी जानकारी देते हुए एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष डा. एलबी कुशवाहा ने जिले के समस्त प्रांतीय संवर्ग, संविदा संवर्ग एवं निजी समस्त आयुष चिकित्सकों से बैठक में शामिल होने की अपील की है।

### एक वर्षीय कार्यालय प्रबंध प्रशिक्षण कार्यक्रम

बलिया। जिला रोजगार सहायता अधिकारी ने बताया है कि उप्र, सरकार द्वारा समाज के कमजोर वर्गों के उत्थान के लिए इस वर्ग के अभ्यार्थियों में कौशल व योग्यता में वृद्धि एवं रोजगार बाजार में वर्तमान में उपलब्ध एवं भविष्य में सृजित होने वाले रोजगार के अवसरों को सुविधापूर्वक उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रशिक्षण एवं सेवायोजन निदेशालय के अधीन स्थापित शिक्षण एवं मार्गदर्शन केन्द्र बलिया के माध्यम से अनुसूचित जाति/ जनजाति तथा पिछड़े वर्ग के अभ्यार्थियों को तृतीय श्रेणी के रिक्तियों के योग्य बनाने हेतु ह्लएकवर्षीय कार्यालय प्रबंध प्रशिक्षण कार्यक्रमह्ल के अन्तर्गतद्द आशुलिपि (हिन्दी), टाईपिंग (हिन्दी/अंग्रेजी), सचिवीय पद्धति, बुक कीपिंग, तर्कशक्ति एवं गणित. भाषा (हिन्दी/ अंग्रेजी). सामान्य ज्ञान, कम्प्यूटर के साथ ही साक्षात्कार एवं व्यक्तित्व विकास में प्रशिक्षण की निःशुल्क व्यवस्था की गई है।

### केमिस्ट एण्ड ड्रगिस्ट एसोसिएशन की बैठक

बलिया। केमिस्ट एण्ड ड्रगिस्ट एसोसिएशन की बैठक दवा मार्केट मे हुई। दवा व्यापारीयों को सम्बोधित करते हुए जिलाध्यक्ष आनन्द सिंह ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं स्वास्थ्य मंत्री मनसुखभाई मंडाविया को देश के समस्त 12.40 लाख केमिस्टों उनके 60 लाख परिजनों व 60 लाख कर्मचारियों और साथ ही कर्मचारियों के लगभग 2.5 करोड़ परिजनों कुल 4 करोड़ जनता की ओर से साधुवाद और धन्यवाद कि सरकार ने देश के जनता के हितों को ध्यान में रखते हुए ई फामेर्सीज को तत्काल बंद करने का निर्णय लिया हैं। सीसीटीवी लगवायें, शेड्यूल एचके खरीद बिक्री के रीकार्ड के लिए कंप्यूटर न हो तो रजिस्टर बनाये एवं छोटे बच्चों को ऐसी व इन्हेलर आदि बगैर पर्चे प्रिशकीप्सन के न दें। मौके पर अनिल तिवारी, बिनोद मिश्रा, राजेन्द्र राय, प्रवीण, राजेश, विशाल, संजय, मुमताज अहमद, संदीप, बिनोद, सत्यप्रकाश पाण्डेय, राजकुमार, जयशंकर आदि मौजूद रहे। संचालन बब्बन यादव व अध्यक्षता आनन्द ने किया।

### अकूत धन खर्चने के बाद भी गंगा प्रदूषित



बलिया। गंगा नदी में उभरते बालू के टीले पतित पावनी के प्राणहीन होने के प्रमाण देने लगे है। अकूत धन खर्च के बावजूद गंगा प्रदूषण का अब तक सार्थक इलाज नहीं हो सका है। उक्त बातें गंगा मुक्ति एवं प्रदूषण विरोधी अभियान के राष्ट्रीय प्रभारी रमाशंकर तिवारी ने बुधवार को महावीर घाट स्थित गंगा तट पर अभियान की मासिक समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जमीनी क्रांति के बिना गंगा सफाई की बातें मुकाम हासिल नहीं पाएगी। पर्यावरण के प्रमुख संरक्षक गंगा शोर एवं शोहरत से नहीं बल्कि प्रवाह को बढ़ाने से बच पाएगी। उन्होंने चिता व्यक्त किया कि यमुना नदी का यमुनोली में ही संकट में पंड़ जाना प्रयाग से बलिया तक गंगा के प्रवाह को कम कर के रख दिया है। जानकारी दी कि गंगा में पानी की कमी के कारण कृषि संकट को आमंत्रण दे रहा है। श्री तिवारी ने गंगा जल के दोहन को तत्काल बंद करने का सुझाव सरकार को दिया। बिजली उत्पादन के लिये ब्रह्मद्रव गंगा को उपयोग प्रकृति के विपरीत बताया। इस अवसर पर शिवकुमार राम, राजाराम साहनी, संजय पांडेय, प्रमोद, लक्ष्मी पांडेय, नारायण पांडेय, प्रिसं, अलख आदि मौजूद रहे। अध्यक्षता पारस पांडय व संचालन जिला प्रभारी विनय पांडेय ने किया।

# आयुष्मान योजना :जिम्मेदारों की लापरवाही से वंचित हैं गरीब

बैरिया (बलिया)। गरीब की सेवा व गरीबी मिटाने की बात बहुतों ने किया लेकिन स्थिति जस की तस है। गरीबों को समुचित इलाज की निशुल्क व्यवस्था के लिए भारत सरकार के महत्वाकांक्षी योजना आयुष्मान भारत क्षेत्र में धरातल पर जिम्मेदार उतरने नही दे रहे है।

संबंधित विभाग के अधिकारियों की लापरवाही कहे या उदासीनता जनपद के एक दर्जन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के साथ-साथ जिला अस्पताल, महिला जिला अस्पताल इस सुविधा से आच्छादित है। किंतु सदर अस्पताल छोड़कर किसी भी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर एक भी रोगी का इलाज आयुष्मान कार्ड से नहीं हुआ है। जिम्मेदार चिकित्साधिकारियों को यह योजना रास नहीं आ रही है। जिसको लेकर तरह-तरह की चर्चा व्याप्त है।

उल्लेखनीय है कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सोनबरसा, सोनवानी, सिकंदरपुर, खेजूरी, नरही, रसड़ा, सियर, दुबहड़, बांसडीह व रेवती के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर आयुष्मान कार्ड से पांच लाख तक के निशुल्क इलाज की व्यवस्था है। किंतु कहीं भी एक भी रोगी का इलाज इस कार्ड से नहीं हुआ है। कार्ड धारकों का आरोप है कि चिकित्सक अपने निजी लाभ के लिए इस कार्ड का उपयोग नहीं करने दे रहे हैं। सोनबरसा की ही बात की जाए तो यहां आयुष्मान भारत के नोडल अधिकारी रोजाना हाइड्रोसील व हार्निया आदि का ऑपरेशन तो करते हैं, किंतु एक भी रोगी का हाइड्रोसील या अन्य ऑपरेशन व इलाज आयुष्मान कार्ड से नहीं करते हैं। जिससे सरकार के इस ड्रीम प्रोजेक्ट का लाभ गरीबों को नहीं मिल पा रहा है।

इस संबंध में जनपद के आयुष्मान भारत के नोडल अधिकारी सीएचसी सोनबरसा पर तैनात वरिष्ठ चिकित्साधिकारी डॉ. विजय कुमार यादव से पूछा गया कि आयुष्मान भारत योजना के तहत आयुष्मान कार्ड से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर कितने रोगियों का इलाज आज तक हुआ है। तो उन्होंने कहा अभी एक भी रोगी का इलाज नहीं हुआ है।

जल्द यह योजना सीएचसी पर शुरू की जाएगी। जब उनसे पूछा गया की सरकार तो बहुत दिन पहले सीएचसी को इस कार्यक्रम के तहत अपने कार्य योजना में ले चुकी है। फिर यहां आयुष्मान कार्ड से कार्ड धारकों का इलाज क्यों नहीं हो रहा है। तो उन्होंने इतना कहते हुए फोन रख दिया कि जिला अस्पताल में इलाज हो रहा है। अन्य सीएचसी पर जल्दी शुरू होगा।

**मनमानी**

**सदर अस्पताल छोड़ सीएचसी, पीएचसी पर नहीं मिल रहा लाभ**

**भाजपा नेता की जांच की मांग**

इस संबंध में भाजपा नेता सुशील पांडेय ने इस प्रकरण की जांच जिलाधिकारी से कराने का आग्रह करते हुए कहा है कि यह गतिविधि सरकार की छवि को धूमिल कर रही है। अभी तक आयुष्मान कार्ड से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर किसी का इलाज क्यों नहीं हुआ? इसकी जिम्मेदारी सुनिश्चित कर उचित कार्रवाई किया जाए। वही इस तरह की व्यवस्था की जाए कि आयुष्मान कार्ड से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर भी इलाज हो।

## आत्मदाह की चेतावनी देने वाला गिरफ्तार

बैरिया (बलिया)। ग्राम पचांयत नौरंगा के विकास कार्यो मे जांच के बाद ग्राम प्रधान और ग्रापं अधिकारी पर कार्यवायी न होने पर आत्मदाह की चेतावनी देकर भूमिगत होने वाले युवक को अंततः पुलिस ने ढूंढ कर हिरासत में ले लिया है। वही थाने लाकर बुधवार को बैरिया थाने में बैठा दिया। बैरिया थाना क्षेत्र के गंगा उस पार नौरंगा निवासी मिथिलेश ठाकुर पुत्र स्वर्गीय राजनारायण ठाकुर ने डीएम सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों को पत्र देकर कहा था कि ग्राम पंचायत नौरंगा के विकास कार्य में व्यापक भ्रष्टाचार किया गया है। जांच के उपरांत दोषी पाए जाने पर भी अधिकारियों ने ग्राम प्रधान और ग्राम पंचायत अधिकारी पर कोई कार्रवाई नहीं की। अगर 14 मार्च तक कार्यवाही नहीं हुई तो 15 मार्च को जिलाधिकारी कार्यालय या कोतवाली बलिया के सामने आत्मदाह कर लूंगा। इस सूचना के बाद अधिकारियों के निर्देश पर बैरिया पुलिस सतर्क हो गई और अंततः आत्मदाह की घोषणा करने वाले युवक को बलिया शहर से हिरासत में लेकर बैरिया थाने ले आई। समाचार लिखे जाने तक युवक को पुलिस ने थाने में बैठा रखा था।

# 50 लाख से अधिक निर्माण कार्यों की डीएम ने की समीक्षा

**चेतावनी**

**निमार्ण कार्य गुणवत्ता पूर्वक हो, उसकी होगी समीक्षा, लापरवाही पर होगी कार्रवाई**



अधिकारियों की बैठक लेते डीएम रविंद्र कुमार।

बलिया। 50 लाख से अधिक के निर्माण कार्यों, सड़क निर्माण कार्य इत्यादि कुल 9 एजेंडा बिंदुओं पर समीक्षा बैठक जिलाधिकारी रवींद्र कुमार की अध्यक्षता में बुधवार को विकास भवन सभागार में राजस्व विभाग, विकास विभाग, स्वास्थ्य विभाग, अन्य विभागों एवं समस्त कार्यदायी संस्थाओं के अधिशासी अभियंता के साथ सम्पन्न हुई। जिसमें सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट का कार्य, राजकीय इंटर कॉलेज सिकंदरपुर का निमार्ण कार्य, राजकीय पॉलिटेक्निक बैरिया का निर्माण, जनपद न्यायालय में सीसीटीवी एवं डाटा नेटवर्किंग का कार्य, नगर पंचायत नगरा में नगर पंचायत भवन का निर्माण, नगर पंचायत रतसर कला में नगर पंचायत भवन का निर्माण, जनपद में न्यायालय के पास एसडीएम आवास में लकअप एवं कैंटीन ब्लॉक का निर्माण कार्य, नगर पालिका परिषद में लिगेसी वेस्ट के निस्तारण का कार्य, राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय नगर का कार्य, नवीन राजकीय हाई स्कूल जेएचएस तुर्की, नवीन राजकीय हाई स्कूल सवरुपुर, ग्राम पंचायत दुबेछपरा में स्थित शिव स्थल एवं तालाब का सुंदरीकरण एवं पयर्टन विकास का कार्य, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय रसड़ा हॉस्टल का निर्माण का कार्य, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में हॉस्टल का निर्माण का कार्य एवं अन्य परियोजनाओं की समीक्षा की गयी।

जिलाधिकारी ने सभी कार्यदायी संस्थाओं/अधिकारियों को सख्त निर्देश दिया कि जनकल्याणकारी योजनाओं द्वारा चलाई जा रही महत्वपूर्ण योजनाओं को गुणवत्ता पूर्वक और समय रहते ही पूर्ण किया जाए। साथ ही जितने कार्य पूर्ण हुए हैं उसकी सूची बनाई जाए। उसकी समीक्षा की जायेगी। निमार्ण कार्य में गुणवत्ता पूर्वक होनी चाहिए। कार्य में लापरवाही पाये जाने पर कार्यवाही की जाएगी।

बैठक में अनुपस्थित अधिकारियों को नोटिस जारी करने का निर्देश डीएसटीओ को दिया। अगली बैठक में उपस्थित रहे अन्यथा अनुपस्थित पर कार्यवाही की जायेगी। साथ ही बिना अनुमति के मुख्यालय नही छोड़ेगा। बैठक में सीडीओ प्रवीण वर्मा, डीडीओ राजित राम मिश्र, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी विजय शंकर, जिला प्रोवेशन अधिकारी मुमताज एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# मंडल रेल प्रबंधक ने बिल्थरारोड स्टेशन का किया निरीक्षण



बेल्थरारोड। मंडल रेल प्रबंधक रामाश्रय पांडेय ने मंगलवार को गोरखपुर से वाराणसी विंडो ट्रेलिंग संरक्षा निरीक्षण के क्रम में बेल्थरारोड स्टेशन का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने स्टेशन के सुंदरीकरण और यात्री सुविधाओं के विस्तार को लेकर चल रहे विकास कार्यों का जायजा लिया। स्टेशन के सुंदरीकरण के तहत सकुर्लेटिंग एरिया की सुधार एवं यात्री प्रतीक्षालय के नवनिर्माण का हाल देखा तथा सुधार के लिए मातहतों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। उन्होंने स्टेशन पर यात्रियों की सुविधाओं के लिए विकास कार्य योजना पर चर्चा की। उन्होंने स्टेशन पर चल रहे विकास कार्यों और सुंदरीकरण का अवलोकन किया तथा स्टेशन पर यात्री सुविधाओं दुरुस्त करने का निर्देश दिया। मौके पर अपर मंडल रेल प्रबंधक (इंफ्रा) राहुल श्रीवास्तव, मुख्य परियोजना प्रबंधक कोशलेश सिंह, मुख्य इंजीनियर आईसी सुभाष, वरिष्ठ मंडल इंजीनियर ऋषि श्रीवास्तव, सत्यम सिंह, वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी आशुतोष शुक्ल व वरिष्ठ पर्यवेक्षक मौजूद रहे।

# लोकगायक के गीतों पर झूमे श्रोता

बांसडीह (बलिया)। कस्बे के इंडियन बैंक के समीप मंगलवार की शाम को कस्बे के समाजसेवी उमाशंकर सिंह (सेवानिवृत जेई) के नव निर्मित भवन राज पैलेस (मैरिज हाल) का भव्य उद्घाटन मंत्रोचार सहित संपन्न हुआ।

मुख्य अतिथि परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह के छोटे भाई धर्मेंद्र सिंह ने कहा की क्षेत्र में बढ़ते विकास और लोगों की आवश्यकताओं की वजह से बिना परेशान हुए चिन्तामुक्त होकर एक ही स्थान पर विवाह के सारे कार्यक्रम संपन्न किए जा सकते है। राज पैलेस अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस, अतिथियो के ठहरने के लिए समुचित इंतजाम, पार्किंग सहित वातानुकूलित विवाह स्थल है। आयोजित कार्यक्रम में लोक गायक गोलू राजा, दीपिका ओझा, विशाल ओझा सहित अन्य कलाकारों ने अपने गीतों से पूरी रात लोगो को झुमाया।

इस दौरान लोगों ने लजीज व्यंजनों का लुत्फ उठाया। कार्यक्रम में राघवेंद्र प्रताप सिंह, नरेंद्र सिंह, अरुण सिंह, मुन्ना, पिंटू सिंह, सिंटू सिंह, मुकेश सिंह सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। आभार समाजसेवी अभिषेक सिंह राजा ने प्रकट किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम को देखते हुए सुरक्षा की दृष्टि से भारी पुलिस फोर्स तैनात रही।



## कात्यायनी सिंह ने बढ़ाया जिले का मान



बांसडीह (बलिया)। नेशनल बोर्ड ऑफ एग्जाम इन मेडिकल साइंसेज की नीट पोस्ट ग्रेजुएट 2023 की परीक्षा परिणाम में वरिष्ठ भाजपा नेता विश्राम सिंह की पुत्री एव बांसडीह विधायक केतकी सिंह की चचेरी ननद कात्यायनी सिंह ने 4394 वीं रैंक हासिल कर जिले सहित क्षेत्र का नाम रौशन किया है। कात्यायनी सरस्वती मेडिकल कालेज लखनऊ से एमबीबीएस के बाद पीजी की तैयारी कर रही थी। कात्यायनी ने डीपीएस भिलाई से हाईस्कूल एव इंटरमीडिएट की परीक्षा पास किया है। जैसे इस सफलता की सूचना लोगो को मिली लोग इस सफलता पर बधाई संदेश देने लगे। वही इस सफलता पर समूचे क्षेत्रवासियों को गर्व है।

# दलछपरा रेलवे स्टेशन पर सुविधाओं का अभाव

बैरिया (बलिया)। बलिया छपरा रेल खण्ड के दलछपरा रेलवे स्टेशन पर यात्री सुविधाओं के अभाव के साथ-साथ प्लेटफार्म नम्बर एक व दो पर रोशनी का अभाव ने लोगो को परेशान कर रखा है। वही आधा अधूरा शौचालय यात्रियों के लिए कोढ़ में खाज बना हुआ है। उल्लेखनीय है कि सुरेमनपुर-रेवती स्टेशनों के बीच यात्रियों के सुविधाओं के लिए पांच दशक पूर्व हाल्ट स्टेशन पूर्वोत्तर रेलवे ने बनाया था। जहां सभी पैसेंजर ट्रेनों का ठहराव होता है।

यात्रियों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने के लिए प्लेटफार्म नम्बर एक पर आधा-अधूरा बने शौचालय में ताला लटका हुआ है। वहीं पेयजल के अभाव के साथ-साथ उक्त स्टेशन पर रोशनी की कोई व्यवस्था नहीं है। रेलवे द्वारा प्लेटफार्म नम्बर एक और दो पर काफी दिनों पूर्व प्रकाश के लिए कुल 37 विद्युत खम्भे गाड़े गए है। किंतु अभी तक कार्यदायी संस्था द्वारा उक्त खम्भो पर न तो बिजली के तार खिंचे गए है, न बल्ब लगाए गए है। ऐसे में सूर्य अस्त होते ही इस स्टेशन पर अंधेरा कायम हो जाता है। फलस्वरूप महिला, बच्चों, दिव्यांग व वरिष्ठ यात्रियों को घोर असुविधा होती है। इन दिनों सैकड़ो की संख्या में बिहारी महिला मजदूर खेतो में आलू खोदने के लिए छपरा की तरफ से सुबह की पैसेंजर ट्रेन से आती है और शाम सात बजे के बाद बलिया की तरफ से आने वाली पैसेंजनर ट्रेन से वापस लौटती है। फलस्वरूप अंधेरा होने के बाद तक उन्हें दलछपरा हाल्ट स्टेशन के प्लेटफार्म पर ट्रेन का इंतजार करना पड़ता है। रोशनी नही होने के कारण महिला यात्रियों को असुविधा होती है।

**परेशानी**

**आधे अधूरे शौचालय पर लटका ताला, पर्याप्त रोशनी नहीं**



आधा अधूरा बने शौचालय पर लटका है ताला।

**ग्रामीणों ने डीआरएम को सौंपा ज्ञापन**

श्रीनगर गांव निवासी शैलेश कुमार वर्मा, धनलाल यादव, लालू गुप्ता, बबलू यादव, जित्येंद्र तिवारी, उपेंद्र गुप्ता, संजय आदि ने डीआरएम वराणसी रामआश्रय पाण्डेय को सोमवार को ज्ञापन देकर दलछपरा हाल्ट रेलवे स्टेशन पर शौचालय का निर्माण तत्काल पूरा कराने, विधुत खम्भो पर तार लगवा कर रोशनी की व्यवस्था करने व पेयजल की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए हस्तक्षेप की गुहार लगाई है। डीआरएम ने इस बाबत तत्काल कारवाई करने का आश्वासन दिया है।





# 35 आरओ प्लांट खराब विभाग नहीं ले रहा सुधि

समस्या

**बजट का रोना रो रहे प्रधान कैसे बुझेगी ग्रामीणों की प्यास**



बैरिया तहसील में खराब पड़ी आरओ मशीन।

**बैरिया (बलिया)।** पेयजल किल्लत को दूर करने के लिए व लोगों को गर्मी के मौसम में शुद्ध व शीतल पेयजल उपलब्ध कराने के लिए तत्कालीन सांसद भरत सिंह द्वारा अपने निधि से बैरिया तहसील क्षेत्र में कुल 35 आरओ पेयजल सयंत्र लगवाया गया था। सुरेमनपुर रेलवे स्टेशन, बैरिया तहसील, रानीगंज बाजार, बैरिया त्रिमुहानी सहित सभी स्थानों पर लगा आरओ मशीन पिछले एक साल से खराब पड़ा हुआ है। ना तो जल निगम इसकी सुधि ले रहा है नहीं स्थानीय पंचायत अथवा प्रशासन। फलस्वरूप करोड़ों का खर्च बेकार साबित हो रहा है। लोगों को गर्मी के मौसम में गला तर करने के लिए शीतल पेयजल नहीं मिल पाता है। गौरतलब है की तहसील में लगे आरओ मशीन को ठीक कराने के लिए उप जिलाधिकारी बैरिया आत्रेय मिश्र ने जल निगम को पत्र भेजा था। बावजूद इसके जल निगम ने यह कहते हुए अपना पल्ला झाड़ लिया कि अब यह पंचायत के जिम्मे है। नगर पंचायत बैरिया में लगे सभी आरओ मशीन को ठीक कराएगा। किंतु किसी भी आरओ मशीन को नगर पंचायत द्वारा समाचार लिखे जाने तक ठीक नहीं कराया गया था। वहीं दूसरी तरफ ग्राम पंचायतों की स्थिति और ही खराब है। जल निगम कहता है शासन ने पेयजल को ग्राम पंचायतों के जिम्मे कर दिया है। जबकि ग्राम प्रधान बजट का रोना रोते हुए आरओ मशीन को ठीक कराने में असमर्थता व्यक्त कर रहे हैं। ऐसे में कैसे करोड़ों के खर्च से लगाए गए आरओ मशीन उपयोगी होंगे यह यक्ष प्रश्न है।

### डीएम के माध्यम से विभागों को भेजा गया पत्र

इस बाबत उप जिलाधिकारी बैरिया आत्रेय मिश्र ने बताया की सभी आरओ मशीन को ठीक कराने के लिए जिलाधिकारी के माध्यम से समस्त खंड विकास अधिकारियों डीपीआरओ व नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी को पत्र भेजा जा रहा है। इसके बाद भी अगर आरओ मशीन ठीक नहीं कराया गया तो सम्बन्धितों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए जिलाधिकारी से आग्रह करूंगा।

# डीएम ने की विकास कार्यों की बिन्दुवार समीक्षा



बैठक

**समय रहते ही अधूरे कार्य को पूर्ण करने के दिये निर्देश**

**बलिया।** जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ विकास कार्यों की समीक्षा बैठक जिलाधिकारी रवींद्र कुमार की अध्यक्षता में बुधवार को विकास भवन सभागार में आहूत की गयी, जिसमें मुख्यमंत्री के विकास प्राथमिकता के निर्धारित एजेन्डा बिन्दुओं की विस्तृत समीक्षा की गयी।

उन्होंने विभागवार विकास कार्यों की विस्तृत जानकारी ली। कई विभागों में कार्यों की प्रगति धीमी पाए जाने पर नाराजगी व्यक्त की। साथ ही उनको सख्त निर्देश दिया कि अपना अधूरा कार्य समय से पूर्ण कर लिया जाए। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को सख्त निर्देश दिया कि वित्तीय वर्ष समाप्ति के कगार पर है जो कार्य अधूरा है उसको समाप्ति से पहले कर लिया जाए और समय रहते ही बजट को समर्पित कर दिया जाए। बैठक में सीडीओ प्रवीण वर्मा, डीडीओ राजित राम मिश्र, उप कृषि निदेशक इन्द्राज, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी राजीव कुमार यादव, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी विजय शंकर, जिला प्रोबेशन अधिकारी मुमताज एवं जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# सुभासपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता ने पार्टी कार्यकर्ताओं के बीच किया संवाद



**रसड़ा।** सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय मुख्य प्रवक्ता अरूण राजभर ने बुधवार को रसड़ा विधानसभा क्षेत्र के आधा दर्जन गांव में जनसभा किया और अपने पार्टी की कार्यकताओं के बीच संवाद किया। बस्तौरा, उचेड़ा, अकोल्ही, बलेसरा, छिब्बी मसहा, सलेमपुर, गाजियापुर में ग्राम सभा मैं कर करता को संबोधित करते हुए सुभाष पार्क के राष्ट्रीय प्रवक्ता अरुण राजभर करके कहा कि यूपी में सुभासपा की सरकार बनने पर स्नातकोत्तर तक छात्र-छात्राओं को मुफ्त शिक्षा दी जाएगी।

उन्होंने कहा कि बिखरा हुआ समाज कभी भी बादशाह नहीं बन सकता, लेकिन वह आपस में लड़कर दूसरों को बादशाह जरूर बना देता है। सरकार अमीर उद्योगपतियों के एक लाख करोड़ से अधिक का कर्जा माफ कर सकती है, तो गरीबों के घरेलू बिजली का बिल भी माफ किया जाना चाहिए। उनकी पार्टी मुफ्त बिजली, निःशुल्क एक समान शिक्षा, तकनीकी शिक्षा, निजी और सरकारी हास्पिटलों में सरकार के खर्चे पर गरीबों व आमजन के इलाज की लड़ाई लड़ रही है।

उन्होंने कहा कि इन मुद्दों पर जनता को जोड़ने के लिए वह पूरे प्रदेश में जनसभाएं कर रहे हैं। लोगों को जातियों में बांट कर चंद लोग मलाई काट कर हैं, इस बार जनता उन्हें नहीं बख्शेगी। देश और प्रदेश में एक शिक्षा नीति लागू होना चाहिए। इसके अलावा पुलिसकर्मियों का भी वेतन बढ़ाना चाहिए। हमारे सभा में जुटने वाली भीड़ से सरकार घबराती है। कहा कि देश व प्रदेश में जातीय जनगणना कराने की लड़ाई लड़ रहे हैं। उनके इस आंदोलन व मुहिम से सरकारें दबाव में हैं। जनता इस मुद्दे पर जितनी जल्दी मुखर होगी उतनी जल्दी इसे कराने में सफलता मिल जाएगी।

उन्होंने कहा कि जातीय जनगणना के माध्यम से समाज के दबे, कुचले, अति पिछड़ों, दलितों और गरीबों को उनका हक दिलाने का काम किया जाएगा। सभा प्रदेश महासचिव शिवेंद्र बहादुर सिंह, अंशु राजभर, दिनेश राजभर, वीरेंद्र यादव, सदानंद राजभर, अवधेश राजभर, अरविंद खरवार आदि उपस्थित रहे। संचालन दिनेश राजभर ने व अध्यक्षता अंशु राजभर ने किया।

# बलिया से दो रोहिंग्याओं को एटीएस ने किया गिरफ्तार

सफलता

**दोनों के पास से मिले पासपोर्ट, आईफोन सहित अन्य कागजात**

**बलिया।** जनपद से दो रोहिंग्याओं को यूपी एटीएस की वाराणसी इकाई ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान म्यांमार निवासी मोहम्मद अरमान उर्फ अबू तल्हा और अब्दुल अमीन के रूप में हुई है। मोहम्मद अरमान के पास से अवैध तरीके से बनवाए गए भारतीय नागरिकता के कागजात, उसका और एक अन्य रोहिंग्या का भारतीय पासपोर्ट, आधार कार्ड, विदेशी करेंसी, सऊदी अरब का मोबाइल व सिम, भारतीय सिम लगा आईफोन बरामद किया गया। वहीं, अब्दुल अमीन के पास से रोहिंग्या शरणार्थियों के लिए जारी अलग-अलग दस्तावेज बरामद किए गए हैं। जांच एजेंसी के अनुसार आरोपी म्यांमार और बांग्लादेश से रोहिंग्याओं को भारत लाते थे, फिर विदेश भेजते थे।

एटीएस की पड़ताल में सामने आया कि मोहम्मद अरमान मंगलवार को बलिया में अपने सहयोगियों की मदद से अवैध तरीके से म्यांमार-भारत बॉर्डर पार करके आया रोहिंग्या अब्दुल अमीन का भारतीय नागरिकता का कागज बनवाने आएगा। इस सूचना के आधार पर एटीएस ने बलिया के कोतवाली थाना क्षेत्र के गांधी नगर मैदान से दोनों को गिरफ्तार किया। एटीएस के अफसरों ने बताया कि मोहम्मद अरमान को बलिया में शरण देने वालों और उसके सहयोगियों की तलाश जारी है।

### नौ वर्ष पहले म्यांमार से भारत में आया था अरमान

एटीएस द्वारा पूछताछ में मोहम्मद अरमान ने बताया कि वह लगभग नौ वर्ष पहले म्यांमार से भारत की सीमा में घुसा था। बलिया आकर कामकाज करने लगा। इसके बाद कुछ लोगों की मदद से अपना नाम परिवर्तित कर भारतीय नागरिकता के कागज बनवा कर अपना पासपोर्ट बनवाया। इसके बाद वह सऊदी अरब चला गया और वहां काम करने लगा। सऊदी अरब में उसने जो पैसा कमाया, उससे पश्चिम बंगाल में भारतीय दस्तावेजों के आधार पर जमीन खरीद कर मकान बनाकर रह रहा था।

### विदेश भेजने वाले नेटवर्क को किया जाएगा ध्वस्त

एटीएस के अफसरों ने बताया कि मोहम्मद अरमान से मिली जानकारियों के आधार पर तीन अलग-अलग टीमों को उसके नेटवर्क से जुड़े लोगों की धरपकड़ के लिए लगाया गया है। मोहम्मद अरमान के पकड़े जाने की भनक लगी तो बलिया में भारतीय कागजात बनवाने में उसकी मदद करने वाले भूमिगत हो गए हैं। जल्द ही सभी की गिरफ्तारी सुनिश्चित कर रोहिंग्याओं को उत्तर प्रदेश लाकर विदेश भेजने वाले नेटवर्क को ध्वस्त किया जाएगा। इसके लिये एटीएस की टीम सक्रिय हो गयी है।

## संक्षेप

### हीरो ने लांच की 125 सीसी सुपर स्प्लेण्डर



**बलिया।** गोपाल जी आटोमोबाइल्स एवं जीबी आटोमोबाइल्स के संयुक्त तत्वावधान में जिले के मशहूर हीरो डीलरशीप की तरफ से जीराबस्ती एवं माल्देपुर खोरीपाकर के शोरुम में हीरो की बहुचर्चित 125 सीसी सुपर स्प्लेण्डर एक्सटेक की सफल लांचिंग की गयी, जिसमें मुख्य अतिथि बड़ौदा यूपी बैंक के शाखा प्रबन्धक जितेन्द्र चैधरी के कर कमलों द्वारा हुआ। इस अवसर पर कम्पनी की तरफ से यह बताया गया कि बीएस-6 अनुकूल इंजन के साथ आई 3 एस टेक्नोलॉजी आइडल स्टॉप स्टार्ट सिस्टम का फीचर, नया डिजिटल स्पीडोमीटर, ब्लुटूथ कनेक्टिविटी के साथ और एलईडी हैंडलैम्प के साथ एचआईपीएल 3डी एमबलेम, रिमटेप, रियल टाइम माइलेज इन्डिकेटर, लो फ्यूल इन्डिकेटर, साइड स्टैंड इंजन कट ऑफ की टेक्निकल प्रोफाइल में नये आयाम के साथ दो वैरिएंट्स ड्रम कास्ट और कास्ट डिस्क के रूप में किया गया है। कार्यक्रम के अंत में आनर प्रदीप कुमार श्रीवास्तव ने सबके प्रति आभार व्यक्त किया।

### शहीद सेनानी रामरेखा शर्मा के पौत्र का निधन

**बलिया।** बलिया के प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी शहीद रामरेखा शर्मा के पौत्र और पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर के सहयोगी-सलाहकार एचएन शर्मा के अनुज राजीव कुमार शर्मा का निधन हो गया है। भारतीय रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी रहे राजीव कुमार शर्मा लगभग एक वर्ष से कोमा में थे। उन्होंने मंगलवार को देर शाम दिल्ली के रेलवे अस्पताल में अंतिम सांस ली। बुधवार को उनका अंतिम संस्कार दिल्ली के निगमबोध घाट पर किया गया। 1942 की प्रसिद्ध बलिया क्रांति के भागीदार स्वर्गीय रामरेखा शर्मा बलिया तहसील के गंगापुर निवासी थे।

### पथ संचलन को लेकर आरएसएस ने की बैठक

**बलिया।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा वर्ष प्रतिपदा अर्थात भारतीय नववर्ष पर निकलने वाले परंपरागत विराट पथ संचलन की योजना हेतु एक आवश्यक बैठक सरस्वती शिशु विद्या मंदिर जगदीशपुर स्थित विभाग कार्यालय पर हुई। बैठक में बलिया नगर स्थित श्री मुरली मनोहर टाउन महाविद्यालय के मैदान से 23 मार्च को होने वाले विशाल पथ संचलन को लेकर योजना बनी। जिला कार्यवाह हरनाम जी ने बताया कि 22 मार्च को वर्ष प्रतिपदा प्रारम्भ हो रहा है। चूंकि उस दिन नवरात्र का प्रथम दिन होने के कारण वर्ष प्रतिपदा पर निकलने वाला संचलन अगले दिन 23 मार्च दिन गुरुवार को अपरान्ह 3 बजे से प्रारम्भ होगा। इस निमित्त स्वयंसेवकों का कार्यक्रम स्थल पर आगमन अपरान्ह 2 बजे रखा गया है। कार्यक्रम में जिले के हजारों गणवेशधारी स्वयंसेवक घोष दल के साथ कदम से कदम मिलाकर संचलन करेंगे। बैठक में सह जिला संघचालक डॉ. विनोद सिंह, परमेश्वरन्जी आदि मौजूद रहे।

### 18 मार्च को सहतवार में आयेंगे रवि किशन, तैयारी शुरू

**बलिया।** सहतवार नगर पंचायत क्षेत्र के स्थानीय पोखरे के पास समाजसेवी अजय सिंह के द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह में गोरखपुर के सांसद व फिल्म अभिनेता रविकिशन 18 मार्च के शाम कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में सलेमपुर के सांसद रविन्द्र कुशवाहा, बांसडीह विधायक केतकी सिंह व रसड़ा विधायक उमाशंकर भी शिरकत करेंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए बुद्धवार को अजय सिंह अपने पूरी टीम के साथ आयोजन स्थल पर पहुंचे, वहां उन्होंने कार्यक्रम स्थल का विधिवत निरीक्षण किया। कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने के लिए विशेष जोर देते हुए अजय सिंह ने कहा कि इस बार होली मिलन समारोह का आयोजन हो जा रहा है, जिसमें पूर्वांचल ही नहीं प्रदेश के कई जगहों से कलाकारों का संगम होगा। गौरतलब हो कि इस समय अजय सिंह नपं सहतवार क्षेत्र के गलियारों में छाये हुए है। चर्चा यह हो रहा है कि अजय सिंह आगामी निकाय चुनाव में मैदान में होंगे। जिसको लेकर विगत कई माह से वह क्षेत्र में जनसम्पर्क में है।

### 501 लीटर शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार

**रसड़ा।** कोतवाली पुलिस ने बुधवार को नागपुर गांव में एक शराब तस्कर के घर छापेमारी कर अवैध व अपमिश्रित 501 लीटर शराब के साथ तस्कर उमा पुत्र सुभाष राम को बाइक सहित निवासी नागपुर थाना रसड़ा को गिरफ्तार कर बाइक को भी अपने कब्जे में ले लिया। प्रभारी निरीक्षक हिमेंद्र सिंह दल-बल के साथ कोटवारी मोड़ पर मौजूद थे कि मुखबीर द्वारा सूचना मिली की नागपुर के रहने वाले दो भाई दिलीप कुमार व उमा पुत्रगण सुभाष राम का गिरोह है जो अलग-अलग स्थानों से अवैध शराब लाकर अपने घर पर रखते हैं उसके बाद उसको बिहार ले जाकर बेच देते हैं। इस सूचना पर प्रभारी निरीक्षक हिमेंद्र सिंह उपनिरीक्षक सुरजीत सिंह व कृष्ण प्रजापति मय फोर्स के साथ नागपुर में आरोपितों के घर छापेमारी कर तलाशी ली गई तो एक गाड़ी में बंधी बोरी से कुल 58 पेटी 9501 लीटर अवैध अपमिश्रित शराब बरामद करते हुए उमा को गिरफ्तार कर लिया एक भागने में सफल रहा।

### 2070 लीटर रायल स्टेज शराब निस्तारित

**नगरा।** स्थानीय थाने की पुलिस ने न्यायालय के आदेश के पालन में थाने में इकठ्ठा वर्ष 2018 में बरामद 2070 लीटर रायल स्टेज शराब को निस्तारित कर दिया है। इस कार्रवाई के समय उपजिलाधिकारी रसड़ा सर्वेश यादव व क्षेत्राधिकारी एसएन वैश्य भी मौजूद रहे। थानाध्यक्ष ब्रजेश सिंह ने बताया कि आबकारी अधिनियम के तहत वर्ष 2018 तक के मुकदमा में थाने में जब्त अवैध शराब को नष्ट कर दिया गया है।

### पॉक्सो एक्ट अभियुक्त गिरफ्तार

**नगरा।** पुलिस अधीक्षक राजकरन नय्यर द्वारा अपराध के समूल उन्मूलन एवं अपराधियों पर अंकुश लगाये जाने के लिए चलाये जा रहे अभियान में नगरा पुलिस को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल हुई है। थानाध्यक्ष वृजेश सिंह के नेतृत्व में मय फोर्स क्षेत्र में लगे थे, इसी बीच मुखबिर की सूचना के आधार पर अभियुक्त अरुण गुप्ता पुत्र स्व. विक्रमा गुप्ता निवासी कुड़सर थाना हलधरपुर जनपद मऊ को नगरा क्षेत्र के घोघरा पुलिया के पास से पुलिस टीम ने गिरफ्तार कर लिया है।

### 20 मार्च को किसान करेंगे संसद का घेराव

**बलिया।** संयुक्त किसान मोर्चा बलिया के संयोजक परमात्मानन्द राय व वरिष्ठ सदस्य अशोक पाण्डेय ने बताया कि विगत कई वर्षों में देश के कोने-कोने से किसानों ने टैज्क्टर टाली पर खाने, पहनने व ओढ़ने का सामान लेकर परिवार के साथ दिल्ली के बार्डरों की घेराबंदी की है। जिससे मोदी सरकार को झुकना पड़ा और मजबूर होकर जनविरोधी कृषि कानूनों को वापस लेना पड़ा। लेकिन अभी भी कुछ वादे अधूरे है। फसलों की एमएसपी, बिजली विधेयक की वापसी, अपराधियों की गिरफ्तारी आदि मांगों को पूरा नहीं किया गया, जिसके चलते किसानों के संकट बढ़े हुए है उनके आत्म हत्याओं में इजाफा हुआ है। इसलिए पुनः शेष मांगों को लेकर पंजाब, हरियाणा व अन्य प्रदेशों से बड़ी संख्या में दिल्ली की ओर कुच कर दिये है। वे अपने मांगों को मनवाने के लिए 20 मार्च को संसद का घेराव करेंगे।

### 15 सूत्री मांगों के समर्थन में विद्युतकर्मियों का 16 मार्च तक कार्य बहिष्कार

**बिल्थरारोड।** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति द्वारा 3 दिसंबर को 15 सूत्री मांग ऊर्जा मंत्री अरविंद कुमार शर्मा के समक्ष रखा गया था। उक्त मांग के बारे में अब तक कोई भी कार्रवाई अमल में नहीं लाया गया है, जिससे विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के तत्वावधान में बिजली विभाग के कर्मचारियों द्वारा पूरे प्रदेश में लामबंद होकर 16 मार्च रात 10 बजे तक कार्य बहिष्कार कर दिया हैं। विद्युत की कोई शिकायत आ गई तो उसे दूर नहीं करेंगे। अगर इनकी 15 सूत्री मांग सरकार द्वारा पूरा नहीं किया जाता है, तो 16 मार्च रात 10 बजे से 72 घंटे के लिए काम बन्द हड़ताल पर चले जाएंगे। उक्त सूचना स्थानीय विद्युत विभाग के एसडीओ अजय कुमार मिश्रा ने दिया। अवर अभियन्ता हरी प्रताप प्रजापति ने बताया कि अगर विद्युत कर्मचारियों की मांग पूरी नहीं की जाती है तो पूरे उत्तर प्रदेश में बिजली विभाग के कर्मचारियों का धरना-प्रदर्शन जारी रहेगा।

### शादी में आयी बारात बिना विवाह के ही वापस

**बांसडीह।** क्षेत्र के एक गांव में मंगलवार की देर रात शादी को आयी बरात बिना विवाह के ही वापस लौट गई। बताया जाता है कि चिलकहर क्षेत्र के एक गांव से बरात आई थी, जयमाल के दौरान ही किसी बात को लेकर दूल्हा नाराज हो गया। दूल्हे ने परिवार के लोगों से काफी वाद-विवाद किया। काफी मान-मनौव्वल के बाद जयमाल व गुरहथी की रस्म अदायगी हुई। गुरहथी के बाद अचानक बरात के सभी लोग गांव से फरार हो गए। सूचना पर पुलिस भी पंहुची थी, लेकिन बरात में आये सभी लोग वापस लौट गए थे।

### अखिल भारतीय साहू समाज 20 को मनाएगा होली मिलन समारोह

**बिल्थरा रोड।** स्थानीय नगर की अखिल भारतीय साहू समाज की कार्यकारिणी की एक आवश्यक बैठक उपाध्यक्ष शमशेर प्रसाद साहू के निवास पर आयोजित एक बैठक में समाज को संगठित करने तथा होली मिलन के संबंध में भव्य तरीके से मनाये जाने के संबंध में विचार विमर्श किया गया। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि इस वर्ष होली मिलन समारोह आगामी 20 मार्च को सायं काल 6:00 बजे से बिल्थरा रोड नगर के राम प्रसाद साहू मैरिज हाल पर भव्य रूप से मनाया जाएगा। बैठक में शमशेर प्रसाद साहू, अच्छे लाल साहू, ओमप्रकाश साहू, विजेंद्र साहू, अनिल साहू, जय नाथ साहू, विंध्याचल साहू, राधेश्याम साहू, डॉ. सुरेंद्र साहू, बिजेंदर साहू, अनिल साहू, धर्मनाथ साहू, भगवान साहू आदि रहे। बैठक की अध्यक्षता कमेटी के अध्यक्ष बैजनाथ प्रसाद साहू ने तथा संचालन कमेटी के सूचना मंत्री अशोक कुमार साहू ने किया।

## संक्षेप

### बिजली बिल न मिले तो कंट्रोल रूम के नम्बर पर करें शिकायत

**मऊ।** जनपद में इन दिनों बिजली विभाग की कार्यशैली से उपभोक्ता काफी परेशान है और बिजली बिल को लेकर उपभोक्ता असमंजस में है कि आखिर बिल कैसे जमा किया जाए। इस बावत अधीक्षण अभियंता आनंद पांडेय ने पत्रकारों से वार्ता के दौरान बताया कि बिजली विभाग ने लापरवाह कर्मचारियों पर कार्रवाई करने कि मंशा बना ली है। अधीक्षण अभियंता ने कहाकि बिजली बिल को लेकर उपभोक्ता ज्यादा परेशान है क्योंकि मीटर रीडर के द्वारा बिजली बिल बनाने के लिए उपभोक्ताओं के घरों पर नहीं जाया जाता है जिससे उपभोक्ता काफी परेशान होती है इसीलिए ऐसे लापरवाह बिजली कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी और अगर कोई भी मीटर रीडर बिल नहीं बनाने जाता है तो उपभोक्ता सीधे कंट्रोल रूम के नंबर 0547222866 या फिर 9838902637 सुपरवाइजर को फोन कर शिकायत कर सकते हैं हालांकि बिजली विभाग के अधीक्षण अभियंता ने कंट्रोल रूम सहित कई अधिकारियों के नंबर नीचे दिए हैं और अगर उपभोक्ताओं को कोई भी परेशानी होती है तो इस नंबर पर फोन कर अवगत करा सकते हैं। वही आगे बताया कि अगर कहीं ट्रांसफार्मर चलता है तो 24 घंटे के अंदर ट्रांसफार्मर को बदला जाएगा उससे पहले उपभोक्ताओं को 1912 पर ट्रांसफार्मर जलने की शिकायत करनी होगी और फिर 24 घंटे में उनका ट्रांसफार्मर बदला जाएगा।

### देश को विश्व का सबसे संपन्न राष्ट्र बनाने का संकल्प लेना सबकी नैतिक जिम्मेदारी : प्रशान्त गभने

**मऊ।** जैसे होली सभी रंगों के साथ मनाई जाती है, ठीक उसी प्रकार अपना देश भी सभी देशवासियों के एकता व परस्पर प्रेम सद्भाव से समृद्ध बनेगा इसलिए देश हित तथा जनहित में अपना सहयोग देते हुए अपने देश को विश्व का सबसे संपन्न राष्ट्र बनाने का संकल्प लेना सबकी नैतिक जिम्मेदारी है। भांति भांति के रंगो के साथ एक होकर होली खेलना एकता में अनेकता का संदेश देता नजर आता है। उपरोक्त बातें भारत सरकार के इस्पात मंत्रालय द्वारा संचालित स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया के सहायक महाप्रबंधक रिटेल विपणन अधिकारी प्रशांत गभने ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा। नगर के भुजौटी स्थित एक प्लाजा में स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया (सेल) द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह में आए सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए लालबहादुर जायसवाल ने कहा कि आप सभी को रंगों के पर्व होली की बहुत-बहुत शुभकामनाएं। होली रंगों का त्योहार है जिसे पूरे देश में बड़े उत्साह और जोश के साथ मनाया जाता है। इस अवसर पर मथुरा गुप्ता, इंजीनियर महेन्द्र शर्मा, खुर्शीद आलम, रोहित, राहुल गुप्ता, विक्रान्त जायसवाल, मंटू गुप्ता सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

### बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम के तहत लड़कियों को किया गया जागरूक



**मऊ।** जनपद में चल रहे बेटी बचाओं बेटी पढाओं कार्यक्रम के अन्तर्गत बुधवार को तालिमुद्दीन निस्वॉ पीजी कालेज में कार्यक्रम का आयोजन मुख्य विकास अधिकारी प्रशांत नागर की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। मुख्य विकास अधिकारी प्रशांत नागर द्वारा बताया गया कि महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित यह योजना बहुत ही सराहनीय है और उन्होने बताया कि मै हरियाणा का रहने वाल हूँ और अच्छे से पता है कि वहां पर लड़को के सापेक्ष में लड़कियों की संख्या कम थी और प्रधानमंत्री ने वही पर रैली के दौरान इस पर कार्य करने की घोषणा किये नतीजा यह कि अब धीरे-धीरे संख्या का समान्तरण हो रहा है लड़किया जागरूक हो रही है। जिला प्रोबेशन अधिकारी द्वारा बताया गया कि यह योजना 22 जनवरी 2015 हरियाण के पानीपत से प्रारम्भ हुआ हैं केन्द्र तथा राज्य सरकार की यह बहुत महत्वकांक्षी योजनाए है इससे बहुत सारे लड़कियों को लाभ मिल रहा है। बालिकाओं के द्वारा रंगोली प्रतियोगिता, पेन्टिंग प्रतियोगिता तथा मेहन्दी प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय, तृतीय तथा सात्वना पुरस्कार प्राप्त किया गया। अल्प संख्यक अधिकारी साहित्य निकस सिंह, लोकपाल विनीता पाण्डेय, कंचन तिवारी, अनीता सिंह यादव, आनवारूल हक नेशनल, प्रचार्या डा0रफत परवीन तथा रेनू पाण्डेय, संध्या सिंह, अर्चना राय, चन्दा साहनी, मीना अग्रवाल, कृतिका राय, रितेश चैरसिया, रवि यादव, अनुज कुमार यादव, तथा विद्यालय की समस्त शिक्षिकाये उपस्थित रही।

# बिजली कर्मियों की सांकेतिक हड़ताल आज से




**मऊ।** ऊर्जा मंत्री के साथ हुए समझौते को लागू कराने हेतु बिजली कर्मियों ने प्रांतव्यापी कार्य बहिष्कार शुरू किया। 16 मार्च को देश-भर में उप्र के बिजली कर्मियों के समर्थन में विरोध प्रदर्शन किये जायेंगे। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उप्र के आह्वान पर प्रदेश के सभी ऊर्जा निगमों के बिजली कर्मचारियों, जूनियर इंजीनियरों, अभियन्ताओं और निविदा संविदा कर्मियों ने बुधवार को प्रातः 10 बजे से कार्य बहिष्कार प्रारम्भ कर दिया है। कार्य बहिष्कार आन्दोलन में लगभग 01 लाख बिजली कर्मी सम्मिलित हैं। बिजली कर्मचारियों एवं अभियन्ताओं की राष्ट्रीय समन्वय समिति एनसीसीओईई ने उप्र के बिजली कर्मियों के आन्दोलन के समर्थन में राष्ट्रव्यापी विरोध प्रदर्शन करने का आह्वान किया है।

एनसीसीओईई के आह्वान पर 16 मार्च को देश के सभी प्रान्तों के सभी जनपदों एवं परियोजनाओं पर लगभग 27 लाख बिजली कर्मी सड़कों पर उतर कर विरोध प्रदर्शन करेगें। संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि 16 मार्च की रात 10 बजे से 72 घण्टे की सांकेतिक हड़ताल होगी। उन्होंने बताया कि ऊर्जा निगमों के शीर्ष प्रबन्धन की हठवादिता के चलते बिजली कर्मियों पर हड़ताल थोपी जा रही है। उन्होंने कहा कि 03 दिसम्बर 2022 को हुए समझौते में ऊर्जा मंत्री की ओर से 15 दिन का समय मांगा गया था अब 112 दिन व्यतीत हो गये हैं और समझौते के प्रमुख बिन्दुओं के क्रियान्वयन की दिशा में कुछ भी कदम नहीं उठाया जा रहा है एवं ओबरा, अनपरा की 800-800 मेगा वाट की नई इकाईयां को उत्पादन निगम से छीनकर एनटीपीसी को दिये जाने, पारेषण के निजीकरण को रोकने व अन्य न्यायोचित मांगों के सार्थक समाधान किये जाने के उल्टे शांतिपूर्ण ढंग से आन्दोलन कर रहे बिजली कर्मियों को पुलिस उत्पीड़न की धमकी दी जा रही है।

संघर्ष समिति के पदाधिकारियों सूर्यदेव पाण्डेय, प्रदीप सिंह, देवेन्द्र उपाध्याय, सहायक अभियन्ता प्रकाश सिंह, कमलेश श्रीवास्तव, अमित गुप्ता, संजय मणि त्रिपाठी व संतोष सिंह, रामप्रवेश सिंह, रविन्द्र कुमार यादव, मिथिलेश यादव, व सुमित, ओमप्रकाश कुशवाहा, माधुरी, प्रिया, कृति, राजकुमार यादव, रविन्द्र यादव, अश्वनी कुमार, राकेश आदि लोग उपस्थित रहे एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रति पूरा सम्मान व निष्ठा व्यक्त करते हुए समझौते को लागू कराने हेतु प्रभावी हस्तक्षेप करने की पुनः अपील की है। यदि समझौते का क्रियान्वयन व अन्य न्यायोचित मांगों के सार्थक समाधान हो जाये तो बिजली कर्मी पूरी निष्ठा से दिन-रात कार्य कर उप्र को बिजली आपूर्ति के मामले में शीर्ष दर्जा दिलाने में सक्षम हैं।

### गर्मी बड़ी, विद्युत कटौती रात्रि में होने से लोगों में रोष

**दोहरीघाट, मऊ।** ब्लाक अंतर्गत दर्जनों गांव में गोठा पावर हाउस से संचालित होने वाली विद्युत रात्रि में कटौती होने के कारण लोगों में भारी आक्रोश व्याप्त है। बताते चलें कि इन दिनों गर्मी बढ़ने के कारण मच्छरों का आतंक भी तेजी के साथ बढ़ रहा है। वही रात्रि में लगभग 4 से 5 घंटे विद्युत कटौती होने से लोगों में भारी आक्रोश व्याप्त है। क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि एक तरफ सरकार द्वारा मीटर लगाकर आम लोगों से विद्युत बिल वसूल रही है वहीं दूसरी तरफ विद्युत कटौती होने के कारण लोगों को अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्र के पंकज कुमार, मिथिलेश कुमार मौर्य, आदर्श कुमार, सुरेश कुमार, राजेंद्र कुमार, बद्री प्रसाद, सुशील कुमार सहित लोगों ने मांग किया कि रात्रि के समय होने वाली विद्युत कटौती को तुरंत रोका जाए नहीं तो हम सभी लोग आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। वहीं इन दिनों अमिला फीडर तथा दोहरीघाट नगर कोरौली फिटर में सबसे ज्यादा विद्युत कटौती हो रही है।

# मारपीट में पिता-पुत्र सहित बहू गंभीर रूप से घायल

**रसड़ा।** कोतवाली क्षेत्र के खिरौली गांव में मंगलवार की रात्रि 8 बजे सीढ़ी तोड़ दिये जाने को लेकर हुए विवाद के बीच हुई मारपीट में पिता-पुत्र सहित बहू गंभीर रूप से घायल हो गई। तीनों घायलों को रसड़ा अस्पताल पहुंचाया गया, जहां से बहु को को रेफर कर दिया गया। पट्टीदारों व स्वामीनाथ के बीच सीढ़ी तोड़ दिये जाने को लेकर कुछ दिनों से विवाद चला आ रहा था कि रात्रि समय इसी विवाद ने तुल पकड़ लिया और देखते ही देखते लाठी-डंडे चलने शुरू हो गय, जिसमें स्वामीनाथ पांडेय 50 वर्ष उनके पुत्र अमरजीत 25 वर्ष व उनकी बहू वंदना 22 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गये। घटना की सूचना पर पुलिस आवश्यक कार्रवाई में जूट गई है।

# स्वास्थ्य अधीक्षक का वेतन रोकने का डीएम ने दिया निर्देश



**मऊ।** बुधवार को जिलाधिकारी अरुण कुमार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्वास्थ समिति के शासी निकाय की मासिक समीक्षा बैठक संपन्न हुई। समीक्षा के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि गत माह के मुकाबले संस्थागत प्रसव में सुधार हुआ है,जो अब बढ़कर 95.01 प्रतिशत हो गया है।

फरवरी माह में सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों पर 5502 प्रसव कराए गए। इसके अलावा 36 नवीन प्रसव केंद्र चिन्हित एवं क्रियाशील किए गए। जिलाधिकारी ने सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों पर शत-शत प्रसव कराने के निर्देश दिए। टीकाकरण कार्यक्रम की समीक्षा के दौरान एमआर 1 एवम् एमआर 2 की प्रगति ठीक ना होने पर जिलाधिकारी ने समस्त छूटे हुए बच्चों की सूची बनाकर टीकाकरण का कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। मातृ मृत्यु की समीक्षा के दौरान प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रानीपुर में एक मृत्यु के कारणों की जानकारी लेते हुए जिलाधिकारी ने इस संबंध में पूरी रिपोर्ट तैयार कर प्रस्तुत करने के निर्देश मुख्य चिकित्सा अधिकारी को दिए। राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम की समीक्षा के दौरान जिला क्षय रोग अधिकारी ने बताया कि वर्तमान में जनपद का प्रदेश में राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम में 14 वा स्थान है। फरवरी माह के 734 लक्ष्य के सापेक्ष कुल 685 लोगों का इलाज किया गया जो निर्धारित लक्ष्य का 93 प्रतिषत है। आयुष्मान कार्ड बनने की प्रगति पर संतोष प्रकट करते हुए जिलाधिकारी ने शहरी क्षेत्र के शेष पात्र लोगों हेतु कार्य योजना बनाकर आयुष्मान कार्ड बनाने के निर्देश दिए।


# किशोरी के साथ दुष्कर्म कर हत्या का प्रयास

**शर्मनाक**

## पिता की तहरीर पर पांच नाबालिगों के खिलाफ मुकदमा

## चार नाबालिग आरोपियों सहित पांच गिरफ्तार, गए जेल

जनसंदेश न्यूज



**सैदपुर।** कोचिंग करने जा रही छात्रा के साथ सामूहिक दुष्कर्म कर उसकी हत्या का प्रयास करने वाले पांच नाबालिग आरोपितों को मंगलवार की सुबह पुलिस ने गिरफ्तार कर उनके खिलाफ संबंधित धाराओं के तहत मुकदमा कायम करते हुए पुलिस ने जेल भेज दिया। छात्रा को चिकित्सकीय परीक्षण के लिए भेजा।

थाना क्षेत्र के एक गांव निवासिनी छात्रा (14) सैदपुर थाना क्षेत्र के ही एक गांव स्थित अपने पिता के बुआ के घर रहकर पढ़ाई लिखाई करती थी। वह कक्षा नौ की छात्रा है और डहराकला स्थित कोचिंग में पढ़ने जाती है। बुआ के घर पर भवन निर्माण का कार्य चल रहा था। एक बूढ़े मजदूर की तबीयत गड़बड़ होने पर उसका नाबालिग बेटा रामपुर बंतरिया गांव निवासी वीरेंद्र (काल्पनिक नाम) मजदूरी करने के लिए दो मार्च को आया और दो-तीन दिन में ही वह छात्रा का दोस्त बन गया। पांच मार्च को छात्रा सुबह डहराकला कोचिंग पढ़ने जा रही थी, अभी वह भटौला गांव के पास पहुंची ही थी कि वीरेंद्र अपने मित्र विजय (काल्पनिक नाम) के साथ बाइक से पहुंचा और छात्रा से बोला कि तुम्हें वाराणसी घुमाकर लाता हूं। छात्रा उसके बहकावे में आकर बाइक पर बैठ गई और तीनों बाइक से वाराणसी के चौबेपुर पहुंच गए। वहां दूसरे बाइक पर सवार बौरवां गांव निवासी तीन किशोर दिलीप, मनोज व अजय (काल्पनिक नाम) एक बाइक पर पहुंचे तो वीरेंद्र ने छात्रा से कहा कि तुम अब इनके साथ जाओ, मैं वहीं मिलूंगा।

छात्रा उन तीनों के साथ चली गई। छात्रा के मुताबिक तीनों ने चौबेपुर में ही खेत में उसके साथ दुष्कर्म किया। इसके बाद छात्रा को लेकर वाराणसी गए और विश्व सुंदरी पुल से नीचे फेंक दिया। छात्रा के गिरने की आवाज सुनकर नीचे खड़े मछुवारों ने बाहर निकाला और पुलिस को बुलाया। पुलिस छात्रा को ट्रामा सेंटर बीएचयू ले गई। होश में आने पर छात्रा ने अपने घरवालों का नंबर बताया तो पुलिस ने उन्हें सूचना दी।

सूचना पर घरवाले वहां पहुंचे और उसके ठीक होने के बाद उसे लेकर आए। छात्रा शर्मवश किसी को कुछ बता नहीं रही थी तो उसके रिश्तेदारों ने उसके घर पहुंचा दिया, वहां उसने आप बीती बताई। बीते रविवार को छात्रा स्वजनों के साथ कोतवाली पहुंची और आप बीती बताया।

आप बीती सुनकर कोतवाल ने उसके पिता से तहरीर लेकर पांचों नाबालिगों के खिलाफ मुकदमा कायम किया। मंगलवार की सुबह पांचों को माहपुर रेलवे स्टेशन के पास से गिरफ्तार किया। उनके खिलाफ संबंधित धारा के तहत मुकदमा कायम करते हुए जेल भेज दिया। कोतवाल शिवप्रताप वर्मा ने बताया कि पांचों आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

# पांच केंद्रों पर 18 मार्च से शुरू होगा उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन

**गाजीपुर।** यूपी बोर्ड उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन शनिवार 18 मार्च से शुरू हो है। जिले में पांच मूल्यांकन केंद्र रहेंगे। मूल्यांकन को लेकर विभागीय स्तर से तैयारियां पूरी हो गई है। जनपद में जिन विद्यालयों को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। उनमें राजकीय इंटर कॉलेज, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज शामिल हैं। जिला विद्यालय निरीक्षक ने बताया कि मूल्यांकन को लेकर परिषद द्वारा जारी दिशा निर्देशों के अनुपालन में कार्यवाही अंतिम दौर में है। मूल्यांकन में पारदर्शिता और समय से मूल्यांकन निपटाना प्राथमिकता रहेगी।

मूल्यांकन के लिए जिले में दो केंद्रों पर इंटरमीडिएट जबकि तीन केंद्रों पर हाईस्कूल परीक्षा की कापियों का मूल्यांकन किया जाएगा। बोर्ड की तरफ से मूल्यांकन केंद्रों की सूची में राजकीय सिटी इंटर कालेज, शिवपूजन इंटर कालेज मलसा और शहीद स्मारक इंटर कालेज नंदगंज को हाईस्कूल तथा अष्ट शहीद इंटरमीडिएट कालेज मुहम्मदाबाद और राजकीय बालिका इंटर कालेज गाजीपुर को इंटर की परीक्षा का मूल्यांकन केंद्र बनाया गया है। इस बार बापू इंटर कालेज सादात को मूल्यांकन केंद्र नहीं बनाया गया है। जबकि यह हर वर्ष मूल्यांकन केंद्र बनता रहा है। मूल्यांकन का कार्य 18 मार्च से शुरू होगी। बोर्ड के निर्देश पर संकलन केंद्रों से मूल्यांकन केंद्रों तक कापियां भेजी जा रही है। इस बार मूल्यांकन शुरू होने से पहले परीक्षक, उप प्रधान, उप नियंत्रक और प्रधानाचार्य का प्रशिक्षण कराया जाना है। प्रशिक्षण आडियो और वीडियो दोनों माध्यम से दिया जाएगा। इसके अलावा निर्देश पुस्तिका भी प्रदान की जाएगी। यह पहला अवसर है जब मूल्यांकन के पूर्व परीक्षकों, उप प्रधान, नियंत्रक को प्रशिक्षण देकर ट्रेंड किया जाएगा। परीक्षकों का चयन परिषद की ओर से करके इसकी सूची जिला विद्यालय निरीक्षक को भेजी जा चुकी है। मूल्यांकन के लिए तैयार कुल 27 प्रपत्र भी भेजा गया है। इस संबंध में जिला विद्यालय निरीक्षक अशोकनाथ तिवारी ने बताया कि मूल्यांकन के लिए जिले में कुल पांच केंद्र बनाए गए हैं। मूल्यांकन की तैयारी की जा रही है।

# ट्रेलर से कुचलकर बाइक सवार महिला की मौत



जखनियां स्थित चौहान मार्केट में हादसा के बाद क्षतिग्रस्त स्कूटी को देखते राहगीर।

जनसंदेश न्यूज

**दुल्लहपुर।** थाना क्षेत्र के चौहान मार्केट के पास बुधवार की सुबह सात बजे मऊ जा रही ट्रेलर से आशा कुशवाहा पत्नी चंद्रहास कुशवाहा (45) वर्ष निवासी बड़ागांव, थाना दुल्लहपुर अपने देवर के साथ स्कूटी से स्थानीय रेलवे स्टेशन के लिए जा रही थी कि अचानक ओवरटेक करने के दौरान ट्रेलर से महिला की कुचलकर दर्दनाक मौत हो गई।

वही देवर बाल बाल बच गया। इस घटना की जानकारी मिलने पर तत्काल थानाध्यक्ष प्रवीण यादव ने अपने हमराहियो के साथ पहुंचकर ट्रेलर को कब्जे में लेते हुए, क्लीनर को पकड़ लिया। चालक मौके से फरार हो गया। इस दौरान घटनास्थल पर अफरा तफरी का माहौल बना रहा है।

## पति, सास-ससुर समेत छह पर दहेज उत्पीड़न का मुकदमा

**दिलदारनगर।** युवती की तहरीर पर पुलिस ने पति, सास - ससुर, ननद और देवर सहित छह पर दहेज उत्पीड़न मुकदमा दर्ज किया है। दिलदारनगर थाना क्षेत्र के सरैला चट्टी निवासी आसिफ खान के साथ नाहिदा खातून की शादी 4 जनवरी 2022 को हुआ था। आरोप है कि पहले सास - ससुर, पति, ननद, देवर ने युवती को दहेज को लेकर ताने मारे। पांच लाख नकद दहेज एवं दिलदारनगर में जमीन खरीदने की मांग की है। जब युवती ने मना कर दिया तो ससुरालीजन प्रताड़ित करने लगे। पीड़िता ने तहरीर देकर आरोप लगाया कि पति आसिफ खान पांच लाख रुपये के लिए युवती पर दबाव बनाने लगा। रुपये न देने पर 13 मार्च को पति आसिफ खान अपनी मां, बहन और भाइयों के साथ मिलकर मारपीट कर उसे घर से बाहर निकाल दिया। ऐसे में युवती की तहरीर पर पुलिस ने पति आसिफ खान, सास कौसरी खातून, ससुर सदरुद्दीन खान, देवर आमिर खान, आदिल खान तथा ननद मुन्नी खातून के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज किया है। इस संबंध में थानाध्यक्ष अशोषनाथ सिंह ने बताया कि विवाहिता के तहरीर पर ससुराल वालों के लीगो पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# छात्रावास निर्माण में जमकर उड़ी मानक की धज्जी



सादात में कस्तूरबा गांधी आवासीय छात्रावास का घटिया समाग्री से निर्माण।

**सादात।** कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय के आवासीय छात्रावास निर्माण में जमकर मानक की धज्जियां उड़ाई जा रही है। निर्माण कार्य में घटिया सामग्री और दोयम दर्जे की ईट का प्रयोग किया जा रहा है। बीएसए हेमंत राव ने कार्यदायी संस्था यूपीपीसीएल को नोटिस जारी किया गया है। निर्देश दिया है कि घटिया ईट से निर्माण कार्य को तुरन्त ध्वस्त कराकर फिर से गुणवत्तायुक्त कार्य कराया जाय। सादात ब्लॉक मुख्यालय के निकट कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय का संचालन हो रहा है। अब तक यहां कक्षा आठवीं तक ही पठन पाठन का कार्य हो रहा है। उच्चीकृत कर 12वीं तक किये जाने के लिए बगल में आवासीय छात्रावास का निर्माण कार्य हो रहा है।

### एक करोड़ 71 लाख की लागत से निर्माण

जिला समन्वयक अमित राय के अनुसार एक करोड़ 71 लाख की राशि से छात्रावास का निर्माण दो तल में किया जाना है। इसमें 25 कमरे, डायनिंग हॉल, किचन, स्टोर रूम और वार्डन रूम, शौचालय, पेयजल आदि कार्य किया जाना है। प्रत्येक कमरे में चार-चार छात्राओं के रहने की व्यवस्था होगी। छात्रावास भवन के निर्माण की जिम्मेदारी कार्यदायी संस्था उत्तर प्रदेश राज्य प्रोजेक्ट कारपोरेशन लिमिटेड के वाराणसी युनिट के जिम्मे है। जिसे वर्तमान वित्तीय वर्ष के अंत तक पूरा करने का लक्ष्य है।

### भवन निर्माण में व्यापक अनियमितता

स्थानीय व विभागीय लोगों ने छात्रावास भवन निर्माण में व्यापक अनियमितता बरतने का आरोप लगाया। इनका कहना है कि छात्रावास निर्माण में प्राक्कलन के अनुसार निर्माण सामग्रियों का उपयोग नहीं किया जा रहा है। आरोप है कि निर्माण कार्य में घटिया ईंट व निम्न गुणवत्ता वाले लोहे के छड़ों का प्रयोग किया जा रहा है। इसकी शिकायत पर जांच कराकर बीएसए हेमंत राव ने कार्यदायी संस्था को नोटिस जारी किया है।

> कार्यदायी संस्था को हिदायत दी गई है कि दोयम दर्जे के ईंट से कराये गये निर्माण कार्य को गिराकर उसके स्थान पर गुणवत्तायुक्त कार्य कराया जाय। इससे कार्यदायी संस्था से जुड़े लोगों में हड़कम्प की स्थिति बनी हुई है।
>
> बीएसए

# खेल के प्रति उत्साह बढ़ाने के लिए प्रतियोगिताएं जरूरी

**आयोजन**

## क्रिकेट ट्रॉफी पर दिलदानगर की टीम ने जमाया कब्जा



विजेता टीम को ट्रॉफी देकर सम्मानित करते मुख्य अतिथि रंगबहादुर सिंह।

**सेवराई।** दिलदारनगर ने अमौरा को आठ विकेट से पराजित कर बाबा किनाराम क्रिकेट ट्रॉफी पर कब्जा जमा लिया। मुख्य अतिथि युवा समाजसेवी रंगबहादुर सिंह ने विजेता व उपविजेता टीम को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। स्थानीय तहसील क्षेत्र के अमौरा गांव स्थित बाबा कीनाराम खेल मैदान पर नवजागरण स्पोटिंग क्लब अमौरा द्वारा आयोजित फाइनल क्रिकेट महामुकाबला में अमौरा टीम कैप्टन ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने का फैसला किया ।

निर्धारित 12 ओवर में अमौरा की शुरूआत अच्छा नहीं रहा ।मात्र 39 रन के स्कोर पर अमौरा के तीन शीर्ष खिलाड़ी आउट होकर पवेलियन वापस जा चुके थे इसके बाद आई बल्लेबाजों ने निर्धारित 12 ओवर में 141 रन बनाकर एक सम्मानजनक स्कोर खड़ा कर दिलदारनगर को जीत के लिए 142 रन का लक्ष्य दिया। बल्लेबाजी करने के लिए उतरी दिलदारनगर की टीम के बल्लेबाजों के सामने 142 रनों का विजय लक्ष्य बौना साबित हुआ। ऑल एक ओवर में सलामी बल्लेबाज इनामुल ने लगातार दो गेंदों पर छक्का जड़कर अपना इरादा साफ कर दिया । 9.4 गेंदों में दिलदारनगर ने दो विकेट खोकर आठ विकेट से क्रिकेट महा मुकाबला जीतकर बाबा किनाराम ट्रॉफी अपने नाम कर लिया । मैन ऑफ द मैच दिलदारनगर के रोहित यादव व मैन ऑफ द सीरीज दिलदारनगर के अमजद को पुरस्कृत किया गया । श्रेष्ठ गेंदबाज दिलदारनगर के चंदन व श्रेष्ठ बैट्समैन अमौरा के मुन्ना पाल को चुना गया। प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि अमौरा गांव के ही युवा समाजसेवी रंगनाथ सिंह ने विजेता व उपविजेता सहित सभी खिलाड़ियों को ट्रॉफी व नगदी पुरस्कार से सम्मानित किया । खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि गांव में इस तरह की प्रतियोगिता किया जाना इसलिए भी महत्वपूर्ण है कि एक दूसरे से लोगों का आपसी भाईचारा और सौहार्द बना रहता है। वही खेल के प्रति खिलाड़ियों में प्रतिस्पर्धा बना रहता है। मौके पर रितिक ,मनोज, तपन, घनश्याम, लाल बचन , सत्य प्रकाश, पिंटू, रिश, आदि लोग मौजूद रहे। अंपायर रवि शंकर सिंह एवं रिंकू सिंह रहे व कमेंटेटर की भूमिका प्रिंस सिंह ने निभाया।

## सड़क पर चल रही सब्जी मंडी, अधिकारी मौन

**गाजीपुर।** स्टेशन रोड पर सब्जी मंडी के कारण दोपहर बाद से लेकर देर शाम तक जाम की स्थिति बन रही है। जबकि सब्जी मंडी को रौजा ओवरब्रिज के नीचे जिला प्रशासन ने शिफ्ट करने का फरमान जारी किया था, लेकिन नगर पालिका और पुलिस प्रशासन के अधिकारियों की लापरवाही के चलते कोई कार्रवाई नहीं हो पा रही है। दो वर्ष पूर्व स्टेशन रोड और मिश्र बाजार में लगने वाले सब्जी और फल मंडी को हटाकर रौजा ओवरब्रिज के नीचे शिफ्ट किया गया था। लेकिन उसके बावजूद भी सब्जी का व्यापार करने वाले दुकानदार रोड पर ही मंडी का संचालन करते हैं। इससे सड़क किनारे बाइक आदि वाहन खड़े होने के कारण जाम की स्थिति बन जाती है। इसके अलावा शाम के समय वहां से जाने वाले यात्रियों को भी जाम में खड़ा होना पड़ता है। वहीं सड़क पर वाहन के संचालन के दौरान आसपास से जाने वाले राहगीरों समेत अन्य लोगों के साथ सड़क दुर्घटना होने का भी खतरा मंडराता है । इस संबंध में स्थानीय लोगों ने कई बार अधिकारियों से समस्या के समाधान की मांग की है, लेकिन कोई कार्रवाई करने को तैयार नहीं है। बता दें कि मंडी की बजाए सड़क किनारे सब्जी और फलों की खरीद फरोख्त की जाती है।

# लापता अधेड़ का गंगा नदी में मिला शव

जनसंदेश न्यूज



बहलोलपुर में रोते-बिलखते परिजन।

**सुहवल।** थाना क्षेत्र के लापता अधेड़ की दो दिन बाद गंगा नदी में शव मिला। सूचना मिलते ही मौके पर ग्रामीणों की भीड़ इकट्ठा हो गई। जानकारी मिलते ही परिजन रोते बिलखते मौके पर पहुंचे, जिसके चलते चीखपुकार मच गई। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेंज दिया।


थाना क्षेत्र के बहलोलपुर निवासी भीम सिंह यादव 52 वर्ष दो दिन पूर्व घर से शौच करने निकले थे। बीते मंगलवार की देर शाम को उनका शव गंगा नदी में उतराया मिला।

मृतक की पत्नी मेवाती देवी ने रोते हुए बताया कि उनके पति 13 मार्च की सुबह रोज की तरह सो कर उठे ,जिसके बाद वह जल्द शौच कर आने की बात कह घर से निकल पड़े। पत्नी ने बताया कि काफी देर होने पर भी जब वह नहीं आए तो उन्हें खोजने में परिवार के सदस्य जुट गये। मगर उनका कुछ पता नहीं चल सका,पत्नी मेवाती देवी ने बताया कि वह नदी किनारे किन परिस्थितियों में पहुंचे उसे नहीं मालूम है।

वहीं ग्रामीण भी इस घटना को लेकर पूरी तरह से चुप्पी साधे हुए है। ग्रामीणों ने बताया कि वह अपने दो भाईयों में छोटे थे,उनके बड़े भाई की काफी पहले ही निधन हो चुका है। थानाध्यक्ष वागीश बिक्रम सिंह ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेंज दिया गया है।

## संक्षेप

### पुलिस ने दस हजार के इनामियां बदमाश को पकड़ा



**गाजीपुर।** कोतवाली पुलिस के गैगेंस्टर तथा दस हजार इनामिया वाँछित अभियुक्त को गिरफ्तार करते हुए उसके कब्जे से अवैध देशी तमंचा व जिन्दा कारतूस बरामद किया है। प्रभारी निरीक्षक तेज बहादुर सिंह मय हमराह द्वारा थाना कोतवाली क्षेत्रान्तर्गत काजीमण्डी शिवमण्डप के बगल खाली जमीन के पास से थाना कोतवाली के गैगेंस्टर तथा दस इनामियां अभियुक्त मो.एकराम कुरैशी उर्फ मुन्ना पुत्र मो. असलम कुरैशी निवासी खुदाईपुरा थाना कोतवाली को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक तेज बहादुर सिंह, उ.नि भूपेन्द्र कुमार निषाद, उ.नि शिवपूजन बिन्द, विकास पाण्डेय, शिवप्रसाद यादव रहें।

### खण्ड विकास अधिकारी ने संभाल कार्यभार



**जखनिया।** जिलाधिकारी आर्यका अखौरी के निर्देश पर मुख्य विकास अधिकारी संतोष कुमार वैश्य ने जखनियां विकास खण्ड के खण्ड विकास अधिकारी यशवन्त कुमार का रातों स्थानान्तरण होने से लोगों में चर्चा होने लगी कि अचानक खंड विकास अधिकारी का किस वजह से स्थानांतरण कर दिया गया। इसकी जानकारी ना तो ब्लॉक के कर्मचारियों को थी और ना ही किसी ग्राम प्रधान को, जिसके बाद नए खण्ड विकास अधिकारी त्रिवेणी राम ने कार्यभार संभाला लिया। जिसके बाद ब्लॉक परिसर में मौजूद कर्मचारियों से रूबरू होने के बाद आस-पास और क्षेत्र के बारे में जानकारी ली। इस मौके पर एडीओ पंचायत कृपा शंकर,गोपाल यादव, आईएसबी, सतीश कुमार, आवास बाबू,रामप्रवेश यादव लेखा,सचिव फैज अहमद, मनरेगा आदि लोग उपस्थित रहे।

### गंगा स्वच्छता अभियान पर जन जागरूकता रैली



**गाजीपुर।** स्नातकोत्तर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की सभी इकाइयों द्वारा सप्त दिवसीय विशेष शिविर के छठे दिवस पर प्रथम सत्र में स्वयं सेवकों द्वारा जल-संरक्षण एवं गंगा स्वच्छता अभियान के अन्तर्गत प्रभात फेरी निकाली गयी। इसके उपरांत द्वितीय सत्र में जल संरक्षण विषय पर भाषण प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। जिसमें अमन कुमार, कृष्ण कुमार, साहिल शर्मा, दिव्यांश यादव, जन्मेजय यादव, सन्जना जायसवाल और अनीशा सिंह ने भाग लिया। दिव्यांश यादव ने जल संरक्षण के विषय पर मॉडल भी प्रस्तुत किया और प्रथम स्थान प्राप्त किया। वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डा. शिव शंकर यादव ने कहा कि भविष्य में जल की कमी की समस्या को सुलझाने के लिये जल बचाना ही जल संरक्षण है। कार्यक्रम अधिकारी डा. रुचि मूर्ति सिंह ने कहा कि हमें अपने जीवन में उपयोगी जल को बर्बाद और प्रदूषित नहीं करना चाहिए तथा लोगों को जल संरक्षण के लिये प्रेरित करना चाहिए। मौकेपर कार्यक्रम अधिकारी डॉ. त्रिनाथ मिश्र धर्मेन्द्र, राम प्रवेश, नीरज सिंह उपस्थित रहे।

### गरीबों के मकानों पर गरज रहा बाबा का बुलडोजर

**गाजीपुर।** अखिल भारतीय खेत व ग्रामीण मजदूर सभा भाकपा (माले) के कार्यकर्ताओं ने



गांव समाज बंजर की जमीनों को दबंगों से खाली कराओ, भूमिहीन दलितों गरीबों में आवासीय पट्टा करों, गरीबों के घरों पर बुल्डोजर नहीं सहेंगे, एसडीएम वादाखिलाफी बंद करों, डीजल रसोई गैस का दाम हाफ करों, बिजली बिल माफ करों, तहसील में पैमाईश सम्बंधित लंबित मामलों की यथाशीघ्र सुनवाई करों, मझौली में हाईकोर्ट के आदेश को लागू करो आदि सवालों को लेकर जखनियां तहसील पर धरना दिया। अखिल भारतीय खेत व ग्रामीण मजदूर सभा के जिलाध्यक्ष नंदकिशोर बिंद ने कहा कि थाना तहसील दिवस से गरीबों को न्याय नहीं मिल रहा है। उनके आवेदन को रद्दी टोकरी में डाल दिया जा रहा है। इसलिए जखनियां की जनता को धरना करना पड़ उनकी मांगों को पूरा करने के बजाय एसडीएम झूठा आश्वासन दे रहे हैं। धरना प्रदर्शन को श्रीकांत राम, रणधीर सिंह, रामबृक्ष मौर्य, संजय भारती, अतवारू प्रजापति,बेचू बनवासी, शान्ति देवी, गीता, चम्पा, सुनीता, निर्मला देवी,सुखराजी,, शिवच्चन कुशवाहा, चंकेश, वनवासी, ने संबोधित किया। अध्यक्षता बेचू वनवासी, संचालन लालबहादुर बागी ने किया।

### एनएसएस शिविर में स्वयंसेवकों ने किया श्रमदान

**सादात।** कृष्ण सुदामा पीजी कालेज मरदापुर में आयोजित सात दिवसीय एनएसएस शिविर के छठवें दिन बुधवार को स्वयंसेवकों ने सेवा, श्रमदान व जनजागरण का कार्य किया। बौद्धिक सभा में वक्ताओं ने रासेयो को बहुआयामी बताते हुए शिविर में दी जा रही जानकारी को आत्मसात करने की सलाह दी। कृष्ण सुदामा पीजी कालेज मरदापुर के शिविरार्थियों ने बक्सूपुर मलिन बस्ती में साफ सफाई और जनजागरण का कार्य किया। प्राचार्य डा. जयराम यादव, कार्यक्रम अधिकारी अनिल राय, एकरामुल्लाह, शिक्षक हरिशंकर मिश्रा, सुशीला यादव, श्वेता पांडेय, संतोष भारती, राम भरोस यादव, सुरेश यादव आदि ने रासेयो की महत्ता व उपादेयता पर प्रकाश डाला। शिविरार्थी चांदनी, डिम्पल, साधना, मनीषा, अन्नू, आभा, शिल्पा, रंजना, संजना, शीतल आदि ने श्रमदान व जनजागरण अभियान में हिस्सा लिया। इसी क्रम में समता पीजी कालेज सादात, बापू महाविद्यालय सादात, दुर्गावती राधेश्याम बालिका महाविद्यालय रुद्रनगर बेलासी, रामजग महाविद्यालय मरदानपुर रामपुर बलभद्र में कार्यक्रम किया गया। समता पीजी कॉलेज में बतौर मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक दिनेश चंद्रदवे ने कहा कि कोई कार्य छोटा या बड़ा नहीं होता बल्कि कार्यकुशलता आवश्यक है। अध्यक्षता प्राचार्य प्रो. अजय शुक्ल व संचालन कार्यक्रम अधिकारी राकेश कुमार मिश्र ने किया।



### 66 नामांकन पत्रों की जांच

**सेवराई।** स्थानीय तहसील क्षेत्र के भदौरा ब्लाक मुख्यालय सभागार कक्ष में क्षेत्र के साधन सहकारी समितियों के सदस्यों का चुनाव हेतु नामांकन के बाद जमा किये गये 66 नामांकन पत्रों की जांच बुधवार को किया गया। चुनाव हेतु नामांकन पत्रों के जांच के मद्देनजर पर्याप्त पुलिस बल विकास खंड परिसर में तैनात किया गया था। भदौरा ब्लॉक सभागार कक्ष में बुधवार को सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक साधन सहकारी समिति के सदस्यों के जमा किये गये नामांकन पत्रों की जांच किया गया ।भदौरा ब्लाक में कुल 8 साधन सहकारी समितियों के प्रत्येक साधन सहकारी समिति पर 9 सदस्यों का चुनाव किया जाना है । जिसके लिए कुल 72 वार्डो के लिए 66 नामांकन पत्र जमा किया गया । 6 वार्डो में कोई भी नामांकन नहीं किया गया। इस संबंध मे एडीओ कोऑपरेटिव प्रेमसागर ने बताया कि जमा किये गये सभी 66 नामांकन पत्र वैध पाये गये।

# नवरात्र पर उत्साह, घरों में होने लगीं तैयारियां



संध्या मिश्रा।



प्रियंका।



रिंकू सिंह।



राधा पांडेय।

**आस्था**

## 22 मार्च से शुरू हो रहा वासंतिक नवरात्र, सज गया बाजार

**गाजीपुर।** वासंतिक नवरात्र की तैयारियां तेज हो गई हैं। नवरात्र में घरों में मां के नौ स्वरूपों की पूजा की जाती है। कलश स्थापना की जाती और अखंड ज्योति जलाई जाती है। नवरात्र 22 मार्च से शुरू हो रहा है। लिहाजा पूजन सामग्री आदि की खरीदारी शुरू हो गई है। महिलाएं तैयारियों में जुटी हुई हैं। कलश स्थापना की सामग्री, देवी के श्रृंगार सामग्री और भोग आदि के इंतजाम के साथ-साथ घरों की सफाई आदि की जा रही है। मंदिरों की सजाव शुरू हो गई है। नवरात्रि पर्व में एक सप्ताह से भी कम का समय शेष रह गया है। ऐसे में घर-घर तैयारियों का दौर शुरू हो गया है। मंदिरों के प्रबंधकों ने पर्व पर आने वाली भीड़ को देखते हुए व्यवस्थाएं बना ली हैं। मंदिरों की सफाई-पुताई का कार्य शुरू करा दिया गया है ताकि पर्व तक कार्य पूरा होने के बाद सजावट कराई जा सके। साथ ही लोगों ने अपने घरों में भी पर्व की तैयारियां शुरू कर दी हैं। घरों में महिलाएं माता के लिए चूनर आदि तैयार कर रही हैं। वहीं बाजार से उपवास के लिए सामान की खरीद के साथ अन्य जरूरी चीजें भी खरीदी जा रही हैं। कामाख्या देवी मंदिर करहिया, भगवती मां मंदिर रेवतीपुर, कष्ट हरणी मां मंदिर करीमुद्दीनपुर, मुहम्मदाबाद, कुन्डेसर, सैदपुर, औड़िहार, बिहारीगंज, सिधौना, अनौनी और सौना आदि बाजारों में नवरात्र में इस्तेमाल होने वाली सामग्री की दुकानें सज गई हैं।

### धूमधाम से मनाएंगे नवरात्रि पर्व

संध्या मिश्रा का कहा है कि नवरात्र की प्रतीक्षा बेसब्री से रहती है। इस दौरान व्रत और पूजन से वर्ष पर्यंत की ऊर्जा मिल जाती है। प्रियंका का कहना है कि नवरात्र में मां का श्रृंगार करने में आनंद की अनुभूति होती है। यह आध्यात्मिक उन्नति का अवसर है। रिंकू सिंह ने बताया कि मां बच्चों की पुकार सुनती है। राधा पांडेय ने बताया कि मां ने उनकी पुत्र की कामना पूरी की है। धूमधाम से नवरात्र मनाएंगी।

# सीवर लाइन निर्माण कार्य में करोड़ों का भ्रष्टाचार

**खुलासा**

## भाजपा एमएलसी विशाल सिंह चंचल ने करायी जांच

## डीएम ने तीन सदस्यीय जांच टीम की गठित

जनसंदेश न्यूज



वेदपुरवां स्थित सांसद चौराहा के पास निर्माण कार्य की जांच करते एमएलसी विशाल सिंह चंचल।

**गाजीपुर।** नगर के सीवर लाइन निर्माण कार्य में करोड़ो का भ्रष्टाचार सामने आया है। निर्माण कार्य में मानक की धज्जियां उड़ाई गई है। वहीं कार्य काफी धीमी गति से चल रहा है। सीवर लाइन कार्य में ठेकेदार और विभागीय अधिकारी की लापरवाही सामने आई है। भाजपा एमएलसी विशाल सिंह चंचल के हस्तेक्षप से डीएम ने जांच बैठाई है। बतादें, नगर में दो वर्ष से सीवर लाइन निर्माण कार्य चल रहा है। निर्माण कार्य कराने वाली संस्था जल निगम-द्वितीय है।

निर्माण कार्य करीब दो सौ करोड़ की लागत से हो रहा है। कार्य की गति और अनियमितता को लेकर नगरवासी कई बार धरना प्रदर्शन कर चुके है। सीवर लाइन खोदकर सड़के छोड़ दी गई है। जिससे आवागमन में अवरोध उत्पन्न हो रहा है। मीडिया में खबर प्रकाशित और लोगो की शिकायत के बाद भी यह विभाग मौन साधा रहा है। लेकिन भाजपा एमएलसी विशाल सिंह चंचल की सक्रियता के बाद जिला प्रशासन ने अपना तेवर सख्त किया है। डीएम आर्यका अखौरी ने तीन सदस्यीय टीम बनाकर जांच का आदेश दिया है। डीएम की गठित जांच कमेटी ने तत्काल एमएलसी की मौजूदगी में अपनी जांच शुरू कर दी।

उन्होंने अपनी जांच रिपोर्ट में अनियमितता की बात कही है। मगर जांच पूरी होने के बाद ही कोई बड़ा फैसला आने वाला है।

### नामित जांच टीम के अधिकारी

डीएम की गठित जांच टीम में अधिशासी अधिकारी जल निगम, लोक निर्माण अधिशासी अभियंता व नगर पालिका परिषद के सदस्य हैं। जांच टीम ने बुधवार को पूर्व विधायक अलका राय के आवास से लेकर अपना बाजार तक सीवर लाइन की खुदाई कर गुणवत्ता की जांच की।

### दो सौ करोड़ का कार्य अधूरा, समय पूरा

एमएलसी ने बताया कि कार्य में काफी अनियमितता पाई गई। सीवर पाइप लाइन बिछाने के कार्य में लगातार शिकायतें मिल रही थी। जिलाधिकारी को जांच के लिए पत्र भी लिखा था। डीएम के निर्देश पर एक टीम गठित की गई। बुधवार को जांच का पहला दिन था। मरम्मत कार्य और पिचिंग कार्य में भी खामियां मिली है। बताया कि कार्यदायी संस्था ने 200 करोड़ कार्य को दो वर्ष में भी पूरा नहीं कर पाया। सिर्फ 50-60 फीसदी कार्य ही पूरा किया है। टेक्निकल टीम की रिपोर्ट आने के बाद स्थिति स्पष्ट हो जाएगी। उन्होंने कहा कि मानक विहीन कार्य मिलने पर उसे दोबारा कराया जाएगा और शासन द्वारा संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### जांच के बाद आई रिपोर्ट

एसडीएम सदर प्रतिभा मिश्रा ने कहा कि डीएम के निर्देश पर टीम गठित की गई। टीम ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों में टेक्निकल टीम के साथ सड़क खोदकर जांच की है। कुछ अनियमितता पाई गई है।

## जनसंपादकीय

# ऑस्कर के बहाने जानवरों के गुनी ओझा की याद

**यादवेन्द्र**



अभी ऑस्कर में दो युवा भारतीय फिल्मकारों की बेहद भावपूर्ण डॉक्यूमेंट्री ₹ द एलीफैंट व्हिस्परर्स ₹ को पुरस्कृत किया गया जो हाथियों का पालन पोषण करने वाले दंपति के जीवन पर केन्द्रित है। उन्होंने 500घंटे के शूट को चालीस मिनट में इस अंतरंगता के साथ समेटा है कि पूरी दुनिया में उसे श्रेष्ठ माना गया।

इस खबर ने मुझे लोकप्रियता के कीर्तिमान स्थापित करने वाले उपन्यासों के ब्रिटिश लेखक निकोलस इवांस के अत्यंत लोकप्रिय उपन्यास ₹द हॉर्स व्हिस्परर₹ पर आधारित इसी नाम की फिल्म(रॉबर्ट रेडफोर्ड के निर्देशन में 1998 में बनी) की याद दिला दी -- पाँचवी बार देखा।यह बफीर्ले चढ़ाव पर हुई फिसलने से हुई एक दुर्घटना में घोड़े और उस से गिर कर बुरी तरह से घायल हो गयी लड़की के दुबारा उठ खड़े होने के संघर्ष की शानदार कहानी है जिसे मिल कर सम्भव करते हैं लड़की की दृढ निश्चयी माँ एनी मैक्लीन और अड़ियल घोड़ों को ठीक करने वाला पशु मनोवैज्ञानिक सह ट्रेनर टॉम बुकर - भारत में इनका प्रचलन नहीं है पर पश्चिमी दुनिया में जिन्हें ₹हॉर्स व्हिस्परर जैसे बेहद अर्थपूर्ण सम्बोधन से पुकारते हैं .... दरअसल व्हिस्परर अमेरिकी स्लैंग का कवित्वपूर्ण शब्द है जो उस व्यक्ति के लिए प्रयोग किया जाता है जो किसी जानवर से इस हद तक अंतरंग होता है कि दोनों एक दूसरे की भाषा सहज रूप में समझने लगते हैं और जीवन में आए असाधारण संकटों से उबार सकते हैं। ये वेटनरी की पढ़ाई करने वाले डॉक्टर नहीं होते और इन्हें गुनी ओझा जैसा कुछ कह सकते हैं (भारतीय संदर्भों में इनके साथ बेहद नकारात्मक बातें जुड़ी होती हैं)। पर दुनिया भर में इनकी गिनती शायद दोनों हथेलियों की उँगलियों से ज्यादा न हो।

**निकोलस इवांस का यह उपन्यास "द हॉर्स व्हिस्परर" जिस वास्तविक चरित्र पर आधारित है वह हैं डैन बक ब्रेन्नामन।**

हॉर्स व्हिस्परर फिल्म स्क्रिप्ट के कुछ अंश इस प्रकार हैं,

एनी(मैक्लीन) - मैंने इस आर्टिकल में तुम्हारे काम के बारे में पढ़ा - कि तुम उनलोगों के साथ किस तरह का काम करते हो जिनके घोड़ों के साथ कोई समस्या होती है।

टॉम(बुकर)- दरअसल सच्चाई अलग है ...मैं उन घोड़ों के साथ काम करता हूँ जिनके साथ नहीं बल्कि जिन्हें उनके मालिकों से समस्या होती है। ...

टॉम - जब मैं किसी घोड़े के साथ काम करता हूँ तो उसका इतिहास जानने में पहली दिलचस्पी होती है ....और कुछ गिने चुने मामलों को छोड़ दें तो सभी घोड़े अपनी सारी कहानी खुद बयान कर देते हैं ङ्ख..

मेरी दिलचस्पी हमेशा से घोड़े का पक्ष सुनने और जानने में रही है।....

वहाँ एकत्र समूह गर्मजोशी से हँसता है।टॉम ने अपनी बात राल्फ लॉरेन के मँहगे कपड़े पहन कर खड़ी महिला (एनी) को सुना कर कही जो घेरे से थोड़ी दूरी बना कर खड़ी थी।

टॉम -यदि यह घोड़ा सनकी था या आलसी था - जैसा तुम कह रही हो - तो हम पहले पास जाकर देखेंगे कि उसकी दुम कैसे हरकत करती है .... और उसके कान भी देखेंगे। पर मुझे लगता नहीं कि यह कोई सनकी घोड़ा है .... अलबत्ता मुझे यह बुरी तरह से डरा और घबराया हुआ मालूम होता है। देखो तो उसकी गर्दन की चमड़ी कैसी सिकुड़ी हुई है ,वह यह तय नहीं कर पा रहा है कि जाना किधर है ....

एनी ने सहमति में सिर हिलाया। टॉम पल भर को घोड़े को निहारता है और इस तरह खड़ा रहता है जिस से गोल गोल चक्कर काटते घोड़े के चेहरे की ओर ही लगातार देखता रहे।

टॉम : अब तुम खुद देखो यह कैसे अपने पुट्ठे मेरे सामने कर रहा है ..... मुझे लगता है कि बाड़े से बाहर निकलने में यह आनाकानी इसलिए करता है क्योंकि उसके जख्म दुखते हैं।

एनी : उसको उठने बैठने या घूमने में तकलीफ होती है ,तुम देख सकते हो। मैं उसको धीमी चाल से चलाते हुए ऊँची छलाँग की ओर ले जाना चाहती हूँ ....

निकोलस इवांस का यह उपन्यास ₹द हॉर्स व्हिस्परर₹ जिस वास्तविक चरित्र पर आधारित है वह हैं डैन बक ब्रेन्नामन। वे बारह वर्ष की अवस्था से घोड़ों के साथ खेलते और चोट खाते रहे हैं - कई बार उनकी जान जाते जाते बची पर उन्होंने सबक यह लिया कि सबसे पहले वह कारण जाना जाये जिसके चलते घोड़ा अपना सहज बर्ताव छोड़ कर अलग चलने लगता है ... एकबार यह मालूम हो जाए तो उसका निदान ढूँढना आसान हो जाता है। डैन बिगड़ैल घोड़ों को किसी न किसी दुर्व्यवहार या हिंसा के शिकार रहे बिगड़ैल बच्चे मानते हैं।वे किसी का भरोसा नहीं करते और उन्हें हरदम अंदेशा होता है कि सामने वाला इंसान उनपर हमला कर देगा। पर धैर्य , कुशल नेतृत्व , करुणा और दृढ़ता के साथ इनको अतीत की कु - स्मृतियों से बाहर निकाला जा सकता है। जब घोड़े या कोई भी जानवर मालिक के साथ से सुरक्षित और निडर महसूस करने लगें तब उन दोनों के बीच सही रिश्ता कायम हो सकता है। यदि घोड़ों की बात करें तो डैन का मानना है कि घोड़े सामान्य तौर पर क्षमाशील होते हैं - हम अपने जीवन के जिन हिस्सों के खालीपन को खुद नहीं भर सकते घोड़े उन्हें भरना जानते हैं। वे दरअसल आपको खुश देखना और करना चाहते हैं पर आपको उनके साथ संवेदनशीलता के साथ चलना पड़ेगा।

**( लेखक कथाकार हैं)**

## योगेन्द्र वर्मा व्योम की गजलें

(1)
न जाने किस भँवर में जिन्दगी है/ ठहाके मौन हैं गायब हँसी है
नहीं परछाईयाँ तक साथ देतीं/ इसी का नाम शायद बेबसी है
भटकती है दिशा से वो यकीनन/ नदी जब भी किनारे तोड़ती है
चलीं तूफान बनकर आँधियाँ जब/ परिन्दों ने नई परवाज की है
हुई है मौत जिसकी तिश्नगी में/ उसी की आँख में अब तक नमी है
मिलेगी कोशिशों से ही सफलता/ यही हमको बड़ों ने सीख दी है
कहेगा सच हमेशा तल्खियों से/ तभी तो आँख की वह किरकिरी है
दुआएँ अब असर करती नहीं क्यों/ हमारी ही कहीं कोई कमी है
(2)
गमों में भी हमेशा जिन्दगी जो शाद करता है/ खुदा ऐसे ही बंदे को सदा आबाद करता है
बताता है हुनर हर शख़्स को वह दस्तकारी का/ जरूरतमंद की इस शक्ल में इमदाद करता है
कमाता है हमेशा नेकियाँ कुछ इस तरह से वो / परिन्दों को कफस की कैद से आजाद करता है
कहा उसने कभी वो मतलबी हो ही नहीं सकता/ मगर तकलीफ में ही क्यों खुदा को याद करता है
कभी-भी कामयाबी 'व्योम' उसको मिल नहीं सकती/ हकीकत जानकर भी वक्त जो बरबाद करता है



**चलभाष-9412805981**

# महिला संघर्षों का भविष्य हमारी सोच पर निर्भर है

## आधी आबादी

**डॉ. चित्रा माली**



दो विश्व युद्धों की त्रासदी झेल चुकी दुनिया ने जब विश्व शांति और मानवता की अवधारणा को आत्मसात किया तब युद्धों से होने वाले परिणामों ने खासकर महिलाओं के साथ होने वाली हिंसा और शोषण को उजागर किया । मानवाधिकारों की सार्वभौमिक घोषणा से पूर्व ही संयुक्त राष्ट्र संघ ने 1946 में महिला आयोग का गठन किया जिससे महिलाओं की वास्तविक स्थिति को ज्ञात किया जा सके । वर्ष 1975 को संयुक्त राष्ट्र संघ के द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला वर्ष घोषित किया गया जिसका प्रभाव संपूर्ण विश्व पर देखा जा सकता है । संपूर्ण विश्व की महिलाओं ने एकजुट हो अपनी अलग अस्मिता की पहचान के लिए और अधिकारों के लिए संघर्ष करना आरंभ कर दिया था । फलस्वरूप कई आंदोलनों का जन्म हुआ जिसके केंद्र में स्त्री मुक्ति का स्वप्न था । इस दौर में वैश्विक बहनापे की अवधारणा भी साकार हो रही थी जिसमें समूचे विश्व के महिला आंदोलन एक दूसरे को प्रभावित कर रहे थे । 1979 के महिला अधिकारों के अंतरराष्ट्रीय बिल में सबसे पहले भेदभाव को परिभाषित किया गया तथा महिलाओं के साथ होने वाले भेदभाव के उन सभी क्षेत्रों को चिन्हित किया गया जहां उनके साथ लगातार भेदभाव हो रहा था और जिसे सामान्य तौर पर लिया जा रहा था । भारत में 1975 से 1995 तक महिला अधिकार आंदोलन को चार भागों में विभाजित किया जा सकता है` 1975 से 1980 तक का दौर अधिकारों की चेतना का दौर था` इस समय महिलाओं ने मुखरता से अपनी बात कहना शुरू कर दिया था` 1980 से 1985 का दौर आक्रामकता का प्रतिरोध का दौर था` इसमें महिलाओं ने सामाजिक व्यवस्थाओं को चुनौती देने का कार्य किया,साथ ही शिक्षा और आर्थिक स्वालंबन को वह अपनी मुक्ति के तौर पर देखा` इस दौर में महिलाओं ने समाज और सरकार दोनों से ही अपने अधिकारों के लिए संघर्ष करना प्रारंभ कर दिया था` देश की राजधानी में ही नहीं बल्कि पूरे भारत में महिलाएं अपने अधिकारों के लिए संगठित हो संघर्ष कर रही थीं` इन संघर्षों की खास बात यह थी कि इनका कोई एक नेता या कोई एक संगठन नहीं था ये स्वतः संचालित और गतिमान थे` इसमें दहेज हत्या,बलात्कार, हिंसा और उत्पीड़न के खिलाफ सब एकजुट हो अपने अपने स्तर पर प्रतिरोध कर रहीं थीं` 1985 से 1990 का दौर अपने में कई सारी उपलब्धियों को संजोए हुए था` तत्कालीन प्रधानमंत्री श्री राजीव गांधी ने सत्ता में आते ही महिला एवं बाल विकास विभाग की स्थापना की` राष्ट्रीय आयोग का गठन किया और राष्ट्रीय महिला परिदृश्य 2000 बनाया गया साथ ही राजनीति में और प्रशासनिक पदों पर महिलाओं की संख्या को बढ़ाने के लिए योजनाएं बनाई गई` 1990 में संसद द्वारा महिला आयोग अधिनियम पारित किया गया और 1992 में राष्ट्रीय महिला आयोग का गठन किया गया,जिसका लक्ष्य महिलाओं के समानता,स्वतंत्रता व न्याय के समान अधिकारों का संरक्षण और सभी प्रकार के शोषण से मुक्ति तथा महिलाओं का सशक्तिकरण करना शामिल था । 1990 से 1995 का दौर महिला संघर्षों और आंदोलनों के लिए कड़ी चुनौतियों भरा रहा` इस दौर में भारतीय राजनीति में जातीय समीकरण के साथ साथ सांप्रदायिकता,अपराध और उपभोक्तावाद में जबरदस्त गठजोड़ हुआ` परिणामस्वरूप समाज में हिंसा और अश्लीलता बढ़ी जिसका सीधा असर महिलाओं और उनके अधिकारों पर हुआ` 1975 में जिस महिला सम्मेलन के जरिए देश में महिला संघर्षों और आंदोलनों की शुरूआत हुई थी वह महज 20 वर्षों बाद विश्व महिला सम्मेलन 1995 के आते आते पूंजीवादी ताकतों की चपेट में आ गया` भूमंडलीकरण के जरिए कई और मुद्दों को महिला आंदोलनों पर थोपने की कोशिश की गई । इन महिला संघर्षों को बाहरी और आंतरिक दोनों स्तरों पर चुनौतियों का सामना करना पड़ा,साथ ही इसका प्रभाव महिलाओं पर भी पड़ा जिससे ये आंदोलन कमजोर पड़ने लगे । यह दौर सौंदर्य मिथ (ब्यूटी मिथ) को स्थापित करने का दौर भी था और इसी क्रम में भारत से मिस यूनिवर्स को चुना गया था । इन विषम परिस्थितियों के बावजूद भी महिलाओं के द्वारा संघर्ष होते रहे और हर क्षेत्र में महिलाएं अपनी उपस्थिति को दर्ज करती रही । 1995 के विश्व महिला सम्मेलन के बाद भारत सरकार ने भी महिलाओं के विकास के लिए योजनाएं बनाई । इस राष्ट्रीय नीति का प्रारंभिक प्रारूप 21 नंबर 1995 को जारी किया गया । इस प्रारूप में प्रमुखता से निम्न बिंदुओं का समायोजन किया गया था जिसमें महिलाओं और बालिकाओं के साथ होने वाले भेदभाव को समाप्त किया जाएगा । महिलाओं के उत्थान के लिए समुचित मशीनरी का विकास किया जाएगा । महिलाओं को शिक्षा,स्वास्थ्य, सम्पत्ति और सूचना प्राप्त करने का समान अधिकार प्रदान किया जाएगा । लिंग आधारित जनगणना का विश्लेषण कर समाज में स्थापित कमियों को दूर किया जाएगा तथा महिलाओं की राजनीति में सक्रिय भूमिका और साझेदारी को बढ़ाया जाएगा जिससे वे राजनैतिक निर्णयों में सहभागी बने । भूमंडलीकरण की प्रक्रिया ने महिलाओं को सस्ते श्रमिक के रुप में स्थापित कर दिया था । जिससे उनकी उपस्थिति अब हर व्यवसायिक संस्थानों में होने लगी थी । कार्यक्षेत्र में होने वाली हिंसा और भेदभाव के खिलाफ भी महिलाओं ने और महिला संगठनों ने मिलकर संघर्ष किया और सफलता भी अर्जित की । माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने 13 अगस्त 1997 को विशाखा गाइडलाइंस जारी की जो कामकाजी महिलाओं के अधिकारों के संरक्षण के लिए महत्वपूर्ण कदम था । इसके पूर्व 2013 में कार्यस्थल पर महिलाओं के साथ यौन उत्पीड़न (रोकथाम-निषेध और निवारण) अधिनियम को लागू किया गया । जिसका उद्देश्य कार्यस्थल पर महिलाओं के साथ होने वाले शोषण और हिंसा को रोकना था और कार्यस्थल के वातावरण को महिलाओं के अनुकूल बनाना था । इस अधिनियम द्वारा सभी सरकारी और निजी संस्थानों के लिए महिला प्रकोष्ठ की स्थापना संबंधी दिशा निर्देश जारी किए गए । लेकिन आज भी कई संस्थाओं में महिला प्रकोष्ठ नहीं हैं और जहां पर महिला प्रकोष्ठ है वे उच्च अधिकारियों के हस्तक्षेप से मुक्त नहीं है । सामाजिक दबाव और साहस की कमी भी महिलाओं को अपने साथ होने वाले भेदभाव,हिंसा और शोषण से मुक्त नहीं कर पा रही है। प्रोग्रेस ऑन द सस्टेनेबल डेवलोपमेन्ट गोल्स : द जेंडर स्नैपशाट की 2022 की रिपोर्ट के अनुसार कार्यस्थल पर उच्च पदों पर समान रूप से प्रतिनिधित्व प्राप्त करने में अभी 140 साल का समय और लगेगा और राष्ट्रीय सांसदों में समान प्रतिनिधित्व हासिल करने में कम से कम 40 वर्षों का समय लगेगा । वर्तमान में बाल विवाह को रोकने हेतु जो प्रयास किए जा रहे हैं उन्हें 17 गुना तेज करना होगा तभी सफलता प्राप्त हो सकेगी । वर्ष 2030 तक लैंगिक समानता के लक्ष्य को प्राप्त नहीं किया जा सकता है । वर्तमान प्रगति की गति से वैश्विक स्तर पर पूर्ण लैंगिक समानता हासिल करने में 300 वर्षों का समय लगेगा । लैंगिक समानता के लिए वैश्विक स्तर के साथ साथ क्षेत्रीय स्तर पर सहयोग और भागीदारी को सुनिश्चित करने की आवश्यकता है । इस रिपोर्ट के अनुसार कानूनी संरक्षण में अंतराल को पाटने और भेदभावपूर्ण कानूनों को दूर करने में 286 वर्षों तक का समय लगेगा । वर्तमान समय में हम जिस दौर से गुजर रहे हैं वही स्थिति रही तो अफ्रीका में 2030 में आज की तुलना में महिलाएं और लड़कियां अत्यधिक गरीबी का सामना करेंगी । कोविड -19 और वैश्विक स्तर पर विभिन्न देशों के मध्य हिंसक संघर्षों ने महिलाओं को प्रभावित किया है । वर्तमान समय में पूर्व से अधिक महिलाओं और लड़कियों को विस्थापन का सामना करना पड़ रहा है । वर्ष 2021 के अंत तक लगभग 44 मिलियन महिलाएं और लड़कियां विस्थापित हुई हैं । रूस और यूक्रेन युद्ध ने महिलाओं और बच्चों में खाद्य सुरक्षा की स्थिति को और भी ज्यादा बदतर कर दिया है । वर्ष 2021 में युद्ध प्रभावित क्षेत्रों में लगभग 38 प्रतिशत महिलाओं में गंभीर खाद्य असुरक्षा का सामना किया है । यह रिपोर्ट वैश्विक स्तर पर महिलाओं की स्थिति को बयान करती है लेकिन क्या हम भारत के संदर्भ में नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो की रिपोर्ट्स को गंभीरता से लेते हैं ? या उनके साथ होने वाली हिंसा के प्रति सजग और संवेदनशील है ? ऐसे कई सारे सवालों से कभी कभी रूबरू होना चाहिए जिससे भारतीय समाज व्यवस्था के शोषण और भेदभावपरक रुख को देखा जा सके । बहरहाल दिल्ली क्राइम वेब सीरीज के सीजन दो के एक सीन में पति पत्नी है,जो दोनों ही पुलिस अधिकारी है और नाश्ता करते हुए न्यूज पेपर में प्रकाशित नेशनल क्राइम रिकार्ड ब्यूरो की लेटेस्ट रिपोर्ट पर बात करते हैं । पति जो पुलिस महकमे से रिटायर है वे बताते हैं कि अपराधों में 20 प्रतिशत की वृद्धि हुई है इस पर पत्नी जो ऊढ है कहती है कि अब कम से कम रिपोर्ट दर्ज तो होने लगी । नेशनल क्राइम रिकार्ड ब्यूरो की रिपोर्ट पर क्या हमने कभी नेताओं को सवाल करते हुए और संबंधित अधिकारियों के द्वारा क्या कभी कोई चिंता जाहिर करते हुए सुना है ? क्या इस बात पर हमारा ध्यान कभी जाता है ? ये महज सवाल है जो जागरूक नागरिकों को थोड़ा परेशान कर सकते हैं अगर वे सच्चाई से रूबरू होना चाहे तो नेशनल क्राइम रिकार्ड ब्यूरो की रिपोर्ट को पढ़ सकते हैं । नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो की रिपोर्ट के मुताबिक हर तरह की हिंसा के 4 लाख 28 हजार 278 मामले दर्ज किए गए हैं । जिनमें हिंसा के सर्वाधिक मामले 56 हजार 83 उत्तर प्रदेश के है । इसके बाद 40 हजार 738 मामले राजस्थान के है । इसके बाद 39 हजार 256 मामले महाराष्ट्र के है। महिला अपहरण के सर्वाधिक मामले भी उत्तर प्रदेश 10574 के ही हैं,बिहार में 8661अपहरण के मामले दर्ज हैं । महाराष्ट्र में अपहरण के 7559 मामले दर्ज हैं । महानगरों में अपहरण के सर्वाधिक मामले,दिल्ली 3948,मुंबई 1103,बेगलुरू 578 में दर्ज हैं । यौन हिंसा के सर्वाधिक मामले भी उत्तर प्रदेश 6970 में दर्ज हैं । इसके बाद महाराष्ट्र में 6116 और मध्यप्रदेश में 6012 मामले दर्ज हैं । महानगरों में दिल्ली में 1375 व मुंबई में 1090 यौन हिंसा के मामले दर्ज हैं । बलात्कार के सर्वाधिक मामले राजस्थान में 6337,मध्यप्रदेश में 2845,महाराष्ट्र में 2496 दर्ज हैं । महानगरों में दिल्ली 1226,जयपुर 502,मुंबई 364 मामले दर्ज किए गए हैं । गैंग रेप उत्तर प्रदेश 48, असम में 40,मध्यप्रदेश में 35, व महाराष्ट्र में 27 मामले दर्ज हैं । महिलाओं पर होने वाले हमलों के मामले सर्वाधिक उड़ीसा में 14853,10568 मामले महाराष्ट्र में और तीसरे नंबर पर उत्तर प्रदेश में दर्ज किए गए हैं । महानगरों में दिल्ली में 2022 और मुंबई में 1625 मामले दर्ज किए गए हैं । महिला आत्महत्या के सर्वाधिक मामले महाराष्ट्र में 927,मध्यप्रदेश में 758, और बंगाल में 456 मामले दर्ज हैं । 2012 के निर्भया कांड के बाद और जनता में व्याप्त आक्रोश से यह लग रहा था कि अब इस तरह की हिंसक घटनाओं पर रोक लगेगी लेकिन इसके बाद भी उन्नाव,कठुआ,हैदराबाद,हाथरस,बदायू और बिहार तथा मध्यप्रदेश में घटित घटनाओं को शामिल किया जा सकता है जो और भी घिनौनी और भयावह थी । दुष्कर्म करने के मामलों में भारत में प्रभावी कानून होने के बावजूद भी इनका डर या भय अपराधियों में नहीं है । जबकि पिछले कुछ वर्षों में सख्त कानूनी बदलाव भी हुए हैं । इनमें 3 फरवरी 2013 को क्रिमिनल लॉ अमेंडमेंट ऑर्डिनेंस पारित किया गया । 22 दिसंबर 2015 में राज्यसभा में जुवेनाइल जस्टिस बिल पास हुआ । 2018 में क्रिमिनल लॉ अमेंडमेंट भी किया गया । लेकिन इसके बाद भी नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो के अनुसार रोज 120 रेप के केस रजिस्टर होते हैं । ये तो महज आंकड़े है दुष्कर्म के लेकिन ये महिलाओं के साथ होने वाली हिंसा और अपराध एक व्यवस्था से निर्मित होते हैं । भारतीय पितृसत्तात्मक व्यवस्था में जाति और धर्म के आधार पर भी एक अलग विभेद को देखा जा सकता है । जो अलग अलग जातियों में बंटा है और धर्मों में पितृसत्ताओं की प्रकृति भी उसी के मुताबिक अलग अलग है और यही व्यवस्था धर्म के आधार पर महिलाओं के साथ होने वाली हिंसा और अपराध की सजा में भी भेद करती हैं । उदाहरण के लिए निर्भया और बिल्किस बानो के प्रकरण को देखा जा सकता है । साथ ही उत्तरप्रदेश में छोटी छोटी बच्चियों के साथ हुई गैंग रेप की वारदात को जो निम्न जाति की है और अभी हाल ही में हाथरस दुष्कर्म मामले में सभी रसूखदार आरोपियों को बरी कर दिया गया है जो भारतीय न्याय व्यवस्था के लूपहोल्स को भी उजागर करती है। भारतीय संविधान महिलाओं और पुरुषों को समान अधिकार प्रदान करता हैं । लेकिन क्या ये सभी समानताएं 21 वीं सदी के तीसरे दशक में भी परिलक्षित होती हैं? कई लोग तर्क दे सकते है कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी सक्रिय उपस्थिति दर्ज करा रही हैं और उन्हें अवसरों की समानता है । इस तर्क को स्वीकार किया जा सकता है लेकिन हर क्षेत्र में अवसर की समानता उतनी सहज नहीं है जितनी पुरुषों को है साथ ही इसकी एक कीमत भी उसे चुकानी पड़ती है शिवानी भटनागर और जेसिका लाल के नाम शायद आज भी स्मृतियों में जिंदा हो । अपनी योग्यता साबित करते रहने के साथ साथ कई बार महिला होने के नाते भी समस्याओं,भेदभाव और हिंसा का सामना करना पड़ता है । पारिवारिक जिम्मेदारियों के साथ साथ कार्यस्थल की जिम्मेदारियों का संयोजन भी बखूबी महिलाएं करती आई है और लगातार कर रही है । भारतीय समाज व्यवस्था में महिलाओं की समानता,स्वतंत्रता,न्याय के अधिकार और उनके प्रति संवेदनशीलता के इर्द गिर्द कई सारे सवाल आज भी मौजूद है जिन पर विमर्श की लगातार दरकार है । महिलाओं को अपने संघर्ष को आत्मसात कर अपने अधिकारों के लिए जागरूक हो धर्म,जाति और वर्ग की भेदभाव परक दृष्टिकोण से मुक्त हो एकजुट हो संघर्ष करना होगा ।

**(सहायक प्रोफेसर, गांधी एवं शांति अध्ययन विभाग, क्षेत्रीय केंद्र कोलकाता)**

# बहुसंख्यकवादी राजनीति का उभार

## प्रसंगवश

**राम पुनियानी**



एक ओर भारतीय मुसलमानों पर अत्याचार बढ़ रहे हैं तो दूसरी ओर कुछ मुस्लिम नेता और बुद्धिजीवी आरएसएस के द्वारे खड़े हैं। वे चाहते हैं कि आरएसएस उनके साथ संवाद करे। क्या मुस्लिम समुदाय असमंजस में है? क्या उसे समझ नहीं आ रहा कि वह क्या करे?

भारत के विभाजन ने मुसलमानों को गंभीर संकट में डाल दिया था। पाकिस्तान का निर्माण अनेक जटिल कारकों का नतीजा था, जिसमें मुस्लिम और हिन्दू साम्प्रदायिक तत्वों के पूर्ण सहयोग से ब्रिटिश शासकों द्वारा लागू की गई ह्यबांटों और राज करोह्न की नीति की प्रमुख भूमिका थी। पाकिस्तान के निर्माण की मांग मुख्य रूप से मुसलमानों के कुलीन वर्ग की थी परंतु कुछ अन्य वर्गों को भी अपने एक अलग देश का विचार आकर्षक लग रहा था। जो हिस्सा पूर्वी और पश्चिमी पाकिस्तान बना, उसमें मुख्यतः मुस्लिम बहुल इलाके थे। परंतु जितने मुसलमान इन इलाकों में रहते थे लगभग उतने ही पूरे भारत के अन्य क्षेत्रों में बिखरे हुए थे। उन्हें देश को धर्म के नाम पर बांटने का प्रतिगामी कदम अच्छा नहीं लगा। वे पाक (पवित्र) भूमि पर रहने के न तो इच्छुक थे और ना ही वे वहां गए। आगे चलकर पूर्वी पाकिस्तान एक नया देश - बांग्लादेश - बन गया। इससे इस विचार की हवा निकल गई कि धर्म, राष्ट्र का आधार हो सकता है।

जिन मुसलमानों ने भारत में रहने का निर्णय लिया उन पर यह तोहमत लगाई जाती है कि जब उनके लिए एक अलग देश बनाया गया था तो वे वहां क्यों नहीं गए और यह भी कि वे पाकिस्तान के प्रति वफादार हैं। देश के विभाजन के बाद मुस्लिम साम्प्रदायिक ताकतें बहुत कमजोर हो गईं। परंतु इसके बावजूद वे समय समय पर हिन्दू साम्प्रदायिकतावादियों को आग लगाने के बहाने देती रहीं। धीरे-धीरे बहुसंख्यकवादी राजनीति का बोलबाला बढ़ने लगा और 1996 में वे देश में सत्ता में आने में सफल हो गईं। पिछले नौ सालों से ये ताकतें हमारे देश पर शासन कर रही हैं।

साम्प्रदायिक ताकतों के बढ़ते प्रभाव का एक नतीजा था अल्पसंख्यकों के खिलाफ हिंसा में बढोत्तरी जिसके नतीजे में अल्पसंख्यक स्वयं को असुरक्षित महसूस करने लगे और अपने मोहल्लों में सिमट गए। इन मोहल्लों के चारों ओर नफरत की चहारदीवारी बना दी गई है। इसके अंदर रहने वालों को डराना-धमकाना या उनके खिलाफ हिंसा करना आम और स्वीकार्य हो चला है। यहां तक कि उनके मकानों पर चढ़ते बुलडोजर कुछ लोगों को तालियां बजाने का पर्याप्त कारण लगते हैं। मुस्लिम समुदाय पहले से ही आर्थिक और सामाजिक दृष्टि से कमजोर था। हाशियाकरण और असुरक्षा के भाव ने उसकी स्थिति और खराब कर दी है।

पूर्व में जो पार्टी इस देश पर शासन करती थी, उसे मुसलमानों की बेहतरी के लिए सकारात्मक कदम न उठाने के आरोप से बरी नहीं किया जा सकता। साथ ही यह भी सच है कि यह पार्टी जब भी मुसलमानों की बेहतरी की बात करती थी उस पर तुष्टिकरण की राजनीति करने का आरोप तुरंत चस्पा कर दिया जाता था। सच यह है कि अगर किसी तरह का तुष्टिकरण हुआ है तो वह मुस्लिम समुदाय के कट्टरपंथी, दकियानूसी तबके के आगे झुकने के रूप में हुआ है। जहां तक आम मुसलमानों का सवाल है, उनके हालात तो बिगड़ते ही गए हैं। सच्चर समिति ने मुसलमानों की बदहाली पर पर्याप्त रोशनी डाली थी परंतु राज्य ने इन वर्गों के लिए कुछ नहीं किया क्योंकि कुछ भी करने का अर्थ था तुष्टिकरण व वोट बैंक की राजनीति करने के आरोपों को निमंत्रण देना।

इस समस्या को एक उदाहरण से समझा जा सकता है। सच्चर समिति की रपट प्रस्तुत होने के बाद तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने एक सामान्य सी टिप्पणी की कि वंचित वर्गों, (जिनमें मुसलमान भी शामिल हैं) का देश के संसाधनों पर पहला हक है। इसके तुरंत बाद शाखाओं और गोदी मीडिया के विशाल नेटवर्क ने आसमान सिर पर उठा लिया। ऐसा प्रचारित किया गया मानो मनमोहन सिंह देश की कौड़ी-कौड़ी मुसलमानों को दे देना चाहते हैं। उनके स्पष्टीकरण को किसी ने नहीं सुना। उन्होंने बार-बार कहा कि ह्यसंसाधनों पर पहला हकह्न से आशय उन सभी कार्यक्रमों के लिए धन उपलब्ध करवाना है जो अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों, अन्य पिछड़ा वर्गों, महिलाओं, बच्चों और अल्पसंख्यकों की बेहतरी के लिए चलाए जा रहे हैं। हिन्दू राष्ट्रवादी राजनीति इतनी डरावनी हो चुकी थी और उसका प्रचार तंत्र इतना शक्तिशाली और खतरनाक था कि कम से कम औपचारिक रूप से धर्मनिरपेक्षता में आस्था रखने वाली कांग्रेस भी अल्पसंख्यकों (मुसलमानों व ईसाई) के वैध अधिकारों की बात तक नहीं कर सकी।

आज मुसलमानों का एक वर्ग समुदाय के कट्टरपंथी और दकियानूसी नेतृत्व का विरोध कर रहा है। मुसलमानों का नेतृत्व अधिकांशतः मौलाना मार्का लोगों के हाथों में है जो कुएं के मेंढक से अधिक कुछ नहीं हैं। यह सही है कि यह नेतृत्व समुदाय के भीतर से सुधार नहीं आने दे रहा है। ह्यनरमपंथीह्न और धर्मनिरपेक्ष प्रजातंत्र में आस्था रखने वाले मुस्लिम नेताओं का उनके समुदाय में सीमित प्रभाव है। आम मुसलमान हिंसा और नफरत की राजनीति से बुरी तरह डरे हुए हैं। उनके पूर्वजों द्वारा तथाकथित रूप से हिन्दुओं पर अत्याचार करने के लिए उन्हें दोषी ठहराया जा रहा है। इसके अलावा अमरीका व अन्य साम्राज्यवादी ताकतों द्वारा कच्चे तेल के संसाधनों पर कब्जा करने के प्रयासों के चलते ओसामा बिन लादेन जैसे तत्व उभरे और इससे पश्चिमी मीडिया को ह्यइस्लामिक आतंकवादह्न जैसे शब्द गढ़ने का मौका मिल गया। इस्लामिक आतंकवाद की इस अवधारणा ने न जाने कितने युवा मुसलमानों का करियर नष्ट कर दिया। मोहसिन शेख नामक एक आईटी कर्मी की हत्या कर दी गई। आतंकवाद की हर घटना के लिए मुसलमानों और केवल मुसलमानों को दोषी ठहराने की प्रवृत्ति के चलते हर मुसलमान को अपराधी के रूप में देखा जाने लगा।

जहां धर्मनिरपेक्ष प्रजातंत्र में आस्था रखने वाले मुस्लिम समुदाय के कुछ नेता समझदारी की बातें कर रहे हैं वहीं अधिकांश मुसलमान दकियानूसी नेताओं के प्रभाव में है। कुछ प्रगतिशील मुस्लिम महिलाओं ने तीन तलाक, बुर्का और बहुपत्नि प्रथा आदि के खिलाफ आवाज उठाई। परंतु उन्हें सबसे ज्यादा समर्थन हिन्दू बहुसंख्यकवादी राजनीति से मिला। इस राजनीति के पैरोकारों का दावा है कि उनका एकमात्र लक्ष्य मुस्लिम महिलाओं की भलाई है। यह बात अलग है कि इन्हीं ताकतों ने वे परिस्थितियां निर्मित कीं जिनके चलते मुस्लिम महिलाओं को शाहीन बाग जैसे आंदोलन करने पड़े ताकि उनके अधिकार उन्हें हासिल हो सकें और उन्हें हिरासत शिविरों में दिन न काटने पड़ें।


धर्मनिरपेक्ष पार्टियों की अक्षमता के चलते मुसलमानों का एक वर्ग संघ-भाजपा से जुड़ सकता है। मुसलमानों के एक तबके, जिसमें मुख्यतः पसमांदा, बोहरा और सूफी शामिल हैं, को अपने से जोड़ने के लिए संघ गंभीर प्रयास कर रहा है। आरएसएस के प्रचारक इन्द्रेश कुमार के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय मुस्लिम मंच मुसलमानों को हिन्दू राष्ट्र की राजनीति से जोड़ने का प्रयास कर रहा है। हाल में नरेन्द्र मोदी, मुसलमानों के सबसे समृद्ध वर्ग - बोहरा - के एक सम्मेलन में पहुंचे जहां उन्होंने कहा कि वे अपने परिवार के बीच आए हैं। एक तरफ मोनू मनेसर जैसे लोग मुसलमानों को जिंदा जला रहे हैं तो दूसरी तरफ आरएसएस के मुखिया एस. वाय. कुरैशी व अन्य प्रमुख मुसलमानों के शिष्टमंडल से विचार-विनिमय कर रहे हैं। यह कमाल केवल कई मुंह वाला आरएसएस जैसा संगठन ही कर सकता है।

मुसलमान क्या करें? किस दिशा में जाएं? सबसे पहले उन्हें यह समझना चाहिए कि अन्य पार्टियों की अपनी कमजोरियां हो सकती हैं परंतु उनमें से कोई भी ह्यहिन्दू राष्ट्रह्न बनाने की बात नहीं करती। दूसरे, अपने पर जुल्म करने वाले के आगे दंडवत करने की बजाए ऐसी राजनैतिक ताकतों से जुड़ना बेहतर होगा जो भारत के संविधान में निहित मूल्यों के प्रति प्रतिबद्ध हों। ऐसी ताकतों और ऐसे दलों पर यह दबाव बनाया जाना चाहिए कि वे मौलाना आजाद और महात्मा गांधी द्वारा दिखाई गई राह पर चलें।

**(लेखक आईआईटी मुंबई में पढ़ाते थे और सन 2007 के नेशनल कम्यूनल हामोर्नी एवार्ड से सम्मानित हैं)**

## व्यंग्य

# रुदालियाँ चुप हैं



**सुधाकर आशावादी**

रुदन रुदालियों का पेशा है। जब कोई वास्तव में रोने वाला न मिले, तो दिहाड़ी पर रुदालियों को बुलाना मजबूरी होता है। जो रुदालियाँ अपने कार्य को अच्छे से पूरा करती हैं, उनकी डिमांड भी अधिक होती है और दिहाड़ी भी। अपने यहाँ कुछ खास परिवारों ने रुदालियों को दिहाड़ी की जगह नौकरी पर रखा हुआ है। उनका कार्य रोज सुबह अखबार पढकर या टीवी चैनल्स पर समाचार देखकर शुरू हो जाता है। रुदालियों को मालिक निर्देशित करता है कि किस घटना, दुर्घटना, कथन पर विलाप करना है और किस समाचार की अनदेखी करनी है, चुप्पी साधनी है। रुदालियाँ अपने कार्य में पारंगत होती हैं, सो दिशा निदेशों का अक्षरशः अनुपालन करती हैं। रुदालियों के मालिक भी कुछ कम नहीं हैं। उनके अपने अपने विमर्श हैं। वे अपने मतानुसार आचरण करते हैं, उन्हें पता है कि कब दिन को रात और रात को दिन कहना है। उन्हें वास्तविक घटनाओं या समाचारों में दिखाए व बताए गए सत्य को कैसे झुठलाना है। उन्हें लघु और दीर्घ स्वर समझ नहीं आते, यदि आते भी हैं तो वे उन शब्दों को समझना नहीं चाहते। वे जानते हैं कि यदि भावार्थ सही से समझ लिया तो उनका विमर्श उन्हें मुँह चिढ़ाएगा, वे अपने मंसूबों में सफल नहीं हो पाएंगे। सो वे रुदालियों को तैयार रखते हैं कि जैसे भी हो सत्य का विरोध करना है। उन्हें विदेशी समाचार पत्रों, विदेशी जाँच एजेंसियों पर पूरा विश्वास रहता है कि वे कभी गलत नहीं हो सकते। वे अपने देश की जाँच एजेंसियों, समाचार पत्रों, टीवी चैनल्स को भरोसेमंद नहीं मानते। सो हर विदेशी प्रचार के आधार पर अपने देश के विरोध में रुदालियों से स्यापा कराना उनकी पहली प्राथमिकता रहती है। देश के उद्योगपति, देश के कारोबारी, आत्मनिर्भर भारत के अभिप्रेरक पुरुष उनकी नजर में दीन हीन हैं, जिन्हें स्वदेशी उत्पादों को बाजार देने से परहेज करना चाहिए। उनके लिए विदेशी ब्राण्ड का सम्मान ही सर्वोपरि है, वह घर की योग्यता को घर की मुर्गी दाल बराबर मानते हैं, सो रुदालियों को हर बात पर रूदन के लिए मंच प्रदान करते हैं। वाशिंगटन पोस्ट हो या न्यूयार्क टाइम्स, ब्रिटेन में किसी मशालची द्वारा अपनी कुढ़न, जलन परोसने का समाचार हो या अपने घर के विरोध में कहा गया कोई भी वाक्य, ऐसे सभी मामलों में रुदालियाँ चुप्पी साध लेती हैं। उनका रुदन शुरू नहीं होता, वे विलाप नहीं करती, किन्तु जैसे ही उन्हें किसी शत्रु से अपने घर के किसी विरोधी का कोई समाचार मिलता है, तो वह उस शत्रु के पक्ष में खड़ी होकर अपने ही घर के मुखिया के विरूद्ध कलपने लगती हैं। अपने घर के शेयर बाजार में किसी बड़े कारोबारी के शेयर किसी दिन कम हुए तो वे मुखिया को कोसने लगती है और विदेश में कोई बड़ा बैंक दिवालिया भी हो जाए , तो रुदालियों की आँख से एक आंसू भी नहीं टपकता। निसंदेह जब किसी लोकतान्त्रिक घर में विपक्ष नाकारा हो जाए, घर में किसी की बात को सम्मान न मिले, किसी के मुँह पर टेप लगाकर उसे बोलने न दिया जा रहा हो, वह अपने मन की भड़ास सात समंदर पार जाकर निकाले, तब रुदालियों का रूदन अपनी उपयोगिता सिद्ध करने में समर्थ होता ही है।

**( लेखक व्यंग्यकार हैं, संपर्क - 9758341282)**

रचनाएं हमें ई-मेल से भी भेज सकते हैं-
<raisubhash953@gmail.com>

# पुराना सर्वे निरस्त करने की ग्रामीणों ने उठायी मांग

**रोष**

जिला मुख्यालय पर किया प्रदर्शन

शासन, प्रशासन को सौंपा ज्ञापन

मंदुरी हवाई पट्टी के लिए भूमि अधिग्रहण का मामला

जनसंदेश न्यूज




**आजमगढ़।** मन्दुरी हवाई पट्टी को अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा बनाने हेतु प्रशासन द्वारा भेजे गये सर्वे के विरोध में आशियाना बचाओ ग्रामवासी मोर्चा ने कलेक्ट्रेट स्थित रिक्शा स्टैण्ड पर जनसभा कर धरना दिया। जनसभा के बाद ग्रामीणों ने जिलाधिकारी एवं कमिश्नर से मिलकर मुख्यमंत्री, राज्यपाल, उड्डयन मंत्रालय एवं राष्ट्रपति सहित प्रधानमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन सौंपा।

वक्ताओं ने कहा कि इसके पूर्व बीते 2 नवम्बर 2022 एवं 15 दिसम्बर, 2022 को कलेक्ट्रेट पर धरना-प्रदर्शन करके शासन को सम्बोधित ज्ञापन सौंपा गया था। इस ज्ञापन पर शासन द्वारा संज्ञान लेते हुये नागरिक उड्डयन विभाग के पत्र संख्या 1996, 6 जनवरी, 2023 द्वारा जिलाधिकारी से यह प्रस्ताव मांगा गया है कि इन 8 गांवों के 4000 घरों एवं उससे सटी उपजाऊ जमीनों को छोड़कर अन्य कोई दूसरा विकल्प हो तो उसे शीघ्र उपलब्ध करायें। वक्ताओं ने कहा कि दुर्भाग्य की बात यह है कि शासन के इस पत्र को जिला प्रशासन दबाकर बैठा हुआ है। जबकि जिला प्रशासन को चाहिए था कि इन 8 गांवों के पुराने सर्वे को निरस्त करके नया विकल्प शासन को उपलब्ध कराता, किन्तु वह ऐसा न करके खिरिया की बाग स्थित धरना को समाप्त कराने की अपील कर रहा है और कह रहा है कि बिना आपकी सहमति के आपका मकान व जमीन प्रशासन नहीं लेगा। जबकि प्रशासन को मालूम है कि इन 8 गांवों के लोग अपने मकान व उससे सटी उपजाऊ जमीनें देने के लिये सहमत नहीं हैं, फिर भी वह आन्दोलनरत ग्रामवासियों से सहमति लेने का कुप्रयास कर रहा है। जब शासन हवाई अड्डे के विस्तार हेतु नया विकल्प मांग रहा है, तो प्रशासन नया विकल्प क्यों नहीं बता रहा है और पुराना सर्वे निरस्त करने हेतु शासन को पत्र क्यों नहीं लिख रहा है। जाहिर है कि प्रशासन आज भी मनमानी कर रहा है और शासन को नया विकल्प नहीं भेज रहा है। इसलिए इन 8 गांवों के ग्रामीणों द्वारा शासन के पत्र 6 जनवरी, 2023 का अनुपालन करने एवं पुराना सर्वे निरस्त कराने हेतु पुनः कलेक्ट्रेट पर धरना देकर अपना विरोध दर्ज कराया गया।

धरने की अध्यक्षता डा.राधेश्याम व संचालन श्याम नरायन सिंह ने किया। सभा को ज्ञानराम, शिव प्रकाश यादव, ओमहरी प्रजापति, शिवबचन, रामकवल, नीरज राय, ओम प्रकाश सिंह, जीत नरायन यादव, केदार वर्मा, मुन्ना लाल, सुरेश चन्द, संगीता व सुभावती ने भी सम्बोधित किया।

# संदिग्धावस्था में फांसी लगा युवती ने दी जान

जनसंदेश न्यूज

**पवई (आजमगढ़)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के हंडिया गांव में बुधवार को एक युवती ने संदिग्धावस्था में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी हुई तो परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

हंडिया गांव निवासी इकरार अहमद विदेश रहता है। परिवार में उसके माता-पिता, पत्नी और दो बच्चे हैं। बुधवार की सुबह परिवार के सभी सदस्य घर के बाहर थे। इसी बीच इकरार की पत्नी नाजिया 36 वर्ष रस्सी के सहारे छत में लगे पंखे के हुक से लटक कर जान दे दी। आनन-फानन में उसे फंदे से उतारा गया। लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। मृतक नाजिया के एक पुत्र व एक पुत्री है।

# विद्युत कर्मियों ने कार्य बहिष्कार कर दिया धरना

जनसंदेश न्यूज

**आजमगढ़।** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उप्र के आह्वान पर प्रदेश के सभी ऊर्जा निगमों के बिजली कर्मचारियों, जूनियर इंजीनियरों, अभियन्ताओं और निविदा, संविदा कर्मियों ने बुधवार को प्रातः 10 बजे से कार्य बहिष्कार प्रारम्भ कर दिया।

संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि नेशनल कोऑर्डिनेशन कमेटी के राष्ट्रीय संयोजक प्रशांत चैधरी, ऑल इण्डिया पॉवर इंजीनियर्स फेडरेशन के सेक्रेटरी जनरल पी. रत्नाकर राव, सीटू के सुभाष लांबा और कई अन्य राष्ट्रीय नेता 16 मार्च को सुबह लखनऊ पहुंच रहे हैं। संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि 16 मार्च की रात 10 बजे से 72 घण्टे की सांकेतिक हड़ताल होगी। उन्होंने बताया कि ऊर्जा निगमों के शीर्ष प्रबन्धन की हठवादिता के चलते बिजली कर्मियों पर हड़ताल थोपी जा रही है। पारेषण के निजीकरण को रोकने व अन्य न्यायोचित मांगों के सार्थक समाधान किये जाने के उल्टे शांतिपूर्ण ढंग से आन्दोलन कर रहे बिजली कर्मियों को पुलिस उत्पीड़न की धमकी दी जा रही है।

संघर्ष समिति के पदाधिकारियों राज नारायण सिंह मुन्नवर अली संदीप प्रजापति आशुतोष यादव निखिल सिंह राम पाल सिंह यादव नीरज त्रिपाठी एमके अग्रवाल ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रति पूरा सम्मान व निष्ठा व्यक्त करते हुए समझौते को लागू कराने हेतु प्रभावी हस्तक्षेप करने की पुनः अपील की है। उन्होंने कहा कि बिजली कर्मियों का उद्देश्य हड़ताल कदापि नहीं है, हड़ताल उन पर थोपी जा रही है। यदि समझौते का क्रियान्वयन व अन्य न्यायोचित मांगों के सार्थक समाधान हो जाये तो बिजली कर्मी पूरी निष्ठा से दिन-रात कार्य कर उप्र को बिजली आपूर्ति के मामले में शीर्ष दर्जा दिलाने में सक्षम हैं।

# शादी का झांसा देकर लूट करने वाले गिरोह का भंडाफोड़

**कामयाबी**

गिरोह के सदस्य को पुलिस ने किया गिरफ्तार

जनसंदेश न्यूज



पुलिस की गिरफ्त में आरोपी

**महराजगंज (आजमगढ़)।** स्थानीय थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर शादी का झांसा देकर लूट करने वाले दो महिला सहित तीन लोगों को सरदहा बाजार से गिरफ्तार कर सम्बंधित धाराओं में जेल भेज दिया।

महराजगंज थाना क्षेत्र में विगत कुछ दिन पूर्व सुरेश कुमार जाट निवासी सिहुरा थाना जमुनापार जिला मथुरा लिखित तहरीर दिया था कि अपनी शादी करने के लिए अपने मौसी के लड़के अशोक व साथी रमाकान्त के साथ आजमगढ आया था। आजमगढ़ से बुढऊ बाबा मन्दिर के पास लड़की दिखाने के लिए रूद्रेश सिंह निवासी बैसही थाना धनघटा जनपद सन्तकबीरनगर, वेदप्रकाश विश्वकर्मा निवासी हैदराबाद थाना रौनापार, प्रेम विश्वकर्मा सहदेवगंज थाना महराजगंज, प्रदीप राय निवासी अवतीपहलवानपुर थाना कन्धरापुर, शीलावती निवासी हाजीपुर थाना रौनापार, व सविता निवासी ताहिरपुर बघावर थाना रौनापार जनपद आजमगढ़, उपरोक्त सभी लोग लड़की सविता को शादी के नाम पर दिखाये तथा शादी के नाम पर शिकायत कर्ता से 1 लाख 30 हजार रूपया ले लिये। 16 फरवरी को बुढ़ऊ बाबा स्थान पर शिकायतकर्ता अपने साथियो के साथ लड़की सविता से शादी के लिए इन्तजार कर रहा था कि शाम को इनके साथी रोहित कुमार सिंह व अविनाश सिंह हम लोगों को गाडी में बैठाकर एक मुर्गी फार्म पर ले जाकर कमरे में बंद कर दिये व एक लाख रुपये देने की माँग किये न देने पर हम लोगों को मारे पिटे व जान से मारने की धमकी दिये। शिकायत कर्ता ने तहरीर मे बताया कि वह पेशाब करने के बहाने वहा से भाग कर गया और अपने साथियों को बचाने के लिए पुलिस से गुहार लगायी। इस सूचना पर थाना स्थानीय पर सुसंगत धाराओं मे मुकदमा पंजीकृत कर अभियुक्त रोहित कुमार सिंह और उसके एक साथी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था व अन्य अभियुक्तो की तलाश मे जुट गयी। पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य के निर्देश के क्रम मे पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, क्षेत्राधिकारी सगड़ी व थानाध्यक्ष कमलकान्त वर्मा के नेतृत्व में बुधवार को अभियुक्तागण वेदप्रकाश विश्वकर्मा, शीलावती, सविता को मुखबीर की खास सूचना पर सरदहा बाजार से गिरफ्तार करने मे बड़ी कामयाबी हासिल कीं पुलिस के मुताबिक यह गिरोह महराजगंज थाना क्षेत्र के साथ साथ आस पास के कई थाना क्षेत्रों मे शादी के नाम पर लूट की घटना को अंजाम देते थे। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्तों पर विधिक कार्यवाही कर उन्हें जेल भेज दिया गया।

# प्रधान के खिलाफ ग्रामीणों ने किया विरोध प्रदर्शन

**नाराजगी**

आवास के लिए धनउगाही का लगाया आरोप

जनसंदेश न्यूज



प्रधान के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करते ग्रामीण।

**बूढ़नपुर (आजमगढ़)।** स्थानीय तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत धौरहरा गांव के ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान पर आवास के लिए धनउगाही का अरोप लगाते हुए विरोध प्रदर्शन किया।

ग्रामीणों का आरोप है कि प्रधान गीता मौर्या प्रधान प्रतिनिधि अशोक मौर्या ग्राम धौराहरा ब्लॉक अतरौलिया द्वारा आवास के नाम पर धनउगाही की जा रही हैं आज ग्रामीणों ने ग्राम सभा में भव्य विरोध प्रदर्शन किया साथ ही आरोप लगाया कि इस समय सरकार द्वारा हम गरीबों को आवास दिया गया है जिसका निर्माण कराना अत्यंत आवश्यक है दूसरी तरफ प्रधान द्वारा आवास के नाम पर हम लोगों से धन उगाही की जा रही है। प्रधान द्वारा धमकी दी जाती है कि अगर आवास का निर्माण करना चाहते हो तो पहली किस्त का पैसा हमको दे दो तभी आवास का पूरा पैसा मिलेगा अन्यथा आपका आवास मैं कटवा दूंगा क्योंकि अधिकारियों को भी पैसा देना होता है इस संबंध में ग्रामीणों ने इसकी शिकायत संबंधित अधिकारी से की लेकिन विभाग द्वारा संतोष जनक कार्रवाई न होने से और प्रधान द्वारा बार-बार पैसा मांगने के कारण आज ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन का रास्ता अख्तियार किया इतना ही नहीं ग्रामीणों ने यह चेतावनी दी कि अगर प्रधान के विरुद्ध कार्यवाही नहीं हुई तो हम ग्रामीण ब्लॉक परिसर का घेराव करने के लिए बाध्य होंगे। विरोध प्रदर्शन में श्याम दुलारी, रीना, लक्ष्मीना, बंदना, संगीता, सावित्री, रामप्रसाद, सविता मिश्रा सहित भारी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं।

# प्रधान संघ के धरने पर पहुंचीं सांसद संगीता आजाद

**धरना**

प्रधानों की मांगों को संसद में उठाने का आश्वासन



प्रधान संघ के धरने पर बैठी सांसद संगीता आजाद

**ठेकमा (आजमगढ़)।** भारतीय प्रधान संघ के बैनर तले 75 दिन से धरने पर बैठे उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ के प्रधानों के धरने पर लालगंज सांसद संगीता आजाद पहुंची। प्रधानों ने अपनी 16 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सांसद को सौंपा।

दिल्ली के जंतर मंतर पर भारतीय प्रधान संघ के बैनर तले 75 दिन से धरने में बैठे उत्तर प्रदेश के जनपद आजमगढ़ के सैकड़ों प्रधानों के धरने पर बुधवार को सांसद संगीता आजाद पहुचकर धरने का समर्थन किया। इस दौरान प्रधानों ने सांसद संगीता आजाद को 16 सूत्री मांगों का ज्ञापन सौंपा। सांसद संगीता आजाद ने प्रधानों की उचित मांगों का समर्थन करते हुए ज्ञापन लेकर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को सौंपा जिससे प्रधानों में काफी हर्ष दिखा प्रधानों की मांग को सांसद ने सड़क से लेकर संसद तक उठाने का आश्वासन दिया।

सांसद ने कहा कि प्रधानों की मांग जायज है और इसका मैं पूर्णरूप से समर्थन करते हुए उसे सदन में लाकर सरकार तक पहुंचाऊंगी उत्तर प्रदेश के जनपद आजमगढ़ के प्रधान संघ के पदाधिकारी एवं प्रधान संघ सदस्य प्रधान सुरेश पासी, मुन्ना प्रधान, रामचेत चैरसिया प्रधान, राजेपुर प्रमोद कर्नल प्रधान, बेलाखास सहित लालगंज लोकसभा से संबंधित दर्जनों प्रधान धरने में उपस्थित रहे। लोगों ने सांसद को उनकी आवाज संसद तक पहुंचाने के लिए भूरी भूरी प्रशंसा करते हुए आभार प्रकट किया।

# पीड़ित ने अधिकारियों से लगाई न्याय की गुहार



न्याय की गुहार लगाने जाता पीड़ित तिलकधारी।

**अतरौलिया (आजमगढ़)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के अटहरा गांव निवासी तिलकधारी पुत्र रामलाल ने जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र के माध्यम से अवगत कराया है कि प्रार्थी राजस्व ग्राम अटहरा के गाटा संख्या 360 जिसका पक्की पैमाइश करवा कर उस पर पहले से काबिज है। उसी गाटा नंबर से सटा हुआ गाटा संख्या 361 है जो खोर के रास्ते में दर्ज है। उक्त गाटा संख्या पर प्रार्थी द्वारा दीवानी न्यायालय में सन 2008 में वाद आयोजित कर स्थाई निषेधाज्ञा प्राप्त किया है लेकिन गांव के कुछ लोगों द्वारा उसे निर्माण कार्य रुकवा कर हमेशा परेशान करते रहते हैं।

प्रार्थी गाटा संख्या 360 के भूमिधारी भूमि में 2008 में 12 फुट ऊंची दीवार तैयार किया है लेकिन पैसा न होने के कारण छत नहीं डलवा सका तथा उक्त आराजी पर एसडीएम बूढ़नपुर को प्रार्थना पत्र भी प्राप्त है जिसमें राजस्व निरीक्षक व लेखपाल से जांच करवा कर लिखित आदेश भी प्रार्थी को मिला हुआ है। इसके बावजूद भी पीड़ित तिलकधारी अपना निर्माण कार्य नहीं करा पा रहा है। पीड़ित ने बताया कि जब से मैं मुकदमा जीता हूं तब से संजय छोटेलाल अरविंद आदि द्वारा बार-बार ग्रामीणों को भड़का कर मेरा निर्माण कार्य रुकवा दिया जाता है जिसे लेकर उप जिलाधिकारी ने उक्त गाटा संख्या पर आदेश भी पारित किया है।

मैं अपनी आराजी नंबर 360 पर ही निर्माण कार्य करवा रहा हूं जो गाटा संख्या 361 जो खोर रास्ते के खाते में दर्ज है उस जमीन से 5 फीट की दूरी छोड़ कर अपना निर्माण कार्य करवा रहा हूं।

## कई थाना प्रभारी हुए इधर से उधर

**आजमगढ़।** जनपद की पुलिसिंग व्यवस्था को चुस्त दुरूस्त करने के लिए पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने कई थाना प्रभारियों को नई तैनाती दी है। उन्होंने बताया कि शशीचंद्र चैधरी प्रभारी निरीक्षक कोतवाली को प्रभारी निरीक्षक रानी की सराय, राज कुमार सिंह को प्रभारी निरीक्षक मुबारकपुर से प्रभारी निरीक्षक कोतवाली, राजेश कुमार सिंह प्रभारी निरीक्षक रानी की सराय से प्रभारी निरीक्षक कप्तानगंज, राजेश कुमार प्रभारी थाना कप्तानगंज को प्रभारी थाना मुबारकपुर, निरीक्षक संजय सिंह प्रभारी निरीक्षक बरदह से प्रभारी निरीक्षक जहानागंज, निरीक्षक विकास चंद्र पांडेय निरीक्षक अपराध कोतवाली से प्रभारी निरीक्षक बरदह, उपनिरीक्षक विनय कुमार सिंह थानाध्यक्ष जहानागंज से थानाध्यक्ष मेंहनगर, उपनिरीक्षक अनिल कुमार सिंह थानाध्यक्ष मेहनगर से पीआरओ पु.अ.द्वितीय, उपनिरीक्षक राम प्रसाद बिन्द वाचक-पु.अ. को थानाध्यक्ष रौनापार, उपनिरीक्षक कौशल कुमार पाठक थानाध्यक्ष रौनापार को व.उ.नि.थाना कोतवाली, निरीक्षक दिलीप कुमार सिंह पीआरओ पु.अ.द्वितीय से प्रभारी डीसीआरबी तथा निरीक्षक शशि मौलि पांडेय प्रभारीडीसीआरबी से वाचक-पुलिस अधीक्षक के पद पर तैनाती दी गयी है।

# मांगे नहीं मानी गयी तो आंदोलन होगा और तीव्र

**आजमगढ़।** दीवानी अभिभाषक संघ के आह्वाहन पर अधिवक्ताओं ने बुधवार को दीवानी के सामने गिरजा घर चैराहे पर ग्रामीण न्यायालय के विरोध में विरोध प्रदर्शन किया।

जनपद में ग्रामीण न्यायालय की स्थापना को लेकर अधिवक्ताओं का गुस्सा कम होने का नाम नहीं ले रहा है। दीवानी अभिभाषक संघ के आवाहन पर बनी संघर्ष समिति के द्वारा लगातार आंदोलन जारी है। इसी क्रम में बुधवार को पुनः अधिवक्तागण लामबंद होकर कोर्ट परिसर के पूर्वी गेट के बाहर गिरजाघर चैराहे के समीप सड़क पर नारेबाजी करने लगे। इस दौरान करीब 2 घंटे तक अधिवक्ताओं का हुजूम लगातार विरोध प्रदर्शन करता रहा और चेतावनी दी कि उनकी मांगे अगर नहीं मानी जाती हैं तो आंदोलन और तीव्र किया जाएगा। अधिवक्ताओं का कहना है कि ग्रामीण न्यायालय का जो प्रस्ताव है वह वादकारियों के हित में नहीं है और न ही अधिवक्ताओं के ग्रामीण न्यायालय कहने में तो न्यायालय है लेकिन वहां पर ऐसी कोई सुविधा नहीं है जिससे वहां पर न्याय का कार्य हो सकेगा। कोई बुनियादी ढांचा बनाया ही नहीं गया और ग्रामीण न्यायालय का प्रस्ताव दे दिया गया। न वहां पर न्यायिक अधिकारी के बैठने की व्यवस्था है न वरिष्ठ अधिवक्ताओं के लिए कोई व्यवस्था। फर्नीचर की व्यवस्था नहीं है। आना-जाना भी दूभर है। वादकारियों के लिए भी काफी दिक्कत है। तमाम समस्याएं हैं लेकिन इसके बाद भी इन सब पर ध्यान न देकर ग्रामीण न्यायालय का प्रस्ताव लाया जा रहा है।

## फांसी लगा विवाहिता ने दी जान

**पवई (आजमगढ़)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के हंडिया गांव में बुधवार को युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी हुई तो परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। पवई थाना क्षेत्र के हंडिया गांव के रहने वाले इकरार अहमद विदेश रहते हैं। परिवार में उनके माता-पिता, पत्नी और दो बच्चे हैं। बुधवार की सुबह परिवार के सभी सदस्य घर के बाहर थे।

## हड़ताल से निपटने के लिए की जायेगी वैकल्पिक व्यवस्थाः डीएम

**आजमगढ़।** जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज ने कहा कि आगामी 16 मार्च की रात्रि 10 बजे से प्रदेश स्तरीय विद्युत कर्मचारी संघर्ष समिति के आवाह्न पर 72 घण्टे की सम्भावित हड़ताल के दृष्टिगत जनपद के सभी विद्युत केन्द्र, उपखंडों एवं परिसरों की पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करायी जायेगी। उन्होने कहा कि पूरे जनपद में विद्युत आपूर्ति को सुचारू रूप से व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए वैकल्पिक व्यवस्था बनायी गयी है। उन्होने कहा कि बाधा रहित विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए अन्य विभागों के जेई, एई, अभियंता, आईटीआई के कुशल अध्यापक एवं छात्रों को लगाया जायेगा। जिलाधिकारी ने कहा कि विद्युत आपूर्ति से संबंधित किसी भी प्रकार की समस्या आने पर त्वरित गति से निस्तारण किया जाये। उन्होने कहा कि जनपद स्तरीय कन्ट्रोल रूम लगातार 24 घंटे सतत रूप से संचालित रहेगा। उन्होने कहा कि विद्युत से संबंधित किसी भी प्रकार की शिकायत के लिए विद्युत उपभोक्ता जिला कन्ट्रोल रूम के नम्बर- 05462356039 एवं 9454417172 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

## संक्षेप

### पूर्व सांसद ने किया पेट्रोल पंप का उद्घाटन



**संजरपुर (आजमगढ़)।** स्थानीय क्षेत्र के भरौली गांव के पास पूर्व ब्लाक प्रमुख मार्टिनगंज गौरव सिंह मोनू के नवनिर्मित पेट्रोल पंप साईं सौरभ फिलिंग स्टेशन का उद्घाटन पूर्व सांसद धनंजय सिंह जौनपुर ने फीता काटकर किया। विशिष्ट अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष ऋषि कांत राय पूर्व जिलाध्यक्ष जय नाथ सिंह अखिलेश कुमार मिश्र गुड्डू राघवेंद्र प्रताप सिंह रहे। पूर्व सांसद धनंजय सिंह ने कहा कि इस ग्रामीण क्षेत्र में पेट्रोल पंप हो जाने से किसानों को बड़ी राहत महसूस होगी। यहां के नवयुवक बेरोजगारों को रोजगार मिलने का साधन प्राप्त हो गया है। इस रोड पर चलने पर पहले यह महसूस होता था कि यदि गाड़ी का तेल खत्म हो जाएगा तो इस रोड पर मिलना दुश्वार हो जाएगा लेकिन इस रोड पर या पेट्रोल पंप हो जाने से अब यह दुश्वारियां भी दूर हो गई। ग्राम प्रधान मार्कंडेय सिंह ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर अखिलेश सिंह, उदय सिंह, डब्बू सिंह, पिंकू राय, संदीप राय, निखिल यादव, कपिल सिंह, मोहम्मद खालिद, मोहम्मद आबिद, बबलू यादव, रामप्रकाश यादव आदि उपस्थित रहे।

### हत्या के प्रयास में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार



**आजमगढ़।** थाना पवई पुलिस ने कार्रवाई करते हुए हत्या के प्रयास में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में चालान कर दिया। सोमवार को सुजीत कुमार पुत्र शिवनरायन ग्राम शहराजा थाना पवई ने थाना स्थानीय पर शिकायत किया कि अभियुक्त प्रिंस कुमार पुत्र अशोक कुमार निवासी शहराजा थाना पवई द्वारा बिना कारण के ही जान मारने की नियत से कुल्हाड़ी से मारा जिससे वादी के सिर पर गम्भीर चोट आयी। मारते समय भद्दी-भद्दी गाली भी दिया। उक्त मामले में रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस आरोपी की तलाश में थी। बुधवार को उक्त मुकदमें से सम्बन्धित अभियुक्त प्रिंस कुमार पुत्र अशोक कुमार को घटना में प्रयुक्त एक अदद कुल्हाड़ी के साथ फत्तनपुर के पास से गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में चालान कर दिया।

### दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने भेजा जेल



मुबारकपुर (आजमगढ़)। स्थानीय पुलिस ने कार्रवाई करते हुए बलत्कार के मुकदमे में वांछित एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर कर संबंधित धाराओं में चालान करते हुए जेल भेज दिया। पीड़िता ने मुकामी थाने पर रिपोर्ट दर्ज करायी थी कि अभियुक्त आफताब पुत्र मु.अमीन निवासी चिउटही नई अबादी थाना मुबारकपुर द्वारा जबरदस्ती बलात्कार किया गया व जान माल की धमकी दी गयी। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश में थी। बुधवार को पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर उक्त वांछित अभियुक्त आफताब पुत्र मु.अमीन निवासी चिउटही नई अबादी थाना मुबारकपुर को समौधी ईदगाह के पास से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

### पांच पशु तस्कर चढ़े पुलिस के हत्थे




**आजमगढ़।** पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चलाये जा रहे अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए थाना रौनापार पुलिस ने पशुओं को क्रूरता पूर्वक तस्करी कर ले जा रहे 5 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में चालान कर दिया। उनके कब्जे से 6 गाय, 5 बछड़ा, एक पिकप व 2 मैजिक वाहन बरामद हुआ। मंगलवार को चैकी प्रभारी महुला उपनिरीक्षक वंशराज सिंह मय हमराह क्षेत्र में भ्रमणशील थे। इसी दौरान मुखबीर ने सूचना दिया कि रौनापार की तरफ बन्धा रोड से होकर एक पिकअप एवं दो मैजिक में कुछ तस्करों द्वारा कुछ गायों एवं बछड़ो को निर्दयता पूर्वक लादकर महुला डगरा की तरफ आ रहे हैं। इस सूचना पर पुलिस ने महुला चैकी बंधे के पास से एक पिकअप व दो मैजिक से सवार 5 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्तों में विजय शंकर यादव पुत्र स्व.बब्बन यादव निवासी सरया डोमवा थाना पकड़ी जनपद बलिया, मोनू उर्फ अविनाश पुत्र अजय सिंह निवासी ग्राम आसन थाना सुखपूरा जनपद बलिया, शिवाजी यादव पुत्र रामदेव निवासी आसन थाना सुखपूरा जनपद बलिया, प्रियांसु यादव पुत्र संजय यादव निवासी ग्राम पचखोरा थाना सुखपूरा जनपद बलिया व अंकित यादव पुत्र कुंवर यादव निवासी ग्राम पचखोरा थाना सुखपूरा जनपद बलिया शामिल हैं।

### समाज सेवी स्व. हरिश्चन्द्र यादव की मनायी गयी प्रथम पुण्यतिथि



**आजमगढ़।** नगर के गुलामी का पूरा स्थित स्व. हरिश्चन्द्र यादव के आवास पर उनकी प्रथम पुण्यतिथि मनायी गयी। इस मौके पर उपस्थित लोगों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर शोक संवेदना व्यक्त की। उनके व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कांग्रेस नेता मंतराज यादव ने कहा कि वे दीन दुखियों की सुधि लेने वाले थे। गरीबों के शादी विवाह में उनके घर जाते और आर्थिक मदद करते, सभी पार्टी के नेताओं से उनके अच्छे सम्बंध रहे। उनके सानिध्य में रहकर कई लोग नेता व विधायक बने। इस मौके पर जुल्फेकार वेग, जनदनेता रामचन्द्र यादव, भानुप्रताप सिंह, ज्ञान प्रकाश दूबे, ब्लाक प्रमुख अजीत यादव, रजनीश राय, रामपति यादव, पूर्व ब्लाक प्रमुख निठुरी यादव, भाजपा नेता मनोज यादव, संजय यादव, राजेश यादव, जफरु प्रधान, रामनयन यादव, रुदल यादव आदि लोग उपस्थित रहे।

### 89वीं जयंती पर याद किये गये कांशीराम



**आजमगढ़।** बामसेफ समाज पार्टी के जन्मदाता व संस्थापक बहुजन नायक कांशी राम की 89वीं जयंती धूमधाम से नेहरू हाल में मनाया गया। सर्वप्रथम इस कार्यक्रम की शुरूआत संविधान निमार्ता डॉ.भीमराव अंबेडकर, कांशीराम के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। वक्ताओं ने कांशी राम के जीवन पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विजय प्रताप एमएलसी पूर्व अध्यक्षता डॉ.बलराम पूर्व सांसद शाह आलम उर्फ गुड्डू जमाली हरीश चंद्र शास्त्री राधेश्याम भारती विनोद चैहान विजय कुमार ओंकार शास्त्री चेतई सुशील कुमार सिंह जिला अध्यक्ष अरविंद कुमार गौतम विधानसभा अध्यक्ष सीपी विमल रामवृक्ष गौतम रामविलास भाष्कर अश्वनी कुमार आदि उपस्थित रहे।

### वीडीओ ने की ग्रामवार कार्यों की समीक्षा

**फूलपुर (आजमगढ़)।** स्थानीय ब्लाक के क्षेत्र पंचायत सभागार में खण्ड बिकास अधिकारी फूलपुर बाबूराम पाल की उपस्थिति में ग्राम पंचायत, ग्राम विकास अधिकारी, पंचायत सहायक, रोजगार सेवक, तकनीकी सहायक, मनरेगा की साप्ताहिक बैठक हुई। खण्ड बिकास अधिकारी बाबूराम पाल व अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा राजीव मौर्य ने सप्ताह पूर्व बैठक में दिए गए निर्देश व कार्यों का प्रत्येक गांववार समीक्षा की। अधिकारियों ने प्रधानमंत्री आवास मनरेगा के कार्य शौचालयों सहित सामूहिक विवाह सम्बन्धी जानकारी ली। तत्पश्चात खण्ड बिकास अधिकारी ने समस्त रोजगार सेवकों पंचायत सहायक सचिवों को निर्देशित करते हुए कहा कि मनरेगा द्वारा प्रत्येक गांव में कार्य कराना सुनिश्चित करें। किसी भी गांव का ग्राफ जीरो नहीं रहना चाहिए। प्रधान मंत्री आवासों की मजदूरी मनरेगा से तत्काल मजदूर को भुगतान कराया जाय। मुख्यमंत्री सामूहिक शादी समारोह में गरीब परिवारों की फाइल जल्द से जल्द बनाकर जमा करें। सरकार द्वारा संचालित महात्वाकांक्षी योजनाओं का सअक्षर पालन करायें। शिथिलता पर स्वयं जिम्मेदार होंगे। इस अवसर पर समाज कल्याण अधिकारी गौरव यादव, राजेन्द्र प्रसाद वर्मा, बृजेश यादव, अखिलेश, सुनील, शैलेन्द्र, अरविंद, राजेश, सन्देश प्रसाद, अनूप मौर्य आदि उपस्थित रहे।

# तीन पीढ़ियां इस प्रकार का साहस नहीं करेंगी

**जनसंदेश न्यूज**

**बोले डॉ दिनेश शर्मा**

### उमेश पाल हत्याकांड में अखिलेश यादव पर जमकर बरसे पूर्व डिप्टी सीएम

**मीरजापुर।** पूर्व डिप्टी सीएम डॉ दिनेश शर्मा बुधवार की दोपहर 12 बजकर 30 मिनट पर पुरानी वीआईपी मार्ग पर पहुंचे। मां का कपाट बंद होने के बाद एक होटल में पत्रकारों से बात करते हुए समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव पर जमकर निशाना साधा। उमेश पाल हत्याकांड को लेकर कहा हमने वन डिस्टिक वन प्रोजेक्ट दिया सपा सरकार में वन डिस्टिक वन माफिया का बोलबाला था। वन माफिया में धीरे-धीरे कम हो रहे हैं। उत्तर प्रदेश छोड़कर जा रहे हैं। नए भाग नही रहे हैं तो जेल में जा रहे हैं। उत्तर प्रदेश माफिया मुक्त हो रहा है। यह दर्द कुछ लोगों को हो रहा है, उनको दर्द होता रहे। बीजेपी को जनता की चिंता है। बीजेपी माफिया तंत्र और माफिया मानसिकता दोनों प्रदेश में नहीं रहने देगी। जिन्होंने साहस किया है उनकी तीन पीढ़ियां इस प्रकार की साहस नहीं करेगी। धार्मिक पूजा पाठ के द्वारा आगामी 2024 के चुनाव को भाजपा अपने मुद्दा बना रही है। इस पर उन्होंने सवाल के जवाबों का उत्तर देते हुए कहा कि बीजेपी कभी चुनाव की दृष्टि से काम नहीं करती। लोग चुनाव की दृष्टि से आवाज उठाते हैं। धार्मिक ग्रंथ जलाने एवं फाड़ने के सवालों पर उन्होंने जवाब देते हुए कहा कि धर्म ग्रंथ जलाने से बुराई समाप्त नहीं होती। समाज को बुराइयों को जलाने की जरूरत है।

समाज की बुराई है। जाति धर्म बुराई है जो धर्म की प्रकाश देता है लोग उसे जलाने पर आ गए। सनातन संस्कृति भावना को भी नहीं समझते आजादी के पहले से ही सभी थानों में कृष्ण जन्माष्टमी पर्व पर मनाते चले आ रहे हैं। मां विंध्यवासिनी माता दरबार में आएं हुए हैं यह कोई भी धार्मिक कार्य कर सकता है। सपा नेता स्वामी प्रसाद के बयान पर कहा कि मैं किसी व्यक्ति के सवालों का जवाब नहीं दे रहा हूं। परंतु इतना कह सकता हूं कि जो संकुलित मानसिकता वाले लोग हैं उनके पढ़ाई और न पढ़ाई में कोई अंतर नहीं है।

जिनको पढ़ना है जिनको वोट की राजनीति नहीं सेकनी है वह निश्चित सनातन संस्कृति की परंपरा जो विश्व की सनातन परंपरा है वह मनाए। समाज पढ रहा है समाज इसको देख रहा है। धार्मिक मंदिरों पर भी उन्होंने कहा कि धर्म और आस्था बड़ा है और व्यापार भी बड़ा है। स्थानीय लोगों को भी बहुत बड़ा लाभ मिल रहा है। हमने धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा दिया है। जैसे काशी विश्वनाथ धाम मां विंध्यवासिनी माता दरबार अयोध्या देवीपाटन चित्रकूट मथुरा एक साल के अन्दर एक गुना दो गुना सहित चार गुना वृद्धि होगी। दूसरे देशों में जाएं तो देखो आर्थिक स्थिति उन्नत की तरह जा रही है। पश्चात मां का कपाट खुलने के बाद गणेश द्वार की तरफ से गर्भ गृह विधि विधान पूर्वक दर्शन पूजन अर्चन के इसके उपरांत विन्ध्य कॉरिडोर निर्माण कार्य प्रगति का निरीक्षण भी किए। दर्शन पूजन करने के उपरांत सड़क मार्ग से अपने निर्धारित कार्यक्रम की ओर प्रस्थान कर दिए। इस दौरान नगर विधायक पंडित रत्नाकर मिश्रा, नगर पालिका पूर्व अध्यक्ष मनोज जायसवाल, भाजपा नेता श्यामसुंदर केसरी, एसडीएम सदर चंद्रभानु सहित जिला प्रशासन एवं भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। दर्शन के बाद डा दिनेश शर्मा ओडी गांव पहुंचे, जहां पर उन्होंने जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह की माता के निधन पर शोक व्यक्त किया।



मातृ शोक संवेदना व्यक्त करने ओडी पहुंचे दिनेश शर्मा

## ओडी गांव के पंचायत भवन पर संगोष्ठी का आयोजन

**मीरजापुर।** बीजेपी शक्ति केंद्र ओड़ी का राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अभिभाषण विषय पर संगोष्ठी का आयोजन बुधवार को क्षेत्र के ओड़ी गांव के पंचायत भवन पर आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि यूपी सरकार के जलशक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह ने अभिभाषण के मुख्य बिंदुओं पर प्रकाश डाला। चर्चा के दौरान बताया कि 99 फीसद से अधिक बस्तियां सड़क मार्ग से जुड़ गयी है। 260 से अधिक मेडिकल कालेज स्थापित किए गये है एवं 300 नए विश्वविद्यालय बनाये गये है। 5000 नये कालेज बनाये गये है। इससे पूर्व पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर संगोष्ठी का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के अंत में जलशक्ति मंत्री की दिवंगत मां रामा देवी एवं शक्ति केंद्रों पर दिवंगत हुए अन्य लोगों को दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गयी। संगोष्ठी में शक्ति केंद्र के कार्यकर्ता बड़ी संख्या मे मौजूद थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष बृजभूषण सिंह ने एवं संचालन मोतीलाल सिंह ने किया। इस दौरान ब्लाक प्रमुख मंजू सिंह, नरसिंह चौहान, आनंद सिंह बंटू, नवीन पांडेय, संजय सिंह, जोशी पटेल, संदीप गुप्ता, अमित पांडेय, महेंद्र सिंह, चंद्रभान सिंह सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# शीतला अष्टमी के अवसर पर 50 हजार श्रद्धालुओं ने किया दर्शन





दर्शन को उमड़े भक्त व मां शीतला

**जनसंदेश न्यूज**

**सीखड़।** अदलपुरा स्थित बड़ी शीतला माता धाम में श्री मां शीतला धाम महोत्सव के तत्वधान में शीतला अष्टमी के अवसर मां का भव्य श्रृंगार के पश्चात विशाल भंडारे का अयोजन किया गया, जिसमे 50 हजार श्रद्धालुओं ने मां शीतला का दर्शन पूजन कर भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। उक्त आयोजन मां शीतला संरक्षक पुजारी समिति एवं मां शीतला के भक्तों व ग्रामवासियो के सहयोग से किया गया। गंगा नदी में स्नान करने के बाद श्रद्धालु हाथ में नारियल चुनरी लेकर कतार बद्ध होकर मां शीतला का दर्शन पूजन किया, जहां पर सुख समृद्धि को लेकर मां से कामना की। अदलपुरा में स्थित मां शीतला मंदिर में दर्शन पूजन करने के लिए वाराणसी, प्रयागराज, सोनभद्र, भदोही सहित आसपास के जनपदों से भारी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी हुई दिखाई दी, तथा लोगों की भीड़ को देखते हुए प्रशासन की तरफ से चाक चौबंद व्यवस्था किया गया था। चाक चौबंद व्यवस्था के बीच में श्रद्धालुओं ने दर्शन पूजन किया। भारी संख्या में भक्तों की भीड़ देखकर आसपास के दुकानदार भी गदगद दिखाई दिए। इस अवसर पर मां शीतला संरक्षक समिति के अलावा अन्य श्रद्धालु मौजूद रहे।

## ब्लॉक सभागार में प्रधानों की बैठक सम्पन्न

**मीरजापुर।** जमालपुर ब्लाक सभागार में बुधवार को ग्राम पंचायतों में वित्तीय अनियमितता को लेकर प्रधानों की एक आकस्मिक बैठक राणा प्रताप सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई और बैठक में ग्राम पंचायत कौड़ियां कला व दौलताबाद में हुई वित्तीय अनियमिता को लेकर प्रधान मुखर रहे। जिसमें प्रधानों ने एक स्वर में निंदा किया प्रधानों का कहना था कि इस तरह की वित्तीय अनियमितता बहुत से ग्राम पंचायतों में हुई है, जिसका जांच होना नितांत आवश्यक है। बैठक में मौजूद खंड विकास अधिकारी पवन कुमार सिंह ने लोगों को शांत कराते हुए कहा कि जो वित्तीय अनियमिता हुई है उसे बक्सा नहीं जाएगा। ग्राम पंचायत अधिकारी का वेतन रोक दिया गया है और समस्त पत्रावली मांगीं गईं हैं। जिसके बाद कार्रवाई के लिए डीडीओ, सीडीओ एवं डीएम को पत्रावली भेज दिया जाएगा। अगर सभी आरोप सही सिद्ध हुआ तो एफ आईआर दर्ज कराया जाएगा । इस दौरान अनिल पटेल, पुनीत चौबे, मुकेश सिंह, वीरेंद्र यादव, सतीश पटेल, रीता देवी, भगवती प्रसाद, गंगाराम पटेल, भरत लाल विश्वकर्मा, राम अचल बियार, सुरेश चौहान, राजू पटेल सहित तमाम प्रधान मौजूद रहे।

# नहर बनने के 30 साल बाद भी मुआवजा के लिए तरस रहे किसान

**जनसंदेश न्यूज**

**इंतजार**

### सैकड़ों बार पत्रक देने के बाद भी नहीं हो रही है सुनवाई

**लालगंज।** तहसील क्षेत्र के सिरसी नहर से निर्मित उपरौध राजवाहा पर स्थित गांव बरडीहा, पुराठाकुरराम का नहर में अधिग्रहित जमीन का मुआवजा न मिलने से किसानों में आक्रोश देखा जा रहा है। मुआवजा लेने के संबंध में किसानों ने कई बार उच्चाधिकारियों के यहां पत्रक देने के बावजूद भी आज तक किसानों का मुआवजा नहीं दिया गया। सिरसी नहर से निर्मित उपरौध राजवाहा विगत लगभग 30 वर्षों से बनाई गई है।

नहर निर्माण होने के समय जिन किसानों की भूमि अधिग्रहित की गई थी किसानों द्वारा विरोध किया गया कि मेरी जमीन का मुआवजा देकर ही जमीन में नहर निर्माण कराया जाए। कार्यदाई संस्था किसानों को समझाते हुए कहा कि कार्य न रोकिये जिन किसानों की जितनी हेक्टेयर भूमि नहर में अधिग्रहित की जा रही है उसका मुआवजा दिया जाएगा किंतु अफसोस इस बात का है कि नहर बने लगभग 30 वर्ष हो चुका और किसानों की अधिग्रहीत भूमि का मुआवजा आज तक नहीं दिया गया। किसानों ने लगातार अपनी अधिग्रहित भूमि मुआवजा की मांग तहसील दिवस के माध्यम से उच्चाधिकारियों के यहां पत्रक देते रहे और अधिकारियों द्वारा आश्वासन दिया जाता रहा किंतु आज तक किसानों का मुआवजा नहीं दिया गया।

मिजार्पुर प्रयागराज बॉर्डर पर स्थित गांव बरडीहा, पूरा ठाकुर राम, बनवारी, के किसानों ने नहर में अधिग्रहित भूमि का मुआवजा लेने के लिए विगत 30 वर्षों से दर-दर की ठोकरें खा रहे हैं और उच्चाधिकारियों द्वारा अनसुनी किया जा रहा है किसानों ने जिलाधिकारी महोदय से मांग की है कि हम किसानों का मुआवजा दिलाया जाए।

# मूर्ति खंडित होने से तीर्थ पुरोहितों में आक्रोश

**नाराजगी**

### एडीएम ने कहा लापरवाही तय करते हुए कार्रवाई के साथ नई मूर्ति की होगी स्थापना

**मीरजापुर।** निर्माणाधीन विंध्य कारीडोर में कार्य के दौरान मजदूरों से सैकड़ों वर्ष प्राचीन हनुमान की मूर्ति खंडित हो गई। जिसे गुपचुप ढंग से टीन शेड के नीचे रख दिया गया। मूर्ति खंडित होने की जानकारी लगते ही लोग भड़क गये। धाम में पहुंचे एडीएम शिव प्रताप शुक्ल ने इसकी जानकारी मिलने पर घोर लापरवाही बताया। उन्होंने रामदूत हनुमान जी की नई मूर्ति लगवाने का आश्वासन दिया। इसके साथ ही लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की बात कही।मूर्ति विस्थापन के लिए शास्त्रीय परम्परा को दर किनार कर धाम के पक्काघाट मार्ग पर विराजमान हनुमान जी की मूर्ति को मंदिर से हटाया गया। शिला में बनी मूर्ति को हटाने के लिए काम कर रहे लोगों ने मूर्ति को शिला सहित हटाने के बजाय मूर्ति को निकाल कर हटाने में लग गए। भारी भरकम शिला के बजाय केवल मूर्ति हटाने के लिए छेनी हथौड़ी का प्रयोग किया गया। लिहाजा मूर्ति खंडित हो गई। जिसे गुपचुप ढंग से ले जाकर घाट के पास ही टीन शेड के नीचे रखकर बकायदे कपड़ा माला पहनाकर रख दिया गया। मार्ग के चौड़ीकरण में आ रहे मंदिर को हटाने के लिए पहले मूर्ति हटाई गई। मूर्ति खंडित होने की जानकारी मिलते ही तीर्थ पुरोहितों ने विरोध किया। लोगों ने इसके लिए मंदिर विस्थापन की जिम्मेदारी लेने वाले महकमे की घोर लापरवाही बताया। मेला क्षेत्र में व्यवस्था की हकीकत देखने पहुंचे एडीएम शिवप्रताप शुक्ला, नगर मजिस्ट्रेट विनय कुमार सिंह व एसपी सिटी श्रीकान्त प्रजापति के सामने अपना विरोध रखा। वार्ता के दौरान एडीएम ने मूर्ति खंडित होने की बात पर खेद जताया। नई मूर्ति लगाने की बात कही गई है। स्थानीय नागरिकों ने देवी देवताओं के विग्रह वैदिक परम्परा के अनुरूप ही स्थानांतरित किए जाने और पुनरावृत्ति न होने की मांग की।

## सामुदायिक शौचालय पर हुई चोरी

**मीरजापुर।** जिगना थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बदेवरा चौबे स्थित बाबा बदेवरा नाथ मंदिर पर पर्यटन विभाग से बने सामुदायिक शौचालय पर समर्सिबल को केवल सहित चोरों द्वारा निकाल ले जाया गया। बुधवार की सुबह जब पानी भरने के लिए समर्सिबल चलाया गया तो पता चला समर्सिबल ही गायब है। चोरी की घटना बीते दो सालों में ग्राम पंचायत में कम से कम 10 बार हो चोरी हो चुकी है। हर बार पुलिस को तहरीर दी जाती है। पुलिस केवल तहरीर लेकर कूड़ेदान में डाल देती है। किसी भी चोरी की घटना में आज तक कोई कार्यवाई नहीं की गई। जिगना पुलिस लगातार ऐसा क्यों कर रही है समझ के परे है। अभी हाल में ही प्राथमिक विद्यालय भतड़ा पर चोरी हुई थी। उसने भी पुलिस विभाग के द्वारा तहरीर लेकर कोई कार्यवाई नहीं की गई। ग्राम प्रधान माहेश्वरी उपाध्याय प्रधान प्रतिनिधि ओम प्रकाश उपाध्याय ने स्कूल पर तीन-चार दिन तक स्वयं के व्यवस्था से बच्चों को खाने पीने की व्यवस्था की। जिगना थाना प्रभारी को लिखित तहरीर दे दी गई है। बार-बार चोरी होने की घटना का क्रम बना हुआ है। ग्राम पंचायत द्वारा अपने लेटर पैड पर पुलिस अधीक्षक को भी अवगत कराने का निर्णय लिया है।

# कारागार मंत्री ने जेल में कैदियों से की बातचीत

**जनसंदेश न्यूज**

**मीरजापुर।** मां विंध्यवासिनी के धाम में बुधवार को प्रदेश सरकार के जेल मंत्री धर्मवीर प्रजापति पहुंचे और दर्शन-पूजन किया। फिर स्वतंत्र देव सिंह की माता के निधन पर शोक संवेदना करने पहुंचे। जिला कारागार पहुंचे और कैदियों से संवाद किया। उन्होंने कैदियों से संवाद कर उन्हें परिवार के सामने आने वाली कठिनाइयों और भरण पोषण की याद दिलाई।

कहा कि आप जेल के बैरक में रहने वाले 70 - 80 दोस्तों के साथ रहते हैं। जेल में ही खाते हैं, सोते हैं और काम करते हैं। कभी सोचा है कि घर पर रिश्तेदार या पड़ोसी आ रहे हैं कि नही। परिवार का खर्चा कैसे चल रहा है। परिवार मजदूरी करे या फिर तारीख के चक्कर में दौड़ लगाए। धर्मवीर ने जेल में कैदियों से संवाद करते हुए कहा कि आप सभी गरीब परिवार से आते हैं। गरीब अपने आवास के बारे में पहले सोचता है। लेकिन सोचिए कि जेल में आने के बाद आपके घर रिश्तेदार आते हैं क्या, नहीं आते हैं।

पड़ोसी आते हैं क्या, पड़ोसी भी नहीं आते। सारे रिश्तेदार नहीं आ रहे हैं। आपका तो अपना एक अलग दुनिया है। परिवार एकाकी जीवन जीने को मजबूर है। सोचिए जेल किसकी हुई उनकी या आपकी। कभी सोचिए उनके बारे में। पेशेवर अपराधियों के लिए कोई छूट नहीं है।

कहा कि युवा कैदियों को कौशल विकास से जोड़ा जाए। ट्रेनिंग लेकर वह सभ्य नागरिक बन सकें। सरकार की जीरो टॉलरेंस की नीति पर कोई धब्बा नहीं लगने दिया जाएगा।



कैदियों से बातचीत करतें मंत्री

# पेयजल की किल्लत, ग्रामीणों ने टैंकर से की आपूर्ति की मांग

**मीरजापुर।** विकास खंड राजगढ़ के ग्राम सभा कलवारी माफी में पेयजल किल्लत चरम पर है लेकिन फिर भी ग्राम सभा में पेयजल आपूर्ति की समुचित व्यवस्था नहीं है। ग्रामीण पेयजल के लिए दर-दर भटक रहे हैं। पेयजल के जुगाड़ में ग्रामीण सुबह से ही साईकिल, ठेला व अन्य साधनों से पेयजल ढोते नजर आते हैं लेकिन ग्राम सभा में पेयजल की आपूर्ति के लिए समुचित व्यवस्था नहीं कराई गई है। क्षेत्र में बरसात कम होने व जल संचयन की समुचित व्यवस्था ना होने से जल स्तर खिसक गया है, जिससे पेयजल संकट गहराया है। पेयजल की किल्लत पशुओं पर भारी पड़ रही है। पशुपालक खुद के पेयजल की व्यवस्था करे की पशुओं के लिए भी पेयजल की व्यवस्था करें, जबकि क्षेत्र में पेयजल डीप बोरिंग से ही मिलता है। क्षेत्र में 75 से 80% डीप बोरिंग पानी देना बंद कर दिए है। जिससे पेयजल संकट गहराया है। पेयजल की किल्लत को देखते हुए ग्रामीणों ने टैंकर से पेयजल की सप्लाई करवाने की मांग की है लेकिन अभी तक पेयजल की आपूर्ति टैंकर से नहीं हो रही है। अमृत पेयजल योजना अभी अधर में ही लटकी है। यदि अमृत पेयजल योजना के तहत लगाए गये टोटी से पेयजल सुनिश्चित कराया जाए तो ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल संकट से राहत मिलेगी। इस संबंध में नोडल प्रभारी एडीओ कोऑपरेटिव संजय कपूर से बात की गई तो उन्होंने बताया कि पेयजल की किल्लत को दूर करने के लिए ग्राम सभा में टैंकर से पेयजल की आपूर्ति की जाएगी, जिससे ग्रामीणों को पेयजल की किल्लत नही होगी पेयजल की किल्लत को दूर करने के लिए टीम गठित की गई है।



पेयजल को लेकर परेशान ग्रामीण

## इन तारीख पर होगा लोक अदालत का आयोजन

**मीरजापुर।** जनपद न्यायाधीश अनमोल पाल के आदेशानुसार 17 एवं 18 मार्च 2023 को बैंक ऋण प्री-लिटिगेशन मामलों के निस्तारण के लिये विशेष लोक अदालत का आयोजन तथा दिनांक 25 मार्च को मोटर दुर्घटना प्रतिकर वादों के निस्तारण हेतु विशेष लोक अदालत का आयोजन दीवानी न्यायालय प्रागंण में किया जायेगा। अपर जिला जज एफटीसी लाल बाबू यादव ने बताया कि 17 एवं 18 मार्च 2023 को बैंक ऋण प्री-लिटिगेशन मामलों के निस्तारण के लिये विशेष लोक अदालत का आयोजन दीवानी न्यायालय के प्रागंण में सुबह 10 बजे से सांय 4.00 बजे तक किया जायेगा और दिनांक 25 मार्च को मोटर दुर्घटना प्रतिकर वादों के निस्तारण हेतु विशेष लोक अदालत का आयोजन न्यायालय मोटर दुर्घटना प्रतिकर दावा अधिकरण पुराना विकास भवन में सुबह 10.00 बजे से सांयकाल 4.00 तक किया जायेगा।

# मिट्टी का अवैध खनन ग्रामीणों के लिए बना नासूर

**जनसंदेश न्यूज**

**आक्रोश**

### ग्रामीणों ने किया विरोध तब भी नहीं मिली मुक्ति

### वाराणसी समेंत कई जिलों में हो रही है मिट्टी की सप्लाई

**मीरजापुर।** चुनार कोतवाली क्षेत्र के चुरामनपुर, चौरा आदि गांवों में बड़े पैमाने पर मिट्टी का अवैध खनन किया जा रहा है। अवैध खनन रात के अंधेरे में किया जाने के बाद आक्राशित ग्रामीणों ने मिट्टी खनन कर जा रहे ट्रैक्टर ट्राली को ग्रामीणों रोका दिया था उसके बाद भी अवैध खनन पर अंकुश नहीं लग पा रहा है। खनन करने के बाद वाराणसी समेंत कई जिलों में ऊंचे दामों पर सप्लाई की जाती है। वहीं ग्रामीणों का कहना है कि अदलपुरा पुलिस चौकी इंचार्ज के संरक्षण में अवैध खनन हो रहा है। वाराणसी से सैकड़ों ट्रैक्टर ट्राली मिट्टी ढोने के लिए आते है। खनन से परेशान ग्रामीणों ने रात में गंगा के किनारे ट्रैक्टर ट्राली रोक कर विरोध जताया था। ग्रामीणों का कहना है कि सैकड़ों ट्रैक्टर मिट्टी लोड कर खड़भड़ खड़भड़ आवाज के साथ गांव के गलियों के रास्ते से गुजरता जिससे बच्चों के इग्जाम की समय में पढ़ाई नही हो पर रहा है और गांव की नाली भी क्षतिग्रस्त हो गयी है। आक्रोशित ग्रामीणों ने ट्रैक्टर ट्रालियों के आवागमन पर रोष जताया वही बड़े पैमाने पर हो रही मिट्टी खनन पर रोक लगाने की मांग किया हैं। बताया जाता है कि चुनार कोतवाली क्षेत्र के चुरामनपुर, चौरा आदि गांवों में मिट्टी खनन माफियाओं ने क्षेत्रीय लेखपाल की जानकारी में ग्राम सभा के बंजर भूमि, हथकरघा की सुरक्षित भूमि को भी दर्जनों जेसीबी व सैकड़ों ट्रैक्टर ट्रॉली लगा कर वाराणसी और आस पास के जिले के मंडियों में बड़े पैमाने पर ऊंचे दामों पर सप्लाई किया जा रहा है। क्षेत्रीय लेखपाल कार्यवाही के नाम पर खाना पूर्ति कर के अपना पल्ला झाड़ लिया।

## संक्षेप

### ट्रक का धक्का लगने से स्कूटी सवार अधेड़ की मौके पर मौत

**हलिया।** ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के मीरजापुर रीवा राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित भैसोड़ बलाय पहाड़ गांव में बुधवार सुबह ग्यारह बजे के करीब मध्य प्रदेश की तरफ से मीरजापुर की तरफ जा रहे ट्रक ने स्कूटी सवार अधेड़ को जोरदार टक्कर मार दिया जिससे स्कूटी सवार अधेड़ की मौके पर मौत हो गई। स्थानीय लोगों की सूचना पर मौके पर पहुंचे थानाध्यक्ष वीरेन्द्र सिंह ने घटना की जांच पड़ताल कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मध्य प्रदेश के रीवा जिले के हनुमना थाना क्षेत्र के पहाड़ी गांव निवासी 53 वर्षीय शंभू साकेत स्कूटी से अपने रिश्तेदारी में मीरजापुर के लिए जा रहे थे जैसे ही यूरिया प्लांट के पास पहुंचे कि मध्यप्रदेश की तरफ से पीछे चूनी लादकर आ रहे ट्रक ने स्कूटी में जोरदार टक्कर मार दिया जिससे स्कूटी सवार की मौके पर मौत हो गई घटना के बाद ट्रक अनियंत्रित होकर राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे पलट गया वहीं ट्रक चालक घटना के बाद मौके से फरार हो गया। सूचना पर पहुंचे थानाध्यक्ष वीरेन्द्र सिंह ने घटना की जानकारी मृतक के परिजनों को दी सूचना पाकर मृतक के परिजन रोते बिलखते हुए घटना स्थल पर पहुंच गए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कार्रवाई के लिए भेज दिया। मृतक के लड़की की आगामी 8 जून को शादी थी जिसका निमंत्रण देने के लिए अपनी रिश्तेदारी मीरजापुर जा रहा था कि सड़क हादसे का शिकार हो गया।

### पिछले वर्षों की भांति इस वर्ष भी अदलहाट थाने पर हो फायर ब्रिगेड की तैनाती

**मीरजापुर।** अदलहाट भारतीय किसान यूनियन लोकशक्ति की बैठक ग्राम रसूलपुर में आयोजित की गई। बैठक को सम्बोधित करते हुए अली जमीर खां जिलाध्यक्ष ने कहा कि गेहूं की फसल जब तैयार हो जाती है तो कड़ाके की धूप और तेज हवाएं चलती हैं, जिसके चलते जहां-तहां विद्युत शॉर्ट सर्किट अथवा अन्य किसी कारणों से आग लग जाया करती है, जिससे किसानों की खड़ी फसल देखते ही देखते जलकर राख हो जाती है। ऐसी परिस्थिति में सूचना मिलने पर भी जिले से दमकल अदलहाट क्षेत्र में आने में काफी समय लग जाता है, जिसके चलते प्रभावित किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ता है। इससे बचने के लिए हम इस बैठक के माध्यम से जिलाधिकारी से यह मांग करते हैं कि विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी अदलहाट थाने पर समय रहते फायर ब्रिगेड की सुविधा उपलब्ध कराने की ब्यवस्था की जाय, ताकि आग लगने के पश्चात फायर ब्रिगेड की सुविधा नजदीक होने के कारण कम ही समय में पहुंचकर आग लगे खेतों की आग बुझाकर फसल को बचाया जा सके।

### अवैध ईंट भट्ठों पर पानी डालकर संचालन रोकने की कार्यवाई शुरू

**मीरजापुर।** अवैध ईट भट्ठों के संचालन को लेकर प्रदूषण नियंत्रण विभाग एवं जिला प्रशासन द्वारा कड़ी कार्यवाही की जा रही है। चुनार क्षेत्र के ग्राम बरीसलाहपुर में स्थापित तथा अवैध रूप से संचालित मेसर्स न्यू काका ईंट भट्ठा के विरूद्ध लगातार जन शिकायत प्राप्त हो रही थी कि ईंट-भट्ठा के निकट आबादी क्षेत्र है तथा ईंट-भट्ठा प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की नियमावली के विपरीत बगैर विभाग से अनुमति लिये स्थापित किया गया था। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड सोनभद्र के सहायक पर्यावरण अभियन्ता यूके गुप्ता एव नायब तहसीलदार चुनार संजय सिंह के नेतृत्व में अग्निशमन विभाग एवं थाना अदलहाट के माध्यम से प्राप्त पुलिस बल की उपस्थिति में ईंट-भट्ठे में पानी डालकर संचालन रोकने की त्वरित कार्यवाई की गयी। नायब तहसीलदार द्वारा कहा गया कि नियमों का उल्लंघन कत्तई बर्दाश्त नहीं होगा तथा नियम विपरीत संचालित होने वाले ईंट-भट्ठों पर आगे भी कड़ी कार्यवाई होती रहेगी।

### लापरवाही बरतने पर होगी कार्रवाई : मुख्य वन संरक्षक

**हलिया।** वन सेंचुरी क्षेत्र का बुधवार को मुख्य वन संरक्षक कानपुर पश्चिमी एस एन मिश्र ने औचक निरीक्षण किया। मुख्य वन संरक्षक सबसे पहले दिघिया वनरेंज कार्यालय व पौधशाला का का निरीक्षण किया, इसके बाद कवलझर पौधशाला पहुंचकर आगामी जुलाई माह में पौधरोपण के लिए तैयार किए जा रहे नर्सरी का निरीक्षण किया। कवलझर पौधशाला में सिंचाई हेतु लगाई गई स्प्रिंकलर मशीन के खराब होने पर नाराजगी जताई और मौके पर मौजूद रेंजर राम नारायण जैसल को दुरुस्त कराने का निर्देश दिया। पौधशाला परिसर में स्थित ट्यूबवेल बोर का पटान होने पर रिबोर कराने का निर्देश दिया। कवलझर पौधशाला में आगामी पौधरोपण के लिए उगाए जा रहे अमरूद, आम, कटहल, नींबू, सागौन, सिद्धा, शीशम, आंवला, करंज आदि के थैलों का निरीक्षण किया। रेंजर ने मुख्य वन संरक्षक को बताया कि कवलझर पौधशाला पर कुल तीन लाख अट्ठासी हजार पौधों को तैयार किया जा रहा है। मुख्य वन संरक्षक ने सहजन और शरीफा के औषधीय गुणों को देखते हुए उनके पौधों को तैयार कराने का निर्देश दिया।

### अधिवक्ता समिति की बैठक हुई सम्पन्न

**मीरजापुर।** विंध्य युवा अधिवक्ता समिति लालगंज के अध्यक्ष अखिलेश कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में अधिवक्ता सभागार में बुधवार को एक आवश्यक बैठक की गई। बैठक में तहसील परिसर में पेयजल के संकट पर गहन समीक्षा की गई। अधिवक्ताओं द्वारा कहा गया कि परिसर में प्रतिस्थापित हैंडपंप रिबोर करा कर चालू कराया जाए, जिससे लोगों को पानी की समस्या से निजात मिल सके। अधिवक्ता सभागार में बुधवार को विंध्य युवा अधिवक्ता समिति के सदस्यों द्वारा की गई। बैठक में पेयजल के संबंध में गहन मंत्रणा करते हुए समिति के अधिवक्ताओं ने कहा कि तहसील परिसर में जो हैंडपंप प्रतिस्थापित हैं वह खराब हो चुके है। उसमें से निकल रहे पानी दूषित होकर लाल हो गये हैं, जिससे पेयजल का संकट गंभीर बन चुका है। ब्लॉक प्रमुख जयंत कुमार के द्वारा आरो मशीन की स्थापना तो की गई किंतु वह भी पानी के अभाव में सुन्न हो चुका है, जिससे अधिवक्ताओं एवं दूरदराज से आए वादकारियों के लिए पीने के पानी का संकट अभी से शुरू हो चुका है। पेयजल को लेकर कई बार उच्चाधिकारियों को पत्रक देने के बावजूद भी आज तक समस्या का समाधान नहीं किया जा सका, जिसको लेकर अधिवक्ताओं में आक्रोश देखा गया। अधिवक्ताओं ने बैठक में पेयजल से संबंधित प्रस्ताव पारित करते हुए बुधवार को न्यायिक प्रक्रिया से विरत रहकर प्रस्ताव की कॉपी सभी न्यायालयों में भेजा। इस अवसर पर सचिव राजेंद्र प्रसाद मौर्य, अनिल कुमार मौर्या, बृजभूषण पांडेय, मनोज दुबे, जनार्दन मिश्रा, कमलेश आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

### होली मिलन समारोह पर हुआ बिरहा दंगल का आयोजन

**मीरजापुर।** बुढ़वा मंगल के अवसर पर ग्राम भभुआर में रेलवे स्टेशन नरायनपुर के सामने मंगलवार को होली मिलन और बिरहा दंगल का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि सपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व जिला उपाध्यक्ष सपा सुनील सिंह पटेल ने बिरहा दंगल का उद्घाटन फीटा काटकर किया। बिरहा का मुकाबला ओम प्रकाश यादव और उजाला यादव के बीच हुआ। दोनों कलाकारों ने अपने अपने गीतों से श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। बीर रस और देशभक्ति गीतों से कलाकारों ने ऐसा समा बांधा कि रात भर श्रोता जमे रहे। आयोजक धीरेन्द्र सिंह पटेल और कमेटी के लोगों ने मुख्य अतिथि और दोनों कलाकारों का सम्मान किया। इस दौरान ग्राम प्रधान सरोज सिंह, पंकज पटेल, विजय पटेल, बसन्त, रामअधार विश्वकर्मा, राजू यादव, महेन्द्र यादव, नरेन्द्र यादव, दिलीप पटेल, अरविन्द पटेल, सुधीर पटेल आदि रहे।

### डिस्ट्रिक्ट कोआर्डिनेटर ने किया निरीक्षण

**मीरजापुर।** छानबे विकास खंड के ग्राम पंचायत गोगांव में निर्माणाधीन कूड़ा संग्रहण केंद्र, लीच पिट, नाडेप खाद गड्ढा के आकार की नाली एवं भूमिगत नाली का डिस्ट्रिक्ट कोआर्डिनेटर ने स्थलीय निरीक्षण किया। चेंबर में मानक एवं गुणवत्ता का ध्यान रखने हेतु सुझाव दिया गया तथा पानी के बहाव के क्षेत्र को दृष्टिगत रखते हुए आउट पाइप, इन पाइप ऊंचाई को ध्यान दिया जाए तथा प्रत्येक घरों से नाली में कनेक्शन के पूर्व चेंबर बनाकर जाली लगाये। जगह जगह पॉलिथीन बैंक स्थापित करने एवं ग्राम पंचायत घर-घर से कूड़ा उठाने हेतु ग्राम प्रधान को निर्देशित किया।

### आत्महत्या के लिए उकसाने वाले चार गिरफ्तार

**मीरजापुर।** विन्ध्याचल थाना क्षेत्र के घमहापुर निवासी रामलाल द्वारा ना भतीजा मंगलम सरोज को आत्महत्या कर लेने के सम्बन्ध में लिखित तहरीर दी गई थी। जिसके आधार पर थाना विन्ध्याचल पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था। प्रभारी निरीक्षक अतुल कुमार राय मय पुलिस बल द्वारा सूचना के आधार पर थाना विन्ध्याचल क्षेत्र से 04 नफर आरोपी रमेश बिन्द पुत्र सीताराम बिन्द, सावीत्री देवी पत्नी रमेश बिन्द, मन्तोरा देवी पत्नी राजेन्द्र बिन्द व आरती बिन्द पुत्री राजेन्द्र बिन्द निवासीगण घमहापुर थाना विन्ध्याचल को गिरफ्तार करके जेल भेजा दिया ।

### संगठित रहने से नाई समाज का विकास संभव

**पटवध (आजमगढ़)।** बिलरियागंज विकास खंड अंतर्गत पंचायत भवन शहाबुद्दीनपुर में बगेदू शर्मा की अध्यक्षता में बैठक हुई। मुख्य अतिथि युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष अवधेश शर्मा व विशिष्ट अतिथि प्रदेश सचिव तारिक हसन सलमानी रहे। बैठक में सैलून की बंदी जो मंगलवार को निश्चित किया गया और नई रेट सूची को एक अप्रैल 2023 से लागू किया जाएगा और उसको वितरित किया जाए इस पर चर्चा हुई। युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष अवधेश शर्मा ने कहा कि नाई समाज का विकास तभी संभव है जब वह संगठित हो और अपने हक अधिकार के लिए जागरूक होंगे। यह बंदी एक संकेत है संगठन को भविष्य में ताकतवर बनाने के लिए शिक्षित होना जरूरी है क्योंकि शिक्षा से ही समाज में बदलाव आएग। जिलाध्यक्ष रमेश शर्मा ने कहा कि नाई समाज और सलमानी समाज को संगठित करके एक मजबूत संगठन तैयार किया जाएगा जिससे नाई समाज सलमानी समाज के ऊपर हो रहे जुल्म अत्याचार और शोषण के खिलाफ अपनी लड़ाई लड़ सके। इस मौके पर राजमणि शर्मा, ओम प्रकाश शर्मा, संतोष शर्मा, सुबहान सलमानी, सफीक सलमानी, संतोष शर्मा आदि लोग उपस्थित थे।

# चेकिंग के दौरान जाम में फंसी एंबुलेंस, मरीज बालक की मौत

**जनसंदेश न्यूज**

**हंगामा**

**चेकिंग अभियान से घबराकर टोल प्लाजा से भस्सी लदी ट्रक वापस लेकर मारकुंडी घाट उतरते समय अनियंत्रित होकर पलटी चालक/ खलासी बाल बाल बचे**

**समय रहते जिला प्रशासन नहीं चेता तो खनन विभाग की मनमानी कार्रवाई से लोगों का कभी भी फूट सकता है गुस्सा**

**सोनभद्र।** खनन विभाग की मनमानी चेकिंग से वाराणसी-शक्तिनगर मार्ग की रफ्तार थम जा रही है। भयंकर जाम से आम लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

बुधवार की सुबह से खनन विभाग की टीम लोढी टोल प्लाजा पर अचानक सघन चेकिंग अभियान शुरू कर दिया जिससे सैकड़ों की संख्या में ट्रकें जाम में फंस गई। इस दौरान एम्बुलेंस के जाम के फंस जाने के चलते मध्य प्रदेश के सिंगरौली जिले से गंभीर रूप से बिमार सात वर्षीय बालक की मौत हो गई। बच्चे की मौत से नराज परिजनों ने उसका शव सड़क पर रखकर जाम लगा दिया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने लोगों को समझा-बुझाकर जाम समाप्त कराया।

बताया गया कि पागल सियार के हमले से जख्मी चांद बाबू 7 निवासी सिंगरौली वाराणसी के लिए रेफर किया था जैसे ही एंबुलेंस मारकुंडी पहुंची जाम का सामना करना पड़ा। किसी तरह से चालक एंबुलेंस लेकर लोढ़ी टोल प्लाजा पहुंची जहा घटों जाम मे फंस जाने से गंभीर रूप से बिमार बालक ने दम तोड़ दिया। बच्चे की मौत की जानकारी होने पर परिजन चीख-पुकार करने लगे यह देख लोगों की भारी भीड़ एकत्रित हो गयी। गुस्साए परिजन बालक का शव सड़क पर रख कर खनन विभाग के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करने लगे। लोगों का आरोप था कि खनन विभाग के इंस्पेक्टर ईश्वर चन्द्र टोल प्लाजा पर जाम लगाकर चेकिंग अभियान चला देते हैं जिससे बालू गिट्टी लदे ट्रक को चालक बैक कर वापस मारकुंडी के तरफ बेतहाशा स्पीड से भागने लगते हैं। जिससे मारकुंडी घाटी के दोनों सड़कपर भारी जाम लग जाता है। भागने के दौरान कई ट्रक मारकुंडी घाटी में अनियंत्रित होकर पलट भी चुके हैं। बुधवार को भी चेकिंग से बचने के लिए मारकुंडी घाटी में भस्मी लदा एक ट्रक पलट गया। हालांकि चालक/ खलासी की जान बच गयी। जिसके चलते चोपन से लेकर लोढ़ी टोल प्लाजा तक राज्य मार्ग पर लंबा जाम लग गया। जाम में एम्बुलेंस फंस गई जिससे अस्पताल पहुंचने से पहले ही चांद बाबू की मौत हो गई। सूचना पर पहुंचे सीओ सीटी राहुल पांडेय व प्रभारी निरीक्षक राबर्ट्सगंज बालमुकुंद मिश्रा ने सड़क पर शव कर कर विरोध प्रदर्शन कर रहे लोगों को समझा-बुझाकर जाम को समाप्त कराते हुए लोगों को आश्वासन दिये कि भविष्य में खनन विभाग की चेकिंग के दौरान जाम नहीं लगेगा। इसके लिए खनन विभाग के अधिकारियों कहा जाएगा।

## टैंकर से टकराई जनरथ बस सहायक चालक समेत पांच घायल

**रेणुकूट।** पिपरी थाना क्षेत्र अंतर्गत मकरा के समीप शक्तिनगर से लखनऊ जा रही जनरथ बस की टैंकर से आमने-सामने का टक्कर हो गई, जिससे बस अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरी। इस दुर्घटना में सहायक चालक सहित पांच लोग घायल हो गए। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को हिंडालको चिकित्सालय में भर्ती कराया। जहां सभी का इलाज चल रहा है।

पिपरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत मकरा के समीप वाराणसी शक्तिनगर मुख्यमार्ग पर बुधवार को लगभग 4 बजे शक्तिनगर से लखनऊ के लिए जा रही चारबाग डिपो की जनरथ बस से रेणुकूट की ओर से शक्तिनगर जा रही टैंकर से आमने-सामने की भिड़ंत हो गई। जिससे बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खाई में चली गई।

इस हादसे में बस में सवार बाराबंकी निवासी सहायक चालक अतुल कुमार पुत्र अशोक कुमार 35 सहित यात्री राजीव कुमार कनौजिया पुत्र पांचू राम कनौजिया 36 निवासी निगाही मध्य प्रदेश, संतोष कुमार पटेल पुत्र अमर बहादुर सिंह 30 निवासी भसया औराई, रामकृति सिंह पुत्र इंद्रबहादुर सिंह 41 निवासी शक्तिनगर अल्ताफ उल्लाह पुत्र नियामत उल्लाह 48 निवासी कल्याणपुर लखनऊ घायल हो गए। सूचना पाकर पहुंची पिपरी पुलिस ने तत्काल सभी घायलों को हिंडाल्को अस्पताल पहुंचाया जहां उनका इलाज चल रहा है।

### कार की चपेट में आकर मासूम समेत दो घायल

**सोनभद्र।** रायपुर थाना क्षेत्र के पटवध मोड पर खलियारी की तरफ से आ रही तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे जा गिरी। इस दौरान कार की चपेट में आने से सड़क किनारे खड़ी महिला शिवकुरी 60 पत्नी नर्वदा ग्राम बिजवार व शिवम 2 पुत्र आकाश गंभीर रूप से घायल हो गया। दोनों को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र वैनी में भर्ती कराया गया। जहां शिवम की हालत नाजुक देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

## संक्षेप

### राहगीरों के लिए वाटर कूलर का उद्घाटन



वाटर कूलर का उद्घाटन करते दुद्धी विधायक राम दुलारे

**डाला।** हाथीनाला पंचमुखी हनुमान मंदिर पर मंगलवार की सुबह डाला खनन व्यवसाई सुभाष मित्तल द्वारा राहगीरों के लिए एक शीतल पेयजल हेतु 80 लीटर का वाटर कुलर लगाया गया। वाटर कुलर का उद्घाटन दुद्धी विधायक रामदुलारे गौड़ पानी पीकर की गई। वाटर कुलर का शुरूआत होने के पूर्व हाथीनाला पंचमुखी हनुमान मंदिर के प्रधान महंत पुजारी हरी नरायण दास ने विधि विधान से पूजा किया। व्यवसायी सुभाष मित्तल ने बताया कि समूचे क्षेत्र में आने वाली प्रचंड गर्मी में पेयजल संकट गहराने लगता वहीं हाथीनाला मंदिर पर लगा वाटर कुलर राहगीरों की प्यास बुझाने का काम करेगा। इस दौरान पुरुषोत्तम मित्तल समेत कई लोग मौजूद रहे।

### संतोष अध्यक्ष व मुकेश तरंग को सचिव की जिम्मेदारी

**सोनभद्र।** पीपुल्स यूनियन फॉर सिविल लिबर्टीज (पीयूसीएल) के नये कार्यकरणी से सिविल सोशायटी के संवैधानिक अधिकारों के संरक्षण पर डेमोक्रेटीक प्रोटेस्ट की काफी सम्भावनाएं है। उक्त बातें पीयूसीएल के प्रदेश संगठन सचिव विकाश शाक्य ने जिले की इकाई का पुर्नगठन करने के बाद कही। श्री शाक्य ने कहा कि जनपद आर्थिक अपराध का केन्द्र बन चुका है यहाँ जल जंगल और जमीनों पर बड़े उद्योगपतियों का कब्जा हो चुका है नये-नये कारखानों के स्थापना के लिए यहाँ के आदिवासियों और वनवासियों को उजाड़ा जा रहा है प्रतिरोध करने वालों पर भारी सरकारी दमन का खतरा बना हुआ है ऐसी स्थिति मे पीयूसीएल के नयी कार्यकारणी के ऊपर बड़ी जिम्मेदारी है। जिले के नई कमेटी मे संतोष पटेल एडवोकेट को अध्यक्ष एवं मुकेश तरंग को सचिव बनाते हुए सिविल सोशायटी की बड़ी जिम्मेदारी सौंपी गयी है। शाक्य ने बताया कि इंदिरा गाँधी के आपातकाल के दौरान जयप्रकाश नारायण द्वारा स्थापित पीयूसीएल लगातार सिविल सोशायटी के संवैधानिक अधिकारों के संरक्षण के लिए लोकतांत्रिक आवाजें उठाती रही. हैं और आगे भी नई कार्यकारणी भी इस संगठन के संविधान के अनुरूप कार्य करेगी। जिले के नई कमेटी के चयन मे संतोष पटेल, मुकेश पटेल, इंद्र कुमार सिंह, डॉ. विमलेश पटेल, अप्रेज अहमद, मु. इद्रीश, अशोक कुमार सिंह, विकाश पटेल आदि उपस्थित रहे।

### एनटीपीसी विंध्याचल को मिला अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा पुरस्कार

**अनपरा।** एनटीपीसी विंध्याचल ने अपने कर्मचारियों और कार्यस्थलों को स्वस्थ और सुरक्षित रखने की अपनी प्रतिबद्धता के सम्मान में ब्रिटिश सुरक्षा परिषद से अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार जीता है। यह अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा पुरस्कार मेरिट जीतने वाले दुनिया भर के 296 संगठनों में से एक है। 65 वें वर्ष में अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा पुरस्कार दुनिया भर के उन संगठनों को दिया गया है जिन्होंने पिछले कैलेंडर वर्ष के दौरान कार्यस्थल की चोटों और काम से संबंधित खराब स्वास्थ्य को रोकने के लिए अच्छा प्रदर्शन किया है। इस वर्ष में 774 संगठनों ने एक अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा पुरस्कार जीता। वे निर्माण, तेल, गैस, खनन, बिजली और उपयोगिता क्षेत्रों से महत्वपूर्ण प्रतिनिधित्व वाले सभी क्षेत्रों में फैले हुए हैं। विजेताओं को दुनिया भर के 44 देशों से चुना गया है। ब्रिटिश सुरक्षा परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी माइक रॉबिन्सन ने पुरस्कार जीतने में एनटीपीसी विंध्याचल की सफलता पर बधाई दी और ब्रिटिश सुरक्षा परिषद ने एनटीपीसी विंध्याचल की उपलब्धि के लिए सराहना की। यह पुरस्कार उनके कर्मचारियों और कार्यस्थलों को चोटों और खराब स्वास्थ्य से मुक्त रखने के लिए उनकी प्रतिबद्धता और कड़ी मेहनत की पहचान है। ब्रिटिश सेफ्टी काउंसिल का लक्ष्य है कि दुनिया में कहीं भी उनके काम से कोई घायल या बीमार नहीं होना चाहिए। इसका मतलब है कि लोग न केवल स्वास्थ्य और सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध हैं, बल्कि कार्यस्थल की भलाई के लिए भी अधिक प्रतिबद्ध हैं और दूसरों को इसका पालन करने के लिए प्रेरित करते हैं।

### मोटे अनाज के उत्पादन पर दिया जोर

**सोनभद्र।** मुख्य विकास अधिकारी सौरभ गंगवार की अध्यक्षता में बुधवार को विकास भवन सभागार में किसान दिवस का आयोजन किया गया। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी ने अन्न/मिलेट (ज्वार,बाजार,सावां, कोदो आदि) के उत्पादन एवं अधिकतम उपयोग की जनपद के समस्त कृषकों से अपील की गई। इस अवसर पर जिला कृषि अधिकारी डा. हरि कृष्ण मिश्रा द्वारा अन्न के पोषणीय लाभ के साथ साथ मौसम विभाग के पूवार्नुमान की जानकारी देते हुए अवगत कराया गया कि 18 से 20 मार्च की बीच वर्षा संभावित है अतः सरसों/राई की फसल यदि पक कर तैयार हो गई है तो उसकी कटाई/मड़ाई कर सुरक्षित स्थान पर रखें। देर से बोए गेहूं में यदि अंतिम सिंचाई के बारे प्लानिंग कर रहे है तो उसमें 20 मार्च तक सिचाई से बचें। किसान दिवस में कृषि, बैंक, उद्यान, केवीके, सहकारिता, सिचाई, विभाग के अधिकारियों के साथ साथ कृषक मनीराम पटेल, लाल जी तिवारी, लाल बहादुर सहित अन्य सम्बन्धितगण उपस्थित रहे।

### तीन सूत्री मांग को लेकर किया विरोध प्रदर्शन

**सोनभद्र।** कलेक्ट्रेट परिसर में बुधवार को एमसीपीआई के एक प्रतिनिधिमंडल व ग्रामीणों द्वारा अपनी 3 सूत्री मांगों को लेकर विरोध प्रदर्शन करते हुए जिलाधिकारी नामक ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा। इस मौके पर राज नारायण सिंह, श्याम लाल, भरत लाल ,बच्चा लाल, नैनी राम, रिंकू प्रसाद, रामवृक्ष, रामकेश, ननकू, फुलवंती, रामप्यारे आदि लोग मौजूद रहे।

### सभी फार्म वैध

**दुद्धी।** दीर्घाकार बहुउद्देशीय सहकारी समिति (लैंपस) दुद्धी के चुनाव के दौरान सदस्य पद के लिए 15 फार्मों की बिक्री हुई थी। जिसे जांचोपरांत निर्वाचन अधिकारी विजय बहादुर ने बताया कि बुधवार को 9 पदं के लिए बिके 15 फार्मों से 14 आवेदन फार्म आए है जिसमे सभी 14 वैध पाए गए हैं।

# लोगों की जरूरत पूरी कर रहा शौचालय अब बंद

## कस्बे में आधा दर्जन सुलभ शौचालय बने शो पीस

**जनसंदेश न्यूज**



दुद्धी कस्बे में बंद पड़ा शौचालय

अधिशासी अधिकारी,भारत सिंह ने कहा कि सोख्ता क्षतिग्रस्त हो गया था। जिसको पुनः बनवाने के लिए सुलभ शौचालय के पीछे खुदाई कराई जा रही थी। जिसे लोगों ने पुलिस से शिकायत कर रोकवा दिया था, लेकिन शीघ्र ही सोख्ता बनवाने का कार्य शुरू होगा।

**दुद्धी।** शासन स्तर से जहा एक ओर सुलभ शौचालय की सुविधा दी जा रही है वहीं कस्बे के म्योरपुर बस स्टैड पर वर्षो पुराना शौचालय अब बन्द हो गया है लोग यहां जरूरत पर इस्तेमाल करते थे। दुद्धी कस्बे में वैसे तो नगर पंचायत द्वारा कई सूलभ शौचालय बनाए गए है। जिसमे शिवाजी तालाब, बड़नी नाला व खेल मैदान आदि शामिल है, लेकिन ये सभी शो पीस है। कही ताला बन्द है तो कहीं पानी नहीं तो कहीं गंदगी का अंबार है।

बता दें कि म्योरपुर बस स्टैड स्थित सुलभ शौचालय का निर्माण 2008 में हुआ था। जिसका जीर्णोद्वार 2017-18 में किया गया तब से यात्री, राहगीर, विद्यार्थी आदि इस्तेमाल करते थे। इसकी परिकल्पना स्वच्छ दुद्धी और सुंदर दुद्धी के तहत की गई थी। यात्री सूरज कुमार, मोहन, गिरधारी, शांति देवी आदि ने बताया कि करीब एक माह से सुलभ शौचालय बन्द है और कस्बे में कोई और विकल्प भी नहीं है जरूरत पड़ने पर काफी दिक्कत होती है। सरकार का शौचालय निर्माण पर भी विशेष ध्यान है लेकिन नगर पंचायत की उदासीनता व राजनीत के चक्कर में शौचालय का सोख्ता नहीं बन पा रहा है और ना ही कोई वैकल्पिक व्यवस्था रखी गयी है जबकि नगर पंचायत के पास वैकल्पिक व्यवस्था है।

# जिला पंचायत बोर्ड की बैठक में विकास कार्यों की हुई समीक्षा

**बैठक**

**सदस्यों ने पूर्व बजट वर्तमान बजट आय व्यय की विस्तार पूर्वक जानकारी का उठाया मुद्दा**

**जनसंदेश न्यूज**



जिला पंचायत में बोर्ड की बैठक लेती अध्यक्ष राधिका पटेल

**सोनभद्र।** जिला पंचायत सभाकक्ष में बुधवार को बोर्ड की बैठक आहूत की गई। जिसमें अध्यक्ष राधिका पटेल के सहमति से सदन की कार्यवाही सदस्यों के साथ शुरू की गई। अपर मुख्य अधिकारी प्रदीप कुमार सिंह ने उपस्थित समस्त जनप्रतिनिधियों तथा मुख्य विकास अधिकारी सौरव गंगवार

व जिला स्तरीय अधिकारियों का बैठक में अभिनंदन करते हुए सदन की कार्रवाई शुरू की गई। जिसमें पंचायत राज वित्त व 15 वां वित्त आयोग टाइट डाइट ग्रांट की कार्य योजना की गई है। जिसके अनुसार लेपन पीसी पुलिया सुरक्षा दीवार जल संयंत्र केतु तालाबों का सुंदरीकरण इत्यादि विकास कार्य कराए जाएंगे साथ ही भारत सरकार के निर्देशानुसार अमृत सरोवर का भी निर्माण कार्य किया जाना प्रस्तावित है। इसी के साथ उन्होंने जिला निधि से वर्ग 22-23 में जनहित में विकास कार्य कराए जाने हेतु कार्य योजना की स्वीकृति हेतु सदन पटल पर रखा। उन्होंने अवगत कराया कि पंचम राज्य वित्त आयोग 15 वां वित्त आयोग अंतर्गत उपलब्ध होने वाली अनुमानित धनराशि बढ़ोतरी देते हुए कार्य योजना तैयार की गई है। एमएलसी श्याम नारायण सिंह ने अपर मुख्य विकास अधिकारी को निर्देशित किया कि सभी सदस्यों को जिला पंचायत की डायरी छपवा कर वितरित की जाए, जिसमें जिले के सभी अधिकारियों का नाम व मोबाइल नंबर अंकित होना चाहिए। जिससे वह अपनी समस्याओं से संबंधित विभाग अधिकारी से वार्ता कर सके। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य जयप्रकाश उर्फ चेखूर पांडेय, उत्तरा त्रिपाठी, मोहन कुशवाहा, अरविंद गोड, डीपीआरओ विशाल सिंह, बीएसए हरिवंश कुमार, फुलरी, शिवमंगल, उषा कुमारी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# बिजली कर्मियों ने किया कार्य बहिष्कार, आज रात से 72 घण्टे की हड़ताल

**आक्रोश**

**आंदोलन पर अड़े बिजली कर्मी, बात नहीं बनी तो हड़ताल से प्रदेश में गहरा सकता है बिजली संकट**

**ऊर्जा निगम के शीर्ष प्रबंधन पर लगाया हठधर्मिता का आरोप, पूर्व में हुए समझौते को लागू करने की उठाई मांग**

**जनसंदेश न्यूज**




नारेबाजी करते विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के लोग

**सोनभद्र/ओबरा।** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति उप्र के आह्वान पर प्रदेश के सभी ऊर्जा निगमों के कर्मचारियों के कर्मचारियों ने बुधवार से कार्य बहिष्कार शुरू कर दिया। इसका असर जिले में भी देखा गया। वितरण, पारेषण के साथ ही उत्पादन निगम ओबरा व अनपरा तापीय परियोजना के बिजली कर्मचारियों, जूनियर इंजीनियरों, अभियन्ताओं और निविदा व संविदा कर्मियों ने भी कार्य बहिष्कार प्रारम्भ कर दिया है। रावर्ट्सगंज वितरण निगम के डिविजन कार्यालय व पिपरी वितरण निगम के डिविजन कार्यालय पर एकत्रित कर्मचारियों ने कार्य बहिष्कार कर सरकार के खिलाफ नारेबाजी किया।

बिजली कर्मचारियों एवं अभियन्ताओं की राष्ट्रीय समन्वय समिति नेशनल कोऑर्डिनेशन कमेटी ऑफ इलेक्ट्रीसिटी इम्प्लॉइज एण्ड इंजीनियर्स (एनसीसीओईईई) ने उप्र के बिजली कर्मियों के आन्दोलन के समर्थन में राष्ट्रव्यापी विरोध प्रदर्शन करने का आह्वान किया है। एनसीसीओईईई के आह्वान पर 16 मार्च को देश के सभी प्रान्तों के सभी जनपदों एवं परियोजनाओं पर लगभग 27 लाख बिजली कर्मी सड़कों पर उतर कर विरोध प्रदर्शन करेगें। संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि 16 मार्च की रात 10 बजे से 72 घण्टे की सांकेतिक हड़ताल होगी। बताया कि ऊर्जा निगमों के शीर्ष प्रबन्धन की हठवादिता के चलते बिजली कर्मियों पर हड़ताल थोपी जा रही है। कहा कि 3 दिसम्बर 2022 को हुए समझौते में ऊर्जा मंत्री की ओर से 15 दिन का समय मांगा गया था, अब 112 दिन व्यतीत हो गये हैं और समझौते के प्रमुख बिन्दुओं के क्रियान्वयन की दिशा में कुछ भी कदम नहीं उठाया जा रहा है।दूसरी ओर ओबरा, अनपरा की 800-800 मेगावाट की नई इकाईयां को उत्पादन निगम से छीन कर एनटीपीसी को दिये जाने, पारेषण के निजीकरण को रोकने व अन्य न्यायोचित मांगों के सार्थक समाधान किये जाने की मांग पर शांतिपूर्ण ढंग से आन्दोलन कर रहे बिजली कर्मियों को पुलिस उत्पीड़न की धमकी दी जा रही है। समिति के पदाधिकारी अंकित प्रकाश, अजय कुमार प्रजापति, मनीष मिश्रा, अजय प्रताप सिंह, अजय सिंह, आरजी सिंह, योगेंद्र कुमार, आनंद पटेल, नित्यानंद सिंह, अनुराग मिश्रा, हरदेव नारायण तिवारी, लालचंद, प्रहलाद शर्मा, श्रीकांत गुप्ता, उमेश कुमार, विनोद कुमार सिंह, दिनेश कुमार यादव, सतीश कुमार, विंध्याचल, शाहिद अख्तर, दिनेश सिंह, दीपक कुमार, रमेश राय, विजय सिंह ने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मामले में प्रभावी हस्तक्षेप करने की पुनः अपील किया है। कहा कि समझौते का क्रियान्वयन व अन्य न्यायोचित मांगों के सार्थक समाधान हो जाये तो बिजली कर्मी पूरी निष्ठा से दिन-रात कार्य कर उप्र को बिजली आपूर्ति के मामले में शीर्ष दर्जा दिलाने में सक्षम हैं।



रावर्ट्सगंज बिजली विभाग कार्यालय में कार्य बहिस्कार कर धरने पर बैठे कर्मी

### बिजली कर्मियों की हड़ताल, कलेक्ट्रेट में बनाया गया कंट्रोल रूम

**सोनभद्र।** जिला मजिस्ट्रेट चन्द्र विजय सिंह ने बताया कि शासन के निर्देशानुपालन में विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति उप्र द्वारा बिजली कर्मचारियों एवं अभियन्ता संगठनों की कतिपय मांगों को लेकर समस्त परियोजनाओं, मुख्यालयों एवं डिस्काम मुख्यलयों पर 20 फरवरी 2023 से चरणबद्ध जन-जागरण रैली एंव मशाल जुलूस तथा इसी प्रकार 16 मार्च 2023 की रात्रि 10 बजे से 72 घण्टे की सांकेतिक हड़ताल के दृष्टिगत जनपद मुख्यालय पर सामानान्तर कण्ट्रोल रूम स्थापित किया जाता है। जिसका दूरभाष नम्बर 05444222384 एवं मोबाइल नम्बर 8840127444 है। कन्ट्रोल रूम में कार्यरत अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा प्राप्त सूचनाओं की समीक्षा कर आवश्यक सूचनाओं से उच्चाधिकारियों को अवगत कराते हुए प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी यह कन्ट्रोल रूम 24 घण्टे संचालित रहेगा। कलेक्ट्रेट में स्थापित विद्युत कर्मचारी प्रान्त व्यापी आन्दोलन नियंत्रण कन्ट्रोल रूम हेतु नोडल अधिकारियों/कर्मचारियों नामित किया गया है।

# प्रदेश में बिगड़ती कानून व्यवस्था को लेकर कमेरावादी का प्रदर्शन

**रोष**

**कलेक्ट्रेट परिसर में प्रदर्शन कर अपना पांच सूत्री मांग पत्र जिला प्रशासन को सौंपा**

**जनसंदेश न्यूज**



कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन करते अपना दल कमेरा वादी पार्टी के लोग

**सोनभद्र।** कलेक्ट्रेट परिसर में अपना दल कमेरा वादी पार्टी के जिला अध्यक्ष रामधनी कॉल के नेतृत्व में दर्जनों कार्यकर्ताओं द्वारा बुधवार को अपनी 5 सूत्री मांग पत्र को लेकर विरोध प्रदर्शन करते हुए महामहिम राज्यपाल संबोधित ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा।

जिलाध्यक्ष ने कहा कि जनगणना का मतलब केवल यह नहीं होता कि लोगों की तादाद को गिन लिया जाए। जनगणना में और भी सारे विषय शामिल किए जाते हैं, ताकि समाज की तस्वीर की एक मुकम्मल सच्चाई निकल कर आए। लेकिन केवल अनुसूचित जाति, जनजाति और सामान्य वर्ग की श्रेणी होती है। अन्य पिछड़ा वर्ग की श्रेणी नहीं होती है। इसलिए हम जातिवार जनगणना की मांग करते हैं ताकि समाज का सामाजिक एवं आर्थिक विकास सुगम हो सके। वक्ताओं ने कहा कि प्रदेश भर में हत्या लूट एवं अन्य संगीन आपराधिक घटनाओं का ग्राफ तेजी से बढ़ा है। संगीन अपराधों को रोक पाने में अक्षम उत्तर प्रदेश की पुलिस केवल उत्पीड़न एवं दमन कर रही है, जिससे सूबे की कानून व्यवस्था बिगड़ गई है। विगत दिनों प्रयागराज में अधिवक्ता उमेश पाल की हत्या एवं इस घटना के पदार्फाश में की जा रही लीपापोती इसका प्रत्यक्ष प्रमाण है। केंद्र और प्रदेश की वर्तमान सरकार पूर्णतया विफल साबित हो रही है। इस मौके पर बुद्धिनाथ सिंह, रमाशंकर मौर्या, प्रभु सिंह, रामजनम, रमेश कोल, सुनील कुमार, विरेन्द्र पटेल, शान्ति भारती, राजकुमार पाल, मनोज कुमार, रमाशंकर, आशीष, मुन्नी देवी, परमेश्वर, रामधनी, लक्ष्मण बिंद, अवतार प्रसाद आदि लोग मौजूद रहे।

# मेले में कुल 683 पशुओं का कराया पंजीकरण

**बीजपुर।** म्योरपुर विकास खण्ड के ग्राम सभा इंजानी के टोला बकरिहवा में पंडित दीन दयाल उपाध्याय पशु आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। जिसमे क्षेत्र के दर्जनों पशु पालकों ने मेले में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। मेले का शुभारंभ ग्राम प्रधान विजया देवी व प्रधानपति रामअवध ने गौ पूजा कर के किया। प्रधानपति ने कहा कि सरकार के द्वारा चलाए जा रहे योजना का लाभ उपस्थित पशु चिकित्सक से पशु पालकों को लेना चाहिए। मेले कुल 683 पशु चिकित्सकों ने पंजीकरण कराया। पशु चिकित्सक हेमन्त कुमार ने बताया कि क्षेत्र के दर्जनों पशु पालकों ने अपने पशुओं का पंजीकरण करवा मेडिकल परीक्षण करवाया। उसके उपरांत सम्बंधित रोगों की दवाइयां निःशुल्क दी गई तथा पशुओं को रोगों से बचाव के उपाय बताए गए। पशु मेले में पशु चिकित्सक उमाकांत वर्मा, बिकास बाबू सिंह,बिनोद सिंह ने उपस्थित क्षेत्रीय पशुपालकों को सरकार द्वारा चलाए जा रहे सरकारी योजनाओं के बारे बिस्तार से चर्चा की तथा योजनाओं का भरपूर लाभ उठाने को कहा। मेले में बन्ध्याकरण, कृमिनाशक दवा निःशुल्क वितरित किया गया। इस मौके पर पशुपालक उमेश तिवारी, सुरेंद्र तिवारी, बाल्मीकि, रामसेवक आदि मौजूद रहे।



पशु मेले का उद्घाटन करते ग्राम प्रधान

# ध्वज लेकर झूमे श्रद्धालु, निकाली गई खाटू श्याम की निशान यात्रा

**आस्था**

**प्रसाद वितरण के बाद भजन संध्या का होगा आयोजन, यात्रा में संगीत की धुन पर नाचे भक्त**

**जनसंदेश न्यूज**



खाटू श्याम की निशान यात्रा में झूमते श्रद्धालु

**सोनभद्र।** नगर के हनुमान मंदिर से बुधवार को निशान यात्रा का शुभारंभ किया गया। यात्रा में भगवान खाटू श्याम का ध्वज लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु नाचते-गाते जयघोष लगाते चल रहे थे। रंग बिरंगे झंडे और सुसज्जित रथ आकर्षण का केंद्र बना हुआ था। मारवाड़ी समाज के युवा, बुजुर्ग, महिलाएं और बच्चे शामिल थे। नगर के कई स्थानों पर यात्रा का भव्य स्वागत किया गया।

भगवान श्याम की निशान यात्रा में श्रद्धालु बड़े छोटे आकर्षक ध्वज लेकर चल रहे थे। यात्रा का शुभारंभ हनुमान मंदिर से किया गया। यात्रा में भगवान खाटू के दीवाने मधुर गीतों की धुन पर नाच रहे थे, उनके पीछे श्रद्धालुओं की भीड़ झंडा लिए चल रही थी। भगवान खाटू श्याम के ध्वज को गाजे बाजे और जय कारों के साथ भक्तों ने नगर भ्रमण कराया गया। ध्वजवाहक के पीछे संगीत की धुन पर श्रद्धालु जयघोष के साथ नाचते गाते चल रहे थे। यहां से प्रारंभ होकर यात्रा शीतला मंदिर, मेन चौक, मेन मार्केट, स्वर्ण जयंती चौक होते हुए बांके बिहारी मंदिर पहुंची। रास्ते में कई स्थानों पर श्रद्धालुओं ने यात्रा का स्वागत किया। समिति के पुनीत जैन ने बताया शाम को खाटू श्याम को छप्पन भोग अर्पित किए जाएंगे। इसके साथ ही महाआरती की जाएगी। आरती और प्रसाद वितरण के बाद भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। जिसमें खाटू श्याम के दीवाने भक्ति रस से सराबोर गीतों की प्रस्तुति देंगे। इस मौके पर अशोक जैन, मिठाई लाल सोनी, डॉ धर्मवीर तिवारी, ज्योति मित्तल, सिम्पल सोनी, प्रिया जैन, विजय अग्रवाल, पिंटू शर्मा, ममता मित्तल, सुचिता खेतान, पूनम खेतान, वंदना जायसवाल, विक्की जायसवाल, रवि जायसवाल, मखखन, पवन जैन आदि मौजूद रहे।

# किसानों का करोड़ों का डंप पड़ा काला धान विक्रय की मांग

बैठक

## सीडीओ की अध्यक्षता में किसान दिवस का आयोजन

जनसंदेश न्यूज


विकास भवन सभागार में किसानों व अधिकारियों संग बैठक करते सीडीओ।

**चंदौली।** विकास भवन सभागार में बुधवार को मुख्य विकास अधिकारी एसएन श्रीवास्तव की अध्यक्षता में किसान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान उप कृषि निदेशक द्वारा पिछले किसान दिवस आयोजन का कार्यवृत्त पढ़कर सुनाया गया, जिस पर भूपेन्द्रसिंह, ग्राम-कांटा ने अवगत कराया कि सिंचाई विभाग द्वारा क्षतिग्रस्त पुलिया का निर्माण बजट के अभाव में लम्बित बताया जा रहा है। यदि क्षतिग्रस्त पुलिया में ह्यूमपाइप डालकर आवागमन चालू किया जा सकता है जिससे किसानों को कार्य करने सुविधा हो जायेगी।

इस दौरान किसान वीरेन्द्र सिंह ने जनपद में करोड़ों रुपए का काला धान पड़ा हुआ है, जिसकी विक्रय कराने की समुचित व्यवस्था कराने की मांग की। किसान वीरेन्द्र सिंह, शेषनाथ यादव, सन्तोष मिश्रा एवं दीनानाथ श्रीवास्तव ने बन्धी डिवीजन से सिंचाई कार्य काफी प्रभावित है जिसमें कुलावा, क्षतिग्रस्त फाटक एवं तटबन्ध मरम्मत कराने की मांग की।

दीनानाथ श्रीवास्तव ने चन्द्रप्रभा बांध, पथरहवा बांध मरम्मत कार्य शीघ्र प्रारम्भ कराने की मांग की। बताया कि गुरैनी लघुडाल के टटबन्ध के मरम्मत हेतु 3.75 करोड़ स्वीकृत है, लेकिन अभी तक कार्यआधा-अधूरा हुआ है जिसे शीघ्र पूरा कराने की मांग की। संजय पाण्डेय ने आवाजापुर से आगे कोई छलका न होने के कारण किसानों को सिंचाई करने में परेशानी होती है। आवाजापुर से आगे छलका कार्य अविलम्ब लगाने की मांग की। रामपुर, गुरुदासपुर से जलनिकासी न होने के कारण से सैकड़ो एकड़ क्षेत्र की खेती प्रभावित होती है। अविलम्ब जलनिकासी हेतु नाली की खुदाई की मांग की। विकास कुमार पाण्डेय, गोपाल ने चकिया कृषि बीज भण्डार मरम्मत, ग्राम-कांटा में क्षतिग्रस्त फीडर एवं ढीले तार को एवं विद्युत आपूर्ति ठीक कराने की मांग की।

शेषनाथ यादव ने बन्धी डिवीजन द्वारा कोई मछली मारने का ठीका नहीं दिया जाता है, फिर भी ठेकेदार द्वारा किसानों को सिंचाई हेतु पानी नहीं लेने दिया जाता है। उक्त प्रकरण की जांच कराने की मांग की। जनपद में आवारा पशुओं द्वारा फसलों को काफी नुकसान पहुँचाया जा रहा है। जिला कृषि अधिकारी द्वारा गर्मी में उर्द व मूंग की खेती करने पर चर्चा की गयी। जिसपर किसानों द्वारा माह अप्रैल में नहरों द्वारा पानी उपलब्ध कराने की मांग की। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि किसान दिवस के दौरान कृषकों की जो भी शिकायतें प्राप्त हुई हैं संबंधित विभाग फौरन समुचित समाधान करना सुनिश्चित करेंगे। उप कृषि निदेशक द्वारा उपस्थित समस्त किसानों एवं संगठनों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए किसान दिवस के समापन की घोषणा की गयी।

# यूपी बोर्ड परीक्षा: तीन केंद्रों पर होगा मूल्यांकन कार्य

जनसंदेश न्यूज

तैयारी पूरी

## तीन मूल्यांकन केन्द्रों पर 1113 कर्मचारी करेंगे कार्य

**चंदौली।** यूपी बोर्ड की परीक्षा अंतिम दौर में पहुंच गए जल्द ही परीक्षा के संपन्न होने के बाद विभागीय अधिकारी व कर्मचारी मूल्यांकन की तैयारियों में जुट गए। शासन का निर्देश मिलते ही जनपद में मूल्यांकन का कार्य शुरू हो जाएगा। साथ ही विभाग प्रशिक्षण देकर मूल्यांकन केंद्रों की तैयारी शुरू हो गई है। पारदर्शिता के साथ यूपी बोर्ड की परीक्षाओं उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन किया जा सके। इसके लिए 1113 परीक्षकों की तैनाती की गई है और साथ ही उन्हें जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय की ओर से पत्र भी भेजे जा रहे हैं।

यूपी बोर्ड के परीक्षा अंतिम दौर में चल रही है। उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन की तैयारी शुरू हो गई है। जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय की ओर से जनपद में तीन मूल्यांकन केंद्र बनाए गए। इसमें नगर पालिका इंटर कॉलेज मुगलसराय, आदित्य नारायण इंटर कॉलेज चकिया और महेंद्र इंटर कॉलेज चंदौली शामिल है। उक्त केंद्रों पर मूल्यांकन को लेकर विभाग की ओर से तैयारियां जारी है। यही नहीं जनपद के कुल 1113 परीक्षकों को मूल्यांकन के लिए लगाया गया है। इनको जिला विद्यालय निरीक्षक कराया गया है और से पत्र भी भेजा जा रहा है ताकि उनको प्रशिक्षित कर मूल्यांकन कार्य कराया जा सके। हाईस्कूल के लिए 778 परीक्षक और इंटरमीडिएट के लिए 353 परीक्षकों की तैनाती की गई है।

विभागीय अधिकारियों का कहना है कि मूल्यांकन करने वाले शिक्षकों की सूची बना ली गई है और उन्हें पत्र के माध्यम से अवगत कराया जा रहा है। डीआईओएस जय प्रकाश ने बताया कि जनपद में तीन केंद्रों पर मूल्यांकन का कार्य किया जाएगा। इसके लिए 1113 पर शिक्षकों की तैनाती की गई है। पत्र के माध्यम से उन्हें अवगत कराया जा रहा है, ताकि मूल्यांकन कार्य सकुशल संपन्न कराया जा स

# डॉ. अभिषेक ने की नीट पीजी की परीक्षा उत्तीर्ण


नीट पीजी परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद डॉ. अभिषेक को मिठाई खिलाते पिता डॉ. संजय।

**सकलडीहा।** क्षेत्र के रमरजाय गांव निवासी डा.अभिषेक यादव ने नीट पीजी प्रवेश परीक्षा 2023 को उत्तीर्ण कर जिले का मान बढ़ाया है। मंगलवार को प्रवेश परीक्षा के परिणाम घोषित हुए, जिसमें अभिषेक ने अपने पहले ही प्रयास में राष्ट्रीय स्तर की इस परीक्षा को उत्तीर्ण कर इतिहास रचने का काम किया है। अभिषेक की इस सफलता पर सकलडीहा सरेहुवा कला के एचडी इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल कालेज के सभी अध्यापकों व छात्रों के साथ ही परिजनों ने अभिषेक को मिठाई खिलाकर बधाई दिया। अभिषेक यादव चन्दौली में संचालित अभिषेक हॉस्पिटल के डायरेक्टर डा.संजय यादव के ज्येष्ठ पुत्र हैं। अभिषेक की प्रारंभिक शिक्षा केंद्रीय विद्यालय मुगलसराय से हुई। तत्पश्चात उन्होंने एमबीबीएस की शिक्षा के लिए वाराणसी में रख किया। नीट पीजी में चयनित होने पर डा. अभिषेक ने बताया कि उसका सपना है कि वह अस्थि रोग विशेषज्ञ के रूप में नामचीन डाक्टर के रूप में देश की सेवा करें। डा.भिषेक ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने चाचा संतोष यादव, पिता डॉ. संजय यादव और दादी धनराजी देवी को दिया है। डॉ. अभिषेक के पिता डा. संजय यादव ने बताया कि डा. अभिषेक ने नीट पीजी प्रवेश परीक्षा 2023 में चयनित होने पर डा. डीआर यादव, डा. विवेक, डा. गोपाल, डा. अंकित, डा. हरेंद्र, डा. केएन पांडेय, डा. सुनील, डा. शैलेश, अमित, राकेश रौशन, ज्ञानी जैल सिंह प्रधान आदि ने प्रसन्नता व्यक्त की है।

# बरठी के समीप ट्रेन से गिरकर युवक की मौत

**सकलडीहा।** कोतवाली क्षेत्र के बरठी रेलवे ट्रेक खंभा नंबर 735/25 के समीप खगड़िया गांव निवासी पारस कुमार 25 वर्ष, राजपूत टोला सकरोहर अंचल बेलदौर निवासी युवक काम के सिलसिले में बाहर जा रहा था अचानक बरठी गांव के समीप देर रात ट्रेन से गिर गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक के बैग में रखे आधार कार्ड, पैन कार्ड व अन्य पहचान पत्र और मोबाइल व अन्य खाद्य सामग्री पाए गए। वही अलसुबह ग्रामीण शौच के लिए घर से निकले तभी ग्रामीणों की नजर अचानक मृत युवक पर पड़ी जिसे देखने के लिए भीड़ इकठ्ठा हो गई। इसकी सूचना तत्काल कोतवाली पुलिस को दिया गया। ग्रामीणों के अनुसार बताया कि सूचना के बाद भी चार घंटे लेट पहुंची कोतवाली पुलिस वहीं मौके पर कोतवाली पुलिस व दिलदारनगर आरपीएफ मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। इस बाबत कोतवाल विमलेश कुमार मौर्या ने बताया कि शव का शिनाख्त होने पर परिजनों को सूचित कर दिया गया।

# होली मिलन समारोह में कवियों ने बांधा समा


होली मिलन समारोह में अतिथियों को स्मृति चिह्न भेंट करते एसोसिएशन के लोग।

**डीडीयू नगर।** अग्रवाल सेवा संस्थान में चंधासी कोल ट्रेडर्स एसोसिएशन द्वारा आयोजित होली मिलन एवं हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। कवि सम्मेलन का प्रारंभ सरस्वती वंदना से हुई। सभी आगंतुकों का संस्था के अध्यक्ष सतीश जिंदल ने पुष्प वर्षा करके स्वागत व अभिनंदन किया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि के रूप में नगरपालिका अध्यक्ष संतोष खरवार व कोतवाल दीनदयाल उपस्थित रहे।

वक्ताओं ने कहा कि चंदासी कोल ट्रेडर्स एसोसिएशन ने व्यापारिक हितों की रक्षा करते हुए सामाजिक कार्यों में भी बढ़-चढ़कर सहभागिता निभा रही है होली मिलन समारोह का आयोजन करके उपस्थित श्रोता गणों का मन मोह लिया।संस्था की जितनी प्रशंसा की जाए वह भी कम है उसके बाद चंदौली के उभरते युवा कवि सुरेश अकेला ने कार्यक्रम का आगाज देते हुए सुनाया कि अपने देश में है प्यार का क्या खूब चलन, आज है होली मिलन आज है होली मिलन, जिससे पूरा माहौल होलियाना हो गया। प्रतापगढ़ से आए कमल प्रतापगढ़ी ने व्यक्ति के चरित्र पर रेखांकित करते हुए कविता की प्रस्तुति की। प्रयागराज से आई प्रसिद्ध कवयित्री वंदना शुक्ला ने होली गीत सुनाकर सबका मन मोह लिया। इसके अलावा कमरूज्जमा, बिहारी लाल अम्बर ने अपनी प्रस्तुतियों से श्रोताओं का मन मोह लिया। कार्यक्रम में अध्यक्ष सतीश जिंदल, उपाध्यक्ष अशोक कनोडिया, दिलीप अग्रवाल, सचिव मोहित बागड़िया, कोषाध्यक्ष देश दीप मित्तल, नियाज अहमद, डा.मनोज सिंह मुख्य प्रवक्ता विजय राय सहित समिति के सदस्य संजय सिंह, हरिशंकर सिंह, लल्लू तिवारी, अभिषेक सिंह, आसाराम, विक्की जुनेजा, हाफिज भाई, संजय अग्रहरी, हामिद भाई नारायण यादव आदि उपस्थित रहे।

## महाविद्यालय में रक्त जांच शिविर आज

**सकलडीहा।** सकलडीहा पोस्ट ग्रेजुएट कालेज में रक्त राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत समस्त स्वयंसेवक व कालेज के सभी छात्र-छात्राएं अपना निःशुल्क रक्त जांच गुरुवार को सुबह दस बजे महाविद्यालय सभागार में किया जाएगा। वही जांच टीम सकलडीहा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र द्वारा एक कैंप लगा कर किया जाएगा। इस दौरान कार्यक्रम के अधिकारी डा.अभय कुमार वर्मा ने बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना के समस्त छात्र-छात्राये शिविर में रक्त जांच कराने के बाद ही गूगल फार्म भरा जा सकेगा।

# बच्चियों की शिक्षा पर ध्यान दें अभिभावक : जावेद

जनसंदेश न्यूज


मदर हलीमा एकेडमी के वार्षिकोत्सव में अतिथियों का सम्मान करते विद्यालय के लोग।

**बबुरी।** कस्बा स्थित मदर हलीमा एकेडमी में बुधवार को वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यालय के बच्चों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुति देकर दर्शकों का मन मोह लिया। इसके पूर्व मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा परिषद के अध्यक्ष डा.इफ्तिखार अहमद जावेद ने फीता काटकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया।

इस मौके पर उन्होंने कहा कि मजहबी शिक्षा के साथ-साथ संस्कार की सीख देने वाले इस विद्यालय के सभी शिक्षकों की प्रयास सराहनीय है। अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि वे बच्चों के साथ ही बच्चियों की शिक्षा पर विशेष ध्यान दें क्योंकि बेटे एक घर को शिक्षित करते हैं लेकिन बेटियां दो घरों को शिक्षित करती हैं। कहा कि दुनिया का हर मजहब कहता है कि मां के पैरों में जन्नत होती है।

यहां लोगों ने अपने तरीके से इस लाइन को परिभाषित कर लिया है लेकिन सही अर्थ में समझा जाए तो इसका मतलब मातृशक्ति से है यह चीजें मां के लिए ही नहीं बेटी के लिए, बहन के लिए भी समान रूप से लागू है।

यह केवल अपनी ही बहन, बेटी और मां के साथ ना होकर समाज में सभी मां बहनों के साथ समान रूप से प्रभावी होनी चाहिए। विशिष्ट अतिथि सूर्यमुनि तिवारी ने कहा कि बच्चों के अंदर संस्कार की नीव सबसे पहले परिवार से शुरू होकर विद्यालई शिक्षा से मजबूती प्राप्त करती है।

बच्चों की प्रस्तुति ने यह साबित कर दिया है कि इस विद्यालय में शिक्षा के साथ-साथ सांस्कृतिक तथा संस्कारिक गुणों को भी गुणात्मक तौर से उन्नति प्रदान की जाती है।

इस मौके पर पूर्व विधायक शिव तपस्या पासवान, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी सुधांशु शेखर शर्मा, मौलाना अब्दुल वहाब नदवी आदि मौजूद रहे।

## भदखरी-महुजी संपर्क मार्ग पर पैदल चलना हुआ दूभर

**कंदवा।** विकास खण्ड के भदखरी महुजी सहित कुछ अन्य संपर्क मार्गों की दीन दशा खराब है। इन मार्गों पर पैदल चलना भी खतरे से खाली नहीं है। आए दिन गिरकर लोग चोटिल होते रहते हैं। सैयदराजा-जमानियां मुख्य मार्ग से जुड़ा भदखरी व महुजी गांव को जाने वाला संपर्क मार्ग बेहद खराब स्थिति में है।मार्ग पर जगह जगह बने गड्ढे व फैली बेतरतीब गिट्टियां दो पहिया वाहन चालकों सवारों के लिए खतरनाक साबित हो रही है। यही नहीं मार्ग से गुजरने वाले पैदल राहगीर भी वाहन से छिटकने वाली गिट्टियों से चोटिल होते रहते हैं।वहीं धोसवां मार्ग भी क्षतिग्रस्त हो गया है।मार्ग पर जगह जगह गड्ढे बन गए हैं जिसमें गिरकर बाइक चालक आएदिन गिरकर चोटिल होते रहते हैं। मार्ग पर पैदल चलना भी खतरनाक साबित हो रहा है।इस दौरान दिव्यप्रकाश सिंह, सुशिल तिवारी, राजन तिवारी, सुरेन्द्र सिंह, अनिल सिंह, अरुन सिंह, गौरव सिंह, अशोक सिंह, अनुराग सिंह आदि लोगों द्वारा उच्चाधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराते हुए मरम्मत की मांग की गई है।

# एसडीएम सदर के निरीक्षण में गैरहाजिर मिले 14 कर्मचारी

**चंदौली।** सदर एसडीएम दिग्विजय प्रताप सिंह ने बुधवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र व सदर विकास खंड कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। जहां निरीक्षण के दौरान कार्यालय में कुल 14 कर्मचारी अनुपस्थित मिले। इसे गंभीरता से लेते हुए एसडीएम ने सभी का 1 दिन का वेतन रोकने के लिए जिलाधिकारी को पत्र प्रेषित किया है। वही नाराजगी जताते हुए कहा कि कार्यों में लापरवाही किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। समय से कार्यालय पहुंचकर शासन की मंशा के अनुरूप कार्य करें, ताकि जनता को किसी प्रकार की परेशानी ना होने पाए।

सदर एसडीएम दिग्विजय प्रताप सिंह बुधवार को मुख्यालय स्थित ब्लॉक परिसर पहुंचे। जहां पर उन्होंने व्यवस्थाओं का हाल जाना और रजिस्टर का अवलोकन किया तो कई कर्मचारी व अधिकारी गायब मिले। इसमें प्रमुख रूप से बृजेश कुमार सिंह, धर्मेंद्र कुमार सिंह, खेताक्ष मिश्रा, श्यामजी पाल, मोहनलाल, सुरेंद्र कुमार अभिनव कुमार सिंह, चित्रा बौद्ध अनुपस्थित रहे। इस पर नाराजगी जताई और संबंधित अधिकारी को निर्देश दिया कि समय से कार्यालय पहुंचकर सरकार की मंशा के अनुरूप कार्य करें। वहीं दूसरी ओर सदर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के निरीक्षण के दौरान कवि चिकित्सक व कर्मचारी अनुपस्थित मिले। जहां पर जानेसार अख्तर खान,देवव्रत मिश्रा, गौरव त्रिपाठी, केपी राय, प्रवीण कुमार सिंह, आशुतोष यादव शामिल है। ब्लाक कर्मचारियों के साथ-साथ स्वास्थ्य कर्मचारियों के भी 1 दिन का मानदेय काटने के लिए जिला अधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे को पत्र प्रेषित किया। कहा कि समय से अधिकारी कार्यालय पहुंचकर अपने कार्यों को ईमानदारी और निष्ठा के साथ करें, ताकि जनता को राहत मिल सके।

# नाराज बिजली कर्मियों ने किया कार्य बहिष्कार

**डीडीयू नगर।** विद्युत कर्मियों द्वारा चलाए जा रहे कार्य बहिष्कार के मद्देनजर बुधवार को मण्डल कार्यालय पर कर्मचारी कार्य से विरत रहकर सभा की। इस दौरान विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के घटक संगठन के नेता मो मेंहदी ने कहा कि प्रदेश के उपभोक्ताओं पर निगम प्रबन्धन द्वारा जबरन हड़ताल थोपी जा रही है।

उन्होंने कहा कि कार्य बहिष्कार अथवा हड़ताल के दौरान किसी भी अधिकारी या कर्मचारियों के साथ उत्पीड़न की कार्यवाही की गई तो बगैर सूचना के बिजली कर्मी पूरे प्रदेश में जेल भरो आन्दोलन शुरू कर देंगे। जिन्हे गैर उर्जा क्षेत्र के 15 श्रम संगठनों व संघों के 15 लाख कर्मचारियों का समर्थन प्राप्त होगा। सभा को सर्वश्री नियाज खान, मनोज कुमार सिंह, सुनील कुमार, अनिल सिंह, घनश्याम, सत्येन्द्र कुमार, रितेश निषाद, मुकेश कुमार, नरेन्द्र गोपाल शुक्ला, अश्वनी कुमार, अखिलेश, वकार अहमद, रवि आदि नेताओं ने सम्बोधित किया। अध्यक्षता पीके रस्तोगी तथा संचालन नफीस अहमद ने की।


हड़ताल के दौरान सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते बिजली कर्मी।

# धनाइतपुर बिंद बस्ती में नहीं लग पाया ट्रांसफार्मर

**कंदवा।** विकास खण्ड के धनाइतपुर बिंद बस्ती में लगा 10 केवीए का ट्रांसफार्मर पिछले वर्षों पूर्व में विद्युत विभाग के कर्मचारियों द्वारा ट्रांसफार्मर को उतार ले जाया गया, जिससे बिंद बस्ती में आज तक बिजली आपूर्ति ठप है तब से बिन्द बस्ती के लोग किसी तरह से काम चला रहे है। लोग ढीबरी युग मे गुजर बसर करने को विवश हैं इसके चलते लोगों को विभिन्न समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। बावजूद इसके विभागीय अधिकारी व कर्मचारी उदासीन पड़े हुए हैं। इसे लेकर ग्रामीणों में बिजली विभाग के प्रति गहरा आक्रोश व्याप्त है। इस संबंध में ग्रामीणों का कहना है कि बिजली विभाग के कर्मचारियों से 63 केवी ट्रान्सफार्मर का मांग किया गया था लेकिन अभी तक न तो ट्रान्सफार्मर लगा न तो कोई कर्मचारी सुनने को तैयार है रामसुख, मुन्ना, राजकुमार बिंद, हरहंगी, मगरू, रामअशीष, काशी, दुधनाथ, शिवधर, रामसेवक, कन्हैया आदि ग्रामीणों ने जिलाधिकारी का ध्यान आकृष्ट कराते हुए तत्काल ट्रांसफार्मर लगाए जाने की मांग की है।

# क्षत्रिय एकता को समर्पित रहा लोकेंद्र सिंह काल्वी का जीवन

शोक

## श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना ने शोक सभा में दी श्रद्धांजलि

जनसंदेश न्यूज


शोकसभा में लोकेंद्र सिंह काल्वी को श्रद्धांजलि देते के लिए जुटे लोग।

**चंदौली।** श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना की ओर से बुधवार को प्रदेश उपाध्यक्ष झन्मेजय सिंह के कार्यालय पर शोकसभा का आयोजन किया गया। इस दौरान करनी सेना के सदस्यों ने संस्थापक लोकेंद्र सिंह काल्वी के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया। उनके चित्र पर श्रद्धा-सुमन अर्पित करने के साथ ही दो मिनट का मौन रखकर गतात्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। इसके साथ ही उनके व्यक्तित्व, कृतित्व व संघर्षों पर विस्तार से प्रकाश डाला।

इस अवसर पर झन्मेजय सिंह ने कहा कि संस्थापक लोकेंद्र सिंह काल्वी का निधन क्षत्रिय समाज के लिए अपूरणीय क्षति है। इनका जीवन क्षत्रिय एकता के लिए समर्पित रहा। राज घराने में पैदा होने के बावजूद उन्होंने सुख-सुविधाओं को भोगने की बजाय संघर्ष का रास्ता चुना। इनकी बदौलत ही सवर्णों को सरकार की ओर से 10 प्रतिशत आरक्षण का लाभ दिया जा रहा है। पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष क्षत्रबली सिंह ने कहा कि स्व. काल्वी क्षत्रिय समाज के लिए युग पुरुष थे। ऐसे लोग सदियों में पैदा होते हैं। ऐसे संघर्षशील व्यक्तित्व से प्रेरणा लेकर हम सभी को आगे बढ़ना होगा। कहा कि लोकेंद्र सिंह काल्वी ने अपनी खेल प्रतिभाओं से अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर देश का मान-सम्मान बढ़ाने का काम किया। वह सभी बिखरे हुए क्षत्रिय समाज को जोड़ने के लिए निरंतर सक्रिय रहे। उनके निधन से एक रिक्तता आयी है, जिसकी भरपाई निकट भविष्य में संभव नहीं। मौके पर ब्लाक प्रमुख संजय सिंह, चंद्रभानु सिंह, जेपी सिंह, राज बहादुर सिंह, अनिल सिंह, धनंजय सिंह, उज्जवल, अमन सिंह, नीरज सिंह, हिटलर, विनोद, हरेंद्र, संदीप सिंह, अभिनव आनंद सिंह, हेमराज सिंह, शशि सिंह आदि उपस्थित रहे।

संक्षेप

## जल निकासी नहीं होने से मार्ग पर फैला गंदा पानी



**कंदवा।** विकास खंड के कोरमी गांव के मुख्य गली में गंदा पानी पसरा हुआ है। कारण पानी के निकासी का अभाव है। निकासी अतिक्रमण की भेंट चढ़ गयी है। कीचड़ युक्त गली व गंदे पानी में होकर आना जाना ग्रामीणों की विवशता बनी है। जिसके लिए ग्रामीणों द्वारा जिम्मेदारों से कई बार गुहार लगाई गयी। लेकिन आश्वासन के बावजूद भी समस्या का समाधान नहीं हुआ, जिससे ग्रामीणों की दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है कोरमी गांव की मुख्य मार्ग जो आरसीसी ढलइया की गयी है, लेकिन पश्चिम तरफ निकासी जाम होने से गांव के घरों के नाबदान के गंदा पानी मार्ग से लेकर मुख्य गली तक पसरा रहा है। तीनों मौसम जाड़ा, गर्मी व बारिश के समय ग्रामीणों को गंदे पानी से होकर आना जाना मजबूरी बन गया है। ग्रामीण फौजदार राय, रजेश राय, मोनू राय, संतोष राय, छोटू बिंद, रामनिवास, जगलाल गोड़ आदि ने जिला प्रशासन का ध्यान आकृष्ट करते हुए समस्या का समाधान कराए जाने की मांग किया है।

## उत्तर-पुस्तिकाओं के मूल्यांकन का बहिष्कार करेंगे शिक्षक

**चंदौली।** आज उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रतिनिधिमंडल ने मण्डलीय मंत्री वीरेंद्र कुमार सिंह के नेतृत्व में जनपद के विभिन्न विद्यालयों के शिक्षकों से सम्पर्क कर मूल्यांकन बहिष्कार आंदोलन को सफल बनाने में सक्रिय सहभागिता का आह्वान किया। इस दौरान सभी शिक्षकों ने सरकार की वादा खिलाफी के प्रति रोष प्रकट किया और आंदोलन को सफल बनाने का संकल्प लिया। प्रतिनिधि मंडल ने इंटर कॉलेज सैयदराजा, इंटर कॉलेज भुजना, इंटर कॉलेज बरहनी, इंटर कॉलेज माटिगांव, महेंद्र टेक्निकल इंटर कॉलेज चन्दौली व जिला पंचायत बालिका इंटर कॉलेज चन्दौली के शिक्षकों से आंदोलन को सफल बनाने की अपील की। प्रतिनिधिमण्डल में जिलाध्यक्ष प्रदीप कुमार, जिला मंत्री श्रीप्रकाश मिश्र, पूर्व मंत्री त्रिभुवन सिंह आदि रहे।

## शिक्षकों ने दी श्रद्धांजलि

**कंदवा।** ब्लाक संसाधन केंद्र बरहनी पर मंगलवार को शोक सभा का आयोजन किया गया। दो मिनट का मौन रखकर शिक्षकों द्वारा दिवंगत सेवानिवृत्त अध्यापक को श्रद्धांजलि दी गई। रेक्सा निवासी सेवानिवृत्त अध्यापक मधुसूदन राय के आकस्मिक निधन से आहत शिक्षकों द्वारा ब्लाक संसाधन केंद्र पर शोक सभा का आयोजन किया गया। इस मौके पर ब्लाक अध्यक्ष यशवर्धन सिंह, संजय सिंह, अनिल सिंह, नरेन्द्र सिंह, दीपक सिंह, रामनगीना यादव, राजेश राय, रामबिलास यादव, रामअवध, रामजी, योगेश सिंह,आदि शिक्षक मौजूद रहे।

## लोक जनशक्ति पार्टी के प्रदेश सचिव बने सौरभ



**चहनियां।** बलुआ सराय गांव के रहने वाले सौरभ पाण्डेय को लोक जनशक्ति पार्टी (रामबिलास) उत्तर प्रदेश (छात्र प्रकोष्ठ) का प्रदेश सचिव नियुक्त किया गया है। राष्ट्रीय अध्यक्ष व सांसद चिराग पासवान के निर्देश पर प्रदेश अध्यक्ष छात्र प्रकोष्ठ अर्पण पाठक ने वाराणसी स्थित एक कार्यक्रम में घोषणा करते हुए सौरभ को नियुक्ति पत्र देते हुए बधाई दी। वाराणसी से लौटने के बाद सौरभ पाण्डेय ने बताया कि पार्टी हाईकमान ने जो जिम्मेदारी सौंपी है उसे ईमानदारी पूर्वक निर्वहन करूंगा। पार्टी के कार्यों को आगे बढ़ाने में सहयोग करूंगा। हर्ष ब्यास करने वालों में अंकित सिंह, सौरभ सिंह, दीपक सिंह, धुलेंद यादव, आलोक यादव, सुदीप पाण्डेय, बृजेश सिंह, विजय मिश्रा, निलय मिश्र, अंकित मिश्रा, जुगनू मिश्रा, रोहित यादव आदि लोग उपस्थित थे।

## कीनाराम मठ में सीएम प्रोजेक्ट के कार्यों का निरीक्षण किया

**चहनियां।** अघोरपीठ बाबा कीनाराम मठ रामगढ़ में मुख्यमंत्री द्वारा दिए 225 करोड़ के प्रोजेक्ट से बन रहे पर्यटन केन्द्र का पीठाधीश्वर बाबा सिद्धार्थ गौतम राम ने निरीक्षण किया। वही प्रोजेक्ट को जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया। रामगढ़ स्थित मठ में 2021 में कीनाराम महोत्सव में आकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आकर 225 करोड़ रुपये के प्रोजेक्ट से पर्यटन केन्द्र बनाने का घोषणा किया था। किन्तु कोरोना काल के कारण कार्य नहीं हो पाया। विगत पिछले वर्ष से कार्य प्रारंभ हुआ। कार्य की प्रगति को लेकर बाबा सिद्धार्थ गौतम राम जी ने बन रहे पर्यटन केन्द्र के अंतर्गत किचन, बाउंड्रीवाल, पार्क, तालाब, शौचालय,पिच रोड आदि का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने एमसीसी एमडी यूके सिंह, एमडी इंजीनियर, जेई को तत्काल ईमानदारी से कार्य करने का निर्देश दिया। इस दौरान बाबा पीठाधीश्वर सिद्धार्थ गौतम रामजी ने कहा कि कार्य मे किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। यदि किसी भी प्रकार की कार्य लापरवाही हुई तो सीधे मुख्यमंत्री से शिकायत होगी। इस दौरान प्रधान आशुतोष कुमार सिंह, मेजर अशोक सिंह, अरुण सिंह, संतोष सिंह, प्रभुनारायण सिंह लल्ला, धनंजय सिंह, पंकज पाण्डेय, नवीन सिंह, भोला सिंह आदि लोग उपस्थित थे।

## नाई उत्थान सेवा समिति ने मनाया होली मिलन समारोह



**चंदौली।** नाई उत्थान सेवा समिति के बैनर्स तले बुधवार को होली मिलन समारोह का आयोजन जिला मुख्यालय स्थित एक निजी लॉन में हुआ जिसमें समिति के पदाधिकारियों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर आपस मे गले मिला। साथ ही होली के इस त्यौहार को शालीनता से मनाने के लिए एक दूसरे का अंगवस्त्र फूल माल्यार्पण के साथ आपस मे एक दूसरे का सम्मान किया गया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष राकेश शर्मा ने कहा कि समाज के स्वजातीय बंधुओं के लिए हमेशा संघर्ष करते रहेंगे और उन्होंने यह भी कहा कि राजनीतिक भागीदारी भी एकजुट होकर इस समाज को करना है। साथ ही साथ भिखारी ठाकुर, कर्पूरी ठाकुर और अरहत उपाली आदि महापुरुषों के पदचिन्हों पर चलकर समाज को आगे बढ़ाना है। इस मौके पर मदन शर्मा,रमेश शर्मा,अवधेश शर्मा, काशीनाथ शर्मा, सूर्यनाथ,हरिकेश उपस्थित रहे। संचालन प्रेमनाथ शर्मा ने किया।

## नौगढ़ के बुड़नवां घाट के समीप जंगल में लगी आग



**नौगढ़।** अज्ञात कारणों से बुड़नवां घाट पर मुसहर बस्ती के समीप जंगल में आग लग गई। आगलगी की इस घटना में वन संपदा को क्षति पहुंची है। आग की लपटों को देखकर मौके पर जुटे स्थानीय ग्रामीणों ने अथक परिश्रम से आग पर काबू पाया। जानकारी के बाद फायर ब्रिगेड के वाहन को मौके पर पहुंचने से पूर्व ही वैकल्पिक संसाधनों का उपयोग कर कर्मनाशा नदी के पानी से आग पर काबू पा लिया गया था, जिससे समीपवर्ती मुसहर बस्ती में धन जन का नुकसान होना बाल बाल बच गया। बताया जाता है कि काशी वन्य जीव प्रभाग रामनगर के नौगढ़ रेंज अन्तर्गत बाघी गांव के जंगल में बुधवार को दोपहर में अज्ञात कारणों से आग लग गई, जिससे धू-धूकर वन संपदा जलने लगी। यह देखकर नजदीकी मुसहर बस्ती के ग्रामीणों ने फायर ब्रिगेड को सूचित कर बगल में स्थित कर्मनाशा नदी के पानी का वैकल्पिक संसाधनों से उपयोग कर आग पर काबू पाया, जिससे धन-जन की हानि नहीं हो सकी। खबर मिलते ही खण्ड विकास अधिकारी सुदामा यादव, लेखपाल मनीष सिंह आदि ने मौके पर पहुंच कर आवश्यक जानकारी हासिल किया।

## खंड शिक्षाधिकारी ने विद्यालयों का लिया जायजा

**चंदौली।** खंड शिक्षाधिकारी सुरेंद्र बहादुर सिंह ने सदर विकास खंड के सिकंदरपुर और चुरमुली ग्राम में परिषदीय विद्यालयों का निरीक्षण किया। इस दौरान निपुण भारत मिशन के तहत संचालित गतिविधियों को देखा। साथ ही शिक्षकों को शिक्षा की गुणवत्ता बनाए रखने का निर्देश दिया। बीईओ ने एसआरजी सुबाष यादव, जयप्रकाश यादव और अनिता कुमारी के साथ सिकंदरपुर में कम्पोजिट विद्यालय में सर्व प्रथम निरीक्षण करने पहुंचे। इस दौरान उन्होंने शिक्षण कार्य के प्रति असंतोष प्रकट किया। वहीं विद्यालय में 180 पंजीकृत बच्चों में 05 उपस्थित पाए गए। इसपर उन्होंने नाराजगी जतायी। उन्होंने प्रधानाध्यापक और शिक्षकों को शासन के मंशा के अनुरूप शिक्षण कार्य करने की चेतावनी दी। इसके बाद चुरमुली प्राथमिक विद्यालय में पहुंचकर निपुण भारत मिशन के तहत संचालित गतिविधियों को देखा। इस दौरान यहां बेहतर कार्य पाए जाने पर संतोष प्रकट किया। उन्होंने सिकंदरपुर में शिक्षण कार्य में बरती जा रही लापरवाही की रिपोर्ट बीएसए को प्रेषित किया। बीएसए सत्येंद्र सिंह ने लापरवाह शिक्षकों से स्पष्टीकरण मांगा है।

# स्पोर्ट्स

## अब्दुर रहमान के पुरुष टीम का अंतरिम मुख्य कोच नियुक्त

**कराची।** पाकिस्तान ने अफगानिस्तान के खिलाफ होने वाली आगामी टी20 शृंखला के लिये पूर्व क्रिकेटर अब्दुर रहमान को पुरुष टीम का अंतरिम मुख्य कोच नियुक्त किया है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अध्यक्ष नजम सेठी ने मंगलवार को इसकी घोषणा की। नजम सेठी ने ट्वीट करके बताया कि पूर्व तेज गेंदबाज उमर गुल इस शृंखला में गेंदबाजी कोच की भूमिका निभाएंगे। अब्दुर रहमान से पहले अंतरिम कोच की भूमिका के लिए चुने गये मोहम्मद यूसुफ बतौर अंतरिम बल्लेबाजी कोच टीम से जुड़े रहेंगे। गुल को मई 2022 में अफगानिस्तान क्रिकेट टीम का गेंदबाजी कोच नियुक्त किया गया था और वह दिसंबर 2022 तक इस पद पर बने रहे।



# जेम्स एंडरसन को पछाड़कर अश्विन बने नंबर-1 टेस्ट गेंदबाज

## नरेंद्र मोदी स्टेडियम की बेजान पिच पर अश्विन ने पहली पारी में 91 रन देकर छह विकेट लिए

**दुबई।** भारत के अग्रणी स्पिनर रविचंद्रन अश्विन अहमदाबाद टेस्ट में कुशल गेंदबाजी करके टेस्ट गेंदबाजों की सूची में इंग्लैंड के जेम्स एंडरसन को पछाड़कर नंबर एक पर पहुंच गये हैं। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की ओर से बुधवार को जारी नवीनतम रैंकिंग के अनुसार अश्विन 869 रेटिंग पॉइंट के साथ टेस्ट गेंदबाजों की सूची में पहले स्थान पर हैं। इससे पहले अश्विन और एंडरसन (859) ने शीर्ष रैंकिंग साझा की हुई थी लेकिन ऑस्ट्रेलिया के विरुद्ध अहमदाबाद टेस्ट में अश्विन के प्रदर्शन ने उन्हें एंडरसन से जुदा कर दिया।


नरेंद्र मोदी स्टेडियम की बेजान पिच पर अश्विन ने पहली पारी में 91 रन देकर छह विकेट लिए, जबकि दूसरी पारी में उन्होंने मैच ड्रॉ होने से पहले एक सफलता हासिल की। अश्विन बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के अन्य मुकाबलों में भी दमदार रहे। उन्होंने चार टेस्ट मैचों की शृंखला में 86 रन बनाने के अलावा 25 विकेट चटकाये, जिसके लिये उन्हें रवींद्र जडेजा के साथ प्लेयर ऑफ द सीरीज चुना गया। अश्विन के अलावा चौथे टेस्ट में बल्ले से कमाल करने वाले विराट कोहली ने भी बल्लेबाजों की सूची में लंबी छलांग लगाई।

### शतकवीर विराट कोहली ने भी लगाई लंबी छलांग

टेस्ट क्रिकेट में 1205 दिन बाद शतक जड़ने वाले कोहली ने 364 गेंद की अपनी पारी में 186 रन बनाये। उन्होंने न सिर्फ लंबे समय बाद शतकीय आंकड़े को छुआ बल्कि ऑस्ट्रेलिया के 480 रन के जवाब में भारत को 571 रन तक पहुंचाकर हार की संभावनाएं भी लगभग समाप्त कर दीं। इस नायाब प्रदर्शन की बदौलत कोहली टेस्ट बल्लेबाजों की सूची में सात पायदान चढ़कर 13वें स्थान पर आ गये हैं। वह ऋषभ पंत (नौवां) और रोहित शर्मा (10वां) के बाद इस सूची में तीसरे भारतीय बल्लेबाज हैं। इसी बीच, बल्ले के साथ अक्षर पटेल के प्रदर्शन ने उन्हें दो सूचियों में फायदा पहुंचाया है। अक्षर बल्लेबाजों की सूची में आठ पायदान ऊपर चढ़कर 44वें स्थान पर पहुंच गये हैं, जबकि ऑलराउंडरों की सूची में वह एक स्थान के इजाफे के साथ चौथे स्थान पर हैं। उन्होंने चार टेस्ट मैचों में कई दफा भारत को संकट से निकालते हुए कुल 264 रन बनाये। अहमदाबाद टेस्ट में भी उन्होंने 79 रन की पारी खेलते हुए कोहली के साथ 163 रन की साझेदारी की जिसके दम पर भारत पहली पारी में बढ़त ले सका।



## ऋषभ पंत बैशाखी के सहारे स्विमिंग करते हुए दिखाई दिए



**नई दिल्ली।** भारत के विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर कर अपने फैंस को हेल्थ के बारे में जानकारी दी है। वीडियो में ऋषभ पंत बैशाखी के सहारे स्विमिंग करते हुए दिखाई दे रहे हैं। इस वीडियो को बीसीसीआई ने भी ट्वीट किया है। बात दें कि इस समय ऋषभ पंत अपने घर पर डॉक्टरों की निगरानी में सड़क दुर्घटना से रिकवरी कर रहे हैं। सड़क हादसे का शिकार होने के बाद ऋषभ पंत मुंबई अस्पताल में इलाज कराने के बाद घर लौटे थे। इस वीडियो से पहले भी ऋषभ पंत ने एक तस्वीर सोशल मीडिया पर शेयर की थी। उसमें भी वह बैशाखी के सहारे सुबह-सुबह मार्निंग वॉक करते हुए दिखाई दिए थे। ऋषभ पंत ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल और ट्विटर पर पोस्ट के माध्यम से एक वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में वह स्विमिंग पूल में एक बैशाखी के सहारे धीरे-धीरे चल रहे हैं। पंत ने सड़क हादसे के बाद पहली बार अपने चलने का वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में उनकी पीठ पर जलने के निशां भी साफ देखा जा सकता है। उन्होंने इस वीडियो के कैप्शन में लिखा, छोटी चीजों के लिए आभारी रहना, बड़ी चीजें और बाकी सब इसके बीच में ही है।

## भारत की नजरें स्वदेश में मजबूत प्रदर्शन पर निकहत जरीन-लवलीना बोरगोहेन दिखाएंगी दम



**नई दिल्ली।** भारत गुरुवार से नई दिल्ली में शुरू हो रही विश्व चैंपियनशिप में महिला मुक्केबाजी में अपने बढ़ते रुतबे के अनुरूप मजबूत प्रदर्शन करने के इरादे से उतरेगा तो उसे निकहत जरीन और लवलीना बोरगोहेन से काफी उम्मीदे होंगी। बाएं घुटने की चोट से उबर रहीं छह बार की चैंपियन दिग्गज मुक्केबाज मैरी कॉम की अनुपस्थिति में विश्व चैंपियन निकहत और ओलंपिक कांस्य पदक विजेता लवलीना 12 सदस्यीय भारतीय टीम की अगुवाई करेंगी।

दोनों मुक्केबाज पेरिस ओलंपिक के नजदीक आने के बीच नए वजन वर्गों में अपने पैर जमाने की कोशिश करेंगी। दुनिया की चौथे नंबर की मुक्केबाज निकहत ने अपना वजन वर्ज 52 किग्रा से घटाकर 50 किग्रा कर लिया है। उन्होंने पिछले साल तुर्की में 52 किग्रा वर्ग में ही खिताब जीता था। दूसरी ओर लवलीना ने 69 किग्रा वेल्टरवेट वर्ग से अपना वजन बढ़ाकर 75 किग्रा मिडिलवेट वर्ग में किया है क्योंकि 2024 पेरिस ओलंपिक के लिए उनके दोनों पसंदीदा वजन वर्ग को हटा दिया गया है। निकहत के लिए 50 किग्रा वर्ग में यह दूसरा अंतरराष्ट्रीय टूनार्मेंट होगा। उन्होंने लाइट फ्लाई वेट वर्ग में राष्ट्रमंडल खेलों का स्वर्ण जीता लेकिन बर्मिंघम खेलों में मुकाबला उतना कड़ा नहीं था। हालांकि यहां ऐसा नहीं होगा। ओलंपिक भार वर्ग होने के कारण निकहत को को पोडियम पर जगह बनाने के लिए कुछ शीर्ष मुक्केबाजों का सामना करना पड़ेगा। विश्व चैंपियनशिप की दो बार की कांस्य पदक विजेता लवलीना ने 75 किग्रा वर्ग में एशियाई चैंपियनशिप जीती थी लेकिन वह अब भी अपने नए भार वर्ग के अनुसार ढल रही हैं। लवलीना ने से कहा, मेरे मुक्कों की ताकत में सुधार पर ध्यान दिया जा रहा है क्योंकि मेरे विरोधी 69 किग्रा वर्ग के मुकाबले ज्यादा मजबूत होंगे। नजरें राष्ट्रमंडल खेलों की चैंपियन नीतू घंघास (48 किग्रा) और पिछले सत्र की कांस्य पदक विजेता मनीषा मोन (57 किग्रा) पर भी होंगी। साक्षी चौधरी (52 किग्रा), प्रीति (54 किग्रा), शशि चोपड़ा (63 किग्रा), सनामचा चानू (70 किग्रा) से भी अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद है।

# टीम इंडिया को लगा तगड़ा झटका, ऑस्ट्रेलिया वनडे सीरीज से बाहर हुए श्रेयस अय्यर

## फील्डिंग कोच ने किया कंफर्म

**नई दिल्ली।** भारतीय टीम ने ऑस्ट्रेलिया को 4 टेस्ट मैचों की बॉर्डर-गावस्कर सीरीज में 2-1 से हराया। अब दोनों देशों के बीच तीन मैचों की वनडे सीरीज खेली जाएगी। पहल मैच 17 मार्च को खेला जाएगा। इससे पहले ही भारतीय टीम को एक बड़ा झटका लगा है। मिडिल ऑर्डर बल्लेबाज श्रेयस अय्यर अब वनडे सीरीज से भी बाहर हो गए हैं। फील्डिंग कोच ने इसकी पुष्टि की है।

बता दें कि अहमदाबाद टेस्ट में फील्डिंग करने के बाद श्रेयस की पीठ के निचले हिस्से में सूजन की शिकायत हुई थी। बुधवार को फील्डिंग कोच टी दिलीप ने पुष्टि की कि श्रेयस अय्यर पूरी तरह फिट नहीं है। इसके चलते वह पूरी वनडे सीरीज से बाहर हो गए हैं।

***फील्डिंग कोच ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में किया खुलासा***

प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान टी दिलीप ने कहा, चोटें खेल का एक हिस्सा हैं। हमारे पास सबसे अच्छी चिकित्सा सुविधाएं हैं और वे अच्छी तरह से सुसज्जित हैं... हम समन्वय (एनसीए के साथ) में हैं।

श्रेयस ने वनडे सीरीज खेलने से इनकार किया है। आगे की अपडेट जैसी होगी साझा की जाएगी।

इसके चलते अय्यर को बीसीसीआई की मेडिकल टीम द्वारा स्कैन के लिए ले जाया गया। धकाड़ बल्लेबाज मेडिकल टीम की निगरानी में हैं। अय्यर ने अहमदाबाद में भारत की एकमात्र पारी में बल्लेबाजी नहीं की। वह वर्तमान में रिकवरी के लिए एनसीए में वापस आ गया है, लेकिन यह पुष्टि नहीं की जा सकी कि उन्हें भी जसप्रीत बुमराह और प्रसिद्ध कृष्णा की तरह सर्जरी की आवश्यकता होगी या नहीं।



## बाउंड्री में लगे लोहे का गेट चुराते पकड़ा गया

**बड़ागांव।** बड़ागांव थानाक्षेत्र के बाबतपुर स्थित एक चारदीवारी में लगे लोहे के गेट को चुराते समय चोर को रंगेहाथ ग्रामीणों ने पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया,जबकि उसका दूसरा साथी मौके से भाग निकला। बाउंड्री वॉल के मालिक ने मंगलवार की देर शाम दो चोरों के विरुद्ध नामजद मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस पकड़े गये चोर को जेल भेजा वहीं दूसरे की तलाश में जुट है। जौनपुर जनपद के जलालपुर थानाक्षेत्र गांव निवासी अभिषेक मिश्रा बड़ागांव थानाक्षेत्र के बाबतपुर में जमीन खरीदकर चारदीवारी कराते हुए लोहे का गेट लगवाये हैं। मंगलवार को रात 8 बजे दो व्यक्ति लोहे के गेट को तोड़कर मालवाहक वाहन पर लाद रहे थे। तोड़फोड़ की आवाज सुनकर आसपास के लोग एकत्रित हो गये और एक चोर को रंगेहाथ पकड़ लिया जबकि उसका दूसरा साथी भाग निकला। सूचना पर पहुंची पुलिस के पुछताछ में पकड़े गये युवक ने अपना नाम विनय कुमार निवासी जमालपुर थाना अदलहाट जनपद मीरजापुर का निवासी बताया है जबकि दूसरे फरार साथी का नाम सूरज ऊर्फ मुसाड़िया निवासी रमईपट्टी थाना बड़ागांव बताया है।

## वारंटी सहित मोबाइल चोर पकड़ाया

**वाराणसी।** कैंट स्टेशन जीआरपी की टीम ने एक वारंटी समेत एक को चोरी के मोबाइल के साथ गिरफ्तार किया। कैंट जीआरपी इंस्पेक्टर हेमंत सिंह ने बताया कि चोरी की घटनाओं को रोकने के लिए लगातार जांच अभियान चलाया जा रहा है, इसी क्रम में सूचना के आधार पर बुधवार को सर्कुलेटिंग एरिया के चबुतरे के पास से एक युवक को गिरफ्तार किया गया, पहचान करने पर पता चला कि वह न्यायालय एसीजेएम एनआर वाराणसी द्वारा जारी एनबीडब्लु केस सं0-5437/18 राज्य बनाम संजय कुमार पटेल धारा 380,411 में निरुद्ध है। उसकी पहचान संजय कुमार पटेल (28)पुत्र श्यामनारायण पटेल निवासी कन्दवा मण्डऊआडीह के रुप में की गयी। वहीं दूसरी ओर मंगलवार को देर रात एक मोबाइल चोर को पकड़ा गया जिसके पास से एक मोबाइल बरामद किया गया, उसकी पहचान सुनील कन्नौजिया पुत्र नमेश कन्नौजिया निवासी लहरतारा के रुप में की गयी।

## अतिक्रमण के खिलाफ एसीपी चेतगंज ने चलाया अभियान

**वाराणसी।** एसीपी चेतगंज के नेतृत्व में सिगरा थाना और नगर निगम की टीम ने कैंट रोडवेज समेत आसपास अतिक्रमण अभियान चलाया। बुधवार की दोपहर में निकली टीम ने यहां अतिक्रमण करने वालों को हटाने के साथ ही चेताया भी। रोडवेज और कैंट के पास आवागमन बाधित होने की शिकायत एसीपी कार्यालय पहुंची थी। ऐसे में सिगरा थाना प्रभारी राजू सिंह और नगर निगम की टीम के साथ सड़क अतिक्रमण कर दुकान संचालिक करने वालों को हटाया गया। कार्रवाई से कैंट रोडवेज के आसपास अफरा तफरी रही।

## बीसीसीआई सचिव जय शाह ने प्रस्तावित क्रिकेट स्टेडियम का किया निरीक्षण

**वाराणसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र में जल्द ही इंटरनेशनल स्टेडियम मूर्त रूप लेगा। इसके लिए गुरुवार को बीसीसीआई सचिव जय शाह और उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने बुधवार की सुबह राजातालाब के गंजारी गांव में चिह्नित जमीन का निरीक्षण किया। उनके साथ मंडलायुक्त कौशल राज शर्मा के अलावा यूपी क्रिकेट के डायरेक्टर व पूर्व रणजी खिलाड़ी जावेद अख्तर व यूपीसीए के एक अन्य डायरेक्टर युद्धवीर सिंह भी मौजूद थे।

जुलाई 2022 में जमीन के चिह्नित होने के बाद गंजारी की 14 एकड़ सरकारी और किसानों की जमीन का अधिग्रहण किया गया है। इसके लिए सरकार ने किसानों को 120 करोड़ का मुआवजा दिया है। स्टेडियम हाईटेक बनेगा, जिसके लिए बीसीसीआई डीपीआर तैयार करवा रही है। गंजारी गांव का चयन रिंग रोड, एयरपोर्ट से नजदीकी को देखते हुए किया गया है। बीसीसीआई 300 करोड़ की लागत से स्टेडियम तैयार करेगी। ये यूपी का तीसरा अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम होगा।

इस पर अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुसार स्टेडियम की विस्तृत कार्ययोजना और डिजाइन तैयार की गई है। स्टेडियम में तीस हजार ज्यादा दर्शकों के बैठने की सुविधा रहेगी। खिलाड़ियों के अभ्यास करने, रहने के लिए हॉस्टल सहित कई अन्य सुविधाएं होंगी। 24 को पीएम मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी में आने की योजना बन रही है। ऐसे में स्टेडियम का शिलान्यास भी उनके हाथ होने की संभावना जतायी जा रही है।



# बॉलीवुड न्यूज

## विक्की कौशल, सान्या मल्होत्रा स्टारर सैम बहादुर की शूटिंग पूरी



**मुंबई।** साल की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक सैम बहादुर की शूटिंग पूरी हो चुकी है। इस फिल्म में एक्टर विक्की कौशल टाइटलर रोल में नजर आएंगे, वहीं उनकी रील वाइफ सिल्लू के रूप में सान्या मल्होत्रा हैं, जबिक फातिमा सना शेख पूर्व प्रधान मंत्री इंदिरा गांधी का किरदार निभाती दिखेंगी। हाल में इस फिल्म के फाइनल शेड्यूल की शूटिंग भी पुरी हो चुकी है। मेघना गुलजार निर्देशित ये फिल्म हाउस ऑफ आरएसवीपी मूवीज के प्रोडक्शन तले बनाई जा रही है। इस फिल्म को लेकर दर्शकों के बीच उत्सुकता बढ़ रही है। विक्की कौशल, जो फिल्म में सैम बहादुर के अहम किरदार में हैं, ने हाल में अपनी फिल्म की डायरेक्टर मेघना गुलजार के साथ अपनी एक तस्वीर साझा करते हुए सोशल मीडिया पर फिल्म के रैप अप की जानकारी दी। उन्होंने पोस्ट के साथ कैप्शन में लिखा, आभार आभार और सिर्फ आभार। एक असली लेजेंड के जीवन को पेश करने के लिए इस प्रक्रिया का हिस्सा बनने के लिए, इस टीम का हिस्सा बनने के लिए जिसने वास्तव में इसे अपना सब कुछ दिया। कितना कुछ मुझे जीने को मिला, इतना कुछ सीखने को मिला... इतना कुछ आप सबके सामने लाने को है। मेघना, रॉनी, मेरे शानदार को-एक्टर्स, अविश्वसनीय टीम... मानेकशॉ परिवार को, भारतीय सेना को और खुद एफएम सैम एच.एफ.जे. मानेकशॉ को... धन्यवाद! सैमबहादुर' - भारत के सबसे जाबाज वॉर हीरो और पहले फील्ड मार्शल, सैम मानेकशॉ की कहानी है, जिसमें विक्की कौशल के साथ सान्या मल्होत्रा और फातिमा सना शेख भी मुख्य भूमिकाओं में हैं। इस फिल्म का निर्देशन मेघना गुलजार कर रही हैं, वहीं रोनी स्क्रूवाला (आरएसवीपी) इस फिल्म को प्रोड्यूस कर रहे हैं। यह फिल्म 1 दिसंबर 2023 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

## 'भाबीजी घर पर हैं' की आठवीं सालगिरह का मना जश्न



**इंदौर।** एण्डटीवी के कल्ट-कॉमेडी शो भाबीजी घर पर हैं के लिये यह दोगुने जश्न का अवसर है। इस शो ने 8 बेमिसाल साल और 2000 एपिसोड्स का उल्लेखनीय सफर पूरा किया है और यह हास्य एवं आनंद का एक अद्भुत सफर रहा है। यह कल्ट-कॉमेडी शो अपने मजेदार किरदारों एवं कहानियों से लगातार अपने दर्शकों का मनोरंजन कर रहा है और ये दो उपलब्धियां इस शो की बेइंतहां लोकप्रियता को साबित करती हैं। शो की कामयाबी पर एडिट।। प्रोडक्शन्स के संजय कोहली ने कहा, ह्मह्मयह हम सभी के लिये एक गौरवान्वित करने वाला पल है, क्योंकि हमने आठ सफल वर्षों को पूरा करने और 2000 से ज्यादा एपिसोड्स प्रसारित करने की उपलब्धि हासिल की है। यह सफर बेहद संतोषजनक और आनंददायक रहा है। इस शो ने लाखों दर्शकों का दिल जीता है और टेलीविजन पर एक कल्ट-कॉमेडी शो का दर्जा हासिल किया है। यूं तो अपने बेमिसाल कॉमेडी कंटेंट के जरिये सभी की जिंदगी में मुस्कुराहट और आनंद भरने वाले शो के लिये, हर दिन एक सेलीब्रेशन है। लेकिन इस तरह के पल बेहद खास होते हैं, क्योंकि ये हमें बताते हैं कि हम अपने दर्शकों का मनोरंजन करते हुये एकदम सही चीजें कर रहे हैं। यह मस्ती एवं हास्य से भरा एक सफर रहा है। मैं बहुत गर्व महसूस कर रहा हूं और इस कामयाबी का श्रेय एडिट प्रोडक्शन्स एवं एण्डटीवी के सभी कलाकारों एवं तकनीशियनों को देना चाहूंगा। मेरी तरफ से सभी लोगों को उनकी कड़ी मेहनत और कामयाबी के लिये ढेरों शुभकामनायें।

# दूरदराज से आए कवियों ने सुनाया कविता पाठ



चंदौली में होली मिलन समारोह में कविता पाठ करते कवि।

**चंदौली।** होली मिलन समारोह का आयोजन मंगलवार की रात मुख्यालय स्थित वरिष्ठ नागरिक चौराहे पर हुआ। इसका शुभारंभ संतोष कुमार तिवारी ने किया। वहीं दूरदराज से आए कवियों ने अपनी कविताओं से लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

इस दौरान संतोष तिवारी ने कहा कि यह पुरानी परंपरा को सजाने और जोड़ने के लिए होली मिलन समारोह आयोजित किया जा रहा है। इसके माध्यम से हम सभी आपसी भाईचारे को बढ़ाते हैं।

वहीं से बच्चन सिंह ने कहा कि आपसी भेदभाव को दूर करने के लिए यह होली मिलन समारोह आयोजित होता है। वही कवि मनोज द्विवेदी, सुरेश अकेला, रोहित पांडेय, कृष्ण कुमार मिश्र ने अपनी कविताओं से लोगों को देर रात तक बांधे रखा।

वह श्रीराम यादव ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर लोगों को भक्ति रस में सराबोर कर दिया। इस दौरान त्रिभुवन सिंह, हरिद्वार सिंह, पंकज सिंह, राम बदन सिंह, चंद्रभान सिंह, सत्यमूर्ति ओझा, शिव भजन, रामाश्रय यादव आदि उपस्थित रहे।

## श्रीमद्भागवत कथा सुनकर भाव-विभोर हुए श्रोता

**कंदवा।** क्षेत्र के बरहनी में मां मंशा देवी मंदिर के प्रांगण चल रही सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के प्रथम दिन मंगलवार की देर श्याम कथावाचक संजय कृष्ण त्रिपाठी ने सभी श्रद्धालुओं को अपनी कथा एवं गीतों के माध्यम से रसपान कराया। कहा की भगवान कृष्ण की भक्ति तीन प्रकार की होती है जैसे कि भगवान में श्रद्धा हो, विश्वास एवं समर्पण हो ओर भक्ति करने वाला भक्त भगवान से भागता नहीं प्रार्थना करता हैं क्योंकि प्रार्थना आत्मा से होती है आत्मा में ही परमात्मा रहता है। महात्मा की कथा कहते हुए कहा कि धन्धकारि कभी भगवान की प्रति प्रार्थना नहीं किया व प्रेम नहीं किया एवं भगवान की प्रति श्रद्धा नहीं हुई। प्रणाम रहा की मरने के बाद प्रेत बना लेकिन उसकी मुक्ति नहीं हुई। इस दौरान कांकरिया सेवा समिति के अध्यक्ष राजेश सिंह, नवनीत सिंह, डेजी सिंह, संजय सिंह, जयप्रकाश सिंह, शकुन्तला सिंह, खुशी, आराध्या, रिनू, ज्योति, प्रांजल, सुनील, मिथिलेश, धनंजय, सौमित आदि लोग उपस्थित रहे।

# प्रधान संघ ने समस्याओं से बीडीओ को कराया अवगत



ब्लॉक मुख्यालय पर अधिकारियों को समस्या से अवगत कराते ग्राम प्रधान।

**सकलडीहा।** लम्बे समय से मनरेगा कार्य की आईडी सहित अन्य समस्याओं को लेकर प्रधान संघ लामबंद है। बुधवार को प्रधान संघ के पदाधिकारियों ने बीडीओ और एडीओ पंचायत से मिलकर समस्या से अवगत कराते हुए निस्तारण की मांग किया। अधिकारियों ने प्रधानों की समस्या को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण कराने का जोर दिया।

प्रधान संघ ने आरोप लगाया कि लम्बे समय से मनरेगा सहित अन्य कार्य की योजना प्रस्तावित करने के बाद भी आईडी नहीं मिल रहा है। कई गांव में प्रधानों को पता नहीं हो रहा है कि कार्य का भुगतान तक हो जा रहा है। सचिव और कर्मचारी मनमानी तरीके से कार्य कर रहे है। राज्य वित्त और पन्द्रवा वित्त में धन की कमी के कारण गांव का विकास कार्य ठप पड़ा है। राज्यवित्त का पैसा सिर्फ कर्मचारियों को मानदेय में खत्म हो जा रहा है। अधिकारियों ने प्रधानों की समस्या को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण कराने का भरोशा दिया। अंत में प्रत्येक गांव में तीन तीन हजार रुपया गोशाला के संचालन व भूसा खरीदने के लिये व गांव सभा के राजस्व गांव में सोख्ता गड्ढा बनवाने की बात कही। मौके पर प्रधान संघ अध्यक्ष जेपी चौहान, महामंत्री गुलाब मौर्या, अश्वनी, अमरनाथ, रामसूरत, मनोज, राजेश, विमला, जितेन्द्र, पंचम, अनिल चौहान, रमेश सहित अन्य मौजूद रहे।

## रविंद्र जडेजा से 'शानदार गुर' सीखकर स्वदेश लौटे ऑस्ट्रेलिया के स्पिनर मैथ्यू कुहनेमैन

**नई दिल्ली।** भारत के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला में प्रभावी पदार्पण करने वाले ऑस्ट्रेलिया के उभरते हुए बाएं हाथ के स्पिनर मैथ्यू कुहनेमैन ने कहा है कि उन्हें स्टार ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा से इस कौशल को लेकर 'कुछ शानदार गुर' सीखने को मिले हैं। कुहनेमैन ने कहा कि जडेजा ने अपना वादा निभाया और रविवार को अहमदाबाद में चौथा और अंतिम टेस्ट ड्रॉ रहने के साथ भारत के श्रृंखला 2-1 से जीतने के बाद 15 मिनट तक प्रत्येक पहलू पर बात की। 'फॉक्स क्रिकेट' ने कुहनेमैन के हवाले से कहा, संभवतः 15 मिनट तक वह (जडेजा) मुझे कुछ शानदार गुर सिखा रहे थे। हमने हर चीज के बारे में बात की। उन्होंने कहा, उन्होंने अगली बार उपमहाद्वीप में आने के लिए मुझे कुछ अच्छे टिप्स दिए और साथ ही स्वदेश के लिए भी कुछ गुर सिखाए। क्वीन्सलैंड के इस 26 वर्षीय स्पिनर को लेग स्पिनर मिशेल स्वेपसन के विकल्प के रूप में लाया गया था जो दिल्ली में दूसरे टेस्ट से पूर्व अपने पहले बच्चे के जन्म के लिए स्वदेश लौट गए थे।

# ब्लॉक सभागार में बैठक स्वीकृत प्रस्तावों पर मुहर

**बैठक**

**चार करोड़ 25 लाख से महराजगंज के 38 क्षेत्र पंचायतों का होगा विकास**

जनसंदेश न्यूज



**जौनपुर।** महराजगंज ब्लाक सभागार में मंगलवार को क्षेत्र पंचायत की बैठक सम्पन्न हुई। जिसमें राज्य वित्त से 2करोड़, केंद्रीय वित्त से 2करोड़ 25लाख का बजट स्वीकृत हुआ। जिससे विकास खण्ड के 83क्षेत्र पंचायतों का विकास कार्य होगा।

बैठक में क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने क्षेत्र पंचायत के विकास के लिए प्रधान की तरह अधिकार और धन की मांग किया। वहीं सरकार द्वारा हर घर जल नल योजना, बिजली, रिबोर, महिला समूह, प्रधानमंत्री आवास योजना, खड़ंजा, सीसी रोड, इण्टरलॉकिंग के कार्यों को लेकर गहमा गहमी के साथ चर्चा हुई। कार्यक्रम के अतिथि बदलापुर विधायक रमेश चंद्र मिश्र ने कहा विधान सभा की बैठक में क्षेत्र पंचायत सदस्यों की मांग को सदन में उठायेगे। बैठक में बिजली विभाग के कर्मचारियों की अनुपस्थिति में एसडीओ का एक दिन का वेतन रोकने और कार्यवाहीं करने के लिए जिलाधिकारी को पत्र लिखने को लेकर पीडी जयकेश त्रिपाठी से वार्ता किया। पीडी जयकेश त्रिपाठी ने सरकार द्वारा संचालित प्रधानमंत्री आवास योजना को बताया। खण्ड विकास अधिकारी हरिशंकर कौशिक ने सरकार की सरकार की योजनाओ को गिनाया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता क्षेत्र पंचायत प्रमुख मांडवी सिंह, संचालन लेखाकर दिनेश गुप्ता, एडीओ कापरेटिव संजय सिंह ने किया। मौके पर सीडीपीओ सुनीता देवी, मण्डल अध्यक्ष यादवेन्द्र प्रताप सिंह, संदीप सिंह, राहुल सिंह, दयानन्द सरोज, अवधेश उपाध्याय सहित लोग रहे।

# ट्रक चालक ने किया कई दुकानों को ध्वस्त



जनसंदेश न्यूज

**मुफ्तीगंज।** बुधवार के तड़के सुबह लगभग 4 बजे केराकत कोतवाली के मुफ्तीगंज बाजार में जौनपुर के तरफ से खाली ट्रक अचानक से अनियंत्रित होकर कई दुकानों को क्षतिग्रस्त करते हुए घुस गई। जिसमें बाजार के बब्लू पान वाले, अवधेश सेठ, पोखराज सेठ, छेदी प्रजापति, शाहिद खान, डा.सुधीर बंगाली मिष्ठान, इजहार, की दुकान तोड़ते हुए सुरेन्द्र गुप्त के दुकान में जा घुसी। वहीं यह भी आसार लगाया जा रहा था कि यदि बाजार के दुकानदार बाहर सो रहे होते तो बड़ी दुर्घटना होने से कोई रोक नहीं सकता था।

हालाकि आर्थिक नुकसान के अलावा किसी के जानमाल की कोई हानि नही हुई। स्थानीयों ने बताया कि जनपद मिजार्पुर का निवासी चालक खाली ट्रक लेकर केराकत के तरफ जा रहा था कि नींद आने के कारण सभी का दुकान रौदते हुए घायल हो गया। जिसका इलाज सीएचसी मुफ्तीगंज में उपचार चल रहा है।

## संक्षेप

### जागरूकता रैली निकाल एनएसएस के छात्रों ने की साफ सफाई




**खुटहन।** राज गौरव डिग्री कालेज में आयोजित सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना के छठवें दिन छात्रों के द्वारा जागरूकता रैली निकाल चौराहे पर स्थापित नेताजी सुभाष चन्द बोस की प्रतिमा स्थल व एक परिषदीय विद्यालय में साफ-सफाई की गई। महाविद्यालय के संस्थापक डॉक्टर ओपी यादव ने हरी झंडी दिखाकर रैली रवाना किया। छात्रों ने हाथों में जागरुकता संदेश लिखी तख्तियां लेकर पूरे बाजार, ब्लाक मुख्यालय और थाना गेट होते हुए चौराहे पर पहुंचे। जहां स्थापित नेताजी की प्रतिमा को जल से धोकर प्रांगण की साफ सफाई की गई। रैली यहां से निकल कर शेरपुर प्राथमिक विद्यालय पर पहुंची। जहां स्वल्पाहार के बाद छात्र पुनः साफ सफाई में जुट गए। यहां से निकल छात्र महाविद्यालय पहुँचे। जहां एक सभा कर रैली का समापन कर दिया गया। सभा को सम्बोधित करते हुए प्रधानाध्यापक विजय यादव ने कहा कि स्वयं सेवक और सेविकाएं देश की एकता और अखण्डता बनाए रखने की मजबूत कड़ी है। यह हमें देश के महापुरुषों के उच्च आदर्शों को अपने चरित्र में उतारने को प्रेरित करते हैं। इस मौके पर कार्यक्रम अधिकारी सुभाष चन्द्र पाल, डॉ.अखिलेश चंद पाठक, राम प्रसाद शर्मा, राजकेशर यादव, अजय यादव, मनोज गुप्ता आदि मौजूद रहे।

### पुलिस के साथ आरएएफ ने किया फ्लैग मार्च



**खेतासराय।** नगर निकाय चुनाव को निष्पक्ष और सकुशल संपन्न कराने को लेकर पुलिस प्रशासन सक्रिय हो गई है। थानाध्यक्ष यजुवेंद्र कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस और रैपिड एक्शन फोर्स के जवानों ने बुधवार की दोपहर फ्लैग मार्च किया। फ्लैग मार्च के माध्यम पुलिस ने भयमुक्त होकर निष्पक्ष चुनाव कराने का नागरिकों को भरोसा दिलाया। कस्बा इंचार्ज एसआई मंहगू राम यादव के साथ थाने की पुलिस और रैपिड एक्शन फोर्स के जवान चौराहा के पुलिस बूथ पर पहुंचे। यहां मेनरोड और पुरानी बाजार फ्लैग मार्च किए। आरएएफ के साथ पुलिस को फ्लैग मार्च करते देख कर बाहर लोग सकते में आ गए। लोगों को जब बताया गया कि निष्पक्ष निकाय चुनाव कराने को लेकर आम जनता में विश्वास दिलाने के लिए फ्लैग मार्च किया जा रहा है तो लोगों ने राहत की सांस ली।

### अनंत कुमार अध्यक्ष व रवि सेठ चुने गये महामंत्री



**जौनपुर।** शिव मंदिर मुफ्तीगंज प्रांगण में व्यापार मंडल मुफ्तीगंज की बैठक सभी सम्मानित व्यापारियों के बीच किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से अनंत कुमार मोदनवाल को मुफ्तीगंज इकाई का अध्यक्ष, रवि सेठ को महामंत्री, शैलेंद्र अग्रहरी को मंत्री और शीतला प्रसाद अग्रहरी को कोषाध्यक्ष के रूप में चुना गया। इस कार्यक्रम में मुफ्तीगंज के व्यापार मंडल के पूर्व अध्यक्ष शिवकुमार साहू और मुफ्तीगंज के ग्राम प्रधान दिलीप मोदनवाल उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम के अध्यक्षता रंजीत मोदनवाल ने किया।

### विद्युत आपूर्ति बाधित न होने के लिये बनाया गया कन्ट्रोलरूम : विवेक खन्ना

**जौनपुर।** विद्युत विभाग के कर्मचारियों व अभियन्ताओं की मांगो को लेकर 16 मार्च 2023 की रात्रि 10.00 बजे से सांकेतिक हड़ताल पर जा रहें हैं। इस दौरान बिजली अपुर्ति में किसी प्रकार की समस्याएं न आये इसके लिये विभाग के आला अधिकारियों ने कमर कस ली है। बताया जाता है कि विद्युत विभाग के कर्मचारियों व अभियन्ताओं की मांगो को लेकर 16मार्च की रात्रि 10.00 बजे से सांकेतिक हड़ताल पर रहने के दौरान विद्युत आपूर्ति सुचारू रूप से सुनिश्चित करने व उपभोक्ता शिकायतों के त्वरित एवं ससमय निस्तारण तथा कार्यवाही के लिये विद्युत प्रशासन ने सारी तैयारियां कर ली है। अधीक्षण अभियन्ता नोडल ई.विवेक खन्ना ने बताया कि कार्यालय विद्युत वितरण मण्डल-प्रथम में एक कन्ट्रोल रूम स्थापित किया गया है जो 24 घण्टे चालू रहेगा, जिसका मोबाईल नम्बर 9450963636 है। उक्त कन्ट्रोल रूम के प्रभारी आपरेशन मैनेजर वर्ल्डक्लासिक सर्विसेस लिमिटेड प्रतीक कुमार सिंह मोबाईल को बनाया गया है जिनका नम्बर 9119908497 है। जनमानस को यदि विद्युत आपूर्ति सम्बन्धित कोई भी समस्या उत्पन्न होती है, तो सम्पर्क कर सकतें है।

### दो गैरजमानती वारंटी गिरफ्तार

**पवांरा।** पुलिस अधीक्षक अजय पाल शर्मा के आदेश के अनुपालन में चलाये जा रहे अपराध की रोकथाम अपराधियों की धरपकड़ व गैरजमानती वारंटियों की धरपकड़ अभियान के तहत गैरजमानती वारंटी राधेश्याम पुत्र हरीराम, फूलचन्द्र पुत्र हरीराम निवासी सजईंकला को थानाध्यक्ष राज नरायन चौरसिया ने पुलिसटीम के साथ बुधवार की सुबह घर से गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया।

### 15 लीटर अवैध शराब के साथ दो गिरफ्तार

**जौनपुर।** बदलापुर पुलिस व आबकारी की संयुक्त टीम ने चेंकिग के दौरान फत्तुपुर रेलवे क्रासिंग के पास से रामजीत पुत्र साहब लाल को 05 लीटर व सरोखनपुर हाईवे अंडर पास के पास से संतोष कुमार साहू पुत्र रामजनक साहू को 10 लीटर अवैध देशी शराब के साथ गिरफ्तार कर लिया। बरामदगी के आधार पर उपरोक्त अभियुक्तगणो के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर कार्यवाही की गई।

# निकाय चुनाव के मद्देनजर पैरामिलिट्री फोर्स ने नगर में किया मार्च



जनसंदेश न्यूज

**शाहगंज।** नगर निकाय चुनाव के मद्देनजर पुलिस उपाधीक्षक चोब सिंह प्रभारी निरीक्षक सदानंद राय के नेतृत्व में पैरामिलिट्री फोर्स ने नगर भ्रमण कर परिचयात्मक अभ्यास कर नगर भ्रमण किया।

फ्लैग मार्च में रैपिड एक्शन फोर्स कमांडेंट आर.पी.यादव के साथ हथियारों से लैस महिला एवं पुरुष जवान मौजूद रहे। कोतवाली परिसर से निकल कर रामलीला भवन चौक, एराकियाना, बालिका इंटर कालेज, पुराना चौक, चूड़ी मोहल्ला, घासमंडी, डाकखाना तिराहा, श्रीरामपुर, कलेक्टरगंज, सब्जी मंडी होते हुए पुनः उद्गम स्थल कोतवाली परिसर में पहुंच कर समाप्त हुआ। इस दौरान संदेश दिया गया कि नगर निकाय चुनाव निस्पक्ष पारदर्शिता एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न होगा। किसी को भी भयभीत होने की आवश्यकता नहीं है।

# भाजपा की नीयत में खोट नहीं तो जाति जनगणना कराए : मिठाई लाल

जनसंदेश न्यूज



**जौनपुर।** समाजवादी बाबा साहब अम्बेडकर वाहिनी के तत्वावधान में मान्यवर कांशीराम जयंती एवं कार्यकर्ता प्रशिक्षण शिविर कार्यक्रम मान्यवर कांशीराम इण्टर कॉलेज शीतला चौकियां में आहूत की गई। प्रशिक्षण शिविर के मुख्य अतिथि बाबा साहब अम्बेडकर वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व प्रवक्ता मिठाई लाल भारती ने सर्व प्रथम महापुरुषों सहित मान्यवर कांशीराम के चित्र पर पुष्प अर्पित कर-के कार्यक्रम की शुरूआत किया गया।

मुख्य अतिथि मिठाई लाल ने संविधान निमार्ता बाबा साहब अम्बेडकर और मान्यवर कांशीराम साहब के संघर्ष पर प्रकाश डालते हुए कहा संविधान निमार्ता बाबा साहब अम्बेडकर और मान्यवर कांशीराम के विचारों का भारत बनाने के लिए संविधान और आरक्षण की रक्षा जरूरी है। भाजपा के नियत में अगर खोट नही है तो जाति जनगणना कराएं। मान्यवर कांशीराम ने कहा था। जिसकी जितनी संख्या भारी उसकी उतनी हिस्सेदारी। 2024 के लोकसभा चुनाव में समतामुलक समाज और सामाजिक न्याय के लिए दलितों, पिछड़ों, शोषितों, वंचितों और संविधान प्रेमियों से समाजवादी पार्टी के पक्ष में मतदान करने की अपील की। वहीं विधायक तूफानी सरोज ने कहा समाजवादी सरकार बनाकर भाजपा और संघ के आतंक को हमेशा के लिए खत्म किया जा सकता है इसके लिए डॉ.आंबेडकर, डॉ.लोहिया और मान्यवर कांशीराम के बताए रास्ते पर चलकर समाजवादी पार्टी के बैनर तले शोषित पीड़ित पिछड़ा समाज को संगठित होना पड़ेगा। अध्यक्षता कर रहे सपा के जिलाध्यक्ष लाल बहादुर यादव ने कहा कि अपराध रोकने में यह सरकार पूरी तरह फेल साबित हुई है। उत्तर प्रदेश में केवल विपक्ष के दमन को ही विकास बताया जा रहा है। समस्याओं से लोगों का ध्यान भटकाने के लिए हर चीज को धार्मिक रंग दिया जा रहा है। संविधान ही एक मात्र विकल्प है सबको न्याय दिलाने के लिए। कार्यक्रम आयोजक राजीव रत्न मौर्या व गप्पू मौर्या ने सभी अतिथि के प्रति आभार प्रकट किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक कैलाश सोनकर, अवधनाथ पाल, राजू पासी, सुशीला राव, हिसामुद्दीन शाह, दीपचंद्र राम, पूनम मौर्य, प्रवक्ता राहुल त्रिपाठी, सरफराज खां, मनोज मौर्य, अलमाश, सोनी यादव सहित आदि लोग उपस्थित रहे।

# हीरो ने कनेक्टिविटी फीचर्स के साथ लांच की सुपर स्प्लेंडर एक्सटेक

जनसंदेश न्यूज



**जौनपुर।** हीरो मोटोकॉर्प के तत्वाधान में जौनपुर के डीलर ऑटो व्हील्स व वेंकटेश्वर हीरो ने 'न्यू सुपर स्प्लेण्डर एक्सटेक' 125 सी.सी.लांच किया। हीरो मोटोकॉर्प के टी.एम.सेल्स नितिश व सेल्स ऑफिसर अंकित सिंह ने लांचिंग के दौरान बताया कि नई सुपर स्प्लेण्डर एक्सटेक के साथ हमारे ग्राहकों के लिये हम एक सम्पूर्ण पैकेज प्रस्तुत कर रहे है, जो कनेक्टिविटी सुविधा और डिजाइन के मामले में ऊँचे मानक स्थापित करता है।

उन्होने बताया कि कई शानदार फीचर्स जैसे लो फ्यूल इण्डिकेटर, फुल डिजिटल मीटर, सर्विस रिमाइण्डर और कॉल व एसएमएस एलर्ट इसे ज्यादा सुविधाजनक बनाती है। नई 'सुपर स्प्लेण्डर एक्सटेक' 68किमी/लीटर का जबरदस्त माइलेज 'सुपर स्प्लेण्डर एक्सटेक' को एक परफेक्ट परफार्मर बनाती है। 'सुपर स्प्लेण्ट एक्सटेक एक्सशोरूम कीमत (ड्रम वैरिएण्ट) 83368, और (डिस्क वैरिएण्ट) 87268 रुपए में उपलब्ध है। शोरूम के अधिष्ठाता मनोज कुमार व लक्ष्य गुप्ता ने फीचर्स पर प्रकाश डालते हुये बताया कि हीरो की तरफ से यह एक बेहतरीन मोटर साइकिल सुपर स्प्लेण्डर एक्सटेक' लांच किया गया है, जो कि ग्राहक को निश्चित रूप से पसंद आयेगी।

जनरल मैनेजर एस.पी.शुक्ला, मैनेजर मुकेश प्रजापति व राजू पाण्डेय ने आये हुये ग्राहकों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस लांचिग पर हीरो 'सुपर स्प्लेण्डर एक्सटेक' की 10 बुकिंग व 8 गाड़ियों की बिक्री की।

## बसों को गौराबादशाहपुर से होकर संचालन करने का हुआ आदेश

**गौराबादशाहपुर।** नगर पंचायत गौराबादशाहपुर में रोडवेज की बसों का कस्बे से संचालन न होने से कस्बा निवासियों को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ता था। आजमगढ़-जौनपुर हाईवे पर रोडवेज की बसें बाईपास होकर सीधे जीवली होते हुए आजमगढ़ निकल जाती थी। जिसकी वजह से दैनिक यात्रियों सहित अन्य यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता था। अपराध निरोधक कमेटी अध्यक्ष डॉ.जय सिंह राजपूत ने इस मामले में कई बार शासन-प्रशासन से शिकायत करने के साथ-साथ एआरएम सीबी राम प्रयागराज को मामले से लिखित रूप से अवगत कराने के साथ खुद मिलकर भी अवगत कराया। जिसका असर हुआ कि रोडवेज की बस पर पेनाल्टी लगने के साथ लिखित रूप से निर्देश दिया गया कि सभी रोडवेज बसों का संचालन बाईपास से न होकर गौराबादशाहपुर नगर पंचायत से किया जाए। आदेश के फलस्वरूप बुधवार को सभी बसों का संचालन गौराबादशाहपुर कस्बे से होने लगा। जिससे यहां के निवासियों में हर्ष का माहौल व्याप्त रहा।

# रैपिड ऐक्शन फोर्स ने पुलिस संग किया रूट मार्च



जनसंदेश न्यूज

**केराकत।** पुलिस उपाधीक्षक गौरव शर्मा के नेतृत्व में मंगलवार को अपरान्ह रैपिड एक्शन फोर्स के जवानों ने स्थानीय कोतवाली के पुलिस बल के साथ नगर में रूट मार्च किया।

जोकि कोतवाली प्रांगण से प्रारम्भ होकर पुराने तिराहे से मुख्य बाजार होते हुए सरायबीरु, नरहन शेखजादा और सिपाह आदि मुहल्लों सहित पूरे नगर का भ्रमण कर सम्पन्न हुआ। इस सम्बन्ध में पुलिस उपाधीक्षक गौरव शर्मा ने बताया कि मार्च निकाय चुनाव के मद्दे नजर किया गया। जिस से लोग निर्भय हो कर मतदान कर सकें। मार्च में प्रभारी निरीक्षक संजय वर्मा तथा महिला पुलिस भी साथ रही।

# कायस्थ समाज को राजनीति के क्षेत्र में आगे आने की जरूरत : अरुण सक्सेना





**जौनपुर।** आजादी के बाद देश के संसद में एवं विधानसभा में कायस्थ समाज के सैकड़ों जनप्रतिनिधि थे आज नाम मात्र ही बचे हैं। कायस्थ समाज के लोगो ने देश को राष्ट्रपति प्रधानमंत्री तक के पद पर सुशोभित किया और राष्ट्रहित के लिए कार्य किया है। उक्त विचार उत्तर प्रदेश सरकार के वन पर्यावरण जलवायु परिवर्तन मंत्री डॉ.अरुण सक्सेना ने वाजिदपुर में एक होटल में संगत पंगत के शपथ ग्रहण समारोह व कायस्थ महासभा के शपथ ग्रहण समारोह व समागम में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए कहा। उन्होंने कहा कि आज कायस्थ समाज को राजनीति के क्षेत्र में आगे-आने की जरूरत है तभी कायस्थ समाज का उत्थान होगा।

**कायस्थों का योगदान भुलाया नहीं जा सकता : सौरभ**

उक्त अवसर पर कायस्थ समाज के सभी संगठन के लोगों के मिलकर विशाल होली मिलन समारोह किया। विशिष्ट अतिथि वाराणसी कैंट के विधायक सौरभ श्रीवास्तव ने कहा कि स्वामी विवेकानंद सुभाष चंद्र बोस डॉ.राजेंद्र प्रसाद लाल बहादुर शास्त्री जयप्रकाश नारायण लाल आदि कई हस्तियों ने देश निर्माण में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है। कायस्थ समाज के योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता है।

महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनीष श्रीवास्तव ने कहा कि आज पूरे देश में कायस्थ महासभा का विस्तार तेजी से हो रहा है। जिसमें लोग जुड़ रहे हैं। यह संगठन राष्ट्रवाद के लिए समर्पित है और योगी मोदी के नीतियों को आगे बढ़ाने के लिए दृढ़ संकल्प है। इसी क्रम में विशिष्ट अतिथि कायस्थ कल्याण समिति के जिला अध्यक्ष दयाल सरन श्रीवास्तव ने अपने विचारों को व्यक्त किया। उक्त अवसर पर कायस्थ समाज के क्षेत्र में काम कर रहे विभिन्न विभूतियों को कायस्थ रत्न से सम्मानित किया गया। जिसमें चिकित्सा के क्षेत्र में डॉ.निलेश कुमार श्रीवास्तव, डॉ.विवेक कुमार श्रीवास्तव, डॉ.शुभम श्रीवास्तव एवं पत्रकारिता के क्षेत्र में रविंद्र कुमार श्रीवास्तव, शशि राज सिन्हा, योगेश श्रीवास्तव, राजेश श्रीवास्तव, विश्व प्रकाश श्रीवास्तव, संजय अस्थाना, अमरदीप श्रीवास्तव, आशीष श्रीवास्तव, राजन श्रीवास्तव को कायस्थ रत्न से सम्मानित किया गया। इसी कड़ी में शिक्षा के क्षेत्र में सिंधुजा श्रीवास्तव, स्वरुचि श्रीवास्तव तो कला के क्षेत्र में विजय श्रीवास्तव गायक को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता संगत पंगत के जिला अध्यक्ष पंकज श्रीवास्तव हैप्पी व संचालन राजेश श्रीवास्तव बच्चा भैया एडवोकेट ने किया। आभार कायस्थ महासभा के जिलाध्यक्ष मनोज श्रीवास्तव एडवोकेट ने किया। संगत पंगत के पदाधिकारियों को डॉ.अरुण सक्सेना ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाया।

उक्त अवसर पर राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव, प्रदीप श्रीवास्तव, डॉ.अशोक अस्थाना, डॉ.रमाकांत श्रीवास्तव पूर्व प्रधानाचार्य, डॉ.संपूणानंद अस्थाना, राज कपूर श्रीवास्तव, कार्यक्रम संयोजक शशि श्रीवास्तव, उमेश श्रीवास्तव, डॉ. प्रतिमा श्रीवास्तव, प्रियंका श्रीवास्तव, रोशन श्रीवास्तव, रमेश श्रीवास्तव, विनय श्रीवास्तव संदीप श्रीवास्तव, अरुण वर्मा, शिव शंकर श्रीवास्तव, अंकित श्रीवास्तव अंकित अस्थाना सहित आदि लोग उपस्थित रहें।

# स्वास्थ्य ही धन है : जितेंद्र सिंह

जनसंदेश न्यूज

**जौनपुर।** गांधी स्मारक पीजी कॉलेज समोधपुर जौनपुर के राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर के छठवें दिन प्रातः काल शिविरार्थियों ने शिविर स्थल की साफ-सफाई की।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण और सर्वधर्म प्रार्थना के साथ हुआ। सभी स्वयंसेवक एवं स्वयंसेविकाओं ने प्रथम सत्र में राष्ट्रीय सेवा योजना गीत, लक्ष्य गीत के साथ योग, व्यायाम किया। इसके बाद 'स्वास्थ्य जागरूकता रैली' निकालकर अभिगृहीत दलित बस्ती, जमौली के ग्रामवासियों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया।

इस रैली को हरी झंडी दिखाकर गांधी स्मारक पीजी कॉलेज समोधपुर बीएड विभागाध्यक्ष, डॉ.पंकज सिंह ने गंतव्य स्थल की ओर रवाना किया। रैली के बाद स्वयंसेवक एवं स्वयंसेविकाओं ने भोजन एवं विश्राम किया। शिविर के दूसरे सत्र में बौद्धिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बौद्धिक सत्र का शुभारंभ कॉलेज के असिस्टेंट प्रो.डॉ.लालमणि प्रजापति ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में सरस्वती वंदना स्वयंसेविका प्रगति मिश्रा तथा स्वागत गीत अंशू दुबे और प्रगति मिश्रा तथा राष्ट्र गीत उर्वशी सिंह ने प्रस्तुत किया। भक्ति गीत शिखा सिंह एवं अन्नू सिंह ने प्रस्तुत किया। स्वयंसेवक एवं स्वयंसेविकाओं ने दहेज प्रथा पर एकांकी प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि डॉ.लालमणि प्रजापति ने राष्ट्रीय सेवा योजना को व्यक्तित्व विकास के लिए आवश्यक बताया। विशिष्ट अतिथि जितेंद्र सिंह ने स्वयंसेवक एवं स्वयंसेविकाओं को स्वास्थ्य का महत्व बताया साथ ही यह भी कहा कि 'स्वास्थ्य ही धन है'। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉ.इंद्र बहादुर सिंह तथा धन्यवाद ज्ञापन कार्यक्रम अधिकारी डॉ.आलोक प्रताप सिंह विशेन ने किया।



# बिजली कर्मियों ने प्रारम्भ किया कार्य बहिष्कार

जनसंदेश न्यूज



अधीक्षण अभियंता कार्यालय पर कार्य बहिष्कार कर धरने पर बैठे विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उप्र के सदस्य

**भदोही।** ऊर्जा मंत्री के साथ हुए समझौते को लागू कराने हेतु 16 मार्च की रात्रि 10 बजे से 72 घण्टे की सांकेतिक हड़ताल के लिए बिजली कर्मियों ने कमर कस ली है। 16 मार्च को देश-भर में उप्र के बिजली कर्मियों के समर्थन में विरोध प्रदर्शन किये जाने का कार्यक्रम निर्धारित किया है।

विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उप्र के आह्वान पर प्रदेश के सभी ऊर्जा निगमों के साथ भदोही जनपद समस्त बिजली कर्मचारियों, जूनियर इंजीनियरों, अभियन्ताओं और निविदा, संविदा कर्मियों ने बुधवार से प्रातः 10 बजे से कार्य बहिष्कार प्रारम्भ कर दिया है। कार्य बहिष्कार आन्दोलन में भदोही के लगभग 200 बिजली कर्मी सम्मिलित हैं। बिजली कर्मचारियों एवं अभियन्ताओं की राष्ट्रीय समन्वय समिति नेशनल कोऑर्डिनेशन कमेटी ऑफ इलेक्ट्रीसिटी इम्प्लॉईज एण्ड इंजीनियर्स(एनसीसीओईईई) ने उप्र के बिजली कर्मियों के आन्दोलन के समर्थन में राष्ट्रव्यापी विरोध प्रदर्शन करने का आह्वान किया है। एनसीसीओईईई के आह्वान पर 16 मार्च को देश के सभी प्रान्तों के सभी जनपदों एवं परियोजनाओं पर लगभग 27 लाख बिजली कर्मी सड़कों पर उतर कर विरोध प्रदर्शन करेगें। संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि नेशनल कोऑर्डिनेशन कमेटी के राष्ट्रीय संयोजक प्रशांत चौधरी, ऑल इण्डिया पॉवर इंजीनियर्स फेडरेशन के सेक्रेटरी जनरल पी. रत्नाकर राव, सीटू के सुभाष लांबा और कई अन्य राष्ट्रीय नेता 16 मार्च को सुबह लखनऊ पहुंच रहे हैं। लखनऊ में नेशनल कोऑर्डिनेशन कमेटी के राष्ट्रीय नेता प्रेस कॉन्फ्रेंस करेगें और बिजली कर्मचारियों की सभा को सम्बोधित करेगें। संघर्ष समिति भदोही में संयोजक धीरेन्द्र प्रताप कौशल, जयकार पटेल, ईश्वर सरन सिंह, संजय यादव, रविन्द्र पाल, राहुल सुन्दरम, हरिशंकर कुशवाहा, ब्रह्मदत्त पटेल अभिषेक प्रजापति, माधव द्विवेदी, सत्य प्रकाश, मनोज कुमार आनंद प्रकाश, प्रमोद चौहान, समेत समस्त सदस्यों ने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से समझौते को लागू कराने हेतु प्रभावी हस्तक्षेप करने की पुनः अपील की है।

# विद्युत पावर स्टेशनों पर लगायी गयी पर्याप्त पुलिस बल व प्रशासनिक कर्मियों की ड्यूटी

**तैयारी**

**अवैधानिक कृत्य करने वालों के विरुद्ध की जाएगी कठोर कार्यवाहीः डीएम**

जनसंदेश न्यूज



**भदोही।** कल से विद्युत कर्मचारियों द्वारा प्रदेश स्तरीय हड़ताल की घोषणा के दृष्टिगत जिलाधिकारी गौरांग राठी व एसपी अनिल कुमार के संयुक्त निर्देशन में जनपद के सभी विद्युत सब स्टेशनों पर पर्याप्त पुलिस बल व प्रशासनिक कर्मियों की ड्यूटी लगाकर सुरक्षा व्यवस्था व हड़ताल के दौरान वैकल्पिक व्यवस्था हेतु व्यापक बंदोबस्त किये गये है।

समस्त क्षेत्राधिकारी व थाना प्रभारियों द्वारा विभिन्न विद्युत सब स्टेशनों पर लगातार भ्रमणशील रहते हुए ड्यूटीरत कर्मियों को सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जा रहे हैं।

किसी भी प्रकार का अवैधानिक कृत्य करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। हड़ताल के दौरान आमजन को किसी भी प्रकार की असुविधा न होने के लिए भदोही पुलिस व प्रशासन प्रतिबद्ध है।विद्युत कर्मचारी हड़ताल की तैयारी कर रहे हैं उधर प्रशासन इनके हड़ताल को विफल बनाने के लिए कमर कस चुका है। इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि सभी विद्युत सब स्टेशनों पर राजस्वकर्मियों की ड्यूटी लगा दी गई है। सिविल लाइन स्थित पॉवर हाउस पर नायब तहसीलदार के नेतृत्व में लेखपाल रिशुन कुमार व अमीन लालमन मौर्या की ड्यूटी लगा दी गई है।

# शिक्षा, विरासत, धरोहर व संस्कृति की मिसाल है शिराज-ए-हिंद : कुलपति



जनसंदेश न्यूज

**जौनपुर।** मोहम्मद हसन पीजी कॉलेज के सौदागर हाल में बुधवार को असारे-ए-शिराजे-ए-हिंद पुस्तक का विमोचन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सुप्रीम कोर्ट एडवोकेट जेड.के.फैजान ने किया। मुख्य अतिथि पूर्वांचल विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर डॉ.निर्मला मौर्य व विशिष्ट अतिथि प्रोफेसर डॉ.अलाउद्दीन, एडिटर जिलानी खान रहे।

कार्यक्रम के आरम्भ में अतिथियों को पुष्प एवं बुके देकर प्राचार्य डॉ.अब्दुल कादिर खान ने स्वागत किया।इसके उपरान्त अतिथियों ने सर्वप्रथम पुस्तक का विमोचन किया। प्राचार्य डॉ.अब्दुल कादिर खान ने अपने संबोधन में कहा कि इस किताब से जौनपुर की तमाम धरोहर को बाकी रखा जा सकता है। जौनपुर हमेशा में एक ऐतिहासिक दृष्टि से जाना एवं पहचाना जाता है। हाजी जियाउद्दीन की इस कार्य की जितनी प्रशंसा की जाए कम है। जिन्होंने जौनपुर के इतिहास के साथ अपनी कलम को भी जिंदा रखा। मुख्य अतिथि कुलपति डॉ.निर्मला मौर्य ने कहा कि जौनपुर संस्कृति, विरासत, तहजीब एवं शिक्षा की एक मिसाल के रूप में देश में जाना जाता है। जौनपुर में बड़े से बड़े ऐतिहासिक स्थल एवं जियाउद्दीन की किताब के विमोचन से जौनपुर के धरोहर एवं विलुप्त खेलों एवं स्मारकों की पहचान जिंदा हुई है। मेरे सहयोग से इस किताब का हिन्दी अनुवाद जल्द जारी किया जाएगा। हिंदी अनुवाद होने के बाद इस किताब के हिंदी विमोचन पूर्वांचल विश्वविद्यालय में मेरे द्वारा किया जाएगा। ताकि जौनपुर के जनता इस किताब से अपनी धरोहर एवं विरासत की पहचान को जान सकें। विशिष्ट अतिथि अलाउद्दीन ने जौनपुर के इतिहास के बारे में बातें साझा की। कार्यक्रम के अध्यक्ष ने अपने संबोधन में कहा कि जौनपुर तहजीब का मरकज है।

जौनपुर एक समय में देश की राजधानी हुआ करता था। जौनपुर की जमीन पर अनेकों शायर एवं इतिहासकारों की जिंदगी गुजरी है। अंत में आए हुए सभी अतिथियों का स्मृति चिन्ह एवं बुके देकर प्राचार्य के द्वारा सम्मान किया गया। इस मौके पर आनंद चतुर्वेदी, समाजसेवी जितेंद्र यादव, शाह आलम, डॉ.जियाउद्दीन, डॉ.विजय सिंह, डॉ.पी.सी.विश्वकर्मा, नोमान खान, डॉ.कमरुद्दीन शेख, डॉ.ममता सिंह, डॉ.निलेश सिंह, प्रवीण यादव, मौजूद रही। कार्यक्रम का संयुक्त संचालन आरिफ सिद्दीकी एवं अहमद अब्बास खान ने किया।

## आज और कल है बूंदाबांदी के आसार

**ज्ञानपुर।** एक नया पश्चिमी विक्षोभ 16 मार्च को पश्चिमी हिमालय क्षेत्र को प्रभावित करने के आसार बने हुआ है। जिससे इस सप्ताह में बादल युक्त मौसम और बारिश की परिस्थितियां उत्तर प्रदेश के पश्चिमी व पूर्वी क्षेत्र के जिलों में व्याप्त है। इस लिए जनपद में भी बादल युक्त मौसम इस सप्ताह में ज्यादातर देखा जाएगा, जिससे बारिश की परिस्थितियां भी बनी हुई है। कृषि विज्ञान केंद्र बेजवां के मौसम वैज्ञानिक सर्वेश बरनवाल ने बताया कि जनपद में बारिश का अच्छा प्रभाव 18 मार्च से 20 मार्च के बीच देखा जाएगा। आज और कल जनपद में बूंदाबांदी के भी आसार है। बादलों के प्रभाव के कारण हवाओं की दिशा भी बदलती रहेगी तथा इन दिनों तापमान में भी उतार-चढ़ाव देखा जाएगा, जिससे दिन का तापमान 30 से 35 डिग्री सेल्सियस तथा पूर्ण बादल युक्त दिन होने पर 27 डिग्री सेल्सियस तक जाने की संभावना बनी हुई है। बताया कि रात का तापमान भी 17 से 20 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज होगा।

# विकास आयुक्त ने किया इंडिया कार्पेट एक्सपो के 44वें संस्करण का शुभारंभ



इंडिया कार्पेट एक्सपो के 44वें संस्करण का दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारम्भ करने जातीं आयुक्त (हस्तशिल्प) वस्त्र मंत्रालय शुभ्रा



अपनी कम्पनी में नई-नई डिजाइनों की कार्पेट दिखाते काका ओवरसीज लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर यादवेंद्र राय काका

**इंडिया कार्पेट एक्सपो एशिया में सबसे बड़े हस्तनिर्मित कालीन मेलों में से एक**

काका ओवरसीज लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर यादवेंद्र राय काका ने कहा कि इंडिया कार्पेट एक्सपो एशिया में सबसे बड़े हस्तनिर्मित कालीन मेलों में से एक है, जहां खरीदारों को एक ही छत के नीचे सबसे अच्छे हस्तनिर्मित कालीन, गलीचे और अन्य फर्श कवरिंग के लिए एक अनूठा मंच मिलता है। दिल्ली का यह कालीन मेला कालीन उद्योग की बेहतरी के लिए मील का पत्थर साबित होगा। इससे भदोही में रोजगार की संभावनाएं बढ़ जाएगी।

**आयोजन**

**पहले दिन 65 देशों से 160 विदेशी खरीदारों ने दर्ज कराई उपस्थिति**

**भदोही।** एनएसआईसी प्रदर्शनी ग्राउंड, ओखला, नई दिल्ली में कालीन निर्यात संवर्धन परिषद द्वारा आयोजित इंडिया कार्पेट एक्सपो के 44वें संस्करण का उद्घाटन बुधवार को भारत सरकार की व्यापार सलाहकार एवं विकास आयुक्त (हस्तशिल्प) वस्त्र मंत्रालय शुभ्रा ने दीप प्रज्वलित कर शुभारम्भ किया। उमर हमीद अध्यक्ष सीईपीसी, मुकेश कुमार गोम्बर उपाध्यक्ष सीईपीसी, इम्तियाज अहमद, उमेश गुप्ता मुन्ना, अनिल कुमार सिंह, दर्पण बरनवाल, फिरोज वजीरी, मोहम्मद वासिफ अंसारी, राम दर्शन शर्मा, रोहित गुप्ता, श्रीराम मौर्य, गुलाम नबी भट, शेख आशिक अहमद, बोध राज मल्होत्रा, महावीर प्रताप शर्मा, विजेंदर सिंह जगलान, सदस्य सीओए, सीईपीसी, प्रदर्शक और गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में शुभारम्भ किया। इस दौरान विकास आयुक्त शुभ्रा ने कहा कि हमें बहुत खुशी है कि सीईपीसी दुनिया भर में भारतीय बुनकरों को बढ़ावा देने के लिए हर साल दो बार इस एक्सपो का आयोजन करती है। हर साल एक्सपो में भारी मात्रा में कारोबार होता है। हमारे यहां हस्तनिर्मित और हाथ से बुनी हुई हर चीज है, जो विदेशी खरीदारों के लिए प्रमुख आकर्षण का केंद्र है। उमर हमीद, अध्यक्ष, सीईपीसी ने मुख्य अतिथि को जानकारी देते हुए बताया कि इंडिया कार्पेट एक्सपो काउंसिल के इतिहास में पहली बार रिकॉर्ड संख्या में 275 प्रदर्शकों ने अपने उत्पादों का प्रदर्शन किया और इस एक्सपो में भाग लेने के लिए 425 से अधिक विदेशी खरीदारों का पंजीकरण प्राप्त किया। श्री हमीद ने आगे कहा कि हजार करोड़ से अधिक के ऑर्डरों के पूरा होने की उम्मीद है।

## संक्षेप

### संदीप को मिला गोल्ड मेडल, चहका बेसिक परिवार



**भदोही।** विंध्याचल मंडल की तरफ से राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में प्रतिभाग के लिए उच्च प्राथमिक विद्यालय भुलईपुर के बच्चे तीन दिवसीय 33 वीं राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता गुरु गोविंद सिंह स्पोर्ट कॉलेज लखनऊ में किये हैं। जहां छात्र संदीप कुमार यादव ने 200 मीटर 400 मीटर की दौड़ में गोल्ड मैडल प्राप्त कर भदोही जिले का नाम रोशन किया है। ब्लॉक व्यायाम शिक्षक शिवाकांत यादव ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि उक्त खेलकूद प्रतियोगिता में संदीप कुमार यादव को ऑल ओवर चैंपियन खिलाड़ी घोषित किया गया। इसका पूरा श्रेय भूपेंद्र नारायण सिंह जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भदोही को जाता है। श्री सिंह ने कुछ दिन पहले भुलईपुर विद्यालय में आकर संदीप कुमार यादव को एक साइकिल पुरस्कार के रूप में प्रदान किया था। उसी ऊर्जा के साथ आज संदीप कुमार यादव नामक छात्र राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में प्रतिभाग कर भदोही बेसिक शिक्षा परिषद का नाम रोशन किया। इसके लिए खंड शिक्षा अधिकारी भदोही चंद्रशेखर आजाद और जनपद के समस्त खंड शिक्षा अधिकारियों, जिला व्यायाम शिक्षक मनोज, समरजीत यादव, अजय कुमार सिंह, संजय कुमार, चंद्रभूषण मिश्रा, सूर्य भूषण पटेल और राजू यादव के साथ-साथ सभी शिक्षकों ने शुभकामनाएं दी है।

### सराफा की दुकान पर लूट की योजना बना रहे चार लुटेरे गिरफ्तार



**बदलापुर।** जौनपुर पुलिस अधीक्षक डॉ.अजय पाल शर्मा के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के क्रम में बदलापुर कोतवाली पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर क्षेत्र के सरायत्रिलोकी मोड़ के पास से लूट की योजना बना रहे चार शातिर लुटेरों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से दो बाइक, 430 रूपए नगदी, एक तमंचा 315 बोर,दो जिंदा कारतूस 315 बोर,5 मोबाइल फोन,लोहे का रॉड,पेंचकस,कुंभी बरामद करते हुए पुलिस ने सूरज यादव पुत्र अमृत लाल यादव निवासी सराय भिखारी थाना आसपुर देवसरा प्रतापगढ़, अंकित यादव पुत्र बाबू लाल यादव निवासी हरीपुर आसपुर देवसरा, सौरभ तिवारी पुत्र विनोद तिवारी निवासी हरीपुर आसपुर देवसरा, नवीन यादव पुत्र प्रेमचन्द यादव निवासी किलाई थाना आसपुर देवसरा जिला प्रतापगढ़ को पुलिस ने गिरफ्तार कर चालान न्यायालय भेज दिया है।

जनसंदेश टाइम्स प्रा.लि.के लिए **प्रवीण कुमार कुशवाहा**, सी 28 /121, तेलियाबाग, प्रथम तल, वाराणसी से प्रकाशित एवं मीडिया टेक्स्ट (Media Text) प्रा.लि. प्रेस, रोहनिया, वाराणसी से मुद्रित।
**प्रधान सम्पादक - सुभाष राय**
**स्थानीय सम्पादक -प्रवीण कुमार कुशवाहा**
पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बन्धित विवादों का न्याय क्षेत्र वाराणसी होगा।
फोन नं. 8177008889
आरएनआई नं. **UPHIN/2012/46221**
डाक पंजीयन सं.: जीपीओएलडब्ल्यू / एनपी - 78/2011-13।

### छात्रों ने रैली निकालकर किया जागरूक

**सुजानगंज।** स्थानीय क्षेत्र के नगौली स्थित राष्ट्रीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में बुधवार को एन.एस.एस.के छात्रों ने जागरूकता रैली निकाली। रैली महाविद्यालय के प्रांगण से होते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और गौरीशंकर धाम तक पहुँची। सेवा योजना में शामिल छात्र और छात्राओं ने पर्यावरण, जल संरक्षण एवं स्वच्छता अपनाओ आदि के नारे लगाए। कार्यक्रम का नेतृत्व डॉ. अशोक पाल और जितेंद्र कुमार चौबे ने किया।

# पीएम आवास योजना ग्रामीण के 24 लाभार्थियों की गठित टीम ने की जांच

**मुआयना**

**अपात्र पाये जाने के कारण अस्वीकृत डिलिट करने का किया गया था अनुरोध**

**जिला सूचना अधिकारी व जिला युवा कल्याण अधिकारी ने अपात्र लाभार्थियों का सत्यापन करते हुए सौपी जॉच की रिपोर्ट**

जनसंदेश न्यूज



पीएम आवास योजना के तहत पात्र व अपात्र की जांच करते अधिकारीगण

**भदोही** । प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2022-23 में स्वीकृति आवासों के पात्र व अपात्र सत्यापन के दृष्टिगत मुख्य विकास अधिकारी यशवंत कुमार सिंह के द्वारा गठित टीम के अन्तर्गत बुधवार को जिला सूचना अधिकारी डॉ. पंकज कुमार एवं जिला युवा कल्याण अधिकारी दिनेश कुमार त्रिपाठी ने विकास खण्ड भदोही के विभिन्न ग्राम पंचायतों के 24 लाभार्थियों के पात्रता का स्थलीय सत्यापन किया।

प्रधानमंत्री आवास योजना के आवंटन में अपात्रों का नाम धाँधली व अनिमितता के शिकायतों के मद्देनजर जिलाधिकारी गौरांग राठी के निर्देश पर मुख्य विकास अधिकारी ने प्रत्येक विकास खण्ड के लिए विभागीय अधिकारियों के नेतृत्व में अलग-अलग टीमों का गठन किया है। उपर्युक्त द्वय अधिकारियो ने विकास खण्ड भदोही के चकभुईधर, तारापुर, सहित लगभग 09 ग्राम पंचायतों के कुल 24 लाभार्थियों से जानकारी लेते हुए उनके पात्र, अपात्र का परीक्षण किया गया। जिला सूचना अधिकारी डॉ. पंकज कुमार ने बताया कि खण्ड विकास अधिकारी भदोही द्वारा कुल 24 लाभार्थियों को अपात्र होने के कारण स्वीकृति डिलिट करने का अनुरोध किया गया था। उक्त के क्रम में लाभार्थियों की पात्रता की जॉच करने हेतु टीम गठित की गयी थी। गठित टीम द्वारा सूची में अंकित 24 लाभार्थियों से जाकर स्थलीय सत्यापन में यह दर्शित हुआ कि एक-दो लाभार्थियों को छोड़कर शेष सभी लाभार्थियों के पहले से ही पक्का आवास है।

## सीडीओ ने पुनर्निमित ब्लॉक कार्यालय का किया उद्घाटन

**खेतासराय।** शाहगंज ब्लॉक के सोंधी स्थित कार्यालय का जीर्णोद्धार कराए जाने के बाद सीडीओ साईं तेजा सीलम ने बुधवार को फीता काटकर उद्घाटन किया। पुनर्निमित कार्यालय की भव्यता देख सीडीओ काफी प्रभावित हुए। उन्होंने प्रशंसा जाहिर करते हुए कहा कि जीर्णोद्धार से ब्लाक कार्यालय की छवि बदल गई है। इसकी छवि के साथ विकास कार्यों में भी पारदर्शिता लाएं। गांवों में विकास कार्य तेजी लाया जाए। उद्घाटन के बाद सीडीओ ने कंप्यूटर कक्ष, मनरेगा सेल समेत सभी कक्षों का निरीक्षण किया। जीर्ण शीर्ण हो चुके ब्लाक का जीर्णोद्धार के लिए प्रमुख मंजू सिंह ने पहल की। उनके और बीडीओ नंदलाल कुमार के प्रयास से ब्लाक कार्यालय का काम शुरू हुआ। पंचम राज्य वित्त योजना के अंतर्गत क्षेत्र पंचायत निधि से कार्यालय का जीर्णोद्धार किया गया। इसके जीर्णोद्धार में 9.98 लाख रुपए की अनुमानित लागत आई। इस मौके पर डीडीओ बीपी सिंह, परियोजना निदेशक जयकेश त्रिपाठी, प्रमुख प्रतिनिधि अजय सिंह, बीडीओ नंदलाल कुमार, जेई आरईएस विमलेश कुमार, कार्य प्रभारी मो.आसिफ, प्रधान अशोक सिंह, भीमचंद राजभर, राजेश साहू मौजूद रहे।

### उप जिलाधिकारी में देखी नगर पंचायत के बूथों की व्यवस्था

**मछलीशहर।** नगर पंचायत के चुनाव को मद्देनजर उपजिलाधिकारी राजेश कुमार चौरसिया ने नगर पंचायत के अंदर आने वाले सभी बूथों का निरीक्षण किया। इस समय बूथों पर मतदाता सूची का संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्य चल रहा है। उन्होंने बताया कि 11 से 17 मार्च तक अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें जिनकी उम्र 1 जनवरी 2023 से 18 साल या उससे अधिक है, वह अपना नाम मतदाता सूची में जोडवा सकता है। इसके लिए वह बीएलओ को केंद्रों पर या नगरपंचायत कार्यालय अथवा तहसील कार्यालय में अपना आवेदन पत्र दे सकते है। उन्होंने निर्देश दिया कि सम्बंधित बी एल ओ अपने कार्य को सही ढंग से करें और समय से बूथों पर उपस्थित रहें जिससे आम जनमानस को कोई समस्या ना हो। उन्होंने बताया कि यदि किसी का नाम गलत ढंग से दर्ज हो गया है। तो उसका साक्ष्य देने पर नाम हटाया भी जा सकता है। इसी क्रम में उन्होंने नगर पालिका मुंगराबादशाहपुर का के अंदर आने वाले बूथों का भी निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिया।

# एडी बेसिक तनुजा त्रिपाठी ने किया केजीबीवी डीघ का औचक निरीक्षण

जनसंदेश न्यूज



**ज्ञानपुर।** शासन के निर्देश पर कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय डीघ का एडी बेसिक तनुजा त्रिपाठी ने बुधवार को औचक निरीक्षण किया। एडी बेसिक व सहायक उप शिक्षा निदेशक के निरीक्षण में बालिकाओं की शैक्षिक व्यवस्था व गुणवत्ता की जांच की गई। जाँच में सब कुछ ठीक पाया गया।

निरीक्षण के दौरान 94 बालिकाए उपस्थित रही। एडी बेसिक ने कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की सारी व्यवस्थाएं चुस्त-दुरुस्त रखने का निर्देश दिया। स्कूल शिक्षा महानिदेशक के निर्देश पर जनपद में लगातार ज़िला बेसिक शिक्षा अधिकारी के साथ साथ खंड शिक्षा अधिकारियों एवं जिला समन्वयको द्वारा भ्रमण किया जा रहा है जिसके क्रम में बुधवार को भ्रमण के दौरान विभिन्न विद्यालयो में कुल सात अध्यापक अनुपस्थित पाए गए जिनका अनुपस्थित तिथि का वेतन भुगतान प्रतिबंधित करते हुए स्पष्टीकरण मांगा गया है तथा विद्यालयों में अन्य प्राप्त कमियों के सापेक्ष संबंधित प्रधानाध्यापकों को निर्देशित किया गया है कि तत्काल उक्त कमियों को दूर कराते हुए कार्यालय को अवगत कराना सुनिश्चित करें।

## संक्षेप

### पं.दीनदयाल पशु आरोग्य मेले में हुआ पशुओं का स्वास्थ्य परीक्षण



**केराकत।** स्थानीय क्षेत्र के ग्राम पूरनपुर में बुधवार को पूर्वान्ह ग्यारह बजे पं.दीनदयाल उपाध्याय पशु आरोग्य मेला एवं शिविर का आयोजन किया गया। पशु मेले में बतौर मुख्य अतिथि आये ग्राम प्रधान रामसमुझ यादव वरिष्ठ नेता ने कहा कि बेजुबानों की सेवा ईश्वर की सेवा के बराबर होती है। पशु विभाग द्वारा आयोजित पशु आरोग्य मेले से निश्चित तौर पर किसानों और पशुओं को भरपूर लाभ मिलेगा। इस दौरान चिकित्सकों ने मेले में शामिल किसानों के पशुओं का टीकाकरण, बंध्याकरण, क्रीमी नाशक दवा, कुत्तों को चर्म रोग निवारण हेतु दवा, एन्टी रेबीज टिका, फूड सप्लीमेंट दिया गया। इस अवसर पर डिप्टी सीएमओ पशु जितेन्द्र बहादुर सिंह, अजय यादव, राजेन्द्र सोनकर, अजित कुमार, आशीष गौड़, राम सिंह, इस्लाम, उमराव सिंह, क्षेत्र पंचायत सदस्य श्याम जीत यादव, कौशल सिंह, रामखेलावन यादव समेत चिकित्सक एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

### शासनादेश के विपरीत वादों के निस्तारण पर अधिवक्ता न्यायिक कार्य से विरत

**केराकत।** बेंच द्वारा मनमाने ढंग से वादों के निस्तारण पर बुधवार को महामन्त्री उदयराज कनौजिया की अध्यक्षता में एक बैठक कर तहसील बार संघ के अधिवक्ता न्यायिक कार्य से विरत रहने का निर्णय लिया। गौरतलब है कि अधिवक्ताओं ने बेंच पर आरोप लगाया कि तहसीलदार न्यायालय में पुराने वादों का निस्तारण विधि विरुद्ध करते हुए कोटा पूरा किया जा रहा है, साथ ही मनमाने ढंग से मुकदमे को खारिज किया जा रहा है। वही शासनादेश के बावजूद संक्रमणीय दर्ज नही किया जा रहा है। अधिवक्ताओं ने विधिक तरीके से वादों के निस्तारण हेतु अधिकारियों को एक सप्ताह का समय दिया है। दिए गए समय मे समस्त समस्याओं का निस्तारण कर संघ को अवगत कराने सम्बन्धी बातों पर चर्चा किया। और एक सप्ताह तक न्यायिक कार्य से विरत रहने का निर्णय लिया। इस अवसर पर अनिल सोनकर गांगुली, अनुपमा शुक्ला, सुनील वर्मा, अशोक यादव समेत संघ के तमाम अधिवक्ता और पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### एसडीएम ने भ्रमण कर मतदाता सूची में नाम सुधारने का दिया निर्देश



**गौराबादशाहपुर।** एसडीएम केराकत नेहा मिश्रा ने नगर पंचायत केराकत के वार्डो का भ्रमण कर मतदाताओं को नाम सुधारवाने के लिए जागरूक किया। बुधवार को एसडीएम केराकत नेहा मिश्रा नगर पंचायत केराकत के वार्ड नं.7 नरहन प्रथम के बूथ नम्बर 9 व वार्ड नं 9 सिपाह प्रथम बूथ नम्बर 12 के मतदाताओं के बीच भ्रमण करते हुए पहुँची। एसडीएम ने मतदाताओं अपील करते हुए कहा कि चुनाव हेतु निर्मित ड्राफ्ट मतदाता सूची में परिवर्तन, संसोधन व विलोपन आवेदन पत्र के लिए के लिए 11 से 17 मार्च तक का समय दिया गया है। जिसका भी नाम मतदाता सूची में छूट गया हो या दूसरे वार्ड में हो गया हो, या कोई त्रुटि हुई हो वह अपने-अपने बीएलओ से सीधा संपर्क कर अपने नामो को सुधरवा सकता है। ताकि फाइनल मतदाता सूची में किसी प्रकार की कोई त्रुटि न हो सके। एसडीएम ने उपस्थित बीएलओ को भी कड़े शब्दों में निर्देश दिया कि मतदाताओं की समस्याओं को देखते हुए तत्काल उनके नाम को सुधारने का कार्य करें। बता दें कि एसडीएम नेहा मिश्रा अपने बेहतरीन कार्यशैली के वजह से लोगो के लिए एक मिशाल बन गयी है। आम जन अपने बीच एक अच्छे अधिकारी को पाकर प्रसन्न दिख रहे है।

### तीन गो-तस्कर के विरुद्ध गैंगस्टर की हुई कार्रवाई

**शाहगंज।** स्थानीय कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत दो अलग-अलग गांव के तीन गोतस्कारो के खिलाफ पुलिस ने गैंगेस्टर की कार्रवाई की। क्षेत्र के अरंद गांव निवासी मोहम्मद शाकिब पुत्र मिस्टर व ढंढवारा खुर्द गांव निवासी नन्हे उर्फ निन्हे व इसराइल पुत्री सुबराती गिरोह बनाकर गोमांस काटने व बेचने का काम करते थे। जिनके विरुद्ध कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सदानंद राय ने गैगेस्टर का मुकदमा दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई में जुटी हुई है।

### अध्यक्ष पद के लिए दोनों लोगों ने किया नामांकन

**जौनपुर।** मछलीशहर कस्बे के कोतवाली वार्ड स्थित मदरसा अरबिया रियाजुल उलूम में सीरत कमेटी मछलीशर के अध्यक्ष पद हेतु दो लोगों ने नामांकन किया। जिसमे तहसीन मुस्तफा पुत्र स्व.जियाउद्दीन अहमद मोहल्ला महतवाना और राशिद खान पुत्र स्व.फिरोज खान मोहल्ला कोतवाली ने नामांकन कराया।

## अनुशासन के साथ शिक्षा छात्राओं को बनाती है आत्मनिर्भर-प्रो.रचना दूबे

# अब नये फलक पर स्थापित हो रहा आर्य महिला पीजी कॉलेज



अश्वनी कुमार श्रीवास्तव

वाराणसी। आर्य महिला पी.जी. कॉलेज की स्थापना और प्रबंधन श्री आर्य महिला हितकारिणी महापरिषद द्वारा 1956 में कॉलेज की स्थापना हुई थी। ज्ञानानंद महाराज की शिष्या विद्या देवी के द्वारा स्थापित यह महाविद्यालय अपनी अनुशासनित शिक्षा के माध्यम से देश के हर स्थानों पर अपनी पहचान बना चुका है। शिक्षा के क्षेत्र में महिलाओं को बढ़ावा देने और भारतीय संस्कृति और मानवीय मूल्यों को संरक्षित करने के लिए भारत धर्म महामंडल की नींव रखी। कॉलेज को अपनी स्थापना के बाद से बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के विशेषाधिकारों में भर्ती कराया गया है, और आज यह कॉलेज अपनी शिक्षा के बदौलत देश में भी अपनी ख्याती की गाथा को गा रहा है। आर्य महिला पीजी कॉलेज में काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के माध्यम से छात्राएं प्रवेश लेती हैं। दिखने में सख्त और अंदर से कोमल ह्दय वाली आर्य महिला पीजी कॉलेज की प्राचार्या प्रो.रचना दूबे से जनसंदेश टाइम्स के खास मुलाकात में उन्होंने बताया कि आयॅ महिला पीजी कॉलेज की बागडौर संभालने के बाद से उन्होंने सिर्फ शिक्षा ही नहीं बल्कि छात्राओं के स्किल डेवलेपमेंट पर भी फोकस किया, मैनेजमेंट ने पूरा सहयोग किया और आज यहां की छात्राएं आत्मनिर्भर की दिशा में अग्रसर हैं।

**खास मुलाकात**

**जल्द ही कॉलेज परिसर में साइंस विभाग व हॉस्टल की सुविधा लेगी मूर्त रूप**

**16 विभाग में तीन हजार छात्राएं वाराणसी ही नहीं बल्कि नार्थ ईस्ट व केरल से**

**1956 में स्थापित इस कॉलेज का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना था**

### 16 विभाग तीन हजार छात्राओं को देतें हैं शिक्षा

बताया कि आर्य महिला पीजी कॉलेज में वर्तमान समय में कुल 16 विभाग है, जिनके माध्यम से कुल तीन हजार छात्राओं को ग्रेजुएट व पोस्ट ग्रेजुएट सहित अन्य गतिविध (संगीत, होम साइंस, योगा, स्पोटर्स)की शिक्षा की दी जाती है। प्रत्येक वर्ष एक हजार छात्राओं को काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के माध्यम से दाखिला लिया जाता है। प्रत्येक वर्ष विभिन्न कक्षाओं में पास होने वाली छात्राएं समाज में आत्मनिर्भर भी बन रही हैं, जिससे ना सिर्फ महाविद्यालय का नाम रौशन कर रहीं हैं बल्कि समाज व परिवार में भी अपने को स्थापित कर अपनी पहचान बना रहीं हैं। बताया कि वाराणसी का पहला ऐसा महाविद्यालय है जहां लिफ्ट की सुविधा है।



### छात्रवृत्ति और गरीबों को नि:शुल्क शिक्षा

कॉलेज में पढ़ने वाली छात्राओ को समाज कल्याण की ओर से छात्रवृत्ति तो दी जाती है इसके साथ ही प्रत्येक वर्ष 15 से 25 बच्चों का मांग के अनुसार पढ़ाई का पूरा खर्चा कॉलेज की ओर से उठाया जाता है।





### तीन हजार छात्राएं, 95 स्टॉफ को बखूबी संभाला

कॉलेज में तीन हजार छात्राओं के साथ ही कुल 95 लोगों को स्टॉफ है, इन सभी को बाखूबी संभालते हुए कठोर व कोमल दोनों शब्दों को परिभाषित करने वाली डॉ.रचना दूबे बताती हैं कि कॉलेज में अनुशासन को पूरी तरह से तरजीह दी जाती है। छात्राओं के भविष्य को संवारने के लिए जो भी सख्त कदम उठाने की जरुरत हो उसके लिए पीछे नहीं हटा जाता।

### अब वाराणसी नहीं बल्कि नार्थ ईस्ट से भी

डॉ.रचना दूबे बताती हैं कि काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के माध्यम से आर्य महिला में आने वाली छात्राएं अब सिर्फ वाराणसी से नहीं हैं बल्कि नार्थ इंस्ट के शहरों से लगायत केरल व अन्य शहरों से भी प्रवेश ले रहीं हैं। 12 साल पूर्व वर्ष 2010 में इस कॉलेज में बातौर प्राचार्या का पद संभालने वाली डॉ.रचना दूबे बताती हैं कि आज आर्य महिला पीजी कॉलेज में पढ़ना छात्राओं का सपना बन रहा है।

### व्यक्तित्व

मूलत: महाराष्ट्र पुणे की रहने वाली प्रो.रचना दूबे ने पीएचडी मैनेजमेंट में एमबीए करने के बाद पुणे में ही एक कंम्पनी में उच्च पद पर रहने के बाद वर्ष 2010 में उन्होंने आर्य महिला पीजी कॉलेज में बतौर प्राचार्या ज्वाइंन किया। वैसे तो सुबह नौ बजे से शाम चार बजे तक क्लासेज संचालित होता है लेकिन कॉलेज के लिए पूरा समय देने वाली प्रो.रचना एक सफल गृहणी भी हैं। संगीत बागवानी का शौक रखती हैं और इसी व्यस्ततम समय में से सिर्फ घर ही नहीं बल्कि कॉलेज में भी पौधों का मालियों के माध्यम से हाल लेती रहती हैं।

### यूजीसी से मिले फंड से कराया डिजिटलाइजेशन

बताया कि यूजीसी (विश्वविद्यालय अनुदान आयोग) की ओर से मिले फंड से कॉलेज के नये भवन का निर्माण कराने के साथ ही पूरे कॉलेज का डिजिटलाइजेशन कराया, अधुनिक लैब के तहत सौ कम्प्यूटर के एक कक्ष व तीन सौ कम्प्यूटर के दूसरे कक्ष का निर्माण कराया, इसके साथ ही भाषा लैब, होम साइंस के लैब का भी निर्माण कराया इसके साथ ही सैकड़ों को ज्ञानवर्धक किताबों को भी संग्रह किया, फंड मिलने से महाविद्यालय में उन सभी कार्य का निर्माण करया जहां छात्राएं आत्मनिर्भर बनने के लिए पूरी तत्परता के साथ जुटी हैं।

### मैनेजमेंट का पूरा सहायोग मिला

प्राचार्या डॉ.रचना दूबे ने बताया कि आर्य महिला कॉलेज के विकास के लिए इस कॉलेज के मैनेजमेंट का पूरा सहायोग मिला, प्रबंध समिति के सहयोग से ही इस कॉलेज को नई ऊंचाई देने के आज भी हमारी पूरी टीम तत्पर है।

### योग व जिम के साथ संगीत भी

कॉलेज छात्राओं के स्वास्थ्य के प्रति सजग है इसके लिए आधुनिक जिम तो स्थापित है ही साथ ही योगा की क्लासेज भी संचालित की जाती है, संगीत भी मन मष्तिस्क को बेहतर बनााता है इसी उदे्श्य से इस विभाग को भी तरजीह दी गयी। रोजाना कल्चरल गतिविधियां भी संचालित होती हैं।



### स्किल डेवलेपमेंट ने दिखाया स्वावलंबन का रास्ता

बताया कि कॉलेज की ओर से चलायी जा रही स्किल डेवलेपमेंट में छात्राओं को स्वावलंबन की ओर अग्रसर किया जा रहा है, इसके माध्यम से कई छात्राओं का प्लेसमेंट हुआ है। अब आने वाले समय में भी ऐसे कई कार्यक्रम को संचालित किया जायेगा जो शिक्षा के साथ ही उन्हे आत्मनिर्भर की दिशा दे सके।

### साइसं व हॉस्टल की बन रहीं योजना

बताया कि आने वाले समय में कॉलेज को हॉस्टल की सौगात मिले इसके लिए पूरी तरह से योजना बनाया जा चुकी है, इसी परिसर में ही हॉस्टल का निर्माण कराया जायेगा। बताया कि अभी तक साइंस फैकेल्टी नहीं है इसके लिए पूरी तैयारी शुरू कर दी गयी है, पूरी उम्मीद है कि आने वाले नये सत्र में इसे नये उपलब्धि के रुप में स्वीकारा जाए।

# पीएम मोदी करेंगे गैस बॉटलिंग प्लांट का शिलान्यास !



## प्रधानमंत्री अपने संभावित आगामी काशी दौरे में गंजारी या संस्कृत विवि में कर सकते हैं जनसभा

## रोप-वे, पीएचसी, एसटीपी, यूनीपोल्स आदि की रखेंगे आधारशिला, कई प्रोजेक्ट होंगे लोकार्पित

सुरोजीत चैटर्जी

**वाराणसी।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जहां अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी की जनत को तमाम उपहार के रूप में परियोजनाएं देते रहे हैं, वह सिलसिला आने वाले दिनों में भी जारी रहेगा। उम्मीद जतायी जा रही है कि इसी माह अपने संभावित दौरे में मोदी कई और सौगातों के तहत अब गैस बॉटलिंग प्लांट का गिफ्ट दे सकते हैं। यह प्लांट सेवापुरी क्षेत्र में स्थापित होगा। वह कई परियोजनाओं का लोकार्पण भी करेंगे। उम्मीद जतायी जा रही है कि अबकी मोदी जहां 196.55 करोड़ रुपये से अधिक लागत की विभिन्न परियोजनाएं लोकार्पित करेंगे वहीं करीब 1547.49 करोड़ रुपये से ज्यादा लागत के कई प्रोजेक्ट की आधारशिला भी रखेंगे। चर्चा है कि पीएम का आगामी दौरा एक दिन का होगा और वह गंजारी या संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय मैदान में जनसभा कर सकते हैं।

सूत्रों से प्राप्त जानकारी के मुताबिक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस माह के अंतिम सप्ताह में वाराणसी आने पर विभिन्न नयी परियोजनाओं का शिलान्यास करेंगे। जिसके तहत प्रमुख रूप से गंजारी में प्रस्तावित अंतरराष्ट्रीय स्तर के स्टेडियम के अलावा 644.49 करोड़ रुपये की लागत से प्रस्तावित रोप-वे भी शामिल हैं। इसके अलावा वह सेवापुरी में 194.62 करोड़ रुपये की लागत के प्रस्तावित हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड के बॉटलिंग प्लांट की आधारशिला भी रखेंगे।

पीएम की ओर से जो अन्य नई परियोजनाएं गिफ्ट के तौर पर काशीवासियों को मिलने की संभावना है उनमें नमामि गंगे के अंतर्गत भगवानपुर क्षेत्र में 308.09 करोड़ रुपये की लागत से प्रस्तावित सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट, पेयजल योजना के तहत 186.72 करोड़ रुपये की लागत से लगभग 59 स्कीम सम्मिलित हो सकती हैं। इसके अतिरिक्त शहर के विभिन्न इलाकों में अत्याधुनिक एलईडी होर्डिंग्स भी दिखेंगे। इसके अंतर्गत 3 करोड़ 50 लाख रुपये की लागत से एलईडी बैकलिट यूनिपोल्स स्थापित होने की उम्मीद है। इन होर्डिंग्स में प्रकाश का स्रोत बिलबोर्ड के पिछले हिस्से में रहेगा। मोदी जिन अन्य परियोजनाओं का शिलान्यास कर सकते हैं उनमें 'खेलो इंडिया' के तहत 206.92 करोड़ रुपये की लागत डॉ. संपूर्णानंद स्पोर्ट्स स्टेडियम के विस्तारीकरण का कार्य दूसरा व तीसरा फेज, 99 लाख रुपये की लागत से गंगा पर फ्लोटिंग जेटी व चेजिंग रूम और भरथरा ग्राम पंचायत में 2.16 करोड़ रुपये की लागत से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र उपहार के रूप में मिलने की संभावना है। सूत्रों से प्राप्त इस जानकारी के अनुसार कुल मिलाकर लगभग 1547.49 करोड़ रुपये की लागत की कई परियोजनाएं बनारस की जनता को मिल सकती हैं। हालांकि इस बारे में आधिकारिक रूप से पुष्टि नहीं हो सकी।

### यह प्रोजेक्ट्स हो सकते हैं लोकार्पित

ग्रामीण पेयजल योजना 46.49 करोड़ रुपये, शहरी क्षेत्र के मार्गों का उच्चीकरण 13.32 करोड़ रुपये, भेलूपुर जलकल कार्यालय परिसर में 2 मेगावाट का सोलर पावर प्लांट 17.24 करोड़ रुपये, बाबतपुर हवाईअड्डे पर नया एटीसी टावर और टेक्निकल ब्लॉक 28.23 करोड़ रुपये, ट्रांस वरुणा में जलापूर्ति व्यवस्था 19.49 करोड़ रुपये, करखियां औद्योगिक आस्थान क्षेत्र में पैक हाउस 15.78 करोड़ रुपये, कोनिया पंपिंग स्टेशन पर 0.8 एमवी का सोलर पावर प्लांट, पार्कों-कुंडों का पुनरोद्धार एवं सुंदरीकरण 2.86 करोड़ रुपये, पशुओं के लिए विद्युतिकृत अंतिम संस्कार स्थल 2.24 करोड़ रुपये, सारनाथ में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र 6.73 करोड़ रुपये, सर्किट हाउस में नया ब्लॉक 9 करोड़ रुपये, कंपोजिट स्कूल महमूरगंज का पुनर्विकास 1.84 करोड़ रुपये, प्राथमिक विद्यालय राजघाट का पुनर्विकास 2.99 करोड़ रुपये, सामनेघाट लठिया ड्रेन पर फ्लैपर गेट 2.86 करोड़ रुपये, प्पीएसी भुल्लनपुर में बहुउद्देशीय सभागार 8.63 करोड़ रुपये, रोहनिया थाने में 32 बेड का बैरक एवं एक प्रहरी कक्ष 1.16 करोड़ रुपये, चांदपुर औद्यागिक आस्थान क्षेत्र में इंटरलॉकिंग तथा सुंदरीकरण कार्य 4.94 करोड़ रुपये, अंतरगृही परिक्रमा पथ पर पर्यटन विकास 3.08 करोड़ रुपये, बड़ागांव थाने में 32 बेड का बैरक एवं एक प्रहरी कक्ष 1.16 करोड़ रुपये, फूलपुर थाने में 40 बेड का बैरक एवं एक प्रहरी कक्ष 1.33 करोड़ रुपये, पुलिस लाइंस में ओवरहेड टैंक एवं नलकूप 1.30 करोड़ रुपये।

# परियोजना में सुस्ती पर खफा हुए जिलाधिकारी

**वाराणसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संभावित दौरे को देखते हुए लगभग पूर्ण हो चुकी परियोजनाओं को जल्द से जल्द पूरा कराने के लिए अधिकारी अनवरत मॉनटरिंग कर रहे हैं। इसी क्रम में बुधवार को डीएम एस. राजलिंगम ने सामने घाट पर निर्माणाधीन लठिया ड्रेनेज फ्लैपर गेट का जायजा लिया। मौके पर बंधी प्रखंड के एई और प्रोजेक्ट मैनेजर से प्रोजेक्ट में सुस्ती की वजह पूछी। इस पर उन्हें बताया गया कि भराव कार्य के लिए मिट्टी नहीं मिल रही है। इस पर जिलाधिकारी ने रोष व्यक्त करते हुए कहा कि वस्तुस्थिति में बारे में हमें बताया क्यों नहीं गया। उसके बाद उन्होंने सभी संबंधित विभागों को तलब कर लिया। उन्होंने भुल्लनपुर स्थित 34वीं वाहिनी पीएसी परिसर में निर्मित मल्टीपर्पज हॉल का निरीक्षण कर बिल्डिंग में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम की व्यवस्था कराने का निर्देश दिया। पीएसी कमांडेंट और पुलिस आवास निगम के अभियंता ने उन्हें बताया कि प्रांगण में 675 केएलडी का एसटीपी क्रियाशील है। श्री राजलिंगम ने परिसर में निमार्णाधीन जी-प्लस इलेवन फ्लोर के बैरेक व भवन का भी मुआयना किया। यह भवन 1002.70 लाख की लागत से 200 जवानों के लिए बनाया जा रहा है।



मुआयना करते डीएम

# मोहन राकेश को लेखन में नहीं पसंद था बंधन

**कार्यक्रम**

## बीएचयू में तीन विशिष्ट विषयों पर व्याख्यान का आयोजन

**वाराणसी।** मोहन राकेश स्वतंत्र प्रकृति के व्यक्ति थे। वह बगैर किसी बंधन में कार्य करना पसंद करते थे। उन्होंने अपनी रचनाओं में नए युग की चेतना का चित्रण किया है। उन्होंने कहानियां, उपन्यास, यात्रा वृत्तांत, एकांकी और नाटक लिखे। बीएचयू में अंतर सांस्कृतिक अध्ययन केंद्र एवं मालवीय मूल्य अनुशीलन केंद्र के संयुक्त आयोजन में बुधवार को हुए तीन विशिष्ट व्याख्यान के तहत ओसाका विश्वविद्यालय आयाका ओगावा ने 'मोहन राकेश और उनके नाटक' विषय पर यह बात कही। इसी विवि में हिन्दी की विभागाध्यक्ष प्रो. हिरोको नागासाकी ने 'मूल गोसाई चरित में वर्णित तुलसीदास' विषय पर बोलते हुए कहा कि तुलसीदास पर अध्ययन करते हुए जार्ज अब्राहम ग्रियर्सन ने उन्हें हिन्दी का सबसे महान कवि कहा है। मूल गोसाई चरित में यात्री तुलसीदास के बारे में महत्वपूर्ण रूप से जानकारी मिलती है। उसमें काशीवासी जमींदार टोडरमल की मित्रता की जानकारी प्राप्त होती है। प्रो. वेदप्रकाश सिंह ने 'लक्ष्मीधर मालवीय : व्यक्तित्व एवं कृतित्व' विषय पर कहा कि लक्ष्मीधर के मन में हमेशा भारत बसता था। वह जापान में रहते हुए भी कई माध्यमों से भारत के बारे में जानकारी रखते थे। इस मौके पर प्रो. राजकुमार, प्रो. संजय कुमार, प्रो. कमलशील, प्रो. रुद्र प्रकाश मलिक, गौरी मलिक आदि की उपस्थिति भी रही।



बीएचयू में अंतर सांस्कृतिक अध्ययन केंद्र एवं मालवीय मूल्य अनुशीलन केंद्र के संयुक्त आयोजन में हुए विशिष्ट व्याख्यान से पूर्व वक्ताओं का स्वागत किया गया

# समझौता लागू कराने को सीएम करें प्रभावी पहल

**की मांग**

## बिजली कर्मियों ने किया कार्य बहिष्कार 72 घंटे की सांकेतिक हड़ताल आज से

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मांग की है कि शासन के साथ बीते साल तीन दिसंबर को हुए समझौते को लागू कराने के लिए प्रभावी हस्तक्षेप करें। हड़ताल करना बिजली कर्मियों का उद्देश्य नहीं है बल्कि विभागीय कर्मचारियों पर हड़ताल थोपी जा रही है। यदि समझौते का क्रियान्वयन और अन्य न्यायोचित मांगों का सार्थक समाधान हो जाय तो विद्युत कर्मचारी पूरी निष्ठा से कार्य कर उत्तर प्रदेश को बिजली आपूर्ति के मामले में शीर्ष स्थान दिलाने में सक्षम हैं। समिति के सदस्यों ने पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत बुधवार को कार्य बहिष्कार कर भिखारीपुर स्थित प्रबंध निदेशक कार्यालय पर धरना देते हुए यह मांग रखी। वक्ताओं ने आरोप लगाया कि पहले हुए समझौते को लागू कराने मांग से जुड़े आंदोलन के बेवजह राजनीति से प्रेरित बताया जा रहा है। आंदोलन के क्रम में गुरुवार से 72 घंटे की सांकेतिक हड़ताल शुरु होगी। इधर, कार्य बहिष्कार के कारण रामनगर, सलारपुर, रसूलपुर, मिर्जामुराद, रोहनिया, बरईपुर आदि इलाकों में क्षेत्रीय फॉल्ट की वजह से बिजली चालू नहीं हो सकी। सभा में चंद्रशेखर चौरसिया, अविनाश कुमार, एके धर्मा, संजय भारती, जिउत लाल, विजय सिंह, रामजी भारद्वाज, राजेंद्र सिंह, संतोष वर्मा, वीरेंद्र सिंह, मो. इमरान, अंकुर पांडेय आदि ने संबोधित किया गया।



बिजली कर्मचारियों ने अपनी मांग के समर्थन में बुधवार को कार्य बहिष्कार कर धरना दिया